सूर्योदय 6:38 सूर्यास्त 5:31

आज का तापमान

| | | |
|---|---|---|
| शिमला | 12.5 न्यू | 22 अधि |
| धर्मशाला | 16 न्यू | 27 अधि |

बाजार

| | |
|---|---|
| सेंसेक्स | 83,938.71 |
| निफ्टी | 25,722.10 |
| सोना | 1,20,815 |
| चांदी | 1,49,142 |

www.anantgyaan.in

# अनंत ज्ञान

आरएनआई नं. HPHIN/25/A0284 | कांगड़ा | सोमवार, 3 नवंबर 2025 | 19 कार्तिक, विक्रमी संवत 2082 | वर्ष 2, अंक 306, कुल पृष्ठ 14 | मूल्य : 5 रुपए | follow us on: | 8894521702







## न्यूज शॉर्ट्स

### एसआईआर लोकतंत्र पर हमला : स्टालिन

**एजेंसी, चेन्नई।** तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन की अध्यक्षता में रविवार को हुई सर्वदलीय बैठक हुई। इसमें फैसला लिया गया कि सभी पार्टियां राज्य में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट जाएंगे। बैठक में 49 दल शामिल हुए। स्टालिन ने कहा कि एसआईआर का उद्देश्य लोगों के मताधिकार छीनना और लोकतंत्र को कमजोर करना है। यह सीधा लोकतंत्र पर हमला ह। डीएमके नेता आरएस भारती ने इसे 'छिपा हुआ एनआरसी' बताया। सीपीआई(एम) की यू. वासुकी ने कहा कि प्रस्ताव सभी दलों की राय से पारित हुआ। हालांकि, अभिनेता विजय की पार्टी टीवीके बैठक से दूर रही। (अनंत ज्ञान)

### कर्मचारी ने डंबल से की मैनेजर की हत्या

**एजेंसी, बेंगलुरु।** बेंगलुरु के एक ऑफिस में कर्मचारी ने लाइट बंद करने को लेकर मैनेजर की हत्या कर दी। घटना शनिवार रात करीब 1.30 बजे डेटा डिजिटल बैंक नाम की एक कंपनी के ऑफिस में हुई। पुलिस के मुताबिक, मैनेजर भीमेश बाबू (41) ने कर्मचारी सोमाला वामशी (24) को लाइट बंद करने के लिए कहा था। इसको लेकर दोनों के बीच बहस हो गई और गुस्से में आकर वामशी ने भीमेश पर मिर्च पाउडर फेंक दिया। इसके बाद वामशी ने डंबल उठाया और भीमेश पर हमला कर दिया। आरोपी ने भीमेश के सिर, चेहरे और छाती पर कई वार किए, जिससे उसकी मौत हो गई। पुलिस ने आरोपी सोमला को गिरफ्तार कर लिया है। (अनंत ज्ञान)

### एमपी: मदरसे में मिले 20 लाख के नकली नोट

**एजेंसी, खंडवा।** मध्य प्रदेश के खंडवा जिले के जावर थाना क्षेत्र के ग्राम पैठियां स्थित एक मदरसे में बड़ी मात्रा में नकली नोट मिलने से हड़कंप मच गया। मस्जिद में इमाम के रूप में तैनात जुबेर के कमरे से नकली नोटों के बंडल बरामद किए गए। पुलिस ने नोटों की गिनती की तो 19 लाख 78 हजार रुपए के नकली नोट निकले। मामले का खुलासा तब हुआ, जब मालेगांव पुलिस ने नकली नोटों के साथ जुबेर और उसके साथी नजीम अकम अयूब अंसारी को गिरफ्तार किया। (अनंत ज्ञान)

## अंदर के पन्नों पर पढ़ें


- भोरंज अस्पताल में 26 करोड़ से लगेगी क्रिटिकल केयर यूनिट: सुरेश -पेज 2
- 18,925 आंगनबाड़ी केंद्र संभाल रहे नौनिहालों की सेहत -पेज 3
- 11 तक भुगतान नहीं किया गया तो करेंगे चक्का जाम -पेज 5
- प्रभवितों को एक माह का किराया व फौरी राहत देकर प्रशासन नदारद -पेज 9
- छह देवताओं की शोभायात्रा के साथ सिराज उत्सव का आगाज -पेज 11


# 213.75 करोड़ से सुधरेगी हिमाचल के लोगों की सेहत

## सीएम सुक्खू के स्वास्थ्य संस्थानों के आधुनिकीकरण के लिए योजना बनाने के निर्देश

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**


मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने स्वास्थ्य विभाग को बड़े पैमाने पर स्वास्थ्य संस्थानों के आधुनिकीकरण के लिए योजना लागू करने के निर्देश दिए हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि सात मेडिकल कॉलेजों में 28 करोड़ की लागत से दो-दो उन्नत सीटी इमेजिंग मशीनें भी लगाई जाएंगी। इसके तहत अत्याधुनिक डायग्नोस्टिक उपकरण स्थापित करने, बीमारियों का सटीक और समय पर पता लगाने और मरीजों के लिए शीघ्र उपचार सुविधाएं सुनिश्चित करने के लिए 213.75 करोड़ रुपए व्यय किए जा रहे हैं।



**डॉक्टरों, पैरामेडिकल स्टाफ व तकनीशियनों के भरे जा रहे पद**

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा कि बीमारियों का पता लगाने में देरी के कारण स्वास्थ्य में गिरावट देखी जाती है। इसके साथ ही सात मेडिकल कॉलेजों में 14 करोड़ रुपए की लागत से 7 डिजिटल मेमोग्राफी इकाइयां लगाई जा रही हैं, इन सात मेडिकल कॉलेजों और शिमला के कमला नेहरू अस्पताल में 40 करोड़ रुपए की लागत से आठ इमेजिंग आर्काइव और रिट्रीवल टेक्नोलॉजी सिस्टम भी लगाए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि उन्नत नैदानिक अधोसंरचना के साथ-साथ, राज्य सरकार स्वास्थ्य सेवा प्रणाली के अन्य पहलुओं को भी मजबूत कर रही है। स्वास्थ्य कर्मचारियों की कमी को दूर करने के लिए डॉक्टरों, पैरामेडिकल स्टाफ और तकनीशियनों के रिक्त पदों को भरा जा रहा है।

### अस्पतालों के लिए उच्च-रिजोल्यूशन क्षमता की पांच एमआरआई मशीनें खरीदी जा रहीं



**मुख्यमंत्री** सुक्खू ने कहा कि आईजीएमसी शिमला, चमियाना अस्पताल, नेरचौक मेडिकल कॉलेज, नाहन मेडिकल कॉलेज और चंबा मेडिकल कॉलेज के लिए 95 करोड़ रुपए की लागत से पांच उच्च-रिजोल्यूशन क्षमता की एमआरआई मशीनें खरीदी जा रही हैं। इसके अलावा, सात मेडिकल कॉलेजों में 28 करोड़ रुपए की लागत से दो-दो उन्नत सीटी इमेजिंग मशीनें भी लगाई जाएंगी। इसके अतिरिक्त 8.75 करोड़ रुपये की लागत से 35 डिजिटल रेडियोग्राफी इकाइयां (प्रत्येक मेडिकल कॉलेज में पांच), 14 करोड़ रुपए की लागत से 14 सीलिंग-सस्पेंडेड डीआर एक्स-रे मशीनें और सात मेडिकल कॉलेजों में 14 करोड़ रुपए की लागत से दो उन्नत अल्ट्रासाउंड इमेजिंग मशीनें लगाना भी शामिल है।

### नगर निगम शिमला के पोस्टर पर विवाद, मामला दर्ज

# पोस्टर में भगवान श्रीराम को कूड़े के ढेर पर तीर चलाते हुए दिखाया

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

शिमला में नगर निगम के एक पोस्टर को लेकर विवाद खड़ा हो गया है। इस पोस्टर में भगवान श्रीराम की तस्वीर को कूड़े के ढेर पर तीर चलाते हुए दिखाया गया था। देवभूमि संघर्ष समिति की शिकायत पर छोटा शिमला थाने में मामला दर्ज कर लिया गया है और पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।

पुलिस के अनुसार, यह मामला भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 299 के तहत दर्ज किया गया है। अधिवक्ता और देवभूमि संघर्ष समिति के समन्वयक भारत भूषण ने शिकायत दर्ज कराई थी। शिकायत में कहा गया है कि नगर निगम शिमला के अधिकारियों ने हिमाचल प्रदेश सचिवालय, छोटा शिमला के पास यह बैनर लगाया था, जिसमें भगवान श्रीराम को कूड़े के ढेर को निशाना बनाते हुए दर्शाया गया था।

शिमला नगर निगम ने हाल ही में स्वच्छ भारत मिशन के तहत लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करने और स्वच्छता वॉरियर बनने के लिए प्रेरित करने को लेकर शहर बोर्ड लगाए हैं, लेकिन इन बोर्ड में भगवान श्रीराम की तस्वीर का इस्तेमाल होने पर विवाद खड़ा हो गया है। वहीं दूसरी तरफ इस विवाद को लेकर अभ शहर में सियासत भी गरमाने लगी है।




### देवभूमि संघर्ष समिति ने दी चक्का जाम की चेतावनी

**देवभूमि** संघर्ष समिति ने अपनी शिकायत में नगर निगम के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने और 24 घंटे के भीतर शहर से ऐसे सभी बोर्ड हटाने की मांग की थी। समिति ने चेतावनी दी है कि यदि निर्धारित समय में ये बोर्ड नहीं हटाए गए, तो सचिवालय के बाहर चक्का जाम किया जाएगा। समिति के सह संयोजक विजय शर्मा ने बताया कि उन्हें शनिवार को इस बोर्ड के बारे में जानकारी मिली थी। उन्होंने और उनके पदाधिकारियों ने मौके पर जाकर देखा कि यह बोर्ड सचिवालय के सामने लगा हुआ था। शर्मा ने कहा कि मुख्यमंत्री सहित पूरी सरकार यहीं बैठती है, बावजूद इसके सनातन धर्म के लोगों की भावनाओं को ठेस पहुंचाने वाला ऐसा बोर्ड लगाया गया है।

# हिमाचल में जेओए (आईटी) का बनेगा अलग संवर्ग

**सत्यदेव भारद्वाज, अनंत ज्ञान ब्यूरो**

**शिमला।** प्रदेश सरकार ने सरकारी भर्ती तंत्र को और अधिक पारदर्शी, योग्यता-आधारित और सुव्यवस्थित बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण निर्णय लिया है। सरकार ने भर्ती निदेशालय के अंतर्गत कनिष्ठ कार्यालय सहायक (आईटी) का एक पृथक संवर्ग स्थापित करने को स्वीकृति प्रदान की है। इस निर्णय का उद्देश्य सरकारी विभागों में तर्कसंगत मानव संसाधन तैनाती, पारदर्शी भर्ती और सुचारू प्रशासनिक संचालन को सुनिश्चित करना है।

**सरकार ने दी मंजूरी, 300 पद जॉब ट्रेनी के रूप में सृजित**

सरकार ने इस नई व्यवस्था के तहत राज्य संवर्ग में 300 पद जॉब ट्रेनी के रूप में सृजित किए हैं। ये सभी पद हिमाचल प्रदेश राज्य चयन आयोग के माध्यम से, आरक्षण रोस्टर के अनुरूप भरे जाएंगे। इसके साथ ही सरकार ने यह सुनिश्चित किया है कि नियुक्ति और तैनाती की पूरी प्रक्रिया पारदर्शी और मेरिट-आधारित हो। भर्ती निदेशालय अब इन कर्मचारियों के लिए संवर्ग नियंत्रण प्राधिकरण के रूप में कार्य करेगा। नियुक्ति, स्थानांतरण, सेवा रिकॉर्ड के रखरखाव और मानव संसाधन डेटा प्रबंधन की जिम्मेदारी निदेशालय के अधीन रहेगी। वहीं, इन कर्मचारियों का दैनिक कार्य पर्यवेक्षण, उपस्थिति की निगरानी और कार्य निष्पादन मूल्यांकन उस विभाग के प्रमुख के पास रहेगा, जहां उनकी तैनाती होगी। वरिष्ठता की गणना निदेशालय द्वारा राज्य सरकार के सामान्य सिद्धांतों के अनुसार की जाएगी।

### भर्ती और प्रशासनिक व्यवस्थाओं के लिए एसओपी भी बनेगी

**सरकार** ने सलाहकार विभागों के परामर्श से भर्ती और प्रशासनिक व्यवस्थाओं के लिए मानक संचालन प्रक्रियाएं (एसओपी) तैयार करने का निर्णय भी लिया है। ये प्रक्रियाएं नियुक्ति, नियंत्रण और अनुशासनात्मक प्राधिकारियों की जिम्मेदारियों को स्पष्ट रूप से परिभाषित करेंगी। साथ ही, भर्ती, पोस्टिंग और रिपोर्टिंग की प्रक्रिया में पारदर्शिता बनाए रखने के लिए एनआईसी के सहयोग से एक केंद्रित मानव संसाधन प्रबंधन सूचना प्रणाली (एचआरएमआईएस) विकसित की जाएगी, जिससे संवर्ग क्षमता, पोस्टिंग और सेवा रिकॉर्ड की वास्तविक समय पर निगरानी संभव होगी।

### महागठबंधन के अंदर चल रही खींचतान पर प्रधानमंत्री का बड़ा बयान

# आरजेडी ने कांग्रेस से जबरन सीएम उम्मीदवार का ऐलान करवाया: पीएम

**एजेंसी, पटना**



बिहार विधानसभा चुनाव में पहले चरण के मतदान से चार दिन पहले आए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने महागठबंधन के अंदर चल रही खींचतान पर बड़ा बयान दे दिया है। उन्होंने पहले राजद और कांग्रेस को देश के मुद्दे पर घेरा और फिर बिहार चुनाव में खींचतान तक लेकर आए। पीएम मोदी ने कहा कि अंदर की बात यह है कि नामांकन वापस लेने के एक दिन पहले बंद कमरे में गुंडागर्दी का खेल खेला गया। कांग्रेस कभी नहीं चाहती थी कि बिहार में सीएम पद पर राजद के उम्मीदवार का नाम तय हो, लेकिन राजद ने कांग्रेस की कनपटी पर कट्टा रखकर सीएम पद चोरी कर लिया। फिर जबरन महागंठबंधन से सीएम पद की घोषणा करवाई गई।' (अनंत ज्ञान)

### बोले- राजद ने कांग्रेस से नहीं ली कोई राय

**पीएम** मोदी ने आगे कहा, 'राजद और कांग्रेस में झगड़ा भयंकर बढ़ गया। न घोषणा पत्र में कांग्रेस की सुनी गई और प्रचार तक में पूछा गया। राजद वालों ने कांग्रेस की कुछ भी नहीं सुनी। चुनाव के बाद यह लोग एक-दूसरे का सिर फोड़ने लगेंगे। इसलिए हमेशा याद रखिए ऐसे लोग बिहार का भला कभी नहीं कर सकते हैं। एक तरफ सुशासन है। वहीं दूसरी तरफ जंगलराज का कुशासन।

# मोदी सिर्फ ट्रंप नहीं, अडानी अंबानी से भी डरते हैं: राहुल

**एजेंसी, पटना**



**पीएम एक बार बोल दें, ट्रंप झूठ बोल रहे**

कांग्रेस नेता और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने कहा कि पीएम मोदी डरपोक हैं। मोदी सिर्फ अमेरिका के राष्ट्रपति से नहीं डरते, बल्कि अडानी और अंबानी से भी डरते हैं। राहुल ने कहा कि अमेरिकी राष्ट्रपति ने 50 बार बोला है कि मैंने नरेंद्र मोदी को डराकर ऑपरेशन सिंदूर बंद कराया है। ट्रंप अलग-अलग देशों में जाकर उनका अपमान कर रहे हैं, लेकिन पीएम के मुंह से एक आवाज नहीं निकली। कांग्रेस सांसद ने कहा कि मोदी से ज्यादा दम इंदिरा गांधी में था। उन्होंने अमेरिका को चुप करा दिया था। मैं पीएम मोदी को चैलेंज करता हूं बिहार आकर कहें कि ट्रंप झूठ बोल रहा है। राहुल ने आगे कहा उनका कंट्रोल अडानी और अंबानी के भी हाथ में हैं। चुनाव के दिन तक आप जो भी कहेंगे, मोदी वे करेंगे। चुनाव के बाद न आएंगे, न कुछ करेंगे। (अनंत ज्ञान)

# मैक्सिको के सोनारा में भीषण धमाका, 23 लोगों की मौत

**एजेंसी, मैक्सिको सिटी**

मैक्सिको के सोनारा राज्य के हर्मोसिलो शहर में शनिवार रात वाल्डोस सुपरमार्केट में भीषण विस्फोट हुआ। इस हादसे में कम से कम 23 लोगों की मौत हो गई, जिनमें कई बच्चे शामिल हैं। 11 लोग घायल हैं, जिनका इलाज हर्मोसिलो के अस्पतालों में चल रहा है। विस्फोट स्थानीय समयानुसार शनिवार दोपहर करीब 2 बजे हुआ। आसपास के दुकानदारों ने आग फैलने के डर से तुरंत अपनी दुकानें बंद कर दीं।

सोनारा राज्य के गवर्नर अल्फोंसो दुराजो ने बताया कि हादसे की जांच शुरू कर दी गई है। उन्होंने कहा कि मैंने जांच के आदेश दिए हैं, ताकि यह साफ हो सके कि धमाका कैसे हुआ और इसके लिए कौन जिम्मेदार है। सुरक्षा एजेंसियों ने आतंकी हमले या किसी हिंसक घटना की आशंका से इनकार किया है। (अनंत ज्ञान)

# विदेशी निवेशकों ने निवेश किए 14,610 करोड़

## 3 महीने में 76,575 करोड़ की बिकवाली के बाद अब खरीदार बने

**एजेंसी, मुंबई**

भारतीय शेयर बाजार में फॉरेन पोर्टफोलियो इन्वेस्टर्स यानी एफपीआई ने अक्तूबर में 14,610 करोड़ रुपए का निवेश किया है। इससे पहले एफपीआई ने लगातार तीन महीने तक बाजार से पैसा निकाला था।

रिपोर्ट्स के मुताबिक, भारत की मजबूत इकोनॉमी और ग्लोबल मार्केट में पॉजिटिव बदलाव की वजह से ने एफपीआई खरीदारी शुरू की है।

एफपीआई ने सितंबर में 23,885 करोड़, अगस्त में 34,990 करोड़ और जुलाई में 17,700 करोड़ रुपए के शेयर्स बेचे थे। यानी बीते तीन महीने में एफपीआई ने टोटल 76,575 करोड़ रुपए निकाले थे, लेकिन अब सेंटीमेंट पलट गया है। डिपॉजिटरी के डेटा से यह साफ है कि ग्लोबल निवेशकों का भरोसा फिर से भारतीय बाजार में बढ़ रहा है। उधर, हफ्ते के आखिरी कारोबारी दिन को फॉरेन पोर्टफोलियो इन्वेस्टर्स सेलर्स और डोमेस्टिक इंस्टीट्यूशनल इन्वेस्टर्स यानी डीडीआई नेट बायर्स बने रहे। एनएसई के डेटा के अनुसार, 17 अक्तूबर को एफपीआई ने 6,728 करोड़ रुपए के शेयर बेचे, वहीं, डीडीआई ने 6,889 करोड़ रुपए के शेयर्स खरीदे हैं। (अनंत ज्ञान)

# रूस ने पानी में उतारी परमाणु पनडुब्बी

## रोबोटिक हथियारों और आधुनिक टॉरपीडो सिस्टम से है लैस

**एजेंसी, मॉस्को**



रूस ने अपनी नई परमाणु पनडुब्बी 'खाबरोवस्क' को पानी में उतारा है। यह पनडुब्बी 'पोसेइडॉन' परमाणु ड्रोन से लैस है, जिसे कई विशेषज्ञ 'डूम्सडे मिसाइल' यानी परमाणु हमले के दौरान इस्तेमाल किया जाने वाला हथियार कह रहे हैं, क्योंकि यह समुद्र के नीचे से ही बड़े पैमाने पर तबाही मचा सकती है। रूसी रक्षा मंत्री ने कहा कि यह रूस के लिए एक अहम दिन है और इस नई पनडुब्बी से देश की समुद्री सीमाओं की सुरक्षा और वैश्विक स्तर पर ताकत और बढ़ेगी। रूस की समाचार एजेंसी 'तास' के मुताबिक, यह पनडुब्बी पानी के नीचे चलने वाले रोबोटिक हथियारों और आधुनिक टॉरपीडो सिस्टम से लैस है। इसे रूस के 'रुबिन डिजाइन ब्यूरो' ने तैयार किया है। खाबरोवस्क का जिक्र पहली बार 2015 में हुआ था जब कुछ सैटेलाइट इमेज में इसे देखा गया। पिछले 10 साल से यह सीक्रेट प्रोजेक्ट के तौर पर सेवमाश शिपयार्ड में बनती रही। अब जाकर इसे सार्वजनिक तौर पर दिखाया गया है। (अनंत ज्ञान)

### 10 दिन में तीन बड़े हथियार किए लॉन्च

**रूस** 10 दिन में 3 बड़े हथियार लॉन्च कर चुका है। 4 दिन पहले एक नए परमाणु हथियार पोसाइडन टॉरपीडो का कामयाब टेस्ट किया था। 21 अक्तूबर को दुनिया की पहली न्यूक्लियर पावर्ड यानी परमाणु ऊर्जा से चलने वाली क्रूज मिसाइल बुरेवस्तनिक का सफल परीक्षण किया था और अब पनडुब्बी लॉन्च की है।

**लॉन्चिंग** कारगिल जंग से सबक लेकर इसरो ने बनाया अपना सैटेलाइट नेटवर्क, बढ़ेगी नेवी की ताकत

# भारतीय जमीन से सबसे भारी सैटेलाइट की लॉन्चिंग

**एजेंसी, श्रीहरिकोटा**

इसरो ने 2 नवंबर को शाम 5:26 बजे बाहुबली रॉकेट से 4400 किलो का सीएमएस-03 (जीसैट-7आर) सैटेलाइट लॉन्च किया। यह भारतीय जमीन से जियोसिंक्रोनस ट्रांसफर ऑर्बिट तक लॉन्च होने वाला सबसे भारी सैटेलाइट है। यह नौसेना की कम्युनिकेशन क्षमताओं को मजबूत करेगा।

जीटीओ एक अंडाकार ऑर्बिट है। रॉकेट ने इस ऑर्बिट में सैटेलाइट छोड़ दिया है। अब रविवार को सैटेलाइट इंजन फायर होगा और यह ऑर्बिट को सर्कुलर कर लेगा। इसे जियोस्टेशनरी ऑर्बिट (जीईओ ) कहते हैं। इसमें सैटेलाइट 24 घंटे कवरेज दे सकता है। इससे पहले इसरो ने चंद्रयान-3 मिशन में 3900 केजी पेलोड जीटीओ में भेजा था। जीटीओ में भेजा गया दुनिया का सबसे भारी सैटेलाइट इकोस्टार 24 (जुपिटर 3) है। इसका वजन लॉन्च के समय करीब 9,000 किलो था। इसे स्पेसएक्स के फाल्कन हैवी रॉकेट से लॉन्च किया गया था। (अनंत ज्ञान)



### मिशन से जुड़ी 5 बड़ी बातें

- **एलवीएमएक्स** लॉन्च व्हीकल की यह पांचवीं ऑपरेशनल फ्लाइट है। व्हीकल ज्यादा वजन ले जा सके, इसके लिए इसमें स्ट्रक्चरल चेंजेस किए गए हैं। इसके अलावा थ्रस्ट बढ़ने के लिए इंजन में भी कुछ बदलाव हुए हैं। स्ट्रक्चरल चेंजेस से इसे थोड़ा हल्का किया गया है।
- **सीएमएस-03** एक मल्टी-बैंड कम्युनिकेशन सैटेलाइट है, जो हिंद महासागर के बड़े इलाके सहित पूरे भारतीय इलाके को सर्विस देगा। यह भारत को कंटीन्यूअस कवरेज देगी। यह एक जीएसएटी-7 सैटेलाइट है, जिसका कोडवर्ड सीएमएस-03 है।
- **यह** पुराने हो चुके जीएसएटी -7 (रुक्मिणी) सैटेलाइट की जगह लेगा, जो फिलहाल नौसेना के कम्युनिकेशन्स का मुख्य आधार है। 'रुक्मिणी' ने युद्धपोतों, पनडुब्बियों, विमानों और किनारे पर बने कमांड सेंटर्स के बीच सुरक्षित रीयल-टाइम कनेक्शन मुमकिन किए हैं।
- **सीएमएस-03** सैटेलाइट भारत की नेटवर्क-सेंट्रिक वॉरफेयर क्षमताओं को कई गुना मजबूत कर देगा। यह नौसेना के ऑपरेशन्स, एयर डिफेंस व स्ट्रैटेजिक कमांड कंट्रोल के लिए रीयल-टाइम कम्युनिकेशन मुहैया कराएगा, वो भी विशाल समुद्री और जमीन वाले इलाकों में।
- **जियोस्टेशनरी ऑर्बिट** (जीईओ) धरती से 36,000 किलोमीटर ऊपर की गोल कक्षा है। इस ऑर्बिट में सैटेलाइट पृथ्वी को लगातार देख सकता है। इसी वजह से कम्युनिकेशन सैटेलाइट्स को हमेशा जीईओ में ही रखना पड़ता है।

# न्यूज ब्रीफ

## महिला के बैंक खाते से 6 लाख की धोखाधड़ी

**अनंत ज्ञान, बड़सर।** जिला हमीरपुर के बड़सर पुलिस स्टेशन में धबीरी गांव की एक महिला कांता देवी ने उषा कुमारी (लक्ष्मीबुटीक संचालिका) के खिलाफ बैंक खाते से धोखे से पैसे निकालने की शिकायत दर्ज करवाई है। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार उषा कुमारी नामक महिला वर्ष 2017 से अप्रैल 2025 तक बैंक खाते के गूगल पे यूपीआई में अपना मोबाइल नंबर लिंक करवा कर एटीएम और यूपीआई के माध्यम से खाते से लगभग 6 लाख रुपए धनराशि निकाली है। इसका पता उसे तब लगा जब वह अपने बैंक खाते की पूरी डिटेल चेक की। इसकी पुष्टि डीएसपी बड़सर लालमन शर्मा ने की है। उन्होंने बताया कि हमीरपुर की एक महिला के खिलाफ बैंक धोखाधड़ी का मामला दर्ज हुआ है पुलिस ने मामला दर्ज करके गहनता से छानबीन शुरू कर दी है।

## अवैध खनन करने पर 3 वाहनों के काटे चालान

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** जिला पुलिस हमीरपुर द्वारा पुलिस अधीक्षक जिला के निर्देशन में अवैध खनन गतिविधियों पर अंकुश लगाने हेतु भी एक विशेष अभियान चलाया हुआ है। इस अभियान के तहत खनन माफिया के विरुद्ध पिछले 24 घंटों के दौरान कार्रवाई करते हुए तीन वाहनों को जब्त करके चालान माननीय न्यायालय को प्रेषित किए गए है। जिला पुलिस हमीरपुर आम जनता से अपील करती है कि वे किसी भी प्रकार की अवैध खनन गतिविधि की सूचना तुरंत निकटतम पुलिस थाना, संबंधित थाना के पर्यवेक्षण अधिकारी को या अधोहस्ताक्षरी को दें ताकि इस प्रकार की गतिविधियों पर भविष्य में भी कठोर कार्रवाई की जा सके। जिला हमीरपुर पुलिस अवैध खनन के विरुद्ध जीरो टॉलरेंस की नीति पर कार्य कर रही है।

## कुटियारा में एनएसएस शिविर का शुभारंभ

**शशि सोनल, अनंत ज्ञान, नादौन।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय कुटियारा में राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) के सात दिवसीय विशेष शिविर का शुभारंभ विद्यालय के प्रिंसिपल सुनील कुमार ने दीप प्रज्वलन के साथ किया। इस अवसर पर उन्होंने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि एनएसएस जैसी योजनाएं युवाओं में सामाजिक जिम्मेदारी की भावना जागृत करती हैं और उन्हें राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भागीदारी के लिए प्रेरित करती हैं। वाइस प्रिंसिपल डॉ. नीरज ने कहा कि एनएसएस केवल एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि जीवन के मूल्यों को आत्मसात करने का माध्यम है। उन्होंने विद्यार्थियों से सेवा, अनुशासन और सहयोग की भावना अपनाने का आग्रह किया। कार्यक्रम अधिकारी संजय कुमार, महिला कार्यक्रम अधिकारी जसविंद्रा कुमारी, विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष रमेश चंद सहित नरेश कुमार, राकेश कुमार, कांता देवी, सोनिया दत्ता, सीमा ठाकुर, सोनिका शर्मा, मीनाक्षी सोनी तथा अन्य शिक्षकगण उपस्थित रहे।

## घायल कोबरा का किया सफल इलाज

**अनंत ज्ञान, बड़सर।** विकासखंड बिझड़ी में एक मलबे में घायल अवस्था में मिले लगभग सात फीट लंबे कोबरा सांप को वन विभाग के अधिकारियों ने पशु चिकित्सक की मदद से इलाज कर नया जीवनदान दिया। जानकारी के अनुसार, गिरे हुए मकान के मलबे में सांप को देखा गया, जिसके बाद स्नेक कैचर बुलाया गया। जांच में पाया गया कि सांप की त्वचा फट गई थी और उसे तुरंत स्टिचिंग की आवश्यकता थी। वन विभाग के कर्मचारियों ने इसे पशु चिकित्सालय बिझड़ी में भर्ती कराया और सफल इलाज के बाद सुरक्षित जंगल में छोड़ दिया। बिझड़ी बीओ विनोद राणा ने बताया कि यह कार्रवाई वन विभाग की इंसानियत और जीवों के प्रति संवेदनशीलता का उदाहरण है।

## खाटू श्याम जी के जन्मोत्सव पर भजन संध्या में भक्तिभाव से सराबोर हुआ नगरोटा गाजियां

**अनंत ज्ञान, भोरंज।** भोरंज विधानसभा क्षेत्र के नगरोटा गाजियां में युवा मंडल द्वारा खाटू श्याम जी के पावन जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में भव्य शोभा यात्रा एवं विशाल जागरण का आयोजन किया गया। भजन संध्या के दौरान पूरा वातावरण 'श्याम नाम' के जयघोषों से गूंज उठा और श्रद्धालु भक्तिभाव में डूब गए। प्रदेश असंगठित कर्मचारी कांग्रेस के चेयरमैन राजीव राणा ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की और खाटू श्याम जी की पूजा-अर्चना कर क्षेत्र की सुख-शांति एवं समृद्धि की कामना की। उन्होंने कहा कि खाटू श्याम जी, जिन्हें महाभारत काल में बर्बरीक के नाम से जाना जाता था, श्रीकृष्ण के वरदान से 'कलियुग के भगवान' के रूप में पूजे जाते हैं। राणा ने उनके त्याग, साहस और सत्यनिष्ठा को जीवन का प्रेरक उदाहरण बताया। उन्होंने युवाओं की इस पहल की सराहना की और कहा कि ऐसे आयोजन समाज में एकता, श्रद्धा और सकारात्मकता का संदेश देते हैं। कार्यक्रम में सैकड़ों श्रद्धालु उपस्थित रहे।

## भोरंज खंड इकाई ने जताया शोक

**अनंत ज्ञान, भोरंज।** हिम आंचल पेंशनर्ज संघ भोरंज खंड इकाई सदस्य एवं सेवानिवृत्त मुख्य अध्यापिका राज दुलारी धर्मपत्नी स्व. प्रकाश चन्द, निवासी खरवाड़, तहसील भोरंज, जिला हमीरपुर के निधन पर प्रदेशाध्यक्ष केसी गौतम, मुख्य संरक्षक योग राज शर्मा, भोरंज खंड प्रधान विचित्र सिंह ठाकुर, महासचिव राजकुमार पटियाल, कोषाध्यक्ष शम्मी शर्मा, संरक्षक लेख राम कौशल ने दुःख प्रकट किया व शोकाकुल परिवारों के प्रति संवेदनाएं व्यक्त की गई। निकटवर्ती क्षेत्र के बहुत से पेंशनर्ज राज दुलारी की अन्तिम यात्रा में शामिल हुए व उन्हें भावभीनी विदाई दी। निधन का समाचार मिलने पर अन्य पेंशनरों ने भी दूरभाष के माध्यम से शोक व्यक्त करते हुए शोक संतप्त परिजनों के प्रति अपनी संवेदनाएं प्रकट की गई जिनमें वलदेव दास शर्मा, सुनील कपिल, जैसी राम पुरी, दुर्गा राम, रमेश चन्द शर्मा, मान चन्द भारद्वाज, वावू राम, कुलदीप शास्त्री, ओम स्वरूप शर्मा, दलीप चन्द, हरनाम सिंह, जय प्रकाश शर्मा, रंजीत सिंह, मौजी राम शर्मा, कृष्ण चन्द, ओम प्रकाश, जगदीश चन्द, प्रेम चन्द, रोशन लाल, अजय कुमार, देश राज, कश्मीर राज, करतार सिंह, सुरेन्द्र कुमार सहित अन्य पेंशनर शामिल हैं।

## सोहारी में राज्यस्तरीय कबड्डी ट्रायल संपन्न

**अनंत ज्ञान, बड़सर।** रविवार को सनराइज पब्लिक स्कूल सोहरी के खेल मैदान में राज्यस्तरीय ओपन अंडर-20 ब्वॉयज एंड गर्ल्स कबड्डी का ट्रायल संपन्न हुआ। इस ट्रायल में लड़कों के वर्ग में 75 किलोग्राम और लड़कियों के वर्ग में 65 किलोग्राम की कैटेगरी रखी गई थी। यह आयोजन जिला हमीरपुर कबड्डी संगठन के सहयोग से किया गया। ट्रायल में मुख्य कोच की भूमिका आशीष शांडिल, आदर्श संख्यान और अतुल ठाकुर ने अदा की। सोहारी पंचायत के उप प्रधान विजय कुमार विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित हुए और प्रतिभागियों का हौसला बढ़ाया। ट्रायल के दौरान 50 लड़के और लड़कियों ने राज्यस्तरीय टीम में जगह बनाने के लिए अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया। खिलाड़ी अपनी क्षमता और खेल भावना का परिचय देते हुए प्रशिक्षकों का ध्यान आकर्षित करने में सफल रहे। राज्यस्तरीय ओपन अंडर 20 टीम की घोषणा आगामी दिनों में की जाएगी। इस आयोजन ने स्थानीय खेल प्रतिभाओं को राष्ट्रीय स्तर पर प्रतिनिधित्व का अवसर प्रदान किया और युवा खिलाड़ियों में खेल के प्रति उत्साह और आत्मविश्वास बढ़ाया।

## यशोवर्धन फिर बने योगासन में स्टेट चैंपियन

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** हिम अकादमी हमीरपुर के छात्र यशोवर्धन अत्री ने सुंदरनगर में आयोजित स्कूली स्टेट गेम्स में अंडर-19 वर्ग में योगासन खेल में स्वर्ण पदक जीतकर स्टेट चैंपियन का खिताब हासिल किया। इसके साथ ही वह अब कोलकाता में होने वाले एसजीएफआई नेशनल गेम्स में हिमाचल प्रदेश का प्रतिनिधित्व करेंगे। सत्र 2025-26 में यशोवर्धन ने तीन अंडर-18 व एक अंडर-19 वर्ग में कुल पांच स्वर्ण पदक जीतकर एक नया कीर्तिमान स्थापित किया। उन्होंने हिमाचल प्रदेश योगासन एसोसिएशन और योगा फेडरेशन ऑफ इंडिया के अंडर-18 इवेंट्स में भी स्वर्ण पदक अपने नाम किए। अक्टूबर में विजयवाड़ा में आयोजित छठी नेशनल योगा चैंपियनशिप में भी यशोवर्धन ने अंडर-18 वर्ग में बेस्ट फोर में जगह बनाई। पिछले वर्षों में उन्होंने सिंगापुर एशियन योगासन स्पोर्ट्स चैंपियनशिप में भी कांस्य पदक जीतकर प्रदेश और देश का गौरव बढ़ाया है।

## छात्रों को पुलिस के साथ साइबर और सामाजिक सहयोग के लिए किया प्रोत्साहन

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान (एनआईटी) हमीरपुर में कंप्यूटर विज्ञान एवं अभियांत्रिकी विभाग और कंप्यूटर सेंटर के संयुक्त तत्वावधान में हैक ऑन हिल्स 7.0 कार्यक्रम आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि, पुलिस अधीक्षक हमीरपुर भगत सिंह ठाकुर ने छात्रों को आधुनिक तकनीक, साइबर सुरक्षा, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और डिजिटल नवाचार के क्षेत्र में सक्रिय होने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि तकनीकी ज्ञान के साथ नैतिक मूल्यों और समाज के प्रति उत्तरदायित्व का होना आवश्यक है। छात्रों से आग्रह किया कि वे समाज में सकारात्मक बदलाव लाने और साइबर अपराध रोकने में पुलिस का सहयोग करें। इसके अलावा, उन्होंने नशीले पदार्थों के दुरुपयोग रोकने और ड्रग-फ्री वातावरण बनाने के महत्त्व पर भी विशेष सुझाव दिए।

# भोरंज अस्पताल में 26 करोड़ से लगेगी क्रिटिकल केयर यूनिट : सुरेश कुमार

### विधायक बोले–90 लाख से बनेगी जाहू से सरकाघाट वाया चंदरूही–पक्का परोह सड़क

**अनंत ज्ञान, भोरंज**

उपमंडल भोरंज की भुक्कड़ पंचायत में विधायक आपके द्वारा कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें भोरंज विधायक सुरेश कुमार बतौर मुख्यातिथि उपस्थित रहे। इस दौरान सर्वप्रथम भुक्कड़ पंचायत प्रधान किशोर चंद ने विधायक सुरेश कुमार के शॉल व हिमाचली टोपी पहनाकर सम्मानित किया। कार्यक्रम में ग्रामीणों की समस्याओं को सुनाकर उनका मौक पर ही निपटारा किया गया तथा कुछ को अधिकारियों को भेजा गया। इस दौरान विधायक ने कहा कि समस्याओं को हल ग्रामीण स्तर पर हो इसके लिए विधायक आपके द्वार कार्यक्रम शुरू किया गया है और लोग लाभान्वित हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश के चहुमुंखी विकास तथा आत्मनिर्भर राज्य बनाने के उद्देश्य से मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू व्यवस्था परिवर्तन के कार्य कर रहे हैं। जिसका भाजपा के लोग विशेषकर पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर आए दिन आलोचना करने में लगे हुए हैं जबकि प्रदेश की जनता सरकार के कार्यों से खुश हैं। उन्होंने कहा कि भोरंज सिविल अस्पताल में जल्द ही रोगियों की सुविधा के लिए 26 करोड़ रुपए से क्रिटिकल केयर यूनिट लगाई जा रही है। आज अस्पताल में 12 चिकित्सक अपनी सेवाएं दे रहे हैं। इसी तरह सड़कों का जाल बिछाने का कार्य किया जा रहा है। अभी तक विधायक बनने के बाद 25 ग्रामीण स्तर के एंबुलेंस रोड निकाले गए हैं। उन्होंने कहा कि जाहू से सरकाघाट वाया चंदरूही, पक्का परोह सड़क के निर्माण पर 90 लाख रुपए खर्च होंगे। 1 करोड़ 20 लाख से भोरंज कॉलेज में खेल का मैदान बनेगा। इसी तरह भोरंज में 75 लाख से खिलाड़ियों के सुविधा के खेल का मैदान बनाया जा रहा है। उन्होंने पानी की समस्या का जिक्र करते हुए कहा कि भोरंज विस में 1 करोड़ 25 लाख लीटर पानी की जरूरत है, लेकिन 48 लाख लीटर पानी मिल रहा है। कार्यक्रम में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष विजय बन्याल, महासचिव रमेश चंद, सेवानिवृत शारीरिक शिक्षक रमेश कौशल, विजय डोगरा, पंचायत प्रधान किशोर चंद, पूर्व प्रधान विजय लक्ष्मी, कै. जगरनाथ, अमृत लाल, विचित्र सिंह, चमन लाल, बीरवल, कैं. प्रकाश, स्नेह लता, देशराज कमल, एसएमसी अध्यक्ष रंजना देवी व अन्य उपस्थित रहे।



भुक्कड़ में विधायक आपके द्वार कार्यक्रम में समस्याएं सुनते हुए विधायक सुरेश कुमार।

## पानी की समस्या को दूर करने के लिए जड़ोह दयोग और गरसाहड़ में बनेंगे ओवर हैड टैंक

**अनंत ज्ञान, भोरंज**

भोरंज विधानसभा क्षेत्र के हनोह पंचायत में रविवार को विधायक आपके द्वारा कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें बतौर मुख्यातिथि भोरंज विधायक सुरेश कुमार ने ग्रामीणों की समस्याओं को सुना और मौके पर ही उनका निराकरण किया। इस दौरान ग्रामीणों व पंचायत प्रतिनिधियों ने विधायक सुरेश कुमार का भव्य स्वागत किया। विशाल जनसभा को संबोधित करते हुए विधायक सुरेश कुमार ने कहा कि मुख्यमंत्री सूखविंद्र सिंह की विकासात्मक सोच के कारण हिमाचल प्रदेश आत्म निर्भर राज्य बनाने की अग्रसर होने लगा है।

उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू प्रदेश के ऐसे पहले मुख्यमंत्री है जोकि प्रदेश के जनहित में कड़े फैंसले ले रहे हैं। ऐसे फैंसले पहले लोगों को कड़वे लग रहे हैं लेकिन बाद में इसके परिणाम अच्छे लग रहे हैं। उन्होंने कहा कि छोटे के जिला हमीरपुर के लिए सौभाग्य की बात है कि सुक्खू बतौर मुख्यमंत्री प्रदेश का नेतृत्व कर रहे है। इसलिए उनके नेतृत्व की मजबूती के लिए सबकों एक साथ चलना होगा। भोरंज के विकास का जिक्र करते हुए कहा कि भोरंज विधानसभा क्षेत्र में 550 करोड़ के विकास कार्य जारी हैं जिससे भोरंज विस क्षेत्र का चहुंमुखी विकास हो रहा है। उन्होंने कहा कि आज भोरंज शिक्षा के मॉडल के लिए रूप में सरकारी स्कूलों में निशुल्क कक्षाएं चल रही है। इसके स्कूलों में साकारात्मक परिणाम देखने को मिल रहे हैं। विधायक ने कहा कि 35 वर्षों तक भोरंज में भाजपा के विधायक रहे हैं, लेकिन आज भी लोग मूलभूत समस्याओं से जूझ रहे हैं। उन्होंने कहा कि जड़ोह, दयोग व गरसाहड़ ओवर हैड़ टैंक का निर्माण किया जाएगा। गारू में बस्ती को एंबुलेंस रोड़, जड़ोह से फकड़ूही सड़क की मुरम्मत करवाने, महिला मंडल को दो लाख देने व जड़ोह और हनोह में सड़क के किनारे दो सुंदर वर्शाषालिकाएं भी बनाने की घोषणा की। इस अवसर पर भोरंज ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष विजय बन्याल, दीप चंद, सुरेंद्र जरियाल, राजेंद्र सिंह, संदेश, संतोष भड़ोल, कांता देवी, चमन लाल, देवराज, पुष्पा देवी, सुभाष चंद सहित कई मौजूद रहे।

## सैनिक स्कूल के स्थापना दिवस पर नवाजे होनहार छात्र व शिक्षक



सांसद अनुराग ठाकुर का स्वागत करते विधायक कैप्टन रणजीत सिंह राणा।

**अनंत ज्ञान, सुजानपुर**

सैनिक स्कूल सुजानपुर टीहरा ने अपने 48वें स्थापना एवं वार्षिक दिवस समारोह धूमधाम के साथ मनाया। इस अवसर पर मुख्यातिथि सांसद अनुराग ठाकुर रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती वंदना से हुआ, इसके बाद मास पीटी, हाई हॉर्स, झांकी प्रदर्शन, ध्वज प्रदर्शन और विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियों जैसे नाटी, लावणी, भांगड़ा और दक्षिण भारतीय नृत्य ने उपस्थित दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया।

प्रधानाचार्य ग्रुप कैप्टन रचना जोशी ने वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत करते हुए सत्र 2024–25 में कैडेट्स की उपलब्धियों पर प्रकाश डाला। मुख्यातिथि ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले सदनों और कैडेट्स को ट्रॉफियां तथा सम्मान प्रदान किए। यमुना हाउस ने मेजर नीरज शर्मा एनडीए ट्रॉफी, प्राथमिक ट्रॉफी और मेजर सुधीर वालिया कॉक हाउस ट्रॉफी प्राप्त की, जबकि रवि हाउस और सतलुज हाउस को भी विभिन्न क्षेत्रों में सम्मानित किया गया। मैट्रिक में श्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले कैडेट्स को रेड ब्लेजर से नवाजा गया। इसके अतिरिक्त विद्यालय के 23वें बैच के पूर्व छात्रों ने एडवांस्ड टेक्नोलॉजिकल लैब का उद्घाटन कर चार कंप्यूटर, दो लैपटॉप और चार यूपीएस भेंट किए। मुख्यातिथि ने विद्यालय को 48 वर्षों की सफल यात्रा पर बधाई दी।

## पुल पर टूटी रीलिंग व गड्ढा बना जानलेवा

**अनंत ज्ञान, बड़ा।** उपमंडल नादौन के नादौन–सुजानपुर मार्ग पर कुणाह खड्ड पुल के तीखे मोड़ के पास सड़क पर पड़े गड्ढे और टूटी रीलिंग स्थानीय लोगों और वाहन चालकों के लिए गंभीर खतरा बने हुए हैं। विडंबना यह है कि कई वर्षों से रीलिंग टूटी हुई है, बावजूद इसके लोक निर्माण विभाग ने इसे सुधारने की ओर कोई कदम नहीं उठाया। क्षेत्रवासियों और वाहन चालकों द्वारा कई बार विभाग को शिकायत की गई, लेकिन अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई। स्थानीय लोग चेतावनी दे रहे हैं कि यदि भविष्य में यहां कोई दुर्घटना घटती है तो पूरी जिम्मेदारी लोक निर्माण विभाग की होगी। विभागीय स्तर पर भी इस मुद्दे पर कोई कार्रवाई नहीं हुई है। नादौन कार्यालय के एसडीओ और संबंधित जेई के स्थानांतरण के कारण समस्या पर चर्चा नहीं हो सकी। लोग मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू से इस लापरवाही पर संज्ञान लेने और पुल को तुरंत सुधारने की मांग कर रहे हैं।

### आईटीआई संस्थान प्रबंधन समिति कर्मचारियों की मांगें पूरी तरह जायज

## नीति में संशोधन कर इन्हें एक बार की छूट प्रदान करे सरकार: राजीव राणा

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**



हमीरपुर के विश्राम गृह में रविवार को सभी हिमाचल आईटीआई संस्थान प्रबंधन समिति कर्मचारी संघ की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में बतौर मुख्य अतिथि प्रदेश कांग्रेस के श्रमिक नेता एवं असंगठित मजदूर एवं कर्मचारी कांग्रेस (केकेसी) के प्रदेश चेयरमैन राजीव राणा ने शिरकत की। बैठक की अध्यक्षता संघ के राज्य अध्यक्ष संजीव ठाकुर ने की, जबकि राज्य महासचिव मनोज कुमार सहित प्रदेशभर से आए पदाधिकारी एवं कर्मचारी प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

बैठक में वर्ष 2014–15 तक कार्यरत संस्थान प्रबंधन समिति कर्मचारियों की सेवाओं को सरकारी अनुबंध पर लेने हेतु 03.10.2015 की नीति में एक बार की छूट प्रदान करने की मांग को प्रमुखता से उठाया गया। वक्ताओं ने कहा कि ये कर्मचारी लंबे समय से विभागीय कार्यों का निर्वहन ईमानदारी से कर रहे हैं, इसलिए इन्हें अन्य विभागों की तर्ज पर समान लाभ मिलना चाहिए। अपने संबोधन में राजीव राणा ने कहा कि संस्थान प्रबंधन समिति कर्मचारियों की मांगें पूर्णत: न्यायसंगत और मानवीय दृष्टि से उचित हैं। उन्होंने कहा कि जो कर्मचारी वर्षों से सेवाएं दे रहे हैं, उन्हें असुरक्षा में रखना अन्यायपूर्ण है। सरकार को चाहिए कि नीति में संशोधन कर इन्हें एक बार की छूट प्रदान करे। उन्होंने यह भी कहा कि कांग्रेस सरकार सदैव श्रमिकों और कर्मचारियों के अधिकारों की पक्षधर रही है, और वे स्वयं इस मांग को मुख्यमंत्री सुखविंद्र सुक्खू के समक्ष मजबूती से रखेंगे ताकि कर्मचारियों को शीघ्र राहत मिल सके। बैठक के अंत में यह निर्णय लिया गया कि संघ शीघ्र ही मुख्यमंत्री को ज्ञापन सौंपेगा, जिसमें कर्मचारियों के हित में आवश्यक नीति संशोधन की मांग की जाएगी। बैठक में संजीव ठाकुर राज्य अध्यक्ष, मनोज राज्य महासचिव, जिला उपाध्यक्ष युवा कांग्रेस विश्व शामा, उपाध्यक्ष युवा कांग्रेस ब्लॉक हमीरपुर, सचिव सवन चिदा, संजय कुमार, राकेश ठाकुर, पंकज शर्मा, रविंद्र नेगी, सुरेश कुमार एवं अन्य कर्मचारी प्रतिनिधि मौजूद रहे।

## राज्यस्तरीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता में बिलासपुर के खिलाड़ियों का दबदबा



राज्य स्तरीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता में लड़कियों की 400 मीटर रिले रेस में भाग लेने वाले खिलाड़ी।

**अनिल कुमार, अनंत ज्ञान**

**हमीरपुर।** अणु के सिंथेटिक ट्रैक ग्राउंड में 66वीं राज्य स्तरीय अंडर-19 एथलेटिक्स प्रतियोगिता के दूसरे दिन सेमीफाइनल और फाइनल मुकाबले आयोजित किए गए। बेहतर कोचिंग के कारण खिलाड़ी शानदार प्रदर्शन कर रहे हैं। लड़कों की 100 मीटर दौड़ में उना के पुनीत सैनी प्रथम, बिलासपुर के मनिक दूसरे और कुल्लू के स्वास्तिक पराशर तीसरे स्थान पर रहे। 800 मीटर दौड़ में हिम अकादमी पब्लिक स्कूल हमीरपुर के प्राकुल सिंह ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि सर्बजोत सिंह और प्रशांत क्रमश: दूसरे व तीसरे स्थान पर रहे। 1500 मीटर दौड़ में आर्यन (ब्लू स्टार स्कूल हमीरपुर) ने जीत हासिल की। लॉग जंप व हाई जंप में भी खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया।

लड़कियों की 100 मीटर दौड़ में बिलासपुर की प्राची प्रथम, शिमला की सुनैना दूसरे और उना की दीपिका तीसरे स्थान पर रहीं। 800 व 1500 मीटर दौड़ में सविता कुमारी ने बेहतरीन प्रदर्शन कर प्रथम स्थान प्राप्त किया। लॉग जंप व हाई जंप में भी बिलासपुर व सोलन की खिलाड़ियों ने पदक जीते। प्रदेश भर से 390 खिलाड़ी इस प्रतियोगिता में भाग ले रहे हैं। प्रतियोगिता का समापन सोमवार को मुख्य अतिथि पुलिस अधीक्षक भगत सिंह ठाकुर की उपस्थिति में किया जाएगा, जहां विजेताओं को मेडल व प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया जाएगा।

## भोरंज के नरेश कुमार को डीआईजी के पद पर पदोन्नति

**अनंत ज्ञान, जाहू।** भोरंज उपमंडल के तरक्वाड़ी गांव के नरेश कुमार को सीआरपीएफ में उप महानिरीक्षक (डीआईजी) के पद पर पदोन्नति मिली है। बचपन से ही राष्ट्रभक्ति और वर्दीधारी सेवा के प्रति उनके उत्साह ने उन्हें यह मुकाम दिलाया। 1 मई 1972 को जन्मे नरेश कुमार ने अपनी प्रारंभिक शिक्षा शिमला तथा आसपास के विद्यालयों से प्राप्त की और आगे स्नातक व स्नातकोत्तर की डिग्री हासिल की। वर्ष 1996 में सीआरपीएफ में शामिल होने के बाद उन्होंने माउंट आबू प्रशिक्षण में सर्वश्रेष्ठ आउटडोर प्रशिक्षु का खिताब प्राप्त किया। करीब तीन दशकों में उन्होंने जम्मू-कश्मीर, छत्तीसगढ़, असम, त्रिपुरा और अन्य संघर्षग्रस्त क्षेत्रों में चुनौतीपूर्ण दायित्व निभाए। नक्सल प्रभावित इलाकों में अभियानों का नेतृत्व किया, कोबरा जैसी विशिष्ट इकाई का कमान संभाला और राष्ट्रीय सुरक्षा गार्ड में वीवीआईपी सुरक्षा में पांच वर्ष तक सेवाएं दी। उन्होंने प्रशिक्षण क्षेत्र में भी महत्वपूर्ण योगदान दिया और कोयंबटूर प्रशिक्षण महाविद्यालय में उप प्राचार्य के रूप में मार्गदर्शन किया। उच्च कौशल और उत्कृष्ट नेतृत्व के लिए उन्हें कई पदक और अलंकरण प्राप्त हुए, जिनमें पुलिस पदक फॉर मेरिटोरियस सर्विस, अति उत्कृष्ट सेवा पदक, एसपीजी मेडल और डीजी डिस्क शामिल हैं। उनके परिवार में पत्नी अंजलि, पुत्री पर्निका और पुत्र सार्थक शामिल हैं। इस पदोन्नति से उनके पैतृक गांव व पूरे हिमाचल प्रदेश में खुशी का माहौल है।



## भोंरज में बस्सी तताहर सड़क के धीमी रफ्तार से हो रहे कार्य से ग्रामीण परेशान

**अनंत ज्ञान, भोरंज**

**चंदरूही कस्बे में चढ़ाई पर कीचड़ में फंस रही गाड़ियां**

**भोंरज** क्षेत्र में बस्सी से तताहर सड़क का निर्माण कार्य सुस्त रफ्तार से चलने के कारण लोगों और ग्रामीणों की परेशानियां बढ़ गई हैं। जगह-जगह कीचड़ और उखड़ी सड़क के कारण वाहनों की आवाजाही प्रभावित हो रही है। विशेष रूप से चंदरूही कस्बे की चढ़ाई पर बड़ी गाड़ियां कीचड़ में फंस रही हैं, जिससे ग्रामीणों को साल 1987 की यादें ताजा हो गई हैं। उस समय भी सड़क कच्ची हुआ करती थी और बरसात के मौसम में गाड़ियां इसी स्थान पर फंस जाया करती थीं।

ग्रामीणों ने बताया कि सड़क की यह स्थिति आम लोगों के लिए बड़ी दिक्कत बन गई है। उन्होंने निर्माण कंपनी और लोक निर्माण विभाग से जल्द सड़क को पक्का करने और सड़क किनारे नालियां बनाने की मांग की है, ताकि बारिश के पानी की सही निकासी हो सके और भविष्य में कीचड़ की समस्या न रहे। इस संबंध में पंचायत प्रधान कक्कड़ विनोद कुमार व अन्य जनप्रतिनिधियों ने ग्रामीणों से अपील की है कि वे फिलहाल सड़क पर पानी न फेंके। उन्होंने बताया कि लोक निर्माण विभाग द्वारा जल्द ही सड़क किनारे नालियों का निर्माण किया जाएगा, जिससे पानी की निकासी की समस्या दूर होगी। लोक निर्माण विभाग के अनुसार, बस्सी से तताहर सड़क को एफडीआर तकनीक से पक्का किया जा रहा है।

इस कार्य में लगभग 11 किलोमीटर सड़क के लिए 11 करोड़ रुपये की राशि खर्च की जा रही है। अब तक बेलग से नगरोटा तक लगभग 4 किलोमीटर सड़क का निर्माण कार्य पूरा हो चुका है, जबकि चंदरूही से तताहर तक के हिस्से में कार्य प्रगति पर है। सड़क के साथ-साथ विभिन्न स्थानों पर नालियों के पक्के निर्माण का काम भी चल रहा है, जिससे बरसात में पानी सड़क पर न बहे और सड़क लंबे समय तक टिकाऊ बनी रहे। ग्रामीणों ने उम्मीद जताई है कि कार्य पूरा होने के बाद बस्सी से तताहर तक का सफर सुगम और सुरक्षित हो जाएगा।

## डिमोशन का आधार बनी याचिकाएं स्थगित

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** हिमाचल प्रदेश में 592 टीजीटी प्रवक्ताओं के डिमोशन का आधार बनी प्रमुख याचिकाओं सतीश कुमार बनाम राज्य हिमाचल प्रदेश और पूर्णिमा कुमारी बनाम राज्य हिमाचल प्रदेश पर न्यायालयों ने रोक लगा दी है। सर्वोच्च न्यायालय ने सतीश कुमार मामले में राज्य सरकार की अपील स्वीकार करते हुए उच्च न्यायालय के आदेशों पर स्थगन (स्टे) जारी किया है। इस आदेश के अनुसार जब तक अपील लंबित है, किसी भी कार्यवाही पर रोक रहेगी। अगली सुनवाई 19 नवम्बर को होगी। उच्च न्यायालय ने पूर्णिमा कुमारी मामले में भी टी.जी.टी. शिक्षकों की वरिष्ठता सूची में संशोधन तथा पदोन्नति रोकने के आदेश पर स्थगन लगा दिया। इन दोनों आदेशों के बाद विभागीय स्तर पर वरिष्ठता निर्धारण, पदोन्नति और डिमोशन से संबंधित सभी कार्यवाही स्थगित हो गई हैं। टी.जी.टी. कला संघ प्रदेश महासचिव विजय हीर ने बताया कि इस मामले में योग्य शिक्षकों को रिक्त पदों पर प्रमोट करना ही बेहतर समाधान है, अन्यथा टी.जी.टी. पदोन्नति में ठहराव बना रहेगा।

**कार्यक्रम** हिम अकादमी पब्लिक स्कूल विकासनगर में बैंड 1 वार्षिक समारोह बड़े हर्षोल्लास से मनाया

# निशांत ने 240 मेधावी छात्रों को किया सम्मानित

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**

हिम अकादमी पब्लिक स्कूल विकास नगर में रविवार को बैंड 1 वार्षिक समारोह बड़े उत्साह और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस कार्यक्रम में बाल वाटिका से लेकर कक्षा तीसरी तक के नन्हे-मुन्ने बच्चों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। इस अवसर पर 240 मेधावी छात्रों को सम्मानित किया गया और रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने दर्शकों का मन मोह लिया। मुख्यातिथि निशांत मंडहोत्रा आईएफएस अधिकारी ने दीप प्रज्वलित कर इस कार्यक्रम का उद्घाटन किया।

इस अवसर पर विद्यालय के चेयरपर्सन आरसी लखनपालए वाइस चेयरपर्सन चंद्रप्रभा लखनपाल, निदेशक पंकज लखनपाल, प्रधानाचार्य इंजीनियर नैना लखनपालए अकादमिक प्रधानाचार्य डॉ. हिमांशु शर्मा, हिम अकादमी शिक्षा समिति के सदस्य टीआर शर्मा, प्रधानाचार्य डुगनेड़ा वनिता गुप्ता उपप्रधानाचार्य अश्विनी शर्मा, मुख्य अध्यापिका कंचन लखनपाल, एओ प्राकृत लखनपाल, छात्र कल्याण संघ के अध्यक्ष संजीव ठाकुर और उपाध्यक्ष कमल सिंह सहित अन्य सम्मानित अतिथियों ने समारोह में भाग लिया। मुख्य अतिथि ने अपने प्रेरणादायक भाषण में छात्रों और अभिभावकों का उत्साहवर्धन करते हुए विद्यालय के समाज सेवा कार्यों की सराहना की। विद्यालय के एनएसएस हेड तन्मय पंडित ने मुख्यातिथि के जीवन और उपलब्धियों पर प्रकाश डाला। इसके बाद लोक नृत्य ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। कक्षा 1 के विद्यार्थियों ने अलादीन अरेबियन डांस प्रस्तुत कर सबको जादुई संसार में ले गए। बाल वाटिका-2 के नन्हे सितारों ने सुपर स्टार्स डांस प्रस्तुत कर अपनी ऊर्जा और आत्मविश्वास से सबका मन जीत लिया। कक्षा 2 बी के विद्यार्थियों ने महाराष्ट्र का लोक नृत्य प्रस्तुत कर भारत की विविधता और सांस्कृतिक समृद्धि को प्रदर्शित किया। बाल वाटिका-1 के बच्चों ने फ्री स्टाइल डांस से मंच को जीवंत बना दिया। देशभक्ति की भावना से ओतप्रोत ऑपरेशन सिंदूर कक्षा 5 की प्रस्तुति ने सभी के हृदय में देश प्रेम की ज्योति प्रज्वलित कर दी। कक्षा 3 के विद्यार्थियों ने एक शिक्षाप्रद नाटक यैापजद्ध प्रस्तुत कर समाज में जागरूकता का संदेश दिया।

कार्यक्रम के समापन पर प्रधानाचार्य और मुख्य अतिथि ने लगभग इस आयोजन की सफलतापूर्वक संचालन में हेड बॉय आदर्श मन्हास, हेड गर्ल अर्शिया सिंह चौहान, सिया शर्मा कैप्टन रमन हाउस और रश्मिका कैप्टन आर्यभट्ट हाउस ने मुख्य एंकर के रूप में भूमिका निभाई। आयोजन को सफल बनाने में समन्वयिका मनीषा मारवाह, इवेंट मैनेजर पूजा ठाकुरए डिप्टी इवेंट मैनेजर सीमा देवी और समारोह की इंचार्ज संगीता ठाकुर का अहम योगदान रहा। प्रधानाचार्य इंजीनियर नैना लखनपाल ने सभी शिक्षकों और कर्मचारियों को उनकी कड़ी मेहनत और समर्पण के लिए सराहा।



हिम अकादमी पब्लिक स्कूल विकासनगर में बैंड 1 वार्षिक समारोह बड़े हर्षोल्लास से मनाया गया।

# अंतरराष्ट्रीय लवी मेले से पहले पाट बंगला मैदान में लगी अश्व प्रदर्शनी

आत्मा सिंह, अनंत ज्ञान

रामपुर बुशहर। अंतराष्ट्रीय लवी में मेला से पूर्व रामपुर के पाट बंगला मैदान में बीते रोज से अश्व प्रदर्शनी की शुरुआत हुई। अश्व प्रदर्शनी के दूसरे दिन रविवार को 187 घोड़ों का पंजीकरण किया जा चुका है। भारतीय सेना, रिमाउंट वेटरनरी कॉर्प्स, 22 मोबाइल, अवेरी पट्टी द्वारा आज एक उपचार कैंप लगाया गया तथा ब्रुक्स इंडिया लिमिटेड द्वारा एक जगरूकता शिविर आयोजित किया गया।

इसके अलावा अश्वपालकों को पशुपालन विभाग द्वारा किसान गोष्ठी आयोजित की गई। जिसमें डॉ. समर चौहान, डॉ. चंदन राणा, पशु औषधी विशेषज्ञ शशांक शुक्ला भारतीय सेना अवेरी पट्टी द्वारा अश्वों के उचित प्रबंधन तथा बीमारियों से रोकथाम के बारे में विस्तार से बताया गया। ब्रुक्स इंडिया द्वारा घोड़ों की नाल तथा खुर को सही प्रकार से रखने के बारे में लाइव डिमॉन्स्ट्रेशन दिया गया। आश्वपालकों को 100 चिकित्सा किटें भी वितरित की गई। किसान गोष्ठी में लगभग एक सौ पशुपालकों ने भाग लिया। अश्वों को दाना व चारा भी वितरित किया जाएगा।



## मुख्य आकर्षण होता है चामूर्ति नस्ल का घोड़ा

अश्व प्रदर्शनी का मुख्य आकर्षण पिन वैली का चामूर्ति नस्ल का घोड़ा होता है। अपनी विशेषताओं के कारण इसकी सर्वाधिक कीमत लगाई जाती है। इसे खरीदने के लिए, उत्तराखंड, जम्मू कश्मीर से खरीदार आते हैं। आज के दिन सबसे महंगा घोड़ा श्री छे रिंग टुडू प ग्राम बर, डाकघर गुलिंग, तहसील काजा, लाहौल स्पीति द्वारा मुबालिक 84000 रुपए में बेचा गया। खरीददा देवेंद्र सिंह, ग्राम एंडी, जिला टिहरी गढ़वाल, उत्तराखंड ने इसकी पुष्टि की। कल यानी सोमवार अश्व प्रदर्शनी का अंतिम दिवस है। उत्तम अश्वों का चयन, घुड़दौड़ प्रतियोगिता एवं गुब्बारा फोड़ प्रतियोगिता का आयोजन इस दौरान किया जाएगा।

# हिमाचल में सेब की खरीद में 'सी ग्रेड' बूम

## बरसात और रोगों ने बागवानों की मेहनत पर डाला साया, एचपीएमसी ने रिकॉर्ड 98,000 टन सेब खरीदे

सत्यदेव भारद्वाज, अनंत ज्ञान ब्यूरो

शिमला। इस साल पहाड़ों की हवा में भी एक बेचैनी दिखी। जैसे हर बादल में कोई उलझन हो, हर बाग में कोई चिंता। बागवानों की आंखों में फिर भी उम्मीद थी, क्योंकि हर साल की तरह उन्होंने इस बार भी पेड़ों से अपने सपने तोड़े थे, लेकिन किस्मत का मौसम कुछ और ही सोचकर आया था। बरसात ने खेतों को हरियाली दी, पर उसी ने पत्तों को भी समय से पहले झड़ा दिया। पहाड़ी हवा में ताजगी थी, मगर फलों के भीतर रोग और नमी की गंध घुल गई। इस बार हिमाचल का सेब सिर्फ मेहनत का नहीं, बल्कि जद्दोजहद का प्रतीक बन गया और उसी जद्दोजहद की कहानी अब एमआईएस योजना के आंकड़ों में दर्ज हो रही है।

जानकारी के अनुसार एचपीएमसी ने इस वर्ष 98,000 टन 'सी ग्रेड' सेब खरीदे हैं। यह आंकड़ा पिछले वर्ष के मुकाबले तीन गुना अधिक है। वर्ष 2024 में 36,851 मीट्रिक टन और 2023 में 52,373 मीट्रिक टन सेब खरीदे गए थे। 2010 के बाद यह अब तक की सबसे बड़ी खरीद मानी जा रही है। बागवानी विभाग के अनुसार, 20 अगस्त से 31 अक्तूबर तक चली यह खरीद योजना अब औपचारिक रूप से समाप्त हो चुकी है। योजना में किसी विस्तार का अनुरोध नहीं किया गया। इस बार भारी बारिश ने पहाड़ों के बागों में अजीब हालात पैदा किए। अत्यधिक नमी और पत्तों के समय से पहले झड़ने के कारण अधिकांश सेब बाजार योग्य नहीं रह पाए।

बागवान बताते हैं कि अनुशंसित कीटनाशक और दवाएं भी फफूंद और रोगों को रोक नहीं सकीं। परिणामस्वरूप, औद्योगिक उपयोग वाले 'सी ग्रेड' सेब का उत्पादन कई गुना बढ़ गया। 'यह साल मेहनत से ज्यादा मजबूरी का रहा,' एक वरिष्ठ बागवान ने कहा, 'पेड़ों ने फल तो दिए, लेकिन बाजार ने नहीं अपनाया।'



### एमआईएस भुगतान बना नई चुनौती

इस भारी खरीद से राज्य सरकार पर लगभग 120 करोड़ रुपये की एमआईएस देनदारी आ खड़ी हुई है। जानकारों के अनुसार, पिछले वर्ष का पूरा भुगतान अभी तक जारी नहीं किया गया है और इस बार का बोझ पिछले वर्षों से कई गुना अधिक है। छोटे और सीमांत बागवानों के लिए यह देरी आर्थिक झटका साबित हो रही है। उनका कहना है कि भुगतान न मिलने से अगली फसल की तैयारी भी प्रभावित होती है, जिससे पहाड़ी अर्थव्यवस्था पर असर पड़ता है।

### पुरानी 50:50 प्रणाली बहाल करने की मांग

राज्य सरकार के सूत्र बताते हैं कि वर्ष 2023 के बाद से केंद्र सरकार ने इस योजना के लिए कोई बजट आवंटित नहीं किया है। पहले इस योजना के तहत केंद्र और राज्य दोनों 50:50 अनुपात में घाटा साझा करते थे। अब जब पूरा बोझ राज्य सरकार अकेले वहन कर रही है, तो भुगतान में देरी स्वाभाविक है। विशेषज्ञ मानते हैं कि यदि केंद्र पुरानी साझेदारी व्यवस्था को बहाल करे, तो बागवानों को समय पर भुगतान मिल सकता है और राज्य सरकार पर भी वित्तीय दबाव घटेगा।

## न्यूज ब्रीफ

### खरड़ के युवक ने फंदा लगाकर दी जान

अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला। राजधानी शिमला के समरहिल स्थित हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय के गर्ल्स हॉस्टल के समीप एक खंडहर इमारत में एक युवक ने फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। सुबह स्थानीय लोगों ने शव को लटकता देख पुलिस को सूचना दी। पुलिस दल ने मौके पर पहुंचकर शव को अपने कब्जे में लिया और उसे इंदिरा गांधी मेडिकल कॉलेज शिमला भेज दिया गया। घटनास्थल से युवक का मोबाइल फोन और बैग बरामद हुआ है। बैग में मिले एक पहचान पत्र पर हर्ष पाठक, सहायक प्राध्यापक, खरड़, चंडीगढ़ लिखा हुआ है, जिसके आधार पर शव की पहचान हर्ष पाठक के रूप में की गई है। पुलिस आत्महत्या के कारणों की जांच में जुटी हुई है। प्राथमिक जानकारी के अनुसार मृतक खरड़ में कार्यरत था, जिससे यह प्रश्न उठ रहा है कि उसने आत्महत्या के लिए शिमला का यह स्थान क्यों चुना। युवक यहां किस प्रयोजन से आया था, यह अभी स्पष्ट नहीं हो पाया है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच आरंभ कर दी है।

### मिक्सर व 16 शटरिंग प्लेटें चोरी, केस दर्ज

अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला। जिला शिमला के बालूगंज थाना अंतर्गत सेरी गांव में चोरी का एक मामला सामने आया है। ग्राम सेरी निवासी कृष्ण लाल ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि 27 अक्तूबर को कुछ अज्ञात व्यक्ति उसके गांव चलहोग से उसका मिक्सर और 16 शटरिंग प्लेटें चोरी कर ले गए। घटना का पता चलने पर कृष्ण लाल ने इसकी सूचना पुलिस को दी। शिकायत मिलने के बाद पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता की धारा 303(3) के तहत केस दर्ज किया है। पुलिस का कहना है कि चोरी में शामिल अज्ञात व्यक्तियों की पहचान के लिए आसपास के इलाकों में पूछताछ की जा रही है और सुराग जुटाए जा रहे हैं। पुलिस ने लोगों से भी अपील की है कि यदि किसी को इस चोरी से संबंधित कोई जानकारी हो तो तुरंत पुलिस को सूचित करें ताकि दोषियों को शीघ्र गिरफ्तार किया जा सके।

### राज्यपाल ने शहीदी पर्व पर शीश नवाया

अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला। शिमला के ऐतिहासिक रिज मैदान में श्री गुरु सिंह सभा द्वारा आयोजित श्री गुरु तेग बहादुर के 350वें शहीदी पर्व के राज्य स्तरीय समारोह में राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल ने गुरु जी को नमन किया। उन्होंने कहा कि त्याग, बलिदान और मानवता की सेवा गुरु जी का सर्वोच्च संदेश है। उनका जीवन हमें यह सिखाता है कि धर्म की सच्ची साधना मानवता की रक्षा और सत्य के मार्ग पर चलने में है। कार्यक्रम में नेता प्रतिपक्ष जय राम ठाकुर, लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह, सांसद सुरेश कश्यप, पूर्व सांसद प्रतिभा सिंह सहित अन्य गणमान्य उपस्थित रहे।

### छोटा शिमला में विशेष शिविर का शुभारंभ

अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला। राजकीय उत्कृष्ट वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला छोटा शिमला में राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय विशेष शिविर का शुभारंभ विद्यालय की प्रधानाचार्य सुमन पटियाल ने किया। इस अवसर पर कार्यक्रम अधिकारी डॉ. प्रेम शर्मा और स्मृति गोयल ने मुख्य अतिथि का स्वागत पुष्पगुच्छ भेंट कर किया। एनएसएस स्वयंसेवियों ने कैप और बैज पहनाकर मुख्य अतिथि का अभिनंदन किया। प्रधानाचार्य सुमन पटियाल ने दीप प्रज्वलित कर शिविर की औपचारिक शुरुआत की। अपने उद्बोधन में प्रधानाचार्य सुमन पटियाल ने छात्रों को राष्ट्रीय सेवा योजना के महत्व से अवगत करवाया। उन्होंने कहा कि इस सात दिवसीय विशेष शिविर का उद्देश्य विद्यार्थियों में नैतिकता, परस्पर सहयोग, भाईचारा, शिष्टाचार और अनुशासन जैसे गुणों को विकसित करना है। उन्होंने स्वयंसेवियों से आह्वान किया कि वे समाज सेवा के साथ-साथ अपने भीतर आत्मविश्वास और जिम्मेदारी की भावना भी विकसित करें। कार्यक्रम अधिकारी डॉ. प्रेम शर्मा ने मंच का संचालन करते हुए कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना राष्ट्र निर्माण की एक सशक्त कड़ी है। इससे युवाओं में समर्पण और सेवा भाव का विकास होता है। उन्होंने स्वयंसेवियों को योग, प्रातः भ्रमण और बड़ों के प्रति आदर भाव रखने का संदेश दिया। डॉ. शर्मा ने बताया कि इस शिविर में कुल 45 स्वयंसेवी भाग ले रहे हैं, जो आने वाले सात दिनों तक विभिन्न सामाजिक और स्वच्छता गतिविधियों में हिस्सा लेंगे।

# नारकंडा के पास खाई में गिरी टेंपो ट्रैवलर, 29 घायल

## 32 सवारियों से भरी ट्रैवलर दुर्घटनाग्रस्त, 17 शिमला रेफर, चालक से हो रही पूछताछ



अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला

नारकंडा के पास शनिवार रात एक बड़ा सड़क हादसा हुआ, जब एक टेंपो ट्रैवलर गहरी खाई में जा गिरी। ट्रैवलर में कुल 32 लोग सवार थे, जिनमें से 29 लोग घायल हुए हैं। इनमें कई महिलाएं और बच्चे भी शामिल हैं। गंभीर रूप से घायल 17 लोगों को आईजीएमसी शिमला रेफर किया गया है, जबकि अन्य का उपचार कुमारसैन अस्पताल में चल रहा है।

जानकारी के अनुसार, ट्रैवलर में सवार सभी लोग रिकांगपिओ से नेपाल की ओर जा रहे थे। हादसे के तुरंत बाद स्थानीय लोगों और पुलिस ने राहत कार्य शुरू कर दिया। कुमारसैन थाना पुलिस ने ट्रैवलर चालक राजकुमार के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस ने चालक के खून और पेशाब के सैंपल लेकर जांच के लिए भेज दिए हैं, ताकि यह पता लगाया जा सके कि दुर्घटना के समय वह नशे में था या नहीं।

### प्रशासन ने दिए जांच के आदेश

इस हादसे के बाद एक बार फिर क्षेत्र में सड़क सुरक्षा व वाहन संचालन की स्थिति पर सवाल उठने लगे हैं। पर्वतीय क्षेत्रों में लगातार हो रही ऐसी दुर्घटनाओं ने प्रशासन को भी सतर्क कर दिया है। डीसी शिमला ने हादसे के कारणों की गहराई से जांच के आदेश दिए हैं, ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाओं को रोका जा सके।

### उपायुक्त ने आईजीएमसी पहुंचकर जाना कुशलक्षेम

उपायुक्त शिमला अनुपम कश्यप ने शनिवार देर रात नारकंडा के समीप हुए सड़क हादसे में घायल लोगों का आईजीएमसी शिमला पहुंचकर कुशलक्षेम जाना। उन्होंने घायलों को प्रदेश सरकार की ओर से हर संभव सहायता और बेहतर उपचार उपलब्ध करवाने का आश्वासन दिया। अनुपम कश्यप ने बताया कि कुमारसैन, रामपुर और जिला प्रशासन के अधिकारी लगातार घायलों की देखरेख में जुटे हैं। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खु ने इस दुर्घटना पर गहरा दुख व्यक्त किया है और सभी घायलों को समुचित उपचार सुनिश्चित करने के निर्देश जारी किए हैं। इसके लिए डॉक्टरों की एक विशेष टीम तैनात की गई है जो लगातार घायलों की निगरानी कर रही है। उल्लेखनीय है कि गत रात नारकंडा के पास एक टेम्पो ट्रैवलर दुर्घटनाग्रस्त हो गया था, जिसमें कुल 33 नेपाली मूल के लोग सवार थे। हादसे के बाद सभी घायलों को तुरंत सिविल अस्पताल कुमारसैन पहुंचाया गया, जहां से 16 गंभीर रूप से घायल 8 महिलाएं, 7 पुरुष और एक बच्चा को आईजीएमसी शिमला रेफर किया गया। वहीं 17 घायलों को प्राथमिक उपचार के बाद छुट्टी दे दी गई।

# गुरु तेग बहादुर का देश ऋणी, उनके आदर्शों में हर भारतीय की आस्था : जयराम ठाकुर




रिज मैदान में गुरु तेग बहादुर के 350वें बलिदान गुरुपर्व में शीश नवाते नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर।

अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला

नेता प्रतिपक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर ने रविवार को रिज मैदान शिमला में श्री गुरुद्वार सिंह सभा द्वारा आयोजित गुरु तेग बहादुर जी के 350वें बलिदान गुरुपर्व में शामिल होकर शीश नवाया। उन्होंने कहा कि गुरु तेग बहादुर जी का बलिदान भारत की आध्यात्मिक और सांस्कृतिक पहचान की रक्षा का प्रतीक है। उस दौर में जब औरंगजेब की कट्टर नीतियों ने असहिष्णुता का माहौल बना दिया था, तब गुरु तेग बहादुर जी 'हिन्द दी चादर' बनकर अन्याय और अत्याचार के विरुद्ध अडिग खड़े रहे। उन्होंने अपने प्राणों की आहुति देकर यह संदेश दिया कि धर्म, आस्था और मानवीय मूल्यों की रक्षा किसी भी सत्ता या भय से बड़ी है।

जयराम ठाकुर ने कहा कि गुरु तेग बहादुर ने हिमाचल प्रदेश के पांवटा साहिब में अपने जीवन के कई वर्ष व्यतीत किए और वहीं पर उन्होंने अनेक बाणियां रचीं। आज पांवटा साहिब गुरुद्वारा उनकी शिक्षाओं और बलिदान का पावन प्रतीक है। गुरु तेग बहादुर जी का जीवन त्याग, साहस और मानवता की मिसाल है। उनके दिखाए मार्ग पर चलना ही सच्ची श्रद्धांजलि होगी।

# सिम हैक होते ही उड़ गए ढाई लाख, रोहड़ू में साइबर ठगी का शिकार हुआ व्यक्ति

अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला

जिला शिमला के रोहडू उपमंडल में साइबर ठगी का एक नया मामला सामने आया है, जिसमें ठगों ने एक व्यक्ति के मोबाइल नंबर को कथित तौर पर हैक कर उसके बैंक खातों से करीब ढाई लाख रुपये उड़ा लिए।

रोहडू उपमंडल के गांव कुई निवासी जगमोहन सिंह ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है कि 20 जुलाई, 2025 को दोपहर अचानक उनके मोबाइल नंबर का नेटवर्क बंद हो गया। जब उन्होंने 23 जुलाई को सम्बंधित दूरसंचार कम्पनी के ऑफिस में जाकर कारण पूछा तो पता चला कि उनके आधार कार्ड को बायोमेट्रिक रूप से ब्लॉक कर दिया गया है। इसके बाद उन्होंने तुरंत अपने एचडीएफसी बैंक, रोहडू स्थित खाते की जांच की तो पाया कि उनके चालू खाते से 21 जुलाई को तीन ऑनलाइन ट्रांजेक्शन के माध्यम से 50–50 हजार रुपये की रकम निकाली गई है। इस तरह कुल 1 लाख 50 हजार रुपये खाते से निकाल लिए गए थे।




इतना ही नहीं, शिकायतकर्ता ने बताया कि उनके एचडीएफसी बैंक के क्रेडिट कार्ड से भी दो ऑनलाइन ट्रांजेक्शन किए गए— एक 49,416 रुपये का और दूसरा 51,475 रुपये का, जिससे कुल 1,00,891 रुपये की अतिरिक्त ठगी की गई। इस तरह कुल मिलाकर करीब 2 लाख 60 हजार रुपये उनके खातों से धोखाधड़ी के जरिए निकाल लिए गए।

जगमोहन सिंह ने बताया कि उन्होंने तुरंत अपने सभी बैंक कार्ड और खातों को ब्लॉक करवाया तथा जियो कार्यालय में जाकर सिम कार्ड को भी बंद कराया। लेकिन अगले दिन, यानी 24 जुलाई की सुबह उन्हें जानकारी मिली कि उनका बंद किया गया वही सिम किसी अन्य स्थान से फिर से सक्रिय हो गया है। शिकायतकर्ता ने यह भी बताया कि सभी खाते और कार्ड ब्लॉक करवाने के बाद भी 25 और 26 जुलाई को उनके एचडीएफसी पे-ज़ैप फिक्सल क्रेडिट कार्ड से, जिसे उन्होंने कभी सक्रिय ही नहीं किया था, करीब 10 हजार रुपये के और लेनदेन किए गए। पुलिस ने शिकायत के आधार पर थाना रोहडू में धारा 318 भारतीय न्याय संहिता के अंतर्गत दर्ज किया है। पुलिस के मुताबिक जांच जारी है।

# नागरिक सभा शिमला ने ओल्ड बस स्टैंड से लंबी दूरी की बसें बंद करने के फैसले का किया कड़ा विरोध

अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला

नागरिक सभा शिमला ने प्रशासन द्वारा ओल्ड बस स्टैंड से 40 किलोमीटर से ज्यादा दूरी तय करने वाली बसों को बंद करने के फैसले की कड़ी निंदा की है। सभा का कहना है कि यह निर्णय जनता के हितों के खिलाफ है और बिना प्रभावित लोगों से राय मशविरा किए एकतरफा ढंग से लिया गया है। सभा ने आरोप लगाया कि यह फैसला प्राइवेट बस मालिकों को लाभ पहुंचाने के मकसद से लिया गया प्रतीत होता है।

सभा ने कहा कि ये बसें शिमला के आसपास के ग्रामीण इलाकों से आती हैं, जिनसे रोजाना सैकड़ों छात्र स्कूल और कॉलेज जाते हैं। छोटे किसान अपनी सब्जियां, फल और स्थानीय उत्पाद लेकर शिमला की सब्जी मंडी पहुंचते हैं। इस आदेश से न केवल छात्रों पर आर्थिक बोझ बढ़ेगा बल्कि किसानों की मेहनत भी प्रभावित होगी। अब उन्हें अपनी फसलें महंगे किराए पर अन्य साधनों से लानी पड़ेंगी और उत्पाद समय पर मंडी नहीं पहुंच पाएंगे। कई कर्मचारी भी जो गांवों से रोजाना शिमला आते-जाते हैं, अब परेशान होंगे क्योंकि शिमला में रहना हर किसी की आर्थिक क्षमता में नहीं है।

सभा के अध्यक्ष जगमोहन ठाकुर और सचिव विवेक कश्यप ने संयुक्त बयान में कहा कि प्रशासन ने बसों को बंद करने का तर्क यह दिया है कि बड़ी बसों से ट्रैफिक जाम लगता है, जबकि यह समस्या का केवल एक पहलू है। असली वजहें प्रशासन नजरअंदाज कर रहा है। जाम की स्थिति निजी बसों के गलत तरीके से सवारियां चढ़ाने-उतारने, बेतरतीब वाहन पार्किंग और कमजोर ट्रैफिक प्रबंधन के कारण होती है। उन्होंने कहा कि शिमला शहर में ट्रैफिक पुलिस की संख्या बेहद कम है, जिसे बढ़ाया जाना आवश्यक है।

### निजी बसों का टाइम टेबल सख्ती से हो लागू

सभा ने प्रशासन से मांग की है कि ग्रामीण इलाकों से आने वाली लंबी दूरी की बसों को ओल्ड बस स्टैंड से ही चलने की अनुमति दी जाए। साथ ही, ट्रैफिक पुलिस बल में वृद्धि की जाए, गलत तरीके से पार्क किए गए वाहनों पर कड़ी कार्रवाई हो, और निजी बसों का टाइम टेबल सख्ती से लागू किया जाए। सभा ने कहा कि किसी भी ऐसे निर्णय से पहले प्रभावित समूहों से सलाह मशविरा किया जाना चाहिए, ताकि जनता पर अनावश्यक बोझ न पड़े।

### सिग्नेचर कैंपेन से चेताया प्रशासन

शिमला नागरिक सभा ने चेतावनी दी है कि यदि यह जनविरोधी निर्णय तुरंत वापस नहीं लिया गया तो शहरभर में सिग्नेचर कैंपेन शुरू किया जाएगा और बड़ा आंदोलन खड़ा किया जाएगा। सभा ने साफ कहा कि इस जनआंदोलन की पूरी जिम्मेदारी प्रशासन की होगी।

**प्रशासन का निर्णय जनता के हितों के खिलाफ**

**निजी बस मालिकों को लाभ पहुंचाने की साजिश**

## देवगढ़ पंचायत दौरे पर रोहित ठाकुर पर झूठा श्रेय लेने का आरोप

# भाजपा कार्यकर्ता बोले- पंचायत भवन केंद्र सरकार की योजना से बना, शिक्षा मंत्री का कोई योगदान नहीं

अनंत ज्ञान, कोटखाई

शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर के तीन दिन पूर्व देवगढ़ पंचायत दौरे को लेकर स्थानीय स्तर पर राजनीतिक विवाद खड़ा हो गया है। पंचायत के पूर्व प्रतिनिधियों और भाजपा कार्यकर्ताओं ने मंत्री पर झूठा श्रेय लेने का गंभीर आरोप लगाया है। ग्रामीणों का कहना है कि जिस पंचायत भवन का उद्घाटन शिक्षा मंत्री ने हाल ही में किया, उसका निर्माण पूरी तरह केंद्र सरकार की राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान योजना के तहत हुआ था, जिसमें मंत्री का कोई योगदान नहीं रहा। लोगों ने मंत्री के इस दौरे को जनता को गुमराह करने की राजनीतिक कवायद करार दिया है।

भाजपा बूथ अध्यक्ष राम प्रकाश शर्मा, पूर्व प्रधान रामा नंद, पूर्व उपप्रधान गीता राम, किसान मोर्चा सचिव ब्रह्मा नंद, युवक मंडल प्रधान बबलू शर्मा समेत कई ग्रामीणों ने बताया कि इस पंचायत भवन की पहली किस्त वर्ष 2019–20 में तत्कालीन भाजपा सरकार ने 28 लाख रुपए की स्वीकृत की थी, जबकि समापन के लिए वर्ष 2023–24 में केंद्र सरकार से 20 लाख और जारी किए गए।

उनका कहना है कि शिक्षा मंत्री अब इस कार्य को अपनी उपलब्धि बताकर जनता को भ्रमित कर रहे हैं। ग्रामीणों ने यह भी कहा कि मंत्री ने जिस सड़क को अपने भाषण में नया कार्य बताया, वह सड़क पूर्व भाजपा सरकार के समय स्वर्गीय नरेन्द्र बरागटा के प्रयासों से लगभग चार करोड़ की लागत से पक्की करवाई गई थी। आज उसकी जर्जर हालत के लिए वर्तमान मंत्री ही जिम्मेदार हैं।

### सिंचाई योजना व अधूरे कार्यों का मुद्दा उठाया

देवगढ़ पंचायत के लोगों ने मंत्री की कार्यशैली पर सवाल उठाते हुए कहा कि भाजपा शासनकाल में स्कूल भवन, अस्पताल भवन, बागी सामुदायिक भवन, नलोग चौरा सहित कई विकास कार्य पूरे किए गए थे। ग्रामीणों ने बागी गांव की लिफ्ट सिंचाई योजना का उदाहरण देते हुए कहा कि इसका शिलान्यास स्वयं शिक्षा मंत्री ने तीन वर्ष पहले किया था, लेकिन अब वे बजट न होने का बहाना बना रहे हैं। लोगों ने कहा कि यह मंत्री की नाकामी का प्रमाण है। उन्होंने मांग की कि मंत्री झूठे दावों और राजनीतिक श्रेय की बजाय अधूरे पड़े विकास कार्यों को पूरा करने पर ध्यान दें, क्योंकि देवगढ़ की जागरूक जनता अब गुमराह नहीं होगी।

**सड़कों की दुर्दशा के लिए मौजूदा सरकार जिम्मेदार**

**पुराने कार्यों पर लिया जा रहा श्रेय**

## जानकारी

## हिमाचल में बच्चों के पोषण व शिक्षा को नई दिशा, आंगनबाड़ी केंद्र बन रहे हैं समग्र विकास के केंद्र

# 18,925 आंगनबाड़ी केंद्र संभाल रहे नौनिहालों की सेहत

अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला

हिमाचल प्रदेश के नौनिहालों के पोषण और शिक्षा की नई तस्वीर उभर रही है। सीएम सुखविंदर सिंह सुक्खू के नेतृत्व में प्रदेश सरकार बच्चों के समग्र विकास को लेकर ठोस और संवेदनशील कदम उठा रही है। बेहतर पोषण को शिशु, बाल और मातृ स्वास्थ्य से जोड़ते हुए सरकार ने आंगनबाड़ी केंद्रों को न सिर्फ पोषण, बल्कि प्रारंभिक शिक्षा के केंद्र के रूप में विकसित किया है।

जानकारी के अनुसार राज्य में इस समय 18,925 आंगनबाड़ी केंद्र सक्रिय हैं जो छह वर्ष तक के बच्चों की पोषण आवश्यकताओं को पूरा कर रहे हैं। इन केंद्रों में हर महीने बच्चों की ग्रोथ मॉनिटरिंग की जाती है ताकि उनके स्वास्थ्य और विकास पर निरंतर निगरानी रखी जा सके। आंगनबाड़ी सेवा योजना के तहत इस वित्त वर्ष में अब तक 113 करोड़ रुपए व्यय किए जा चुके हैं। विशेष पोषाहार कार्यक्रम के लिए भी 1516.09 लाख रुपए का बजट खर्च किया गया है। प्रदेश सरकार ने सभी आंगनबाड़ी केंद्रों को प्रारंभिक बाल सह-स्कूल घोषित किया है, जिससे बच्चों को स्कूली शिक्षा की मजबूत नींव मिल सके। प्रदेश में 1030 सक्षम आंगनबाड़ी केंद्र स्वीकृत किए गए हैं, जिनमें से 100 चंबा जिले के लिए हैं। इन केंद्रों में अधोसंरचना और संसाधनों को उन्नत किया जा रहा है। सभी जिलों के डीपीओ, सीडीपीओ और सुपरवाइजर को राज्य स्तरीय मास्टर ट्रेनर के रूप में प्रशिक्षित किया गया है, जो आगे सभी आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षण देंगे।

मुख्यमंत्री सुक्खू ने सरकारी स्कूलों में बच्चों के पोषण को और सशक्त बनाने के लिए 'मुख्यमंत्री बाल पौष्टिक आहार योजना' शुरू की है। इस योजना के तहत 15,181 सरकारी स्कूलों में पढ़ने वाले 5.34 लाख से अधिक बच्चों को पौष्टिक भोजन उपलब्ध कराया जा रहा है। साथ ही, 14,464 स्कूलों में 'किचन गार्डन' तैयार किए गए हैं, जहां मौसमी सब्जियां और जड़ी-बूटियां उगाई जा रही हैं। इनसे तैयार सब्जियां मिड-डे-मील में इस्तेमाल होती हैं।



शिमला के आंगनबाड़ी केंद्र में बच्चों को प्रशिक्षित करने का दृश्य। फाइल फोटो

### मिड-डे मील वर्करों के समर्पण को मिला सम्मान

मिड-डे मील वर्कर बच्चों को केवल भोजन नहीं, बल्कि ममता और स्नेह भी परोसती हैं। उनके समर्पण को देखते हुए मुख्यमंत्री ने उनके मानदेय में 500 रुपये की वृद्धि की है। अब प्रदेश के 21,115 मिड-डे-मील कार्यकर्ताओं को 5,000 रुपये प्रतिमाह मानदेय मिलेगा।

# सर्दियों की सेहत का राज

# बिच्छू बूटी

## पौष्टिक उपहार और औषधीय गुणों का खजाना



**जैसे-जैसे** सर्दियों की ठंडी हवाएं दस्तक देती हैं, लोग शरीर गर्म रखने वाले, इम्यूनिटी बढ़ाने वाले और पोषण से भरपूर खाद्य पदार्थों की खोज में लग जाते हैं। ऐसा ही एक पारंपरिक उपाय है बिच्छू बूटी का पौधा, जो पोषण और स्वास्थ्य लाभों से भरपूर प्रकृति का उपहार है। खरपतवार समझी जाने वाली यह जड़ी-बूटी वास्तव में हिमालयी समुदायों का सुपरफूड है-जो शरीर को सर्दियों में ताकत, ऊर्जा और गर्मी प्रदान करती है। बिच्छू बूटी का पौधा अपने तीखे स्पर्श के कारण भले ही डरावना लगे, पर वास्तव में यह पोषण और औषधीय गुणों का खजाना है। पहाड़ी रास्तों या खेत-खलिहानों में चलते हुए इसका शरीर से स्पर्श होना आम बात थी और उसकी झनझनाहट लंबे समय तक महसूस होती थी। परंतु यही स्पर्श, जो उस समय केवल दर्द का अनुभव लगता था, वास्तव में हमारे शरीर के लिए लाभकारी माना जाता था। पारंपरिक ज्ञान के अनुसार, बिच्छू बूटी का यह संपर्क हमारे नर्वस सिस्टम को सक्रिय करता है और शरीर की ऊर्जा प्रवाह को संतुलित रखता है, जिससे लकवा (पैरालिसिस) जैसी बीमारियों से बचाव होता है। कई पारंपरिक चिकित्सा प्रणालियों, बिच्छू बूटी का डंक औषधीय और उपचारात्मक माना जाता है। नियंत्रित रूप से इसके स्पर्श को (अर्टिकेशन कहा जाता है) पहले उपचार के रूप में उपयोग किया जाता था। इसका उद्देश्य होता था। रक्त संचार को उत्तेजित करना, तंत्रिका तंत्र को सक्रिय करना, घायल ऊतकों के उपचार पुराने दर्द में राहत तथा गठिया, वात और मांसपेशियों के जकड़न जैसी समस्याओं से राहत प्रदान करना। दुर्भाग्यवश, नई पीढ़ी जिसे हम 'जेन' कहते हैं- उनके जीवन से यह प्राकृतिक अनुभव लगभग गायब हो गया है। आधुनिकता और सुविधाओं के कारण इस पीढ़ी को इस पौधे की 'मार' का अनुभव ही नहीं मिला है। परिणामस्वरूप, इससे जुड़ा वह पारंपरिक स्वास्थ्य विज्ञान भी धीरे-धीरे लुप्त होता जा रहा है, जो कभी हमारे बुजुर्गों के जीवन का अभिन्न हिस्सा हुआ करता था।

### पहाड़ों का पारंपरिक खजाना

**हिमालयी** पहाड़ों में बिच्छू बूटी, जिसे स्थानीय रूप से कुगस कहा जाता है, लंबे समय से यहां की रसोई का हिस्सा रही है। यह पौधा यहां प्रचुर मात्रा में उगता है और सदियों से अपने मिट्टी जैसे स्वाद और अविश्वसनीय स्वास्थ्य लाभों के कारण पहाड़ी लोगों का पसंदीदा बना हुआ है। पारंपरिक रूप से बिच्छू बूटी को साग या चटनी के रूप में लिया जा सकता है। हालांकि आज के दौर में बिच्छू बूटी को चाय, जूस या सूप के रूप में लिया जा सकता है। बिच्छू बूटी केवल भोजन का स्त्रोत ही नहीं है, यह एक प्राकृतिक औषधि है और स्वस्थ जीवन का प्रतीक है। पोषक तत्वों से से भरपूर, यह पौधा थकावट दूर करने, हड्डियों को मजबूत करने और इम्यूनिटी बढ़ाने का काम करता है।



डॉ. तारा देवी सेन, विभागाध्यक्ष वनस्पति विज्ञान, वल्लभ राजकीय महाविद्यालय, मंडी

### बिच्छू बूटी की पत्तियों की कटाई

**बिच्छू** बूटी की पत्तियों की कटाई करते समय विशेष सावधानी बरतनी होती है, क्योंकि इनमें मौजूद बारीक कांटे त्वचा के संपर्क में आने पर जलन, खुजली और सूजन पैदा कर सकते हैं। पत्तियों की कटाई के दौरान जलन से बचने के लिए दस्ताने पहनें या हाथों को कपड़े से ढक लें। आप पत्तियों को तोड़ने के लिए चिमटे का भी उपयोग कर सकते हैं। कटाई के बाद, इन पत्तियों को पानी में भिगो दें। इससे उनकी चुभने वाली प्रकृति समाप्त हो जाती है। पकाने या पीसने के बाद, ये पत्तियां पूरी तरह से सुरक्षित और उपयोग के लिए तैयार हो जाती हैं। ऐसा नहीं है कि बिच्छू बूटी हमेशा ही डंक मारने वाली या चुभन पैदा करने वाली होती है। इसकी कई प्रजातियां ऐसी भी पाई जाती हैं, जिनमें कांटे बहुत कम होते हैं या पौधे के परिपक्व होने तक पूरी तरह गायब हो जाते हैं। कुछ प्रजातियों में तो कांटे केवल डंठल (पेटियोल) तक ही सीमित रहते हैं, जबकि उनकी पत्तियां बिना किसी चुभन के हाथों से आसानी से तोड़ी जा सकती हैं। यही विविधता बिच्छू बूटी को एक अनोखा और रोचक पौधा बनाती है, जो अपने स्वरूप और गुणों में प्रकृति की अद्भुत कला को दर्शाती है।

### पोषण व औषधीय मूल्य

**बिच्छू** बूटी के पत्ते पोषक तत्वों से भरपूर होते हैं, जिनमें कई विटामिन और खनिज शामिल हैं। हिमालयी क्षेत्रों में बिच्छू बूटी सदियों से भोजन और औषधि दोनों रूपों में उपयोग होती आई है। पहले इसे साग या चटनी के रूप में खाया जाता था, जबकि आजकल इसे चाय, सूप या जूस के रूप में भी लिया जाता है। यह न केवल भोजन का स्रोत है, बल्कि स्वस्थ जीवनशैली का प्रतीक भी है। सर्दियों में कठोर जलवायु में रहने वाले लोगों के लिए यह थकान मिटाने, हड्डियों को मजबूत करने और रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने का पारंपरिक उपाय है।

| घटक | मात्रा (प्रति 100 ग्राम ताजी पत्तियां) |
|---|---|
| ऊर्जा | 42 kcal |
| प्रोटीन | 4.3 g |
| आयरन | 1.6 mg |
| कैल्शियम | 480 mg |
| मैग्नीशियम | 80 mg |
| विटामिन ए | 2010 IU |
| विटामिन सी | 41 mg |
| विटामिन के | 498 μg |
| फाइबर | 6.9 g |

#### औषधीय गुण

| रोग/समस्या | बिच्छू बूटी का प्रभाव |
|---|---|
| गठिया और जोड़ों का दद | सूजनरोधी गुणों के कारण राहत |
| थकावट और एनीमिया | उच्च आयरन सामग्री से लाभ |
| कमजोर इम्यूनिटी | विटामिन C और फ्लेवोनोइड्स इम्यून सिस्टम मजबूत करते हैं |
| हड्डियों की कमजोरी | कैल्शियम और मैग्नीशियम सहायक |
| पाचन संबंधी विकार | उच्च फाइबर पाचन तंत्र को दुरुस्त रखता है |
| *मूत्राशय संक्रमण/गुर्दे की सफाई प्राकृतिक डिटॉक्सिफायर* | |
| त्वचा रोग | रक्त शुद्धिकरण और सूजनरोधी प्रभाव |
| घाव भरना | पत्तियों का लेप घाव भरने में मदद करता है |



## बुजुर्गों के लिए सर्दियों का वरदान

*बुजुर्गों के लिए, बिच्छू बूटी या इससे बने वयंजन जैसे कि साग, सूप, जूस, चाय आदि वरदान है। इसके पोषक तत्व और औषधीय गुण उम्र से संबंधित समस्याओं जैसे जोड़ों की जकड़न, थकावट, और कमजोर इम्यूनिटी से प्राकृतिक राहत प्रदान करते हैं। इसके गर्माहट भरे गुण ठंड से बचाव और आराम देते हैं, जिससे यह सर्दियों के लिए एक आदर्श भोजन बन जाता है।*

### सूप बनाने की रेसिपी

*1 मध्यम आलू (क्रीमी बनाने के लिए)*
*1 प्याज, बारीक कटा हुआ*
*2-3 लहसुन की कलियां, कटी हुई*
*2 कप वेजिटेबल या चिकन स्टॉक*
*स्वादानुसार नमक और काली मिर्च*

**गार्निश के लिए :**
**क्रीम,** तले हुए बीज या कद्दूकस किया हुआ चीज (वैकल्पिक)
ताजा मूली के पत्ते (गर्मी को संतुलित करने के लिए वैकल्पिक)

**विधिः**
**बिच्छू** बूटी की पत्तियों को उबलते पानी में 1-2 मिनट के लिए उबालें ताकि उनका डंक खत्म हो जाए। एक बर्तन में प्याज और लहसुन को पारदर्शी होने तक भूनें।
कटे हुए आलू डालें और कुछ मिनट पकाएं।
स्टॉक डालें और आलू के नरम होने तक पकाएं।
उबली हुई बिच्छू बूटी की पत्तियां डालें, मिश्रण को मिक्सर में स्मूथ पीस लें और स्वादानुसार नमक और काली मिर्च डालें।
गर्मागर्म परोसें, क्रीम, तले हुए बीज, या चीज से सजाएं।







### बिच्छू बूटी के अन्य व्यंजन

**बिच्छू** बूटी से केवल सूप ही नहीं, बल्कि कई अन्य स्वादिष्ट और सेहतमंद व्यंजन भी बनाए जा सकते हैं। इनमें से कुछ लोकप्रिय विकल्प हैं-

**बिच्छू बूटी पनीर :**
**बिच्छू** बूटी के पत्तों एवं पनीर से बनी इस रेसिपी में भरपूर पोषण होता है और यह एक हेल्दी स्नैक या सब्जी के रूप में खाया जा सकता है। इसे घर पर आसानी से तैयार किया जा सकता है और इसका स्वाद भी बहुत लाजवाब होता है।


**बिच्छू बूटी की साग :**
**बिच्छू** बूटी की साग पारंपरिक हिमाचली व्यंजन है, जिसे खासकर सर्दियों में बहुत पसंद किया जाता है। यह स्वादिष्ट और पौष्टिक होता है और शरीर को गर्मी देने में मदद करता है।

**बिच्छू बूटी की चटनीः**
**बिच्छू** बूटी से बनी चटनी भी एक बेहतरीन विकल्प है, जिसे रोटियों या चावल के साथ खाया जा सकता है। यह चटनी स्वाद में तीखी और ताजगी से भरपूर होती है, और खाने के स्वाद को बढ़ा देती है।

***इन व्यंजनों को बनाकर आप बिच्छू बूटी का भरपूर पोषण और स्वाद अपने खाने में शामिल कर सकते हैं।***

# सर्दियों में बढ़ जाता अटैक आने का खतरा


## हार्ट पेशेंट को सेहत का विशेष ध्यान रखने की जरूरत



**सर्दियां** का आगाज हो चुका है। ऐसे में दिल से जुड़ी बीमारी वाले लोगों को अपनी सेहत का खास ध्यान रखने की जरुरत रहती है। सर्दियों में हार्ट अटैक का खतरा भी बढ़ जाता है। वैसे तो हार्ट अटैक कभी भी आ सकता है, लेकिन सर्दियों में हार्ट अटैक अधिक होने की संभावना होती है। ठंड के मौसम में युवाओं और बुजुर्गों में ये समस्या ज्यादा देखने को मिलती है, इसलिए ठंड के मौसम में हमें अपने खान-पान और दिनचर्या का खास ख्याल रखना चाहिए। आखिर सर्द मौसम में ही क्यों हार्ट अटैक का खतरा बढ़ जाता है और क्या होने चाहिए। इस बारे में हेल्थ एक्सपर्ट डॉ एनके गुप्ता का कहना है कि सर्दियां में कई बीमारियों का खतरा रहता है, लेकिन हार्ट अटैक आने का रिस्क काफी बढ़ जाता है। रिसर्च बताती है कि सर्दियों में दिल का दौरा पड़ने का खतरा 25 फीसदी तक बढ़ जाता है। ठंड के मौसम में कम तापमान के कारण हार्ट की नसों में सिकुड़न होती है। इससे ब्लड प्रेशर बढ़ सकता है, जो हार्ट अटैक का कारण बनता है। मेडिकल जर्नल द लैंसेट की रिसर्च बताती है कि गर्मियों की तुलना में सर्दियों में हार्ट की बीमारियों की वजह से मौतों का आंकड़ा 30 फीसदी तक बढ़ जाता है। ऐसे में इस मौसम में हार्ट की केयर करना जरूरी है। सर्दियों के मौसम में ठंडी हवा में सांस लेने से हार्ट की नसों में भी ऐंठन हो सकती है। इससे कार्डियोवैस्कुलर सिस्टम पर और ज्यादा दबाव पड़ता है, जो हार्ट अटैक का कारण बन सकता है। डॉ. गुप्ता का कहना है कि ठंड का मौसम ब्लड प्रेशर को बढ़ाता है। इस मौसम में हार्ट की पुरानी समस्या भी बढ़ जाती है। ऐसे में सेहत का ध्यान रखने की खास जरूरत होती है।

### सर्दियों में हार्ट अटैक से कैसे करें बचाव

**सर्दियों** में शरीर को गर्म रखने के लिए गर्म कपड़े पहनें, अचानक हैवी वर्कआउट न करें। बाहर एक्सरसाइज करने के बजाय हल्की इनडोर एक्सरसाइज घर में ही करें। इस मौसम में अपनी डाइट का खास ध्यान रखें। डाइट में मौसम के हिसाब से फल, हरी सब्जियों को शामिल करें। अधिक मीठा और फास्ट फूड खाने से परहेज करें।




डॉ. एनके गुप्ता।

प्रस्तुति : मोहन चौहान, सोलन

### डॉक्टर की सलाह लें

**ब्लड** प्रेशर की जांच करना बहुत जरूरी है। अगर बीपी बढ़ा हुआ है तो डॉक्टरों से सलाह लें। अगर पहले से ही हार्ट की कोई बीमारी है तो अपनी दवाओं को समय पर खाएं। अगर हार्ट अटैक का कोई लक्षण जैसे बार-बार छाती में दर्द होना, घबराहट या फिर सांस फूलने की समस्या है तो तुरंत अस्पताल जाएं। इस मामले में लापरवाही न करें। समय पर बीमारी की पहचान और इलाज से आसानी से बचाव हो सकता है।



# फटे होंठ

***फटे होंठ या क्रैक्ड लिप्स एक सामान्य, लेकिन असुविधाजनक समस्या है। यह समस्या अधिकतर सर्दियों में या अत्यधिक गर्मी व धूप में होती है। होंठों की त्वचा बहुत कोमल होती है और उसमें तेल ग्रंथियां नहीं होतीं, इसलिए वह आसानी से सूख जाती है। अगर इसका समय पर उपचार न किया जाए तो होंठों में दर्द, जलन, खून आना और संक्रमण तक हो सकता है।***

### फटे होंठ के मुख्य कारणः

***फटे होंठ कई कारणों से हो सकते हैं। प्रमुख कारण इस प्रकार हैं-***

1. **मौसम में परिवर्तनः** सर्दियों में ठंडी और सूखी हवा होंठों की नमी छीन लेती है, जिससे होंठ फटने लगते हैं।
2. **शरीर में पानी की कमी :** पर्याप्त मात्रा में पानी न पीने से शरीर और होंठ दोनों सूख जाते हैं।
3. **अत्यधिक धूप या हवा का संपर्कः** तेज धूप या हवा में रहने से होंठों की ऊपरी परत खराब हो जाती है।
4. **होंठों को बार-बार चाटनाः** बहुत से लोग होंठ सूखने पर उन्हें बार-बार जीभ से गीला करते हैं, परंतु इससे स्थिति और खराब हो जाती है क्योंकि लार जल्दी सूख जाती है और होंठ और अधिक सूख जाते हैं।
5. **विटामिन की कमीः** विशेषकर विटामिन बी2 (राइबोफ्लेविन) की कमी से होंठ फटने की समस्या बढ़ जाती है।
6. **एलर्जी या संक्रमणः** कुछ कॉस्मेटिक उत्पाद या टूथपेस्ट में मौजूद केमिकल्स से एलर्जी हो सकती है, जिससे होंठों में सूजन और फटने की समस्या होती है।

### लक्षण

**होंठों** का सूखना और खुरदरे होना
**होंठों** पर दरारें पड़ना या पपड़ी बनना
**खून** आना या दर्द होना
**मुस्कुराने** या बोलने में तकलीफ
**कभी-कभी** कोनों पर घाव बन जाना

### घरेलू देखभाल और सावधानियांः

**पर्याप्त** मात्रा में पानी पिएं।
**सर्दियों** में लिप बाम या नारियल तेल, घी, या एलोवेरा जेल लगाएं।
**होंठों** को बार-बार जीभ से न चाटें।
**विटामिन** बी2, बी6 और ई युक्त भोजन लें जैसे हरी सब्जियां, दूध, अंडा, और फल।
**अधिक** मसालेदार या खट्टा भोजन न खाएं।
**एलर्जी** पैदा करने वाले कॉस्मेटिक उत्पादों से बचें।

***फटे होंठ केवल बाहरी समस्या नहीं है, यह शरीर की आंतरिक असंतुलन या पोषण की कमी का भी संकेत हो सकते हैं। होम्योपैथिक चिकित्सा इस समस्या को जड़ से ठीक करने में मदद करती है, क्योंकि यह व्यक्ति के संपूर्ण स्वास्थ्य को संतुलित करती है। सही दवा, उचित आहार और लिप केयर से यह समस्या पूरी तरह नियंत्रित की जा सकती है।***

## होम्योपैथिक उपचार

***होम्योपैथी में फटे होंठों का उपचार व्यक्ति की संपूर्ण प्रकृति और लक्षणों के अनुसार किया जाता है। यह केवल बाहरी उपचार नहीं बल्कि आंतरिक संतुलन को सुधारने पर केंद्रित होता है।***

### होम्योपैथिक औषधियां

1. **Petroleum:** यदि होंठ बहुत सूखे, खुरदरे और फटकर खून निकलने लगें, विशेषकर सर्दियों में, तो पेट्रोलियम अत्यंत प्रभावी दवा है। होंठों पर जलन और दर्द हो, तो यह दवा शीघ्र राहत देती है।



डॉ. निधि जोशी, गांधीधाम कच्छ (गुजरात)


2. **Natrum Muriaticum:** होंठों पर बार-बार दरारें पड़ती हों, बीच से फटे हों, और होंठों के कोने सूखे व खिंचाव महसूस हो – तो यह दवा बहुत उपयोगी है। ऐसे मरीजों में अक्सर त्वचा और बाल भी सूखे पाए जाते हैं।
3. **Graphites:** होंठों पर मोटी पपड़ी, स्राव या फटे हुए हिस्से में चिपचिपापन हो, तो ग्रेफाइट्स बहुत अच्छा परिणाम देती है। यह उन लोगों के लिए उपयोगी है जिनकी त्वचा सामान्यतः शुष्क रहती है।
4. **Calendula:** जब फटे होंठों में घाव बन जाएं या उनमें संक्रमण हो जाए, तो कैलेंडुला (टिंचर या क्रीम रूप में) अत्यंत लाभदायक होती है। यह प्राकृतिक एंटीसेप्टिक की तरह कार्य करती है।
5. **Borax:** होंठों के कोनों में घाव या फटने की समस्या (Angular Cheilitis) हो, और बोलने या खाने पर दर्द होता हो, तो बोरेक्स उपयोगी है।
6. **Sulphur:** जिन लोगों के होंठों पर बार-बार फटने की समस्या हो और साथ में त्वचा पर खुजली या एलर्जी जैसी समस्या भी हो, उनके लिए सल्फर लाभदायक है।

# बिगड़ती जीवनशैली से कैंसर का ज्यादा खतरा

**तेज** रफ्तार जीवनशैली, अनियमित दिनचर्या, बाहर का तला-भुना खाना, तनाव और शारीरिक निष्क्रियता आज हमारी दिनचर्या का हिस्सा बन चुके हैं। यही कारण है कि पहले जिन बीमारियों को उम्र के साथ जोड़ा जाता था, वे अब युवाओं में भी तेजी से फैल रही हैं। इन्हीं में से एक है कैंसर, जो हर साल लाखों लोगों की जान ले रहा है। विशेषज्ञों का मानना है कि हमारी रोजमर्रा की गलत आदतें इस बीमारी की सबसे बड़ी वजह बनती जा रही हैं।

### संतुलित जीवनशैली ही बचाव का मूल मंत्र

कैंसर से बचाव का सबसे असरदार तरीका है-जीवनशैली में सुधार। नियमित दिनचर्या अपनाना, समय पर भोजन और पर्याप्त नींद लेना शरीर को स्वस्थ बनाए रखता है। देर रात तक मोबाइल या लैपटॉप पर काम करना, सुबह देर से उठना और नाश्ता छोड़ना शरीर की जैविक घड़ी को बिगाड़ देता है। यह असंतुलन धीरे-धीरे शरीर में ऐसे बदलाव लाता है जो कैंसर जैसी गंभीर बीमारियों का कारण बन सकते हैं।



### सक्रिय रहें, वजन पर रखें नियंत्रण

अत्यधिक वजन या मोटापा केवल दिखावे की समस्या नहीं, बल्कि यह कई प्रकार के कैंसर जैसे -ब्रेस्ट, कोलन, किडनी, लिवर और यूट्रस कैंसर के खतरे को बढ़ा देता है। रोजाना कम से कम 30 मिनट तेज चाल से चलना, योग या एरोबिक व्यायाम करना बेहद लाभकारी है। सप्ताह में पांच दिन नियमित रूप से व्यायाम करने से शरीर में जमा चर्बी घटती है और प्रतिरक्षा प्रणाली मजबूत होती है। प्रस्तुति : अरुण डोगरा रीतू, बिलासपुर



नवीन वात्सायन, सोशल एक्टिविस्ट एवं मोटिवेशनल स्पीकर बिलासपुर

### वैक्सीनेशन व नियमित जांच को न भूलें

**कुछ** कैंसर से बचाव वैक्सीनेशन के माध्यम से भी संभव है। हेपेटाइटिस-बी वैक्सीन से लिवर कैंसर का खतरा घटाया जा सकता है। वहीं, एचपीवी वैक्सीन महिलाओं में सर्वाइकल कैंसर से सुरक्षा देती है। इसके अलावा, हर व्यक्ति को समय-समय पर स्वास्थ्य जांच करवानी चाहिए। ब्रेस्ट, सर्विक्स, कोलन और प्रॉस्टेट कैंसर की स्क्रीनिंग से बीमारी का शुरुआती चरण में पता लगाना आसान होता है।

### यूवी किरणों और रेडिएशन से बचाव रखें

**सर्दियों** में हल्की धूप में बैठना लाभकारी है, लेकिन दोपहर की तीखी धूप में अधिक समय बिताना त्वचा को नुकसान पहुंचा सकता है। सुबह 8 से 10 बजे के बीच की धूप विटामिन-डी के लिए सबसे उपयुक्त मानी जाती है। वहीं, जो लोग रेडिएशन वाले वातावरण में काम करते हैं, उन्हें सुरक्षा उपकरणों का प्रयोग अवश्य करना चाहिए।

### तंबाकू और शराब से दूरी जरूरी

तंबाकू और निकोटिन युक्त पदार्थ मुंह, फेफड़ों, किडनी और मूत्राशय के कैंसर के प्रमुख कारण हैं। शोध बताते हैं कि यदि कोई व्यक्ति तंबाकू छोड़ दे तो कैंसर होने का खतरा लगभग 80-85% तक घट जाता है। शराब भी शरीर के अंगों को नुकसान पहुंचाती है और कई प्रकार के कैंसर का कारण बनती है। इसलिए इनसे पूरी तरह दूरी बनाना ही समझदारी है।

## न्यूज ब्रीफ

### त्यारा स्कूल में एनएसएस शिविर संपन्न

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** राजकीय सीसे स्कूल त्यारा में आयोजित सात दिवसीय एनएसएस कैंप का रविवार को समापन हुआ। इस अवसर पर रिटायर्ड एडीपीओ एवं स्टेट कमिश्नर भारत स्काउट एंड गाइड निरंजन मनहास मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। प्रोग्राम अधिकारी गुरनाम सिंह और मीना कुमारी ने कैंप की सभी गतिविधियों की जानकारी दी। कार्यक्रम के अंत में सभी वालंटियर्स को सेवा मेडल प्रदान किए गए। विद्यालय के प्रधानाचार्य सुरिंदर कुमार, चंचल बत्रा और वंदना भी इस अवसर पर मौजूद रहे।

### बुटेल नौन की नालियों में गंदगी का आलम



**अनंत ज्ञान, परागपुर।** जसवां-परागपुर विधानसभा क्षेत्र के गांव परागपुर के साथ लगते बुटेल नौन की नालियां इन दिनों सुर्खियों में हैं। एक ओर जहां पूरे देश में स्वच्छ भारत अभियान चलाया जा रहा है, वहीं हेरिटेज विलेज का दर्जा प्राप्त परागपुर में गंदगी की समस्या गंभीर बनी हुई है। नालियों में भरी गंदगी से सांस लेना भी मुश्किल हो गया है और साथ लगते घरों में बदबू फैल रही है। इसी क्षेत्र में स्थित राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला (गर्ल्स स्कूल) में पढ़ने वाले बच्चों के स्वास्थ्य पर भी खतरा मंडरा रहा है। डेंगू और अन्य बीमारियों का डर स्थानीय लोगों को सता रहा है। तिलक राज, रमेश कुमार और सचिन ने बताया कि गंदे पानी से हालात बदतर हैं। लोगों ने पंचायत से मांग की है कि इस समस्या का जल्द समाधान किया जाए, ताकि परागपुर की सुंदरता और धरोहर की छवि बरकरार रह सके।

### शहीद सुरेंद्र की याद में लगाया रक्तदान शिविर

**अनंत ज्ञान, नगरोटा बगवा।** 'हेल्पिंग हैंड क्लब बलधर की ओर से शहीद सुरेंद्र कुमार की याद में राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला बलधर में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इसमें पंचायत बलधर, मसल, भंगाली, रमेहड, नगरोटा बगवां, सुनेहड, कबाड़ी, हटबास के युवाओं ने भाग लिया। रक्तदान शिविर में 70 युवाओं ने रक्तदान किया है।

### सरकार की चुप्पी से मल्टीपर्पज वर्कर्स में रोष

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** जल शक्ति विभाग के मल्टीपर्पज वर्करों की मांगों को लेकर असंतोष बढ़ता जा रहा है। ऑल हिमाचल समस्त मल्टीपर्पज वर्कर कर्मचारी संघ के अध्यक्ष रजनीश चौधरी ने कहा कि 25 अक्तूबर की कैबिनेट बैठक में पॉलिसी पर चर्चा होनी थी, पर मुद्दा एजेंडे से हटा दिया गया। वर्करों को मात्र 5500 रुपये मानदेय मिल रहा है, जो महंगाई में अपर्याप्त है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि शीघ्र नीति व मानदेय वृद्धि पर निर्णय नहीं लिया गया तो शिमला में आक्रोश रैली की जाएगी।

### रैत में पावरलिफ्टिंग चैंपियनशिप का शुभारंभ

**अनंत ज्ञान, शाहपुर।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय रैत में चार दिवसीय फेडरेशन कप क्लासिक एवं इक्विप्ड पावरलिफ्टिंग चैंपियनशिप 2025 का शुभारंभ कृषि एवं पशुपालन मंत्री प्रो. चौधरी चंद्र कुमार ने किया। शाहपुर विधायक एवं उपमुख्य सचेतक केवल सिंह पठानिया विशेष अतिथि रहे। मंत्री ने खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करने केलिए पुरस्कार राशि बढ़ाने और राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता के सुचारू संचालन के लिए एक लाख रुपए देने की घोषणा की। सांस्कृतिक गतिविधियों के लिए 21 हजार रुपए अतिरिक्त राशि देने की भी घोषणा की गई।

### जन कल्याण संस्था तलवाड़ ने की बैठक

**अनंत ज्ञान, जयसिंहपुर।** जन कल्याण संस्था तलवाड़ जयसिंहपुर की मासिक बैठक बजरंगबली मंदिर तलवाड़ में संस्था के प्रधान कुलदीप ठाकुर की अध्यक्षता में संपन्न हुई। इसमें विशेष रूप से संस्था के मार्गदर्शक पूर्व विधायक रविंद्र धीमान व जिला पार्षद जयसिंहपुर संजीव ठाकुर कोषाध्यक्ष, त्रिलोक चौधरी सह सचिव शक्ति चंद चौधरी, रूपलाल धीमान के साथ सभी समाजसेवक शामिल हुए। बैठक में एक गरीब परिवार लड़की की शादी और तीन परिवार को आर्थिक सहायता देने का निर्णय लिया।

### किसानों के उत्पादों की लगाई प्रदर्शनी

**जितेंद्र कौशल, अनंत ज्ञान, बैजनाथ।** कृषि विभाग के जायका प्रोजेक्ट के तहत शनिवार और रविवार को पैराग्लाइडिंग लैंडिंग साइट में किसानों द्वारा तैयार खाद्य और बांस उत्पादों की प्रदर्शनी लगाई गई। प्रदर्शनी में विशेष रूप से लाल चावल, ऑर्गेनिक हल्दी, मिलेट्स, सोयाबीन, कोदरे का आटा, कोदरे के लड्डू और आचार आकर्षण के केंद्र रहे। पर्यटकों ने स्टॉल में खरीदारी की और स्थानीय लोगों ने उत्पादों की सराहना की। बीपीएम सरकाघाट अश्वनी कुमार ने एसडीएम बैजनाथ संकल्प गौतम का आभार जताया। परियोजना निदेशक डॉ. सुनील चौहान के दिशा-निर्देशों में यह कार्यक्रम आयोजित किया गया।

### मझेड़ा स्कूल में एनएसएस शिविर संपन्न

**अनंत ज्ञान, पालमपुर।** राजकीय मॉडल सीनियर सेकेंडरी स्कूल मझेड़ा में 27 अक्टूबर से चल रहे सात दिवसीय राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) शिविर का सफल समापन हुआ। शिविर में 27 स्वयंसेवकों ने स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण, नशा उन्मूलन और जन-जागरूकता जैसी गतिविधियों में सक्रिय भागीदारी निभाई। समापन समारोह में प्राचार्य संजय कुमार, प्रधान रमेश चंद और प्रबंधन समिति अध्यक्ष प्रदीप कौंडल ने स्वयंसेवकों का उत्साहवर्धन किया।

### किसानों को मुहैया करवाई जा रही सहायता : संजय

**राकेश डोगरा, अनंत ज्ञान, डरोह।** प्रदेश कृषि एवं ग्रामीण विकास बैंक के अध्यक्ष संजय सिंह चौहान ने पालमपुर में आयोजित एग्रीकल्चर इंफ्रास्ट्रक्चर फंड बैठक में कहा कि किसानों का सच्चा हितैषी है। बैंक कृषि उपकरण खरीद, उपयोग और कृषि उपज मंडियों तक पहुंचाने के खर्च के लिए आर्थिक सहायता प्रदान करता है। मुख्यमंत्री सुक्खू के निर्देशानुसार लंबित ऋण को ओटीएस स्कीम में लेकर 30% तक माफ किया गया है। नए ऋण डिफाल्टर और कृषि प्रोजेक्ट्स के लिए भी अलग-अलग स्कीमों के तहत सहायता उपलब्ध कराई जाएगी।

### परागपुर की नक्की खड्ड में गिरी गाड़ी

**अनंत ज्ञान, परागपुर।** परागपुर की नक्की खड्ड में ज्वालामुखी से कालोहा की तरफ जा रही एक गाड़ी गिर गई। गाड़ी में सवार सभी लोग सुरक्षित हैं। चालक का कहना है की उसे कुछ समझ नहीं आया कि एकदम से क्या हो गया और गाड़ी और अनियंत्रित होकर नीचे जाकर तकरीबन आधे घंटे बाद गाड़ी को क्रेन की मदद से बाहर निकाली गई।

## कांगड़ा के ठेकेदारों ने प्रदेश सरकार को दी चेतावनी

# 11 तक भुगतान नहीं किया गया तो करेंगे चक्का जाम

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

**कांगड़ा** के ठेकेदारों ने आरोप लगाया कि प्रदेश सरकार भेदभाव कर रही है, जबकि हमीरपुर नादौन, देहरा व शिमला के ठेकेदारों के भुगतान हो रहे हैं। 11 नवंबर को कांगड़ा जोन ठेकेदार संघर्ष समिति के पदाधिकारियों के नामों की घोषणा कर दी जाएगी। इस दिन तक अगर ठेकेदारों के भुगतान नहीं होते हैं, तो चक्का जाम करेंगे। जब ठेकेदार को ही भुगतान नहीं होगा तो विकास कार्य ठप पड़ जाएंगे।

कांगड़ा जिले के कदावर नेताओं से भी आग्रह करेंगे कि मुख्यमंत्री के समक्ष बात को उठाए अन्यथा ठेकेदारों के विरोध के लिए तैयार रहें। ठेकेदार गोल्डी चौधरी, रोहित शर्मा, अभय बहल, रविंदर सैनी, बलविंदर राणा, कांता पठानिया, रजत चौधरी, निर्मल सिंह व राजकुमार ने पत्रकार सम्मेलन में कहा कि सभी ठेकेदार अलग-अलग विचारधारा के हैं। अपनी आवाज सरकार तक पहुंचना चाहते हैं। 11 नवंबर को ठेकेदार संघर्ष समिति का गठन कर विस्तार देंगे। उन्होंने कहा कि एलओसी लेटर ऑफ क्रेडिट एक्सईन ऑफिसर से ट्रेजरी को भेजे गए हैं, पर भुगतान नहीं हो सका है। कई हेड से ठेकेदारों से काम करवा चुके हैं, लेकिन भुगतान नहीं हुआ है।

कांगड़ा जिले के ठेकेदारों के करीब पांच करोड़ रुपए लंबित हैं। ठेकेदारों ऋण, गोल्ड लोन, व्यक्तिगत ऋण की लिमिट बढ़ाई है। अब मुश्किल हो रहा है। 15 दिन में सरकार भुगतान करें नहीं तो सरकार का पुतला फूंकने व चक्का जाम करने से भी गुरेज नहीं करेंगे।

कांगड़ा के नेता कृषि मंत्री चौधरी चंद्र कुमार, शाहपुर के विधायक व उपमुख्य सचेतक केवल सिंह पठानिया, नगरोटा के विधायक आरएस बाली, पालमपुर के विधायक आशीष बुटेल आदि से मिलेंगे और मांग करेंगे के कि उनकी भुगतान की मांग को नेता मुख्यमंत्री तक रखें। दस लाख पर 180000 जीएसटी है। जीएसटी के पैसे देने को पैसे नहीं है। ऐसे में जीएसटी जमा न करने पर इस पर भी जुर्माना लगेगा। ऐसे में ठेकेदार क्या करें। लोनिवि के 25 करोड़ के टोकन व आइपीएच के 15 करोड़ रुपए के टोकन ट्रेजरी में पड़े हैं, करीब 40 करोड़ के टोकनों का भुगतान नहीं हो पा रहा है।

## जायका परियोजना के तहत 1010 करोड़ होंगे खर्च: चंद्र

**कोहली, अनंत ज्ञान, शाहपुर।** कृषि एवं पशुपालन मंत्री प्रो. चौधरी चंद्र कुमार ने बताया कि हिमाचल प्रदेश फसल विविधीकरण प्रोत्साहन परियोजना (चरण-2) जायका के अंतर्गत प्रदेश में कुल 1010.60 करोड़ रुपए व्यय किए जाएंगे। इस परियोजना के तहत आधारभूत सुविधाओं के विकास के लिए 296 सिंचाई उप-परियोजनाएं और 10 कन्वर्जेंस सिंचाई परियोजनाएं बनाई जा रही हैं, जिनसे लगभग 7933 हेक्टेयर भूमि को सिंचाई सुविधा प्राप्त होगी। शाहपुर विधानसभा क्षेत्र के डढंब में 91.65 लाख रुपए की लागत से बनने वाली बहाव सिंचाई योजना त्रैम्बला-ओला कूहल का शिलान्यास करने के उपरांत मंत्री ने कहा कि परियोजना के अंतर्गत भूमिहीन परिवारों को डेयरी, मधुमक्खी पालन, कुक्कुट पालन, मशरूम, शीटाके उत्पादन और मत्स्य पालन जैसी गतिविधियों के माध्यम से आजीविका सुधार के अवसर मिलेंगे। उन्होंने किसानों से फसलों का बीमा कराने और किसान क्रेडिट कार्ड बनवाने का आग्रह किया।

## ऑनलाइन ठगी का शिकार हुआ व्यक्ति

**अनंत ज्ञान, गगल।** कांगड़ा में ऑनलाइन ठगी का एक नया मामला सामने आया। भड़वाल मटौर निवासी कुशल कुमार वालिया ने बताया कि उन्होंने फ्लिपकार्ट से सामान मंगवाया था, जो खराब निकला। शिकायत दर्ज करवाई, इसके बाद उन्हें एक कॉल आई जिसमें ठगों ने खुद को फ्लिपकार्ट कस्टमर केयर बताया और कहा कि पैसे रिफंड कर दिए गए हैं। मैसेज लिंक पर क्लिक करने के बाद कुशल कुमार ने अपनी पिन डाली, जिसके तुरंत बाद उनके अकाउंट से 12,000 और 3,000 रुपए कट गए। उन्होंने तुरंत गगल पुलिस थाना में रिपोर्ट दर्ज करवाई। थाना प्रभारी उधम सिंह राजपूत ने मामले की जांच शुरू कर दी है और लोगों से सतर्क रहने तथा किसी भी संदिग्ध मैसेज पर क्लिक न करने की अपील की।

## इंद्र सिंह बने मंडयाल कल्याण सभा के प्रधान

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** इंद्र सिंह भारद्वाज को मंडयाल कल्याण सभा के प्रधान पद की कमान सौंपी गई है। रविवार को सभा का वार्षिक अधिवेशन हुआ। इसमें नई कार्यकारिणी का अगले तीन वर्ष के लिए गठन किया गया। कार्यकारिणी गठन के लिए भूप सिंह ठाकुर और कर्म चंद राठौर को निर्वाचन अधिकारी नियुक्त किया गया। इसके बाद नई कार्यकारिणी में इंद्र सिंह भारद्वाज को प्रधान नियुक्त किया गया। चुनी लाल धीमान को महासचिव, नानक चंद को उपप्रधान, विजय कुमार को कोषाध्यक्ष, कश्मीर सिंह रा को संयुक्त सचिव बनाया गया। इसके अलावा ज्ञान चंद सकलानी को संगठन सचिव, मनोज पठानिया को प्रेस सचिव जबकि महिला सचिव की जिम्मेवारी विजय कुमार को सौंपी गई।

## मुख्य चरस तस्कर चंडीगढ़ से किया गिरफ्तार

**अनंत ज्ञान, नूरपुर।** पुलिस जिला नूरपुर ने नशे के खिलाफ अभियान के तहत बड़ी कार्रवाई की है। 12 अक्तूबर को थाना नूरपुर के अधीन कंडवाल में नाकेबंदी के दौरान ऑल्टो कार (टंपररी नंबर 1025 एपी 1132) से अनु कुमार पुत्र धनीराम (गांव त्रेला, बल्ह) और रामलाल पुत्र कलीराम (गांव द्रोण) के कब्जे से 6 किलो 44 ग्राम चरस बरामद हुई थी। आरोपियों पर एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर उन्हें गिरफ्तार किया गया। पूछताछ में पता चला कि इसमें अन्य लोग भी शामिल हैं। पेशेवर कार्यवाही करते हुए नूरपुर पुलिस ने 1 नवंबर को चंडीगढ़ से शुभ-कर्म पुत्र रविंद्र कुमार (समकेहड़, जवाली) को गिरफ्तार किया। डीएसपी नूरपुर चंद्रपाल सिंह ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी एक कुख्यात नशा तस्कर है और पहले भी उसके खिलाफ कई मामले दर्ज हैं।

## गोमा ने किया घेड़ संपर्क सड़क का शिलान्यास

**अनंत ज्ञान, पालमपुर।** आयुष, युवा सेवाएं एवं खेल मंत्री यादविंद्र गोमा ने कहा कि जयसिंहपुर विधानसभा क्षेत्र में पंचायत स्तर पर सड़क सुविधाओं को सुदृढ़ करने के लिए सरकार पूरी तरह वचनबद्ध है। उन्होंने ग्राम पंचायत भुआणा के गांव घेड़ में 35 लाख रुपए की संपर्क सड़क का शिलान्यास किया और बताया कि यह सात माह में पूरा हो जाएगा। मंत्री ने किल्ली-लड़गलु संपर्क सड़क के उन्नयन के लिए नाबार्ड से लगभग 6 करोड़ रुपए स्वीकृत होने की जानकारी दी। साथ ही धार क्षेत्र में अन्य सड़क परियोजनाओं के लिए 15 करोड़ रुपए और नडली से घरचीडीं सड़क के निर्माण कार्य की प्रगति की सूचना दी। मंत्री ने वनघट आयुर्वेदिक डिस्पेंसरी निर्माण के लिए भी 10 लाख रुपए की धनराशि स्वीकृत होने की घोषणा की।

## अर्पणा व श्वेता ने एमएड के परीक्षा परिणाम में झटका पहला स्थान



**अनंत ज्ञान, शाहपुर**

**द्रोणाचार्य कॉलेज के एमएड प्रथम सत्र का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत**

**द्रोणाचार्य** स्नातकोत्तर शिक्षण महाविद्यालय रैत का एमएड सत्र 2024-26 के प्रथम सेमेस्टर परिणाम हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय द्वारा घोषित किया गया, जिसमें महाविद्यालय ने शत-प्रतिशत सफलता अर्जित की।

अर्पणा व श्वेता ने 85 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि छात्रा नैंसी, शीतल नेगी, शीतल पठानिया ने 82.5 प्रतिशत अंक पाकर द्वितीय स्थान व ज्योति, तनीषा सूद, दक्षिता ने 81.3 प्रतिशत अंक लेकर तीसरा स्थान प्राप्त किया है।

सभी 29 विद्यार्थियों ने 70 प्रतिशत से अधिक अंक अर्जित किए। प्रधानाचार्य डॉ. प्रवीण शर्मा ने छात्रों और अध्यापकों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि महाविद्यालय में शिक्षा के स्तर को और उत्कृष्ट बनाने के प्रयास निरंतर जारी हैं। बीएड एमएड की कुछ सीटें शेष बची हैं। प्रवेश लेने के लिए इछुक अभ्यर्थी जल्द महाविद्यालय में संपर्क करें। महाविद्यालय के प्रबंधक निदेशक जीएस पठानिया व कार्यकारिणी निदेशक बीएस पठानिया ने भी विद्यार्थियों एवं अध्यापक वर्ग को सराहना दी।

## पालमपुर में 24वें अंतरराष्ट्रीय नेत्र चिकित्सा सम्मेलन का शुभारंभ

**अजय पाल, अनंत ज्ञान**

**पालमपुर।** दी पालमपुर रोटरी आई फाउंडेशन के सौजन्य से सीएसआईआर-आईएचवीटी पालमपुर में तीन दिवसीय एसोसिएशन ऑफ कम्युनिटी ऑप्थाल्मोलॉजिस्ट्स ऑफ इंडिया के 15वें वार्षिक सम्मेलन एवं 24वें अंतरराष्ट्रीय अधिवेशन का शुभारंभ किया गया। स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री कर्नल डॉ. धनीराम शांडिल ने कार्यक्रम का शुभारंभ किया। पालमपुर के विधायक आशीष बुटेल विशेष अतिथि रहे। सम्मेलन में भारत, नेपाल और बांग्लादेश के नेत्र रोग विशेषज्ञ, चिकित्सा शिक्षाविद एवं शोधकर्ता भाग लिए। स्वास्थ्य मंत्री डॉ. शांडिल ने कहा कि सामुदायिक नेत्र स्वास्थ्य को सुदृढ़ करना सरकार की प्राथमिकता है। उन्होंने ग्रामीण स्तर तक नेत्र स्वास्थ्य जागरूकता फैलाने और दूरदराज क्षेत्रों में नेत्र जांच शिविरों के आयोजन के लिए नेत्र विशेषज्ञों का सहयोग मांगा। मंत्री ने रोटरी आई हॉस्पिटल मारंडा पालमपुर सहित प्रदेश में अत्याधुनिक नेत्र स्वास्थ्य सुविधाओं की उपलब्धता पर संतोष व्यक्त किया और सामाजिक सेवा में जुटी संस्थाओं की सराहना की। विधायक आशीष बुटेल ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय स्तर का यह सम्मेलन पालमपुर एवं पूरे प्रदेश के लिए गौरव की बात है और आयोजन समिति को बधाई दी। कार्यक्रम में तकनीकी सत्रों के माध्यम से नेत्र रोगों की आधुनिक उपचार विधियों और सामुदायिक नेत्र स्वास्थ्य से जुड़ी विभिन्न विषयवस्तुओं पर चर्चा की गई। इस अवसर पर एसडीएम पालमपुर नेत्रा मेती, ए-कॉइन 2025 के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. अबध दुबे, उपाध्यक्ष मेजर जनरल डॉ. जेकेएस परिहार, महासचिव डॉ. स्वपन सामंता, आयोजन सचिव डॉ. रोहित शर्मा, राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष डॉ. सुदिप्ता डे, इंस्टालेशन ऑफिसर डॉ. लोकेश मढारिया, सीएमओ कांगड़ा डॉ. विवेक करोट, रोटरी आई हॉस्पिटल के अध्यक्ष केजी बुटेल सहित विभिन्न देशो के विशेषज्ञ उपस्थित रहे।

## 22 लाख से अधिक की ठगी मामले के आरोपी ने किए अहम खुलासे

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

**साइबर** थाना नॉर्थन रेंज धर्मशाला की टीम द्वारा इन्वेस्टमेंट फ्रॉड के तहत पालमपुर के व्यक्ति से 22,25,000 रुपए की ठगी करने के आरोप में राजस्थान से गिरफ्तार किए गए आरोपी चंद्र मोहन ने पूछताछ के दौरान अहम खुलासा किया है। पूछताछ में आरोपी चंद्रमोहन ने बताया है कि राजस्थान के ही एक बैंक में काम करने वाले व्यक्ति ने उससे खाता खुलवाया था। इसके बाद अकाउंट खुलवाने के बदले चंद्रमोहन को कमीशन मिलती थी। गौरतलब है कि साइबर थाना नॉर्थ जोन धर्मशाला में 5 फरवरी, 2024 में पालमपुर के एक व्यक्ति ने उससे इन्वेस्मेंट फ्रॉड के नाम पर 22,25,000 रुाए की ठगी होने की बात रखी थी। इस बारे में एएसपी साइबर थाना नॉर्थ रेंज धर्मशाला प्रवीण धीमान ने बताया कि इस मामले में गिरफ्तार किए आरोपी से पूछताछ का दौर जारी है।

## वॉलीबाल में गांधी हाउस और कबड्डी में पटेल हाउस बना विजेता



ग्रीन व्यू पब्लिक स्कूल डाढ़ में वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन।

**अनंत ज्ञान, नगरोटा बगवां।** डाढ़ स्थित ग्रीन व्यू पब्लिक स्कूल में चार दिवसीय वार्षिक इंटर-हाउस खेलकूद स्पर्धा संपन्न हो गई। मुख्य अतिथि गुलशन गुर्दाश रहे, जिन्हें विद्यालय के एमडी एचए कौंडल ने स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। इस स्पर्धा में गांधी, टेगोर, पटेल और सुभाष ने भाग लिया। कबड्डी में पटेल हाउस, खो-खो (बालिका वर्ग) व बैडमिंटन (जूनियर वर्ग) में सुभाष हाउस तथा वॉलीबाल (बालक वर्ग) में गांधी हाउस विजेता रहे। 'ब्वॉयज ऑफ द टूर्नामेंट' का खिताब कक्षा 10 के कार्तिक ने जीता, जबकि 'गर्ल ऑफ द टूर्नामेंट' कक्षा 10 की अंशिका बनीं। 'बेस्ट एथलीट' का सम्मान कक्षा 7 के अंशित कपूर को मिला। नर्सरी वर्ग के बच्चों के अभिभावकों के लिए भी नीडल एंड थ्रेड रेस तथा लेमन रेस जैसी मनोरंजक प्रतियोगिताएँ आयोजित की गईं, जिनसे कार्यक्रम में उत्साह दोगुना हो गया। समापन अवसर पर विद्यार्थियों ने योग और सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं, जिन्होंने सभी का मन मोह लिया। मुख्य अतिथि ने विजेताओं को पदक एवं प्रमाणपत्र प्रदान किए।

## इंदौरा में फिर चली खैर के पेड़ों पर कुल्हाड़ी

**अशोक ठाकुर, अनंत ज्ञान**

**इंदौरा।** विधानसभा क्षेत्र इंदौरा के जंगलों में एक ही स्थान पर पांचवीं बार खैर के पेड़ों पर कुल्हाड़ी चलने का मामला सामने आया है। स्थानीय लोगों का कहना है एक ही स्थान पर पांचवीं बार खैर के पेड़ काटे काटे गए हैं। बीते कुछ दिनों से रात के समय अज्ञात लोग लकड़ी से भरकर गाड़ियां इस रास्ते से लेकर जा रहे हैं।

लोगों का कहना है कि इसे न केवल बन संपदा को नुकसान पहुंच रहा है, बल्कि पर्यावरण पर भी असर पड़ रहा है। ग्रामीणों ने बताया कि कुछ जगहों पर ताजा कटे हुए ठंड और लकड़ी के लट्ठे देखे गए हैं। वहीं, वन विभाग की टीमों को भी इसके बारे में सूचना दी गई, लेकिन कोई भी अधिकारी नहीं पहुंचता है और जब भी विभाग को रात के समय सूचना दी जाए तो विभाग कर्मचारी फोन नहीं उठाते हैं।

ठेकेदारों के ऊपर कोई रोक नहीं है। इसके कारण लकड़ी का अवैध कटान हो रहा है, जिसकी आड़ में कुछ शरारती जंगल से खैर के पेड़ भी काट कर ले जा रहे हैं और एक ही स्थान पर बार-बार खैर के पेड़ काटे जाने की घटनाओं ने वन विभाग की नींद उड़ा दी है। जानकारी के मुताबिक, स्थानीय जंगल क्षेत्र में अज्ञात लोगों द्वारा लगातार पेड़ों की अवैध कटाई की जा रही थी, लेकिन विभाग ने कोई कड़ी कार्रवाई नहीं की। वन विभाग के अधिकारी हर बार की तरह मौके पर जाकर पेड़ों को देखकर मामला दर्ज करवा देते हैं और अपना रास्ता साफ कर लेते हैं। स्थानीय लोगों का विभाग के ऊपर काफी रोष है। स्थानीय लोगों द्वारा लिखित में वन विभाग के उच्च अधिकारियों को शिकायत दे चुके हैं, पर अभी तक विभाग के इन अधिकारियों के ऊपर कोई भी कार्रवाई नहीं की लोगों का कहना है कि अगर विभाग ने इसके ऊपर ठोस कदम नहीं उठाया तो आने वाले समय में जंगलों में कोई भी पेड़ नहीं बचेगा।



इंदौरा के जंगल से काटा गया खैर का पेड़।

## छठे व सातवें पे कमीशन की विसंगतियों को दूर कर 8वें पे कमीशन में किया जाए शामिल

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** इंडियन एक्स सर्विसिस लीग हिमाचल प्रदेश की गवर्निंग काउंसिल मेंबर्स की बैठक धर्मशाला में हुई। बैठक की अध्यक्षता इंडियन एक्स सर्विसिस लीग हिमाचल प्रदेश के अध्यक्ष कर्नल वाईएस राणा ने की। बैठक में प्रदेशभर की 29 यूनिटों के चार-चार सदस्यों जिनमें अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, महासचिव और कोषाध्यक्ष ने भाग लिया। इस दौरान पूर्व सैनिकों, वीरांगनाओं को पेंशन, ईसीएचएस सहित अन्य पेश आ रही समस्याओं पर चर्चा की गई। बैठक के बाद पत्रकारों से अनौपचारिक बातचीत में अध्यक्ष कर्नल वाईएस राणा ने कहा कि बैठक में छठे व सातवें पे कमीशन में रह गई विसंगतियों के कारण जो समस्या मौजूदा समय में पेश आ रही हैं, उनके बिदुओं पर चर्चा की गई और सभी ने अपने विचार साझा किए। उन्होंने जानकारी दी कि छठे व सातवें पे कमीशन की विसंगतियों को दूर कर आने वाले आठवें पे कमीशन में शामिल किया जाए। इस पर आए सुझावों का खाका बनाकर जल्द ही लीग की केंद्रीय समिति को भेजा जाएगा। इसके लिए केंद्रीय समिति ने सुझाव मांगे थे कि इसमें और क्या-क्या शामिल किया जा सकता है, ताकि आने वाले समय में आठवें पे कमीशन में कुछ विसंगतियां तो दूर हो सकें।

## प्रताप वर्ल्ड स्कूल की छात्रा वन्या मल्होत्रा का जापान के लिए चयन

**अनंत ज्ञान, इंदौरा।** पठानकोट की मेधावी छात्रा वन्या मल्होत्रा का चयन प्रतिष्ठित यूथ फॉर अंडरस्टैंडिंग इंडिया शॉर्ट-टर्म छात्रवृत्ति कार्यक्रम 2026 के तहत जापान के लिए हुआ है। यह छात्रवृत्ति पूर्ण रूप से जापान सरकार द्वारा वित्तपोषित है। पूरे भारत से प्राप्त सैकड़ों आवेदनों में से वन्या पंजाब से चयनित मात्र चार छात्राओं में से एक हैं और जिला पठानकोट से चुनी जाने वाली एकमात्र छात्रा हैं। यह उपलब्धि विद्यालय और जिले दोनों के लिए गर्व का विषय है। यह एक्सचेंज प्रोग्राम उन छात्रों का चयन करता है जिनमें खुले विचार, अनुकूलनशीलता और अंतरसंस्कृति समझ जैसी विशेषताएं होती हैं। डीसी पठानकोट डॉ. पल्लवी ने वन्या को इस उपलब्धि पर बधाई दी और कहा कि उनकी सफलता अन्य विद्यार्थियों के लिए प्रेरणास्रोत है। विद्यालय निदेशक सनी महाजन ने कहा कि यह उपलब्धि इस बात का प्रमाण है कि प्रताप वर्ल्ड स्कूल के विद्यार्थी दृढ़ निश्चय और जिज्ञासा के बल पर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बना रहे हैं। निदेशक ओशिन महाजन और प्रधानाचार्या शुभ्रा रानी ने वन्या की मेहनत, अनुशासन और समर्पण की सराहना करते हुए कहा कि यह उपलब्धि विद्यालय के अंतरराष्ट्रीय दृष्टिकोण का प्रतीक है।

**लापरवाही** लोगों ने तत्काल कार्रवाई की उठाई मांग, खुली छोड़ी पाइप दे रही हादसे को न्योता

# योल बाजार में पानी की पाइप बनी खतरा

**मनोज चंदेल, अनंत ज्ञान**

**योल।** योल बाजार क्षेत्र में पैदल चलने वाले लोगों, विद्यार्थियों और दोपहिया वाहन चालकों के लिए सड़क किनारे पानी की पाइप खतरे का कारण बन गई है। पुरानी चुंगी योल के पास से गुरुद्वारा साहिब की ओर करीब 70 से 80 मीटर क्षेत्र में जलशक्ति विभाग ने आधा इंच से डेढ़ इंच मोटाई की पाइप खुली छोड़ रखी है, जिससे आए दिन कोई न कोई व्यक्ति चोटिल हो रहा है।

शनिवार को भी एक महिला दोपहिया वाहन पर गिर गई थी। लेकिन दोनों विभाग ना जाने किसी बड़ी दुर्घटना का इंतजार कर रहे हैं। स्थानीय लोगों ने सवाल उठाया है कि अगर यही लापरवाही जारी रही और कोई बड़ी दुर्घटना हो गई, तो उसकी जिम्मेदारी कौन लेगा? लोगों की मांग है कि संबंधित विभाग तुरंत कार्रवाई करे और इस खुली पाइप को ढककर सुरक्षित रास्ता सुनिश्चित करे। स्थानीय दुकानदार विशाल धवन ने बताया कि 'मैंने खुद सुरक्षा के लिए पाइप पर सीमेंट डालकर उसे ढक दिया था, लेकिन पीडब्ल्यूडी विभाग के कर्मचारियों ने यह कहते हुए उसे उखाड़ दिया कि आप सड़क पर कब्जा कर रहे हैं।' उनका कहना है कि 'अब रोजाना कोई बच्चा गिरता है या कोई पैदल यात्री फिसल जाता है, लेकिन प्रशासन मौन है।' बागनी पंचायत के प्रधान सुरेश 'पप्पी' ने भी विभागों को कठघरे में खड़ा किया। उन्होंने कहा कि 'स्थानीय लोगों ने यह शिकायत मेरे पास भी पहुंचाई है। मैंने दोनों विभागों को लिखित रूप में सूचना भेज दी है। मुझे उम्मीद है कि एक-दो दिन में कार्रवाई होगी। जनता की सुरक्षा के मामले में किसी तरह की ढिलाई बर्दाश्त नहीं की जाएगी।' योल के समाजसेवी सनी भाटिया का कहना है कि हम खुद इस समस्या से परेशान हैं। हमारा घर भी नजदीक है, लेकिन शनिवार को ही हमने प्रशासन तक बात पहुंचाई है। अब दो-तीन दिन का इंतजार कर रहे हैं, नहीं तो फिर कोई और रास्ता निकाला जाएगा। पीडब्ल्यूडी विभाग के अधिकारी जेई निशांत ने बताया कि इस मामले की कोई जानकारी नहीं है। जल्द फिटर से जानकारी ली जाएगी और एक-दो दिन में समस्या का समाधान कर दिया जाएगा।'



योल बाजार क्षेत्र में लिए सड़क किनारे पानी की पाइप खतरे का कारण बन गई है।

## प्रताप वर्ल्ड स्कूल ने 9वीं हिमाचल प्रदेश इंटर स्कूल शूटिंग चैंपियनशिप में रचा इतिहास



प्रिंसिपल रेणु परमार व एमडी डॉ. रिचा महाजन की अध्यक्षता में बच्चों ने शूटिंग चैंपियनशिप प्रतियोगिता में लिया भाग।

**अनंत ज्ञान, इंदौरा**

**9वीं** हिमाचल प्रदेश इंटर स्कूल शूटिंग चैंपियनशिप प्रतियोगिता में प्रताप वर्ल्ड स्कूल ने इतिहास रचा है। प्रिंसिपल रेणु परमार व एमडी डॉ. रिचा महाजन की अध्यक्षता में बच्चों ने शूटिंग चैंपियनशिप प्रतियोगिता में भाग लिया।

यह प्रतियोगिता इंदिरा गांधी एचपी स्टेट कॉम्प्लेक्स, द मॉल, शिमला में आयोजित हुई, जिसमें 10 मीटर राइफल और पिस्टल की प्रतिस्पर्धा थी। प्रताप वर्ल्ड स्कूल के 9 खिलाड़ियों ने भाग लिया। रूहान संधू पिस्टल, देवांश सिंह कटोच पिस्टल, उद्दय ठाकुर पिस्टल, अनिकेत सिंह राइफल, जसकरण सिंह राइफल,आयुष कल्याण राइफल, रिया गौस्वामी राइफल, ओजस्विनी ठाकुर पिस्टल में अपना भाग्य अजमाया। देवांश सिंह कटोच ने 177 एयर पिस्टल सब यूथ मेन में सिल्वर मेडल, रिया गौतम ने 177 प्रेप सिंह एयर राइफल यूथ विमेन गोल्ड मेडल हासिल किया। डॉ. रिचा महाजन ने बताया कि कठिन प्रतिस्पर्धा के बीच बच्चों ने धैर्य, एकाग्रता और सटीक निशानेबाजी से सभी को प्रभावित किया। प्रिंसिपल रेणु परमार ने बताया कि हमारे विद्यार्थियों ने अपने परिश्रम, अनुशासन और लगन से यह सिद्ध कर दिया है कि सफलता उन्हीं को मिलती है जो निरंतर प्रयास करते हैं।

## न्यूज ब्रीफ

### भारतीय महिला क्रिकेट टीम की जीत के लिए नयना देवी मंदिर में की पूजा-अर्चना

**अनंत ज्ञान, नयना देवी।** भारत की लड़कियां महिला क्रिकेट वर्ल्ड कप जीते, इसको लेकर अब हिमाचल प्रदेश के शक्तिपीठों पर पूजा-अर्चना का दौर भी जारी है। रविवार को मशहूर शक्तिपीठ श्री नयना देवी में भी श्रद्धालुओं के साथ-साथ स्थानीय पुजारियों ने भारतीय टीम के लिए प्रार्थना की, ताकि भारतीय टीम दक्षिण अफ्रीका को हराकर वर्ल्ड कप पर अपना कब्जा करे। उन्होंने माता रानी से प्रार्थना की कि महिला टीम को शक्ति प्रदान करे, ताकि वह इतिहास काम करके वर्ल्ड कप पर भारतवर्ष को दिलाने में सफल हो और भारत का पूरे दुनिया में नाम हो। पंजाब से आए श्रद्धालु पप्पू विक्रम राजू ने पत्रकारों को बताया कि आज ऐतिहासिक दिन है और आज महिला वर्ल्ड कप होने जा रहा है, जिसमें हमारी भारतीय टीम की जीत होगी उसके लिए हमने मां के दरबार में प्रार्थना की है।

### मुख्यमंत्री की मां ने की मां नयना देवी की पूजा



**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** विश्व विख्यात शक्तिपीठ श्री नयना देवी मंदिर में रविवार को भारी संख्या में श्रद्धालुओं ने माता रानी के दर्शन किए। प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू की माता जी ने भी माता रानी की पूजा-अर्चना की और मां का आशीर्वाद प्राप्त किया। पुजारी प्रदीप शर्मा ने विधिवत रूप से पूजा-अर्चना करवाई और मंदिर न्यास की तरफ से उन्हें माता की चुनरी प्रसाद भेंट किया गया। इस मौके पर मंदिर अधिकारी तहसीलदार संजीव प्रभाकर, ट्रैफिक इंचार्ज विरेंदर के अलावा पुलिस स्टाफ भी मौजूद रहा। पुजारी प्रदीप शर्मा ने बताया कि मुख्यमंत्री सुक्खू की माता संसार देई ने पूरे श्रद्धाभाव से पूजा-अर्चना की। उन्होंने कहा कि हम मां नयना देवी से प्रार्थना करते हैं कि वे मुख्यमंत्री की माताजी को दीर्घायु और उत्तम स्वास्थ्य का आशीर्वाद प्रदान करें।

### तरसूह के स्टूडेंट्स ने किया शैक्षणिक भ्रमण

**अनंत ज्ञान नम्होल।** पीएम श्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला तरसूह के 150 छात्रों ने पहले दो चरणों में चंडीगढ़ और छतबीड़-जू का भ्रमण किया जहां उन्होंने वन्य जीवों के बारे में जानकारी प्राप्त की। विद्यालय के प्रधानाचार्य तजेन्द्र सिंह ने कहा कि भ्रमण का मुख्य उद्देश्य छात्रों को नई चीजें सिखाना और उन्हें अनुभव करने का अवसर प्रदान करना है। उन्होंने बताया कि पहले दो चरणों में 150 छात्रों ने चंडीगढ़ और छतबीड़-जू का भ्रमण किया। जहां उन्होंने वन्य जीवों के बारे में जानकारी प्राप्त की। प्रधानाचार्य ने आगे कहा कि इस तरह के भ्रमण से छात्रों का मानसिक और शारीरिक विकास होता है। उन्होंने बताया कि अब तीसरे चरण में 80 छात्रों को फिर से चंडीगढ़ और छतबीड़-जू के लिए भ्रमण के लिए भेजा जाएगा। भ्रमण के दौरान छात्रों की खुशी और उत्साह को देखकर यह स्पष्ट होता है कि यह अनुभव उनके लिए कितने मूल्यवान है। प्रधानाचार्य ने प्राध्यापकों और अध्यापकों के योगदान की भी सराहना की, जिन्होंने इस भ्रमण को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

### आईटी सेक्टर में रोजगार के अवसरों के बारे में बताया

**अनंत ज्ञान, झंडूता।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय कल्लर में चल रहे राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई शिविर के छठे दिन की शुरुआत प्रतिदिन की भांति प्रभात फेरी और योग सत्र से हुई। प्रभात फेरी के दौरान स्वयंसेवियों ने ग्रामवासियों को स्वच्छता, सेवा और डिजिटल साक्षरता के संदेशों से जागरूक किया। योग प्रशिक्षक रमेश बाबल ने स्वयंसेवियों को विभिन्न योगासन करवाए और बताया कि योग तनावमुक्त जीवन और एकाग्रता का सर्वोत्तम माध्यम है। बौद्धिक सत्र में राजीव चौधरी (प्रवक्ता, कंप्यूटर साइंस) ने स्रोत व्यक्ति के रूप में भाग लिया। उन्होंने स्वयंसेवियों को आईटी सेक्टर में रोजगार के अवसरों के बारे में विस्तृत जानकारी दी। राजीव चौधरी ने कहा कि सूचना प्रौद्योगिकी आज के समय का सबसे तेजी से विकसित होता क्षेत्र है, जिसमें युवाओं के लिए असीम संभावनाएं हैं। उन्होंने विद्यार्थियों को तकनीकी शिक्षा, डिजिटल कौशल और नवाचार को अपनाने के लिए प्रेरित किया।

### बिलासपुर में होगा ज्योति कलश यात्रा का स्वागत

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार में स्थापित अखंड दीपक के 100 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष में पूरे देश भर में गायत्री परिवार द्वारा ज्योति कलश यात्रा का कार्यक्रम बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया जा रहा है। यह यात्रा बिलासपुर जिला में 3 नवंबर को प्रवेश करेगी। यह यात्रा बिलासपुर जिला के विभिन्न स्थानों पर जाएगी जहां पर यात्रा का भव्य स्वागत किया जाएगा एवं विभिन्न स्थानों पर ज्योति कलश का पूजन आरती एवं दीप यज्ञ किया जाएगा। इस कार्यक्रम की जानकारी देते हुए गायत्री परिवार के जिला संयोजक परिवेश शर्मा एवं गायत्री परिवार ट्रस्ट के अध्यक्ष प्रेमलाल शर्मा ने बताया कि गायत्री परिवार मिशन का संदेश एवं परम पूज्य गुरुदेव श्री राम शर्मा आचार्य जी का संदेश गायत्री परिजनों के साथ-साथ आम श्रद्धालु जनों को दिया जाएगा।

### स्वास्थ्य ही जीवन का आधार : डॉ. अलका

**अनंत ज्ञान, बरमाणा।** जीएसएसएस औहर में सात दिवसीय एनएसएस शिविर के पांचवें दिन एनएसएस स्वयंसेवकों ने दिन की शुरुआत प्रभात फेरी से की और उसके बाद एनएसएस स्वयंसेवकों ने एनएसएस गीत के द्वारा प्रार्थना की। इसके बाद पंचायत भवन में सफाई और साथ में लगे ठाकुरद्वार की भी सफाई की, क्योंकि एनएसएस शिविर का उद्देश्य एनएसएस स्वयंसेवकों में सामाजिक गतिविधियों को बढ़ावा देना है, क्योंकि हम सब समाज से हैं और समाज हमसे है। इसी कड़ी में आज के संसाधन व्यक्ति आयुष विभाग से डॉ. अल्का महाजन रहीं। उन्होंने एनएसएस स्वयंसेवकों को स्वास्थ्य से संबंधित जानकारी साझा की और उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि स्वास्थ्य ही संपत्ति है, यह आपके जीवन का आधार है, इसलिए स्वस्थ रहें।

### भाजपा ने झंडूता में नियुक्त किए ग्राम केंद्र पालक

**अनंत ज्ञान, झंडूता।** झंडूता विधानसभा क्षेत्र में भाजपा संगठन को मजबूत बनाने के उद्देश्य से रविवार को मंडल अध्यक्ष रसम सिंह चंदेल की अध्यक्षता में टिफिन बैठक आयोजित की गई, जिसमें विधायक जीतराम कटवाल मुख्यातिथि रहे। बैठक के दौरान झंडूता क्षेत्र के सभी 38 ग्राम केंद्रों पर ग्राम केंद्र पालकों की नियुक्ति की गई। विधायक कटवाल ने कहा कि टिफिन बैठक का उद्देश्य केवल मिलकर भोजन करना नहीं, बल्कि संगठन को जमीनी स्तर पर सुदृढ़ बनाना और आत्मनिर्भर व विकसित भारत के संकल्प को जन-जन तक पहुंचाना है। कटवाल ने नवनियुक्त पालकों को बधाई देते हुए संगठन को बूथ स्तर तक सशक्त करने का आह्वान किया।

# कांग्रेस झूठे वादे कर हिमाचल में सत्ता में आई : अनुराग ठाकुर

## सांसद ने श्री नयना देवी के धरा में किया सामुदायिक भवन का उद्घाटन

**राकेश चंदेल, अनंत ज्ञान**



**श्री नयना देवी।** हमीरपुर संसदीय क्षेत्र के सांसद अनुराग सिंह ठाकुर ने श्री नयना देवी जी के धरा व बैहल का दौरा किया। इस दौरान श्री नयना देवी जी के विधायक रणधीर शर्मा, जिला भाजपा के अध्यक्ष कृष्ण लाल चंदेल, युवा मोर्चा के अध्यक्ष रामपाल चौधरी, मंडल के अध्यक्ष बलबीर पप्पी, प्रधान दीना नाथ मौजूद रहे। धरा में अनुराग सिंह ठाकुर ने सामुदायिक भवन का उद्घाटन किया। वहीं, बैहल में 350वें शहीदी दिवस कार्यक्रम में भाग लिया। उन्होंने प्रधानमंत्री मोदी का आभार प्रकट किया। पहले नवरात्र से जीएसटी के रेट को कम कर दिया। जीएसटी कम करने से करोड़ों लोगों को फायदा हुआ। अनुराग सिंह ठाकुर ने कहा कांग्रेस ने झूठ बोलने की दुकान खोल रखी है, हर चुनाव से पहले कांग्रेस झूठ बोलती है। उन्होंने पूछा कांग्रेस ने 10 गारंटियों का वादा किया था पर 10 में से 2 गारंटियां भी पूरी नहीं हो पाईं। केवल झूठे वादे किए इस कांग्रेस ने और छल कपट से इस हिमाचल की भोली भाली जनता को मुर्ख बनाकर सत्ता में आई। उन्होंने कहा ने कहा कि सुक्खू ने बिहार में यह कहकर कि हमने हिमाचल में 2.87 लाख महिलाओं को 1500 प्रतिमाह दिया है, एक बार फिर झूठ की पराकाष्ठा पार कर दी।

**बैहल में शहीदी दिवस कार्यक्रम में की शिरकत**

वास्तविकता यह है कि हिमाचल में अधिकांश पात्र महिलाएं अब भी इस योजना से वंचित हैं। कांग्रेस ने महिलाओं को 1500 का सपना दिखाया, लेकिन जमीन पर एक रुपया तक नहीं पहुंचा। अब वही झूठ लेकर बिहार पहुंचना कांग्रेस की चुनावी ठगी का सबूत है। अनुराग ने कहा ने कहा कि मुख्यमंत्री बिहार में जाकर सड़क और विकास की बातें कर रहे हैं, जबकि हिमाचल प्रदेश में सैकड़ों सड़कें आपदा के बाद से बंद हैं। तीन महीने बीत जाने के बाद भी न तो सड़कों की मरम्मत हुईए न ही ग्रामीण इलाकों तक परिवहन बहाल हुआ। पंचायती राज संस्थाओं के चुनाव स्थगित कर सुक्खू सरकार ने लोकतंत्र का गला घोंटने का काम किया है। इन चुनावों को स्थगित करने के लिए यही कारण दिया गया है कि सड़कें ठीक नहीं और बिहार में हिमाचल का मॉडल प्रस्तुत कर मुख्यमंत्री ने यह भी दावा किया कि हिमाचल में दूध 100 प्रति लीटर खरीदा जा रहा है, जबकि सच्चाई यह है कि किसान आज भी अपने उत्पाद का उचित मूल्य पाने के लिए भटक रहे हैं।

# कसोल की प्रीति ने एशियाई यूथ गेम्स में जीता गोल्ड मेडल

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**



बिलासपुर जिले के कसोल कोल डैम गांव की होनहार कबड्डी खिलाड़ी प्रीति ठाकुर ने तीसरे एशियाई यूथ गेम्स-2025 (बहरीन) में आयोजित कबड्डी प्रतियोगिता में भारतीय अंडर-18 महिला टीम के साथ स्वर्ण पदक जीतकर न केवल देश, बल्कि पूरे हिमाचल प्रदेश का नाम स्वर्णाक्षरों में दर्ज कर दिया। प्रीति के भारतीय टीम में चयन से लेकर गोल्ड जीतने तक की इस उपलब्धि ने पूरे क्षेत्र को गौरवान्वित कर दिया। वह भारतीय टीम में शामिल होने वाली प्रदेश की एकमात्र खिलाड़ी हैं। उनके इस ऐतिहासिक प्रदर्शन से बिलासपुर ही नहीं, समूचे हिमाचल में खुशी की लहर दौड़ गई।

**गांव पहुंचने पर हुआ भव्य स्वागत**

स्वदेश वापसी पर जब प्रीति अपने गांव पहुंचीं तो ग्रामीणों ने ढोल-नगाड़ों, फूलमालाओं और जयकारों के साथ उनका भव्य स्वागत किया। पूरा कसोल गांव गर्व और उल्लास से झूम उठा। महिलाओं, युवाओं और बच्चों ने जुलूस के रूप में नाचते-गाते हुए अपनी लाड़ली बेटी का अभिनंदन किया। इस अवसर पर डॉ. प्रकाश सिंह (सेवानिवृत्त डिप्टी डायरेक्टर, कृषि विभाग), सेवानिवृत्त शिक्षक दौलत राम ठाकुर, बीडीसी सदस्य अशोक शर्मा, पूर्व कोच खेल छात्रावास बिलासपुर रत्न ठाकुर, इंचार्ज खेल छात्रावास मनोज ठाकुर तथा पूर्व पंचायत प्रधान रमेश चंद ने प्रीति को बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। प्रीति ठाकुर ने अपने सम्मान समारोह में कहा कि यह प्यार और सम्मान मेरे लिए प्रेरणा का स्रोत है।

# श्रमिकों के लिए सामाजिक सुरक्षा जरूरी : भाटिया

## श्रीलंका की राजधानी कोलंबो में दो दिवसीय कार्यशाला आयोजित

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**



दक्षिण एशिया में अंतरराष्ट्रीय वित्तीय संस्थानों द्वारा संचालित निर्माणाधीन परियोजनाओं के मूल्यांकन को लेकर श्रीलंका की राजधानी कोलंबो में 1 से 2 नवंबर तक दो दिवसीय कार्यशाला आयोजित की गई। अंतरराष्ट्रीय कार्यशाला में श्रीलंका, बांग्लादेश, पाकिस्तान, नेपाल और भारत सहित विभिन्न देशों की ट्रेड यूनियनों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। हिमाचल प्रदेश से प्रेम लाल भाटिया ने भारत का प्रतिनिधित्व किया। कार्यशाला के उद्घाटन सत्र में नीदरलैंड के राष्ट्रीय मजदूर महासंघ की पॉलिसी सलाहकार विल्मा रूस ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय वित्तीय संस्थानों के साथ श्रमिक संगठनों को श्रमिकों की समस्याओं और अधिकारों पर संवाद बढ़ाना चाहिए। उन्होंने कहा कि विभिन्न देशों में विकास परियोजनाओं के लिए अंतरराष्ट्रीय वित्तीय संस्थान ऋण तो देते हैं, लेकिन इन परियोजनाओं में श्रम मानकों का अनुपालन सुनिश्चित किया जाना अत्यंत आवश्यक है। विल्मा ने कहा कि कई बार जिन कंपनियों को निर्माण कार्य सौंपा जाता है, वे श्रम मानकों को सही ढंग से लागू नहीं करतीं। वहीं, भाटिया ने कहा कि निर्माण क्षेत्र में कार्यरत कामगारों के लिए सामाजिक सुरक्षा अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने बताया कि हिमाचल प्रदेश के ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल आपूर्ति को सुदृढ़ बनाने के लिए एशियाई विकास बैंक की परियोजनाएं चलाई जा रही हैं, जो सोलन, कांगड़ा, शिमला और मंडी जिलों के विभिन्न खंडों में संचालित हैं। इन परियोजनाओं में कार्यरत सभी कामगारों को श्रम कल्याण बोर्ड में पंजीकृत करवाया गया है।

# निजी स्कूल बस संचालक सुरक्षा मानकों का करें पालन : आरटीओ

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी कार्यालय बिलासपुर में निजी स्कूल एसोसिएशन जिला बिलासपुर के प्रतिनिधियों के साथ बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता आरटीओ बिलासपुर राजेश कुमार कौशल ने की। आरटीओ ने बताया कि बैठक में स्कूल बसों के संचालन एवं सड़क सुरक्षा को लेकर व्यापक विचार किया गया तथा निजी स्कूल प्रबंधकों को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए गए। उन्होंने ने बताया कि निजी स्कूल एशोसिएशन के प्रतिनिधियों को हिमाचल प्रदेश मोटर वाहन अधिनियम-1999 के नियम 73 के तहत शैक्षणिक संस्थानों में स्कूल बसों के संचालन को लेकर जारी निर्देशों बारे अवगत करवाया गया तथा नियमों की कडाई से अनुपालना सुनिश्चित बनाने के निर्देश दिए गए। उन्होंने बताया कि हिमाचल प्रदेश सरकार की अधिसूचना-2018 के अनुसार सभी स्कूल, शैक्षणिक संस्थान विद्यार्थियों के सुरक्षित व आरामदेय आवागमन के दृष्टिगत आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए हैं। इनमें वैध परमिट, बस की पासिंग, बीमा, स्पीड गवर्नर, सीसीटीवी कैमरा, जीपीआरएस, अनुभवी लाइसेंसशुदा बैज धारक चालक-परिचालक, महिला गार्ड/परिचर, अग्निशमन यंत्र होना जरूरी है। साथ ही बताया कि बस में फर्स्ट एड बॉक्स, पीने का पानी, दिव्यांग छात्रों के सुविधानुकूल वाहन, चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर 1098 का प्रदर्शन तथा स्कूल प्रबंधन, पुलिस हेल्पलाइन, अस्पताल नंबर अंकित करना भी जरूरी है।

# मंडी जिले में होने वाली बैठक में बिलासपुर के पेंशनर्स भी लेंगे भाग

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** हिमाचल प्रदेश पेंशनर्स संयुक्त संघर्ष समिति जिला बिलासपुर की बैठक जिला संयोजक चेत राम वर्मा की अध्यक्षता में हुई। इसमें यह निर्णय लिया गया कि सात नवंबरको जिला मंडी में प्रदेश स्तरीय संयुक्त संघर्ष समिति की बैठक में जिला बिलासपुर से लगभग सौ से ज्यादा पेंशनर्स भाग लेंगे। चेत राम वर्मा ने बताया कि बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि वित्त के उचित प्रबंधन के लिए वित्तीय समिति का गठन किया गया। बैठक में पेंशनरों की मांगों पर विस्तृत रूप से चर्चा की गईं तथा सरकार के द्वारा पेंशनर्स विरोधी नीति का कड़ा विरोध किया गया और आगामी रणनीति तैयार की गईं और प्रदेश स्तरीय संयुक्त संघर्ष समिति से यह आग्रह किया गया कि सात तारीख को मंडी में होने वाली बैठक में पेंशनर्स हित में उनके हकों को ध्यान रखते ठोस रणनीति तैयार की जाए।

# स्पेल विजार्ड स्पर्धा में नम्होल स्कूल सेकेंड

**अनंत ज्ञान, नम्होल**



एयरटेल फाउंडेशन की ओर से डाइट जुखाला में स्पेल विजार्ड प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें बिलासपुर जिला के विभिन्न स्कूलों के छात्रों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस प्रतियोगिता का उद्देश्य छात्रों में अंग्रेजी भाषा के प्रति रुचि बढ़ाना और उनके शब्द ज्ञान, उच्चारण तथा आत्मविश्वास को निखारना था। इस प्रतियोगिता में राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय नम्होल के छात्रों ओरियन ठाकुर और हर्षित शर्मा ने शानदार प्रदर्शन करते हुए दूसरा स्थान प्राप्त किया। प्रतियोगिता के दौरान छात्रों ने कठिन शब्दों के स्पेलिंग को सटीकता और आत्मविश्वास के साथ प्रस्तुत किया।

डाइट जुखाला के अधिकारियों ने बताया कि इस तरह की प्रतियोगिताएं विद्यार्थियों को सीखने की प्रेरणा देती हैं और उन्हें राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं के लिए तैयार करती हैं। विद्यालय प्राचार्य और शिक्षकों ने ओरियन ठाकुर और हर्षित शर्मा की इस उपलब्धि पर गर्व व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि यह सफलता मेहनत, अनुशासन और शिक्षकों के मार्गदर्शन का परिणाम है। विद्यालय परिवार ने दोनों छात्रों को बधाई देते हुए भविष्य में और भी बेहतर प्रदर्शन करने की शुभकामनाएं दीं।

# एससी/एसटी संयुक्त मोर्चा की बैठक 5 को

**अनंत ज्ञान, दधोल।** हिमाचल प्रदेश अनुसूचित जाति/जनजाति अन्य पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक संयुक्त संघर्ष मोर्चा जिला बिलासपुर इकाई की बैठक आगामी 5 नवंबर को 11 बजे घुमारवीं के अंबेडकर भवन में जिला प्रधान एवं रिटायर्ड डीएसपी सीताराम कौंडल की अध्यक्षता में आयोजित की जाएगी। मोर्चा के महासचिव नंद लाल आचार्य ने बताया कि इस बैठक में खंड झंडूता, खंड घुमारवीं, खंड सदर-प्रथम, खंड सदर-द्वितीय, खंड श्री नयना देवी जी के प्रधान व उनकी समस्त कार्यकारिणी शोषित वंचित संगठनों के पदाधिकारी वर्ग एवं समाजसेवी संगठनों के सभी पदाधिकारी भाग लेंगे।

# बिलासपुर कॉलेज की बॉक्सिंग टीम बनी ओवरऑल चैंपियन



**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

राजकीय महाविद्यालय बिलासपुर के पुरुष वर्ग की मुक्केबाजी टीम ने हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित अंतर-महाविद्यालय मुक्केबाजी प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते हुए चार स्वर्ण और एक कांस्य पदक अपने नाम किए तथा ओवरऑल चैंपियन का खिताब जीता। प्राचार्य डॉ. पी.एस. कटवाल ने बताया कि बिलासपुर कॉलेज की पुरुष टीम राजकीय महाविद्यालय नगरोटा बगवा में आयोजित तीन दिवसीय (29 से 31 अक्तूबर) प्रतियोगिता में भाग लेने गई थी। खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए महाविद्यालय का नाम पूरे प्रदेश में रोशन किया। प्रतियोगिता में 50 किलोग्राम भार वर्ग में प्रांजल, 55 किलोग्राम वर्ग में प्रियांशु, 70 किलोग्राम वर्ग में नितेश, और 75 किलोग्राम वर्ग में ऋषभ ने स्वर्ण पदक जीते, जबकि 80 किलोग्राम वर्ग में अनिकेत ने कांस्य पदक प्राप्त किया। इन उत्कृष्ट प्रदर्शनों के आधार पर राजकीय महाविद्यालय बिलासपुर को एचपीयू इंटर-कॉलेज मुक्केबाजी चैंपियनशिप का ओवरऑल विजेता घोषित किया गया। डॉ. कटवाल ने कहा कि 'जहां शैक्षणिक क्षेत्र में हमारे विद्यार्थी निरंतर उत्कृष्टता का प्रदर्शन कर रहे हैं, वहीं खेल जगत में भी वे महाविद्यालय का परचम ऊंचा कर रहे हैं। हमें अपने इन होनहार खिलाड़ियों पर गर्व है।'

**चार स्वर्ण और एक कांस्य पदक जीतकर रचा इतिहास**

# युवा अपनी ऊर्जा का राष्ट्रहित में करें सदुपयोग : विवेक

**भूपेश नड्डा, अनंत ज्ञान**

**घुमारवीं।** आईटी क्षेत्र की शिक्षा में पूरे प्रदेश में अहम भूमिका निभा रही शिवम इंस्टीट्यूट फॉर वोकेशनल ट्रेनिंग सेंटर यानि एसआईवीटी का 20वां वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह बड़ी धूमधाम से मनाया गया। एसआईवीटी के मुख्य कार्यालय घुमारवीं में आयोजित इस कार्यक्रम में उच्च न्यायालय शिमला के न्यायमूर्ति विवेक सिंह ठाकुर ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की, जबकि रावमापा (कन्या) पोर्टमोर शिमला से सेवानिवृत्त वाइस प्रिंसिपल मुक्ता शर्मा ठाकुर और एडिशनल सीजेएम प्रतीक गुप्ता, एसडीएम घुमारवीं गौरव चौधरी, जिला रोजगार अधिकारी बिलासपुर राजेश मेहता, जिला रोजगार अधिकारी मंडी अक्षय, ईटीओ बिलासपुर हंसराज शर्मा, ईओ नगर परिषद खेम चंद वर्मा विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद रहे। एसआईवीटी चेयरमैन दिनेश भुट्टो ने मुख्यातिथि और विशिष्ट अतिथियों का स्वागत किया, जबकि एमडी सतीश शर्मा ने संस्थान की गतिविधियों से अवगत करवाया। वहीं, मुख्यातिथि न्यायमूर्ति विवेक सिंह ठाकुर ने अपने उद्बोधन में कहा कि देश की दशा और दिशा में गुणात्मक सुधार लाने के लिए युवा शक्ति अहम भूमिका निभा सकती है, बशर्ते वे अपनी ऊर्जा का सदुपयोग करें। उन्होंने भारत के इतिहास पर प्रकाश डालते हुए कहा कि जिस प्रकार से हमें सिखाया गया है, वह केवल एक छलावे का पक्ष है, जबकि भारतीय संस्कृति अन्य देशों से कहीं आगे और दूरदर्शी रही है, इसलिए आज आवश्यकता है कि हम अपने गौरवमयी इतिहास और परंपरा को सहेजने में अहम भूमिका निभाएं।

**घुमारवीं में एसआईवीटी का 20वां सालाना उत्सव धूमधाम से संपन्न**

# घुमारवीं में व्यापारियों ने किया समस्याओं पर मंथन

**अनंत ज्ञान घुमारवीं**




संवेदना संस्था घुमारवीं की ओर से क्षेत्र के व्यापारिक समुदाय को एक साझा मंच पर लाने के उद्देश्य से व्यापारी वर्ग सम्मेलन एवं परिचर्चा का भव्य आयोजन जगन पैलेस घुमारवी में किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन के साथ हुआ, जिसके उपरांत संस्था के सचिव सत्यम शर्मा ने संस्था की गतिविधियों और 2019 से अब तक किए जा रहे सामाजिक कार्यों की जानकारी उपस्थित जनसमूह को दी। संवेदना संस्था द्वारा कार्यक्रम में मुख्यातिथि सुमित ठाकुर, अध्यक्ष व्यापार मंडल हमीरपुर, तथा मुख्य वक्ता राजेंद्र सोनी, सचिव व्यापार मंडल हमीरपुर, का स्मृति चिन्ह देकर सम्मान किया गया। संस्था के प्रवक्ता विशाल नड्डा ने बताया कि इस सम्मेलन का मुख्य उद्देश्य क्षेत्र के व्यापारियों को एकजुट कर उनके सामने आने वाली समस्याओं पर चर्चा करना और उनके समाधान के लिए ठोस सुझाव तैयार करना था। उन्होंने कहा कि संस्था भविष्य में भी इस प्रकार के आयोजनों के माध्यम से व्यापारिक वर्ग के हितों की रक्षा और सामूहिक विकास की दिशा में कार्य करती रहेगी। संवेदना संस्था आगामी योजना में बुटीक, ब्यूटी पार्लर, सल्लून इन तीन वर्गों के व्यापरियों के साथ मिलकर कार्य करेगी, ताकि स्थानीय लोगों को रोजगार के अवसर प्राप्त हो।

**सक्सेस स्टोरी** टीजीटी साइंस से डेयरी उद्यमी तक का सफर, सोनिका का 'स्मार्ट वर्क' औरों के लिए बना प्रेरणा स्रोत

# डेयरी फार्मिंग से आत्मनिर्भर बन रची सफलता की नई कहानी

**अरुण डोगरा रीतू, अनंत ज्ञान ब्यूरो**

**बिलासपुर।** मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू की दूरदर्शी सोच एवं सशक्त नेतृत्व के कारण प्रदेश की ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती देने के लिए दूध उत्पादकों को न्यूनतम समर्थन मूल्य नीति लागू कर प्रदेश सरकार ने एक ऐतिहासिक पहल की है। सरकार के इस कदम से न केवल प्रदेश के दूध उत्पादक किसान सीधे तौर पर लाभान्वित हो रहे है, बल्कि प्रदेश के शिक्षित युवा भी दुग्ध उत्पादन क्षेत्र से जुड़कर अपनी आर्थिकी को न केवल सशक्त बना रहे हैं बल्कि सफलता की नई-नई कहानियां भी लिख रहे हैं।



ग्राम पंचायत घुमारवीं के गांव चुवाड़ी की टीजीटी साइंस सोनिका का डेयरी फार्म।

जिला बिलासपुर के घुमारवीं क्षेत्र की ग्राम पंचायत घुमारवीं के गांव चुवाड़ी की सोनिका ने डेयरी फार्मिंग के क्षेत्र में प्रगति और आत्मनिर्भरता की मिसाल कायम की है। निजी मिनर्वा सीनियर सेकेंडरी स्कूल, घुमारवीं में टीजीटी साइंस के रूप में कार्यरत सोनिका न केवल शिक्षा क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य कर रही हैं, बल्कि पशुपालन के माध्यम से आर्थिक स्वावलंबन की एक नई कहानी भी लिख रही है। सोनिका ने वर्ष 2019 में डेयरी फार्मिंग की शुरुआत एक जर्सी गाय के साथ करते हुए आज उनके पास कुल छह गायें और एक हीफर है। सोनिका डेयरी फार्म को पूरी तरह वैज्ञानिक पद्धति से संचालित कर रही हैं तथा दुधारू गायों का दूहन आधुनिक मिल्किंग मशीन से करती हैं। हरे चारे की कटाई के लिए चाफ कटर मशीन का उपयोग कर रही हैं। जरूरत पड़ने पर वह समय-समय पर पशुपालन विभाग के अधिकारियों एवं चिकित्सकों का मार्गदर्शन भी प्राप्त करती हैं।

जब इस संबंध में सोनिका से बातचीत की उन्होंने बताया कि वह प्रतिदिन सुबह 5:30 बजे से गाय से जुड़े कार्यों को प्रारंभ करती है तथा प्रातः 7 बजे तक पूर्ण कर लेती हैं। इस दौरान पति भी उनका सहयोग करते हैं, जबकि दिन के समय परिवार के अन्य सदस्यों का पूरा सहयोग मिलता है। इसी तरह प्रतिदिन शाम को 5 बजे से गायों से जुड़े कार्यों को शुरू करते हुए इन्हें 6:30 बजे तक पूरा कर लिया जाता है।

### प्रतिमाह में कमा रहीं 74 हजार रुपए

**सोनिका** कहती हैं कि उनका डेयरी फार्म प्रतिदिन लगभग 57 लीटर दूध का उत्पादन कर रहा है, जिसे 65 रुपए प्रति लीटर की दर से बेचने पर प्रतिमाह लगभग एक लाख 10 हजार रुपए की आय होती है। उनका कहना है कि सभी खर्चों को निकालकर प्रतिमाह लगभग 74 हजार रुपए का शुद्ध लाभ हो रहा है। ऐसे में सोनिका के लिए डेयरी फार्मिंग का कार्य एक लाभदायक व्यवसाय साबित हो रहा है। डेयरी फार्मिंग से महिलाएं एवं युवा आर्थिक तौर पर बन सकते हैं सशक्त सोनिका का कहना है कि महिलाएं और युवा 1 या 2 गायों से भी डेयरी फार्मिंग की शुरुआत करते हैं तो भी वह आर्थिक रूप से सशक्त बन सकते हैं। यह कार्य सुबह और शाम सिर्फ एक-एक घंटे का है, जिसे नौकरी पेशा महिलाएं भी आसानी से कर सकती हैं।

### क्या कहते हैं पशुपालन विभाग के अधिकारी

**सहायक** निदेशक पशुपालन विभाग डॉ. किशोरी लाल शर्मा का कहना है कि प्रदेश सरकार डेयरी फार्मिंग के माध्यम से पशु पालकों को बढ़ावा दे रही है। पंजीकृत दुग्ध उत्पादक समितियों को दूध बेचने पर किसानों को सरकार प्रति लीटर की दर से से 3 रुपये प्रोत्साहन राशि प्रदान कर रही है। इसके अतिरिक्त दो किलोमीटर से अधिक दूरी तक दूध खरीद केंद्र तक स्वयं दूध ले जाने वाले पशुपालकों और समितियों को 2 रुपये प्रति लीटर उपदान देने का भी प्रावधान किया है। जिला बिलासपुर में 15 नई दुग्ध उत्पादक समितियों का गठन किया गया है तथा जिला में 40 अन्य दुग्ध उत्पादक समितियां पहले से ही कार्यरत हैं।

# जलवायु परिवर्तन समाधान पर दें जोर: पठानिया

## विस अध्यक्ष ने राज्यस्तरीय वन खेल व ड्यूटी मीट का किया शुभारंभ, लगभग 800 कर्मी ले रहे हैं हिस्सा

**अनंत ज्ञान, चंबा**

विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया ने चंबा के ऐतिहासिक चौगान में 26वीं राज्य स्तरीय वन खेल एवं ड्यूटी मीट-2025 का शुभारंभ किया। विधानसभा अध्यक्ष ने इस अवसर पर प्रतियोगिता ध्वज फहराया तथा प्रतिभागियों द्वारा प्रस्तुत भव्य मार्च पास्ट की सलामी ली। कार्यक्रम में विधायक नीरज नैय्यर विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। वन विभाग के 11 वन वृत्त, वन मुख्यालय शिमला तथा वन्य प्राणी प्रभाग के 800 से अधिक अधिकारी एवं कर्मचारी इस खेल एवं ड्यूटी मीट में विभिन्न खेल प्रतिस्पर्धाओं में भाग ले रहे हैं।

कुलदीप सिंह पठानिया ने प्रतिभागियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि वन विभाग द्वारा वन संपदा के संवर्धन और संरक्षण के लिए किए जा रहे प्रयास सराहनीय हैं। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजन न केवल कर्मियों की शारीरिक और मानसिक क्षमता को सुदृढ़ बनाते हैं, बल्कि आपसी सद्भाव और टीम भावना को भी प्रोत्साहित करते हैं।



विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया ने खेल एवं ड्यूटी मीट स्मारिका व नूरपुर वन मंडल के तहत जैव विविधता पुस्तिका का विमोचन किया।

विधानसभा अध्यक्ष ने अपने संबोधन में जलवायु परिवर्तन को मानवता के लिए एक गंभीर चुनौती बताते हुए कहा कि इन बदलती परिस्थितियों में अब हमें इनके अनुकूल ढलने और समाधान खोजने की दिशा में ठोस कदम उठाने की आवश्यकता है। मुख्यमंत्री सुक्खू के कुशल एवं पारदर्शी नेतृत्व में राज्य सरकार द्वारा किए जा रहे सर्वांगीण विकास कार्यों का उल्लेख करते हुए कुलदीप सिंह पठानिया ने कहा कि प्रदेश के निराश्रित 6000 से अधिक बच्चों के अभिभावक बनकर राज्य सरकार ने सामाजिक कल्याण के प्रति अपनी गहरी संवेदनशीलता और प्रतिबद्धता का उदाहरण प्रस्तुत किया है।

उन्होंने आकांक्षी जिला चंबा का समग्र विकास सुनिश्चित बनाने को लेकर राजनीतिक विचारधारा से हटकर जिला के लिए एक विशेष कार्य नीति निर्धारण की आवश्यकता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि जिले में संचालित विभिन्न जल विद्युत परियोजनाओं से केंद्र सरकार को तो भारी राजस्व प्राप्त होता है किंतु अनुपातिक रूप से उसका लाभांश राज्य सरकार को नहीं मिल रहा है। साथ में उन्होंने राष्ट्रीय जल विद्युत निगम द्वारा गत 40 वर्षों से संचालित की जा रही बैरा-सियूल विद्युत परियोजना तथा इसके कुछ समय पश्चात कार्यान्वित हुई चमेरा चरण-एक परियोजना का भी उल्लेख अपने संबोधन में किया।

विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि राज्य सरकार ने प्राकृतिक आपदाओं में अपना सब कुछ खो चुके प्रभावित परिवारों के पुनर्वास को लेकर वन अधिकार अधिनियम में संशोधन का मामला कई बार केंद्र सरकार के समक्ष उठाया है परंतु अब तक इस दिशा केंद्र सरकार की ओर से सकारात्मक पहल नहीं की गई है। कुलदीप सिंह पठानिया ने प्रतिभागियों को टीम भावना के साथ खेल भावना प्रदर्शित करने के लिए प्रेरित किया तथा उनके उत्तम शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य की कामना करते हुए शुभकामनाएँ व्यक्त कीं। उन्होंने इस दौरान खेल एवं ड्यूटी मीट स्मारिका तथा नूरपुर वन मंडल के तहत जैव विविधता पुस्तिका का विमोचन किया। कार्यक्रम में विधायक नीरज नैय्यर ने भी अपना संबोधन दिया। उन्होंने कहा कि विभागीय कर्मियों का वन संपदा के संरक्षण और संवर्धन कार्यों के साथ ऐसे आयोजनों में हिस्सा लेना शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य के लिहाज से महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि प्रतियोगिताओं में हार जीत से ज्यादा सहभागिता की भावना महत्वपूर्ण है।

इस अवसर पर जिला अध्यक्ष कृषि उपज एवं विपणन समिति ललित ठाकुर, सदस्य निदेशक मंडल राज्य परिवहन निगम सुरजीत भरमौरी, कांग्रेस नेता यशवंत खन्ना, उपायुक्त मुकेश रेपसवाल, पुलिस अधीक्षक अभिषेक यादव, उप मंडल अधिकारी नागरिक चंबा प्रियांशु खाती सहित वन विभाग के अधिकारी कर्मचारी तथा स्थानीय गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# विधायक डॉ. हंसराज पर महिला ने फिर लगाए गंभीर आरोप, परिवार को जान का खतरा बताया

**ओपी शर्मा, अनंत ज्ञान**

- सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो में महिला का दावा
- विधायक बोले– राजनीति साजिश के तहत हो रहा है चरित्र हनन

**भरमौर।** चंबा के चुराह के विधायक हंसराज पर महिला ने एक बार फिर से अपने परिवार को जान से खतरा होने का आरोप लगाया है। महिला ने इसके लिए एक वीडियो सोशल मीडिया पर भी अपलोड किया है और विधायक पर कई तरह के आरोप लगाए हैं।

इससे पहले भी उक्त महिला विधायक हंसराज पर शारीरिक उत्पीड़न का आरोप लगा चुकी है। मामला हाई प्रोफाइल होने के बाद काफी सुर्खियों में रहा था। लड़की के मजिस्ट्रेट के सामने बयान भी दर्ज किए गए थे, लेकिन कुछ दिन बाद लड़की अपने बयान से मुकर गई थी। जिसके चलते यह मामला पूरी तरह से रफा दफा हो गया था, लेकिन महिला ने एक बार फिर से वीडियो जारी कर विधायक हंसराज व पुलिस की कार्यप्रणाली पर कई तरह के आरोप लगाए हैं। महिला ने वीडियो में कहा है कि उसकी फैमिली को विधायक और उसके गुंडे से खतरा है। पुलिस के पास जाने पर उनकी शिकायत दर्ज नहीं की जा रही है और पुलिस की ओर से ही मामले को रफा दफा करने का दबाव बनाया जाता है। उन्होंने चंबा पुलिस पर कार्रवाई न करने का आरोप लगाया है और कहा है कि पुलिस सिर्फ डराने व कंप्रोमाइज करवाने तक ही सिमित होकर रह गई है।



वीडियो में महिला ने आरोप लगाया है कि पिछली बार भी जब उन्होंने विधायक पर आरोप लगाए थे तो उन्हें डराया और धमकाया गया। जिसके कारण उन्हें अपने ब्यान से मुकरना पड़ा। उनके घर को जलाने की धमकी दी जा रही है। उनके हर जगह काम रोके जा रहे हैं। अस्पताल में उनका इलाज नहीं किया जा रहा है। विधायक व उनके आदमियों के द्वारा उनके परिवार को प्रताड़ित किया जा रहा है। इससे पहले भी विधायक हंसराज पर विवादों के साथ गहरा नाता रहा है। कुछ वर्ष पहले विधायक पर एक स्कूल में बच्चों की एडमिशन को लेकर भी खूब बवाल हुआ था। एडमिशन न होने पर विधायक ने उन्हें कंधार भेजने की धमकी भी दी थी जिसका ऑडियो सोशल मीडिया पर खूब वायरल हुआ था।

इस विषय पर विधायक डॉ. हंसराज ने इन आरोपों को राजनीतिक साजिश बताया है। उन्होंने कहा कि वे 15-16 सालों से राजनीति में हैं और विरोधी उनकी छवि खराब करने की कोशिश कर रहे हैं। उनका कहना है कि चुराह में हिंदु-मुस्लिम के नाम पर माहौल बिगाड़ने की साजिश रची जा रही है। विधायक ने कहा कि वे इस मामले में मानहानि का मुकदमा दायर करेंगे और सच्चाई सामने आएगी।

# अध्यापक युद्धवीर टंडन ने अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में शोध पत्र प्रस्तुत कर बढ़ाया क्षेत्र का मान

**अनंत ज्ञान, चंबा**

**शिक्षा** खंड सुंडला के अंतर्गत राजकीय प्राथमिक पाठशाला मौड़ा में कार्यरत कनिष्ठ बुनियादी अध्यापक युधवीर टंडन ने क्षेत्र का नाम रोशन करते हुए बाबा कांशीराम राजकीय महाविद्यालय, डाडा सीबा तथा केंद्रीय विश्वविद्यालय हिमाचल प्रदेश के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में अपना शोध पत्र प्रस्तुत किया।



सम्मेलन का विषय भारतीय ज्ञान प्रणाली और विकसित भारत के लिए सतत विकास मॉडल: विशिष्टता, चुनौतियां और अवसर रहा। युद्धवीर टंडन ने इस सम्मेलन में 'बाबा कांशीराम :विकसित भारत के लिए एक वरनाक्युलर मॉडल – भारतीय ज्ञान प्रणाली (क्व्यस्) के माध्यम से 'पहाड़ी गांधी' का पुनर्परीक्षण सतत विकास और सामाजिक रूपांतरण के संदर्भ में' विषय पर अपना शोध पत्र प्रस्तुत किया। यह शोधपत्र बाबा कांशी राम के जीवन और कार्य का भारतीय ज्ञान प्रणाली के दृष्टिकोण से आलोचनात्मक पुनर्पाठ प्रस्तुत करता है। शोधपत्र में तर्क दिया गया कि बाबा कांशी राम ने स्वाधीनता आंदोलन में एक स्थानीय सांस्कृतिक और भाषाई परिप्रेक्ष्य से ऐसा अनोखा मार्ग प्रस्तुत किया, जिसे आज के संदर्भ में सतत विकास और सामाजिक रूपांतरण का लोकाधारित मॉडल कहा जा सकता है। लेख में बताया गया कि बाबा कांशी राम का संघर्ष केवल राजनीतिक नहीं, बल्कि सांस्कृतिक पुनर्जागरण का आंदोलन था। उन्होंने पहाड़ी कविता, लोकगीतों और जनभाषा को स्वतंत्रता संग्राम के सशक्त माध्यम के रूप में अपनाया तथा ग्राम पंचायतों के जरिए समुदाय-आधारित स्वशासन की भावना को साकार किया।

युद्धवीर टंडन ने बताया कि बाबा कांशी राम की रणनीति आज के 'विकसित भारत' के निर्माण के लिए अत्यंत प्रासंगिक है। उनका जीवन यह सिखाता है कि स्थानीय संस्कृति और जनसहभागिता पर आधारित विकास ही वास्तव में टिकाऊ और सर्वसमावेशी हो सकता है। यह अध्ययन न केवल बाबा कांशी राम की वैचारिक विरासत का पुनर्पाठ है, बल्कि यह भी दर्शाता है कि भारतीय ज्ञान प्रणाली आधारित विकास मॉडल भविष्य के सामाजिक समावेशन, सहभागी लोकतंत्र और सामुदायिक नेतृत्व वाले सतत विकास के लिए कितने उपयोगी हो सकते हैं।

सम्मेलन के प्रथम एवं उद्घाटन सत्र की अध्यक्षता डा. सुष्मिंदरजीत कौर अध्यक्ष स्नातकोत्तर इंग्लिश विभाग गुजरांवाला खालसा कॉलेज लुधियाना ने तथा संध्या कालीन सत्र तथा समापन समारोह की अध्यक्षता प्रो. संजीत सिंह ठाकुर, डीन स्कूल ऑफ सोशल साइंसेज, केंद्रीय विश्वविद्यालय हिमाचल प्रदेश ने की। इस दौरान ऑनलाइन माध्यम से 10 सत्र आयोजित किए गए।

# डिपोधारकों ने सरकार को दी चेतावनी, बोले- पॉश मशीनें लौटाने की है तैयारी

**अनंत ज्ञान, चंबा।** प्रदेश के 5250 पीडीएस डिपो धारकों ने सरकार को चेतावनी दी है कि यदि उनकी आर्थिक मांगें जल्द नहीं मानी गईं तो वे पॉश मशीनें जिला मुख्यालयों में जमा कर देंगे और राशन वितरण बंद कर देंगे। प्रदेश डिपो संचालक समिति ने मुख्यमंत्री को उपायुक्त चंबा के माध्यम से ज्ञापन सौंपते हुए डिपो धारकों की दयनीय आर्थिक स्थिति पर गंभीर चिंता जताई। समिति अध्यक्ष अशोक कवि ने बताया कि सरकार द्वारा दिया जाने वाला 4% कमीशन (एपीएल राशन) और 143 रुपये प्रति क्विंटल (एनएफएसए राशन) आज के खर्चों के मुकाबले नगण्य है। नए बीपीएल मानदंडों के कारण लगभग 90% उपभोक्ता सूची से बाहर हो गए हैं, जिससे डिपो धारकों की आमदनी में भारी गिरावट आई है।

अशोक कवि ने कहा कि कांग्रेस ने चुनाव से पहले ₹20,000 मासिक वेतन देने का वादा किया था, लेकिन तीन साल बाद भी यह अधूरा है। डिपो धारक अपने निजी खर्चों जैसे दुकान का किराया, बिजली बिल, इंटरनेट और माप-तौल शुल्क वहन कर रहे हैं। इसके अलावा पॉश मशीनों की इंटरनेट सुविधा पिछले पांच वर्षों से बंद पड़ी है, जिससे डिपो धारक निजी वाई-फाई से मशीनें चला रहे हैं और हर माह ₹470 खर्चा कर रहे हैं।

समिति ने सरकार से डिपो संचालकों को निजी डिपो का दर्जा देने, ₹20,000 मासिक वेतन लागू करने और सहकारी सभाओं को सेवा नियमों के अनुसार वेतन देने की मांग की है। अशोक कवि ने चेतावनी दी कि यदि समाधान नहीं हुआ तो डिपो धारक प्रशासनिक तुगलकी फरमान और आर्थिक व मानसिक शोषण को अब और सहन नहीं करेंगे।

# महिलाओं को सशक्त बना रहा चंबा थाल हस्तशिल्प प्रशिक्षण: जनक राज



**अनंत ज्ञान, चंबा**

**पांगी-भरमौर** के विधायक डॉ. जनक राज ने बताया कि दीनदयाल अंत्योदय योजना – राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के अंतर्गत चंबा जिले की महिलाएं चंबा थाल हस्तशिल्प कला का प्रशिक्षण प्राप्त कर रही हैं। यह प्रयास न केवल महिलाओं की आजीविका को सुदृढ़ बना रहा है, बल्कि चम्बा की समृद्ध सांस्कृतिक धरोहर को भी पुनर्जीवित कर रहा है।

डॉ. जनक राज ने कहा कि चम्बा थाल सदियों पुरानी परंपरा और उत्कृष्ट शिल्पकला का प्रतीक है। इस कला को आधुनिक प्रशिक्षण और सरकारी सहयोग के माध्यम से नया रूप दिया जा रहा है। प्रशिक्षण प्राप्त कर रही महिलाओं ने बताया कि इस पहल से उन्हें आत्मनिर्भरता और आत्मविश्वास की नई दिशा मिली है। विधायक ने केंद्र सरकार और जिला प्रशासन चम्बा का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उनके निरंतर प्रयासों से यह पारंपरिक कला न केवल संरक्षित की जा रही है, बल्कि महिलाओं के लिए रोजगार का सशक्त साधन भी बन रही है।

# भ्रष्टाचार मिटाने के लिए प्रत्येक नागरिक को सजग रहना आवश्यक

**अनंत ज्ञान, धरवाला।** राजकीय महाविद्यालय चंबा में आयोजित राज्य सतर्कता जागरूकता सप्ताह के समापन समारोह में उत्तर क्षेत्र के पुलिस अधीक्षक बलवीर ठाकुर ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। उन्होंने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि है। यदि किसी निर्माण कार्य, सड़क या भवन निर्माण में गड़बड़ी हो रही हो, या कोई अधिकारी, कर्मचारी अथवा नेता रिश्वत की मांग करे, तो उसकी सूचना तुरंत राज्य सतर्कता विभाग को दें। कार्यक्रम में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अभिमन्यु वर्मा, कॉलेज प्राचार्य डॉ. मदन गुलेरिया सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति भी उपस्थित रहे।

**व अदालत प्रदीप कुमार (हि. प्र. से.) भू-व्यवस्था समाहर्ता कांगड़ा मंडल स्थित धर्मशाला (हि.प्र.)।**

मिसल नम्बर 206/2025/एस.ओ.
तारीख वायर 25-04-2025.

तिलक राज पुत्र भगवान दास निवासी महाल सेरी, तहसील अंब, जिला ऊना हिमाचल प्रदेश। .....प्रार्थी

**बनाम**

1. हाकम राये पुत्र श्यामा
2. कर्ण सिंह पुत्र बसन्ता
3. लेखराज पुत्र शिबू समस्त निवासीगण महाल हम्बोली तहसील अंब, जिला ऊना, हिमाचल प्रदेश।

**विषय:**-प्रार्थना पत्र दरुस्ती पैमाइश बाबत खसरा नम्बरान 980, 981, 986 व 987 आराजी स्थित महाल सेरी, तहसील अम्ब, जिला ऊना, हिमाचल प्रदेश।

**ईश्तहार मुश्तरी मुन्यादी**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि प्रार्थी तिलक राज पुत्र भगवान दास बनाम हाकम राये पुत्र श्यामा आदि निवासी महाल सेरी, तहसील अम्ब, जिला ऊना, हिमाचल प्रदेश द्वारा, खाता/बतौनी नम्बर, 83/166 बाबत हाल नम्बरान खसरा 980, 981, 986 व 987 आराजी स्थित महाल सेरी, तहसील अम्ब, जिला ऊना, हिमाचल प्रदेश, रकवा तादादी 0-60-97 हेक्टेयर बारे आवेदित प्रार्थना पत्र इस अदालत में विचाराधीन है। प्रार्थना पत्र पर सुनवाई के दौरान पाया गया कि विचाराधीन मिसल से सम्बन्धित मृतक अतिवादीगण के जायज बारसान व अन्य प्रतिवादीगण निम्नलिखित है- 1. श्री स्वरूप चन्द व दौलत राम पुत्रान स्व. श्री हाकम राये। 2. श्री कर्म सिंह पुत्र बसन्ता। 3. कुलदीप चन्द, जगतार सिंह पुत्रान व श्रीमति सन्तोष कुमारी, शुष्मा देवी, श्रीमति कैलाश देवी पुत्रियां स्व. श्री लेख राज पुत्र शिबू। 4. मलकीयत पुत्र शिबू पुत्र श्यामा। 5. रमन कुमार, रजिन्द्र कुमार पुत्रान व रीता देवी, रजनी वाला पुत्रियां व श्रीमति रक्षा देवी पत्नी स्व. मुलख राज पुत्र शिबू समस्त निवासीगण महाल हम्बोली, तहसील अम्ब, जिला ऊना, हिमाचल प्रदेश। 6. श्री सन्तोख चन्द पुत्र श्री हरनाम सिंह। 7. पंकज कुमार, रोहित कुमार पुत्र व अमृता रानी, कल्पना देवी, पूजा रानी पुत्रियां व श्रीमति सुदेश कुमारी पत्नी स्व. श्री उजागर सिंह पुत्र हरनाम सिंह। 8. सगली राम, हेमराज पुत्र व दर्शना देवी पुत्री व श्रीमति सुदेश पत्नी स्व. बन्ता सिंह पुत्र हरनाम सिंह। 9. दिनेश कुमार, सन्नी कुमार पुत्र व रेखा रानी पुत्री व श्रीमति कृष्णा देवी पत्नी स्व. देवराज पुत्र हरनाम सिंह। 10. अरविन्द सिंह पुत्र गुरमेल सिंह पुत्र सरवण, समस्त निवासीगण महाल बहेड़ी, तहसील अम्ब, जिला ऊना हिमाचल प्रदेश।

उपरोक्त समस्त प्रतिवादीगण को साधारण ढंग से समन की तामील होना नहीं पाया जा रहा है। अत: अब इस ईश्तहार मुश्तरी मुन्यादि द्वारा उक्त प्रतिवादीगण व अन्य हितबद्ध व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि वे दिनांक 12-11-2025 को प्रात: 11:00 बजे अपना पक्ष रखने हेतू असालतन या वकालतन S.D.M. कोर्ट अम्ब में हाजिर आये। गैर हाजिरी की सूरत में एक तरफा कार्यवाही अमल में लाई जाएगी।

आज दिनांक 30-10-2025 को मेरे हस्ताक्षर मोहर अदालत सहित जारी किया गया।

**भू-व्यवस्था समाहर्ता कांगड़ा मंडल स्थित धर्मशाला कैंप कोर्ट अम्ब ऊना।**

# आत्मनिर्भर भारत के निर्माण में युवा मोर्चा की अहम भूमिका: शुभम




**अनंत ज्ञान, चुराह**

चुराह विधानसभा के कोटी मंडल में युवा मोर्चा सम्मेलन का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में प्रदेश कार्यसमिति सदस्य युवा मोर्चा शुभम ठाकुर ने भाग लिया। सम्मेलन का मुख्य विषय 'आत्मनिर्भर भारत और स्वदेशी संकल्प' रहा।

शुभम ठाकुर ने अपने संबोधन में कहा कि आत्मनिर्भर भारत के निर्माण में युवाओं की भूमिका निर्णायक है। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वे स्वदेशी उत्पादों को अपनाकर न केवल देश की अर्थव्यवस्था को मजबूत करें, बल्कि स्थानीय उद्योगों को भी सशक्त बनाएं।

उन्होंने कहा कि आज का युवा यदि संकल्प ले ले कि वह अपने दैनिक जीवन में स्वदेशी वस्तुओं का उपयोग करेगा, तो भारत को आत्मनिर्भर बनने से कोई नहीं रोक सकता।

इस अवसर पर उपस्थित युवाओं ने प्रतिज्ञा ली कि 'हर घर स्वदेशी - घर-घर स्वदेशी' का संदेश वे अपने घर से लेकर गांव-गांव और गली-गली तक पहुंचाएंगे। कार्यक्रम में ऋषि ठाकुर (नवनियुक्त अध्यक्ष, कोटी मंडल युवा मोर्चा), तिलक ठाकुर (मंडल अध्यक्ष), पम्मू (जिला सचिव), सुरेश (महामंत्री), जितेंद्र राठौर (आईटी प्रमुख), श्याम (किसान मोर्चा), हेम शर्मा सहित अनेक भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे। कार्यक्रम का समापन आत्मनिर्भर भारत के संकल्प और राष्ट्र निर्माण में युवाओं की सक्रिय भागीदारी के संदेश के साथ हुआ।

# भ्रष्टाचार मुक्त समाज के निर्माण का लिया संकल्प

## चंबा कॉलेज में सतर्कता जागरूकता सप्ताह पर कार्यक्रम आयोजित

**अनंत ज्ञान, चंबा**

- युवाओं को नशे के चंगुल से बचाना समाज के हर वर्ग का कर्तव्य

राजकीय महाविद्यालय चंबा में सतर्कता जागरूकता सप्ताह के अवसर पर एक विशेष जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में हिमाचल प्रदेश पुलिस सतर्कता विभाग के उत्तर क्षेत्र के पुलिस अधीक्षक बलबीर ठाकुर मुख्य अतिथि एवं मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित रहे। जिला चम्बा सतर्कता विभाग के उप पुलिस अधीक्षक अभिमन्यु वर्मा तथा महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. मदन गुलेरिया विशेष अतिथि के रूप में कार्यक्रम में शामिल हुए।

कार्यक्रम की जानकारी देते हुए प्रोफेसर अविनाश ने बताया कि सतर्कता जागरूकता सप्ताह भ्रष्टाचार के विरुद्ध केंद्रीय सतर्कता आयोग की एक महत्वपूर्ण पहल है, जिसका उद्देश्य शासन व लोक प्रशासन में नैतिकता और पारदर्शिता को प्रोत्साहित करना है। इस वर्ष यह सप्ताह 27 अक्तूबर से 2 नवम्बर 2025 तक 'सतर्कता: हमारी साझा जिम्मेदारी' विषय पर मनाया जा रहा है। मुख्य अतिथि बलबीर ठाकुर ने अपने संबोधन में कहा कि ईमानदारी को बढ़ावा देने और भ्रष्टाचार उन्मूलन के लिए सभी नागरिकों की सक्रिय भागीदारी आवश्यक है। उन्होंने बताया कि सतर्कता केवल भ्रष्टाचार निरोधक एजेंसियों की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि समाज के प्रत्येक नागरिक की सामूहिक जिम्मेदारी है। उन्होंने सभी से नैतिक आचरण अपनाने और अनियमितताओं की रिपोर्ट करने का आह्वान किया ताकि एक पारदर्शी और जवाबदेह प्रणाली का निर्माण हो सके।

अपने उद्बोधन में उन्होंने युवाओं को नशाखोरी, मादक पदार्थ तस्करी, साइबर अपराध और इनके दुष्प्रभावों के बारे में जागरूक किया। उन्होंने कहा कि नशे का अवैध व्यापार केवल भारत ही नहीं बल्कि पूरे विश्व के लिए गंभीर चुनौती है। युवाओं को नशे के चंगुल से बचाना समाज के हर वर्ग का कर्तव्य है। बलबीर ठाकुर ने साइबर अपराधों से बचाव के उपायों पर भी विस्तारपूर्वक चर्चा की। उन्होंने सोशल मीडिया, ई-मेल, ऑनलाइन खरीददारी, बैंक खातों की सुरक्षा, पासवर्ड प्रबंधन, डेटा चोरी, एंटी थेफ्ट ऐप्स आदि से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारी दी और साइबर सतर्कता को समय की आवश्यकता बताया।

महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. मदन गुलेरिया ने मुख्य अतिथि और विशिष्ट अतिथि का मफलर पहनाकर स्वागत एवं सम्मान किया। इस अवसर पर प्रोफेसर परविंदर कुमार, प्रोफेसर नवनीत सिंह, सतर्कता विभाग से राजीव कुमार, अवनीश, नरेश, अवदेश सहित महाविद्यालय के विद्यार्थी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। कार्यक्रम का समापन राष्ट्र निर्माण में ईमानदारी, निष्ठा एवं जागरूक नागरिकता को अपनाने के संकल्प के साथ हुआ।

# संगीता शर्मा मिस और विकास बने मिस्टर फ्रेशर



चंबा कॉलेज में अर्थशास्त्र विभाग की भव्य फ्रेशर पार्टी का आयोजन किया गया।

**अनंत ज्ञान, चंबा**

**राजकीय** महाविद्यालय चंबा के अर्थशास्त्र विभाग ने नवप्रवेशी विद्यार्थियों के स्वागत में शिव शक्ति पैलेस, परेल में एक भव्य फ्रेशर्स पार्टी का आयोजन किया।

कार्यक्रम का शुभारंभ विभागाध्यक्ष डॉ. अजय शर्मा और प्रो. संतोष ने दीप प्रज्वलन से किया। मुख्य अतिथि के रूप में प्राचार्य डॉ. मदन गुलेरिया और प्रो. परविन्दर उपस्थित रहे।

विद्यार्थियों ने गीत, नृत्य और नाटक की शानदार प्रस्तुतियों से माहौल को उत्सवमय बना दिया। कार्यक्रम के अंत में विकास को मिस्टर फ्रेशर, संगीता शर्मा को मिस फ्रेशर, जतिन को मिस्टर डैशिंग और साक्षी को मिस चार्मिंग घोषित किया गया। आयोजन के मुख्य संयोजक पंकू, विनायक, हिमांशी, विपाशा और सिमरन रहे। कार्यक्रम ने विभाग में एकता, उत्साह और सौहार्द का संदेश दिया।

# शुभम बने गूगल स्टूडेंट एंबेसडर, सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट' पर मिला प्रोजेक्ट

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** करियर प्वाइंट विश्वविद्यालय के कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग विभाग के छात्र शुभम चड्ढा को प्रतिष्ठित गूगल स्टूडेंट एम्बेसडर प्रोग्राम के लिए चयनित किया गया है। यह प्रोग्राम छात्रों को गूगल और उनके विश्वविद्यालयों के बीच संपर्क सूत्र के रूप में कार्य करने का अवसर प्रदान करता है। गूगल स्टूडेंट एंबेसडर अपने कैंपस में नए गूगल उत्पादों और कार्यक्रमों के बारे में जागरूकता फैलाते हैं, मनोरंजक और शैक्षणिक कार्यक्रमों का आयोजन करते हैं, तथा गूगल टीमों और छात्रों के बीच संपर्क स्थापित करते हैं। ये एम्बेसडर स्थानीय गूगल टीमों के साथ मिलकर कार्य करते हुए तकनीकी नवाचार और डिजिटल साक्षरता को बढ़ावा देते हैं।

इसी क्रम में शुभम चड्ढा की टीम को सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट पर पेटेंट भी प्राप्त हुआ है। यह प्रोजेक्ट इजी. अजय सिंह डोगरा, कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग के मार्गदर्शन में पूरी की गई। इस प्रोजेक्ट पर कार्य करने वाली टीम में कुल 9 छात्र, जो कोड कुटुम्ब से जुड़े हैं। पेटेंट प्राप्त करना इन छात्रों के लिए एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है, क्योंकि पेटेंट आविष्कारकों को एक निश्चित समय के लिए उनके आविष्कार पर विशेष अधिकार देता है, जिससे समाज और तकनीकी क्षेत्र को नए नवाचारों का लाभ मिलता है। इस उपलब्धि के उपलक्ष्य में सभी छात्र और उनके मार्गदर्शक ने विश्वविद्यालय के माननीय कुलपति से भेंट की। कुलपति महोदय ने छात्रों को बधाई देते हुए कहा कि यह उपलब्धि न केवल विश्वविद्यालय के गौरव को बढ़ाती है, बल्कि अन्य विद्यार्थियों को भी शोध और नवाचार के क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करेगी।

# चंबा के दो एनसीसी कैडेट्स ने बढ़ाया जिला का मान

**अनंत ज्ञान, चंबा**

राजकीय महाविद्यालय चंबा के दो एनसीसी (राष्ट्रीय कैडेट कोर) कैडेट सीनियर अंडर ऑफिसर आरुषि ठाकुर और सार्जेंट हेमराज— का चयन विशेष राष्ट्रीय एकता शिविर (स्पेशल नेशनल इंटीग्रेशन कैंप) के लिए हुआ, जो गुजरात में आयोजित किया गया। यह शिविर 25 दिनों का था, जिसकी पराकाष्ठा 31 अक्तूबर को राष्ट्रीय एकता दिवस परेड के रूप में हुई।

आरुषि ठाकुर ने बताया कि चयन प्रक्रिया कॉलेज स्तर से शुरू हुई थी, जहाँ ड्रिल का प्रदर्शन कराया गया। इसके बाद नौ एच.पी. बटालियन एन.सी.सी. डलहौजी स्तर पर चयन हुआ। तत्पश्चात दोनों कैडेट्स ने रूपनगर (रोपड़) में प्री एसएनआईसी कैंप बी में भाग लिया, जहां गुजरात में होने वाली एकता दिवस परेड की विशेष प्रशिक्षण दिया गया। यह प्रशिक्षण शिविर 10 दिनों तक चला।

इसके बाद दोनों 5 अक्तूबर को गुजरात रवाना हुए और अहमदाबाद में प्रारंभिक 10 दिनों की कठोर ट्रेनिंग प्राप्त की। सीनियर अंडर ऑफिसर आरुषि ठाकुर को इस शिविर में कैंप सीनियर की जिम्मेदारी सौंपी गई जो कि उनके लिए अत्यंत गर्व का विषय रहा। आरुषि ने बताया कि 'हम रोज़ सुबह 4 बजे उठकर गांधीनगर में परेड की तैयारी करते थे। पूरे भारत के 17 डायरेक्टरेट से एनसीसी कैडेट्स वहां उपस्थित थे।



17 अक्तूबर को सभी कैडेट्स एनसीसी एकेडमी एकतानगर पहुंचे, जहां से वे प्रतिदिन सुबह 4 बजे स्टैच्यू ऑफ यूनिटी पर अभ्यास के लिए जाते थे। वहां बीएसएफ, सीआईएसएफ, एसएसबी, दिल्ली पुलिस, केरल पुलिस, पंजाब पुलिस समेत देशभर के विभिन्न राज्यों के 30 कंटिजेंट्स ने भाग लिया। एनसीसी का कंटिजेंट 144 कैडेट्स का था। 31 अक्तूबर को सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती जो कि राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में मनाई जाती है पर इन कैडेट्स ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के समक्ष मार्चपास्ट किया और सलामी दी। यह क्षण दोनों कैडेट्स और चंबा जिले के लिए अत्यंत गर्व का पल रहा। इस अवसर पर डीजी एनसीसी लेफ्टिनेंट जनरल वीरेन्द्र वत्स ने कैडेट्स से मुलाकात की और एसयूओ आरुषि ठाकुर को डीजी अप्रिसिएशन मेडलियन अवॉर्ड से सम्मानित किया। आरुषि ने बताया कि 'यह सम्मान मेरे, मेरे परिवार, प्रधानाचार्य और अध्यापकों के लिए गौरव का क्षण था।' दोनों कैडेट्स ने बताया कि उनके सी.टी.ओ. प्रोफेसर केवल कृष्ण ने कैंप के दौरान उन्हें निरंतर प्रोत्साहित किया और सफलता की शुभकामनाएं दीं।

यह कैंप दोनों के लिए न केवल अनुशासन और एकता की सीख देने वाला रहा, बल्कि इसमें विभिन्न राज्यों के कैडेट्स के साथ सांस्कृतिक आदान-प्रदान का अनोखा अनुभव भी मिला। चंबा के इन दोनों कैडेट्स ने अपने परिश्रम, अनुशासन और समर्पण से पूरे जिले का नाम रोशन किया है।

# कांस्टेबल के पद पर चयनित अभ्यर्थियों का मेडिकल कल

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** हिमाचल प्रदेश लोक सेवा आयोग शिमला के आदेशानुसार जिला हमीरपुर के लिए पुलिस आरक्षी (कांस्टेबल) के पदों पर चयनित सभी अभ्यर्थियों का चिकित्सा परीक्षण (मेडिकल) डॉ. आरकेजीएससी हमीरपुर में 4 नवंबर को आयोजित किया जा रहा है। सभी चयनित अभ्यर्थियों को निर्देशित किया जाता है कि वे उक्त तिथि को निर्धारित समय पर आवश्यक दस्तावेजों व 6 पासपोर्ट साइज के नवीनतम फोटो ग्राफ्स सहित पुलिस लाइन हमीरपुर में उपस्थित होना सुनिश्चित करें।

पुलिस अधीक्षक भगत सिंह ठाकुर ने बताया कि सभी चयनित अभ्यर्थियों की सूची उनके संबंधित थानों को भेज दी गई है, ताकि अभ्यर्थी अपने-अपने थाना स्तर पर जानकारी प्राप्त कर सकें। अधिक जानकारी या किसी प्रकार की स्पष्टीकरण हेतु अभ्यर्थी अपने संबंधित थाना में संपर्क कर सकते हैं।

**तितली** महीने नहीं क्षण गिनती है और उसके पास पर्याप्त समय होता है।

**रबिन्द्रनाथ टैगोर**

## संपादकीय

# नशा मुक्त देवभूमि

यह बहुत ही सराहनीय कदम है कि हिमाचल सरकार ने चिट्टे के खिलाफ निर्णायक लड़ाई छेड़ने का ऐलान किया है। इस नशे के खिलाफ केवल बयानबाजी नहीं, बल्कि ठोस कार्रवाई की जरूरत है। चिट्टे का काला कारोबार हिमाचल को अंदर से खोखला कर रहा है। यह केवल नशे की लत नहीं, बल्कि सामाजिक, आर्थिक और मानसिक विनाश का कारण बन चुका है। हर दिन अखबारों, टीवी चैनलों और डिजिटल मीडिया पर कोई न कोई खबर चिट्टे से जुड़ी मिल ही जाती है । कहीं पुलिस ने किसी युवक को चिट्टे के साथ पकड़ा, कहीं तस्करों का नेटवर्क ध्वस्त हुआ, तो कहीं किसी युवा की ओवरडोज से दर्दनाक मौत हो गई। यह सब देखकर मन दहल उठता है कि देवभूमि हिमाचल अब चिट्टा भूमि न बन जाए। हिमाचल के हर जिले में यह जहर किसी न किसी रूप में फैल चुका है। चाहे कहीं भी जाइए, आपको यह सुनने को मिलता है कि फलां युवक इसकी लत में पड़ गया या फलां व्यक्ति इस धंधे में शामिल है। चिट्टा अब पहाड़ों तक ऐसे पहुंच गया है जैसे पानी पहाड़ी दर्रों से बहकर नीचे आता है। यानी यह प्रवृत्ति अब सीमित नहीं रही, बल्कि हर स्तर पर फैल चुकी है। चिट्टे का सबसे बड़ा खतरा यह है कि यह एक बार शरीर में घुस जाए तो व्यक्ति को पूरी तरह गुलाम बना देता है। यह नशा शरीर को ही नहीं, आत्मा को भी जकड़ लेता है। इसकी गिरफ्त में आने वाला व्यक्ति अपने परिवार, समाज, भविष्य और जीवन सबको दांव पर लगा देता है।

दरअसल, चिट्टा नाम सुनने में भले ही हल्का लगे, पर यह नशा बेहद घातक है। पंजाबी भाषा में चिट्टा का अर्थ सफेद होता है, मगर असल में यह नशा इतना काला है कि इसने युवाओं के सपनों, अभिभावकों की उम्मीदों और समाज की शांति सबको निगल लिया है। हिमाचल जैसे शांत और शिक्षित राज्य में यह समस्या जिस रफ्तार से बढ़ी है, वह चौंकाने वाली है। पिछले कुछ वर्षों में राज्य के विभिन्न जिलों में एनडीपीएस एक्ट के तहत दर्ज मामलों में कई गुना वृद्धि हुई है। यह इस बात का संकेत है कि पुलिस भले ही सक्रिय हुई हो, मगर जड़ें अब भी गहरी हैं। मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने सही कहा कि यह अब केवल कानून का नहीं, समाज का भी संघर्ष है। सरकार ने जब से चिट्टा तस्करों पर शिकंजा कसना शुरू किया है, तब से कई बड़े नेटवर्क का पर्दाफाश हुआ है। सैकड़ों किलो चिट्टा बरामद हुआ, सैकड़ों तस्कर गिरफ्तार किए गए और करोड़ों की अवैध संपत्तियां जब्त की गईं। सरकार ने ऐसे लोगों की अवैध इमारतें और होटल भी गिराने शुरू किए हैं, ताकि यह संदेश जाए कि नशे के धंधे से कमाया गया धन टिक नहीं सकता। कई जिलों में यह कार्रवाई जनता के बीच मिसाल बन रही है कि अब ऊपर से लेकर नीचे तक इस पर सख्ती है, लेकिन यह केवल दमन की लड़ाई नहीं है। चिट्टे के खिलाफ असली जीत तभी होगी जब समाज और सरकार एक साथ खड़े होंगे। नशा नियंत्रण केवल पुलिस या अदालतों का विषय नहीं, बल्कि यह एक सामाजिक सुधार का अभियान होना चाहिए। यही वजह है कि सरकार अब तीन महीने का व्यापक जन-जागरूकता अभियान शुरू करने जा रही है। हर गांव में एंटी-चिट्टा रैलियां निकाली जाएंगी, स्कूलों और कॉलेजों में विशेष जागरूकता कार्यक्रम होंगे, जहां युवाओं को बताया जाएगा कि नशे की शुरुआत चाहे मजे के लिए हो, लेकिन अंत हमेशा विनाश में होता है।

पहले भी पंचायत स्तर पर कई जगह अभियान चलाए गए हैं। कई निजी संस्थाएं, सामाजिक संगठन और एनजीओ इस लड़ाई में सरकार के साथ खड़े हैं। यूथ अगेंस्ट ड्रग्स, नशा मुक्त हिमाचल और सेव लाइफ फाउंडेशन जैसे संगठनों ने युवाओं को जोड़ने का शानदार प्रयास किया है। कई जगहों पर पूर्व नशेड़ी अब खुद समाज में जागरूकता फैलाने का काम कर रहे हैं। यह एक सकारात्मक संकेत है कि अब समाज खुद आगे आकर कह रहा है कि नशे से आजादी चाहिए। इस पूरे प्रयास में परिवारों की भूमिका भी सबसे अहम है। आज अधिकांश युवा तब इस दलदल में फंसते हैं जब माता-पिता या परिवार समय रहते उनकी संगत, आदतों और मानसिक स्थिति पर ध्यान नहीं देते। घरों में संवाद की कमी, बेरोजगारी, सामाजिक दबाव और दिखावे की होड़ ने इस समस्या को और गहरा किया है। सरकार को चाहिए कि वह शिक्षा विभाग के माध्यम से स्कूलों में ड्रग अवेयरनेस को अनिवार्य करे, ताकि किशोर उम्र के बच्चे ही शुरुआत से समझ सकें कि नशा क्या विनाश ला सकता है। कानूनी स्तर पर भी सरकार ने मजबूत कदम उठाए हैं। हिमाचल सरकार ने एनडीपीएस एक्ट में संशोधन की मांग की है ताकि नशे के मामलों में सख्त सजा सुनिश्चित की जा सके। साथ ही, यह भी निर्णय लिया गया है कि यदि कोई मंत्री, विधायक या जनप्रतिनिधि के पास कोई तस्कर मदद मांगने आए, तो उसे किसी भी सूरत में राहत न दी जाए। यह निर्णय राजनीतिक इच्छाशक्ति का प्रमाण है, क्योंकि पहले कई मामलों में प्रभावशाली लोगों के कारण अपराधी बच निकलते थे।

फिर भी, चुनौती आसान नहीं है। नशे का नेटवर्क सीमाओं से परे फैला हुआ है। पंजाब और हरियाणा की सीमाओं से होकर यह जहर हिमाचल में आता है, जहां छोटे-छोटे गिरोह इसे पहाड़ी इलाकों में पहुंचा देते हैं। यह एक संगठित अपराध है, और इसे खत्म करने के लिए पुलिस को आधुनिक तकनीक, ड्रोन निगरानी, और अंतरराज्यीय समन्वय की आवश्यकता होगी। हिमाचल को इस दिशा में पंजाब, हरियाणा और जम्मू-कश्मीर की पुलिस के साथ मिलकर संयुक्त ऑपरेशन चलाने होंगे। सबसे जरूरी बात यह है कि हमें केवल चिट्टे को पकड़ने पर नहीं, बल्कि उसके कारणों जैसे बेरोजगारी, अकेलापन, असफलता का डर और समाज में दिखावे की प्रवृत्ति पर वार करना होगा। जब तक युवाओं को सकारात्मक अवसर, रोजगार और आत्मसम्मान नहीं मिलेगा, तब तक नशे के दलदल से उन्हें निकालना मुश्किल रहेगा। हिमाचल सरकार की यह पहल निश्चित रूप से सही दिशा में कदम है। तीन महीने का जन-जागरण अभियान केवल शुरुआत है । असल लड़ाई हर स्तर पर लड़ी जानी है, जो इस जहर से प्रभावित है। जब समाज यह ठान ले कि अब और नहीं, तब ही चिट्टे पर जीत संभव है। उम्मीद की जानी चाहिए कि इस बार की यह लड़ाई सिर्फ घोषणा बनकर न रह जाए, बल्कि आने वाले वर्षों में हिमाचल को नशा मुक्त देवभूमि के रूप में नई पहचान दिलाए। चिट्टे के खिलाफ यही सच्ची जीत होगी। ■

अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र

## आज की प्रमुख हस्ती

# मानवता और अर्थशास्त्र के संगम के पुरोधा

**अमर्त्य** सेन अर्थशास्त्र के क्षेत्र में विश्व प्रसिद्ध भारतीय विद्वान हैं, जिन्होंने 1998 में अर्थशास्त्र के लिए नोबेल पुरस्कार प्राप्त किया। वे इस पुरस्कार को प्राप्त करने वाले पहले एशियाई अर्थशास्त्री हैं। शांति निकेतन में जन्मे सेन ने लोक कल्याणकारी अर्थशास्त्र की अवधारणा को नया रूप दिया और अर्थशास्त्र को मानवता से जोड़ने का अद्भुत कार्य किया।



**अमत्य सेन**
**जन्म :** 3 नवंबर, 1933

उन्होंने अकाल, गरीबी, लोकतंत्र, लैंगिक असमानता और सामाजिक न्याय जैसे विषयों पर महत्वपूर्ण शोध किया। उनकी प्रसिद्ध पुस्तकों में 'Development as Freedom', 'Poverty and Famines' और 'he Idea of Justice' विशेष रूप से उल्लेखनीय हैं। अमर्त्य सेन केवल अर्थशास्त्री नहीं, बल्कि एक गहन विचारक और मानववादी भी हैं, जिन्होंने अर्थशास्त्र को समाज के कल्याण से जोड़ा। सेन ने हार्वर्ड विश्वविद्यालय में प्राध्यापक के रूप में कार्य किया तथा जादवपुर विवि, दिल्ली स्कूल ऑफ इकोनॉमिक्स और ऑक्सफोर्ड विवि में भी अध्यापन किया। असंभाव्यता सिद्धांत के संदर्भ में केनेथ ऐरो के विचारों को आगे बढ़ाते हुए सेन ने गणितीय आधार पर सिद्ध किया कि समाज ऐसे परिणामों के नकारात्मक प्रभाव को कम कर सकता है। अमर्त्य सेन को 1999 में भारत रत्न से सम्मानित किया गया। वे आज भी विश्व में मानव कल्याण, समानता और नैतिक अर्थशास्त्र के सबसे बड़े प्रवक्ता माने जाते हैं। ■



कविता

## जब झूठ किसी का आदत होता

अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र

**डॉ. कौमार्या मनोज**

**वो** झूठ बोलते रहे, मैं सच मानता गया।
हर रोज नए किस्से, कहानियां सुनता रहा।।
सच का मुझे पता था यारों, फिर भी झूठ मैं सुनता गया।
वो नित्य नई कहानियां, मेरे सामने बुनता गया।।
बड़ी-बड़ी बातें करी, जैसे चांद तारे तोड़ दे।
हकीकत थी कुछ और ही, नित रोज पटाका फोड़ दे।।
जब सच का यारों हो पता, उसके झूठ का ले लो मजा।
सच कहना एक साहस है, झूठों का झूठ है उसकी रजा।।
किसी को सच से न फुर्सत, किसी का झूठ इबादत है।
झूठ से उसका खाना पचता, झूठ ही उसकी आदत है।।
सच थोड़ा परेशान कराता, विजय भी उनको मिलती है।
झूठ की कोई उम्र न होती, ये विनाशी कपड़े सिलती है।।
कल सच रोता रहा बाजार में, झूठ पलता रहा अखबार में।
झूठ के फूटते गुब्बारे जब, कौड़ी भाव न हो बाजार में।।
मुझे पता था सच का यारों, फिर भी झूठ सुनता गया।
वो नित्य नई कहानियां, मेरे सामने बुनता गया।।

# हिमाचल में पंचायत चुनाव में देरी, दौड़ और दांव-पेंच

हिमाचल प्रदेश में पंचायत चुनावों का शोर इन दिनों खूब मचा है। चहुंओर यही चर्चा है कि आखिर पंचायत चुनाव कब होंगे? कौन किस पद के लिए लड़ रहा है? ये सवाल आम लोगों की जुबान पर हैं, लेकिन इसके बीच एक सच्चाई यह भी है कि दिसंबर 2025 में प्रस्तावित पंचायत चुनाव अब शायद मार्च 2026 तक भी होते नहीं दिख रहे। ऐसे में पंचायतों का समय पर गठन न होने से लोकतांत्रिक ढांचे की मजबूती पर सवाल उठना स्वाभाविक है।




हालांकि, पंचायत चुनाव पार्टी चिन्ह पर नहीं लड़े जाते, लेकिन सियासी दलों की दिलचस्पी इसमें किसी विधानसभा या लोकसभा चुनाव से कम नहीं होती। कांग्रेस और भाजपा दोनों ही पार्टियां पंचायत चुनावों को अपने-अपने राजनीतिक प्रभाव का आईना मानती हैं। कई बार पंचायत चुनाव स्थानीय समीकरणों को बदलने की क्षमता रखते हैं। यही कारण है कि यह चुनाव गैर-दलीय होते हुए भी पूरी तरह दलीय रंग में रंगे नजर आते हैं।

प्रदेश की वर्तमान कांग्रेस सरकार ने पंचायत चुनाव टालने का जो कारण बताया है, वह औपचारिक तौर पर वाजिब लगता है। सरकार का कहना है कि हिमाचल इस वक्त भयंकर प्राकृतिक आपदाओं के दौर से गुजर रहा है। इस बार मानसून सीजन में भारी बरसात, भूस्खलन, बादल फटना और सड़कों के टूटने से राज्य का बुनियादी ढांचा बुरी तरह हिल गया है। कई दुर्गम गांव अब भी सड़क संपर्क से कटे हुए हैं। हजारों लोग बेघर हैं, जिनके लिए पुनर्वास, आश्रय और भोजन-पानी का इंतजाम करना ही प्रशासन की प्राथमिकता है। ऐसे में चुनाव करवाना व्यावहारिक नहीं है। सरकार ने इस बीच पंचायतों के पुनर्गठन की घोषणा कर दी है। यानी जब तक पंचायतों का पुनर्गठन पूरा नहीं होगा, तब तक चुनाव करवाना संभव नहीं है, लेकिन यह प्रक्रिया बेहद लंबी और तकनीकी है। कई चरणों से गुजरने के बाद विभागीय मंजूरी, आपत्तियां, संशोधन और अधिसूचना की प्रक्रिया को मिलाकर अनुमान लगाया जा रहा है कि पंचायतों के पुनर्गठन का कार्य 31 मार्च 2026 तक ही मुश्किल से पूरा हो पाएगा। उसके बाद रोस्टर तैयार किया जाएगा। और रोस्टर जारी होने के बाद ही 90 दिनों के भीतर चुनाव कराना संभव होता है। यानी अगर सब कुछ बिना रुकावट चला, तब भी चुनाव मई-जून 2026 से पहले संभव नहीं दिखते।

हिमाचल प्रदेश पंचायती राज अधिनियम, 1994 की धारा 120 के अनुसार, पंचायतों का चुनाव उनके कार्यकाल की समाप्ति से तीन महीने पहले तक हो जाना चाहिए। मौजूदा पंचायतों का कार्यकाल जनवरी 2026 में समाप्त हो जाएगा। यानी चुनाव अक्तूबर से दिसंबर 2025 के बीच कराए जाने चाहिए थे, लेकिन आपदा और पुनर्गठन के कारण यह संभव नहीं हो पाया। अब सरकार कठिन स्थिति में है। अगर कार्यकाल खत्म हो जाता है और चुनाव नहीं कराए जाते, तो राज्य में प्रशासक या अधिकारियों के माध्यम से पंचायतों के संचालन की व्यवस्था करनी होगी। यह स्थिति लोकतंत्र के लिए अच्छा संकेत नहीं मानी जाएगी, क्योंकि पंचायतें जनता की निचली इकाई हैं और इन्हें निष्क्रिय करना प्रशासनिक ठहराव की ओर इशारा करता है। पंचायत चुनावों में सियासी पार्टियों की दिलचस्पी कोई नई बात नहीं है। हालांकि, चुनाव गैर-दलीय हैं, परंतु वास्तविकता यह है कि हर उम्मीदवार के पीछे किसी न किसी राजनीतिक पार्टी का सपोर्ट अवश्य होता है। गांवों में यह आम चर्चा रहती है कि यह उम्मीदवार भाजपा का है, वह कांग्रेस का है, इसे मंत्री जी का आशीर्वाद मिला है आदि। चुनावों में अप्रत्यक्ष रूप से धनबल, बाहुबल और शराब जैसी चीजों का प्रयोग भी होता है। कई जगहों पर प्रत्याशी शराब बांटते हैं, दावतें करते हैं और वोटर को लुभाने के लिए हरसंभव साधन अपनाते हैं। प्रशासन की सख्ती के बावजूद यह परंपरा अब तक खत्म नहीं हुई। पंचायत चुनावों में यह और आसान होता है, क्योंकि गांव के स्तर पर निगरानी कम होती है। भाजपा इस बार पंचायत चुनावों को लेकर खासतौर पर उत्साहित है। विपक्ष में होने के कारण उसे यह मौका मिल रहा है कि वह सरकार को घेर सके। भाजपा नेताओं का कहना है कि सुक्खू सरकार ने जानबूझकर चुनाव टाले हैं, क्योंकि उसके पास कोई ठोस संगठन नहीं बचा है। भाजपा बार-बार यह मुद्दा उठा रही है कि कांग्रेस की राजनीतिक कमजोरी छिपाने के लिए आपदा को बहाना बनाया जा रहा है।

**यथार्थ**



**समरजीत**

यह बात किसी से छिपी नहीं है कि प्रदेश कांग्रेस पिछले एक वर्ष से संगठनविहीन है। प्रदेश अध्यक्ष का पद अब तक स्थायी रूप से तय नहीं हो पाया है। मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू, डिप्टी सीएम मुकेश अग्निहोत्री समेत अध्यक्ष पद के दावेदार अपने-अपने गुट के साथ दिल्ली दरबार के चक्कर काट रहे हैं। आलाकमान से अब तक यह स्पष्ट निर्देश नहीं मिला कि प्रदेश अध्यक्ष कौन बनेगा? ऐसे में संगठनात्मक स्तर पर कांग्रेस कमजोर दिख रही है। जमीनी कार्यकर्ता असमंजस में हैं, जिला और ब्लॉक स्तर के पदाधिकारी निष्क्रिय हैं। सरकार यह समझती है कि यदि इस हालत में पंचायत चुनाव कराए गए तो स्थानीय स्तर पर भाजपा को बढ़त मिल सकती है। इसलिए कांग्रेस चाहती है कि पहले संगठन को मजबूत किया जाए, निचले स्तर पर नेतृत्व को पुनः सक्रिय किया जाए और फिर चुनावी समर में उतरा जाए। भाजपा इस देरी को राजनीतिक हथियार बना चुकी है। हर जिला, हर मोर्चे और हर पंचायत स्तर पर पार्टी नेताओं ने सरकार पर हमला बोलना शुरू कर दिया है। भाजपा यह प्रचार कर रही है कि कांग्रेस सरकार चुनाव से डर गई है, क्योंकि उसे अपनी हार का अंदेशा है। भाजपा के लिए पंचायत चुनाव 2027 के विधानसभा चुनाव से पहले जनता का मूड टेस्ट जैसे होंगे। भाजपा चाहती है कि इन चुनावों के जरिए वह यह साबित करे कि जनता सुक्खू सरकार से नाराज है। इसीलिए वह चुनाव जल्द से जल्द करवाने का दबाव बना रही है, ताकि कांग्रेस को तैयारी का मौका न मिले। भाजपा के जिला स्तर के नेताओं ने अपने-अपने इलाकों में संभावित प्रत्याशियों की सूची तैयार करनी शुरू कर दी है। कई जगहों पर पार्टी समर्थित उम्मीदवारों ने प्रचार भी आरंभ कर दिया है। हिमाचल प्रदेश इस वक्त प्राकृतिक आपदा के गहरे जख्म झेल रहा है। सड़कों का पुनर्निर्माण, मकानों का पुनर्वास और रोजगार की पुनर्बहाली सरकार की प्राथमिकता में है, लेकिन राजनीति का पहिया इन सबके बीच नहीं रुकता।

कांग्रेस सरकार ने राहत कार्यों में व्यापक प्रयास किए हैं, लेकिन विपक्ष लगातार यह कहता रहा है कि राहत वितरण में पक्षपात हो रहा है। भाजपा का यह आरोप है कि कांग्रेस समर्थक पंचायतें अधिक लाभ पा रही हैं, जबकि विपक्षी पंचायतों की अनदेखी की जा रही है। यह विवाद भी पंचायत चुनावों की जमीन को गर्म कर रहा है।

हिमाचल की भौगोलिक स्थिति पंचायत चुनावों को और जटिल बना देती हैं। राज्य के सात जिले-लाहौल-स्पीति, किन्नौर, शिमला, मंडी, कांगड़ा, चंबा और सिरमौर ऐसे हैं जहां दिसंबर से फरवरी तक भारी बर्फबारी होती है। कई गांव सड़क संपर्क से कट जाते हैं। यदि चुनावों का ऐलान समय पर नहीं हुआ तो इन क्षेत्रों में मतदान केंद्रों तक पहुंचना भी मुश्किल होगा। इसीलिए विशेषज्ञों का मानना है कि यदि सरकार को समय पर चुनाव करवाने हैं तो दिसंबर के पहले सप्ताह में अधिसूचना जारी करनी ही होगी। पंचायत चुनाव तीन चरणों में होते हैं। इसके बाद चौथे चरण में शहरी निकायों के चुनाव होते हैं और फिर पंचायत समिति व जिला परिषद का गठन होगा। यह पूरा चक्र कम से कम 45 से 50 दिन ले लेता है। यानी किसी भी तरह की देरी पूरी चुनावी प्रक्रिया को अगले वित्तीय वर्ष तक धकेल सकती है।

गांवों में अब यह बेचैनी साफ महसूस की जा सकती है। जिन पंचायत प्रतिनिधियों का कार्यकाल समाप्त होने वाला है, वे यह जानना चाहते हैं कि आगे क्या होगा? क्या उन्हें केयरटेकर के रूप में कुछ महीनों तक बने रहने दिया जाएगा या उनके अधिकार वापस ले लिए जाएंगे? दूसरी ओर नए प्रत्याशी भी असमंजस में हैं। वे खर्च, प्रचार और सामाजिक समीकरण तय नहीं कर पा रहे। हर गांव में चर्चाएं तो हैं, लेकिन निश्चितता किसी को नहीं। लोकतंत्र की आत्मा सहभागिता में है। जब जनता को यह महसूस हो कि उसकी भागीदारी टल रही है, तो उसकी लोकतांत्रिक चेतना कमजोर होती है। पंचायत चुनाव केवल प्रतिनिधि चुनने का माध्यम नहीं, बल्कि जनता और सरकार के बीच विश्वास का सेतु हैं। यदि यह सेतु टूट गया, तो स्थानीय शासन की भावना खो जाएगी।

कुल-मिलाकर, पंचायत चुनाव हिमाचल की राजनीति में अग्नि परीक्षा की तरह हैं। कांग्रेस चाहती है कि वह इन्हें अपने अनुकूल माहौल में आयोजित करे, जबकि भाजपा इन्हें जल्दबाजी में करवाकर कांग्रेस की तैयारियों को विफल करना चाहती है। यदि चुनाव मार्च या अप्रैल 2026 तक टलते हैं, तो कांग्रेस को लगभग छह महीने का समय तैयारियों के लिए मिल जाएगा जिसमें वह संगठन पुनर्गठन, सरकारी योजनाओं का प्रचार और आपदा राहत के कार्यों का प्रभाव जनता तक पहुंचा सकती है। दूसरी ओर भाजपा को यह चुनौती झेलनी पड़ेगी कि लंबी प्रतीक्षा में उसका मुद्दा फीका न पड़ जाए, लेकिन यदि चुनाव जल्द घोषित होते हैं, तो यह भाजपा के लिए स्वर्ण अवसर साबित हो सकता है। भाजपा प्रदेशाध्यक्ष नियुक्त होने के बाद पार्टी ने अपना संगठन भी पूरी तरह से चुस्त-दुरुस्त कर लिया है। उसने ग्रामीण इलाकों में अपनी जमीनी पकड़ काफी मजबूत कर ली है और वह इसे 2027 के विधानसभा चुनाव की तैयारी के रूप में देख रही है।

हिमाचल में पंचायत चुनाव केवल सत्ता या पद का सवाल नहीं, बल्कि लोकतांत्रिक स्वास्थ्य का पैमाना हैं। यदि चुनाव बार-बार टलते रहे, तो जनता का विश्वास कमजोर होगा। सरकार को यह सुनिश्चित करना होगा कि प्रशासनिक प्रक्रिया और राजनीतिक रणनीति के बीच संतुलन बना रहे। आपदा की परिस्थितियों का सम्मान करते हुए भी चुनावी प्रक्रिया को अनिश्चितता में डालना सही नहीं। पंचायतें ही लोकतंत्र की निचली नींव हैं अगर यही कमजोर हो जाएं, तो लोकतंत्र की पूरी इमारत डगमगा सकती है। इसलिए जरूरत इस बात की है कि सरकार पंचायतों के पुनर्गठन की प्रक्रिया को तेज करे, पारदर्शी तरीके से रोस्टर जारी करे और चुनाव की तिथि जल्द घोषित करे।

रिस्पांस करें: **editoranantgyaan@gmail.com**

# भाग्य नहीं, कर्म बनाते हैं जीवन का मार्ग: मित्रता और मानवता ही असली पूंजी

कहते हैं भाग्य अपना-अपना होता है। कोई झोपड़ी में खुश है तो कोई महलों में रहकर भी रोता है। वास्तव में भाग्य किसी की बपौती नहीं होता, उसे अच्छे कर्मों से बदला जा सकता है। जैसा कर्म करोगे वैसा ही फल मिलेगा, इसलिए मनुष्य को सदा कर्मप्रधान रहना चाहिए। भाग्य कभी किसी को ऊंचाइयों पर पहुंचा देता है तो कभी मिट्टी में मिला देता है। जीवन में सुख-दुख, ऊंच-नीच सब क्षणिक हैं, किंतु सच्चे कर्म स्थायी होते हैं।



**नरेंद्र भारती**
**स्वतंत्र टिप्पणीकार, मंडी**

अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र

आज समाज में कुछ ऐसे लोग ऊंचे पदों पर बैठे हैं जो योग्यता के नहीं, सिफारिश के बल पर वहां पहुंचे हैं, लेकिन वक्त सबका हिसाब रखता है—अयोग्य व्यक्ति कभी भी प्रतिभा के आगे टिक नहीं पाता। सच्चाई देर से ही सही, पर हर बार सामने आती है। एक कहावत है 'घर का जोगड़ा, बाहर का जोगी सिद्ध'-यह आज के समाज में पूरी तरह चरितार्थ होती दिख रही है। लोग अपनों को नीचे गिराते हैं और बाहरी लोगों को आगे बढ़ाते हैं। भेदभाव और स्वार्थ के इस दौर में प्रतिभा को दबाया जा रहा है, जबकि अयोग्य लोग अनुभवहीन होकर भी दूसरों को उपदेश देने लगे हैं, मगर समय सबको उसकी असलियत दिखा देता है। वक्त सबसे बड़ा न्यायाधीश है, यह किसी को अर्श पर तो किसी को फर्श पर ले आता है।

जब इंसान जीवित होता है तो उसका कोई हाल नहीं पूछता, लेकिन मृत्यु के बाद हर कोई मातम में शामिल होना अपनी शान समझता है। जीवित व्यक्ति के पास एक जोड़ी कपड़ा भी नहीं होता, पर मरने के बाद उसके शरीर पर सैकड़ों चादरें डाली जाती हैं। जीते-जी जिसे घी नसीब नहीं होता, उसे जलाते समय शुद्ध घी की आहुति दी जाती है। यह सब व्यर्थ है। सच्ची मानवता यही है कि किसी की जीवित अवस्था में सहायता की जाए, न कि मरने के बाद दिखावटी संवेदना जताई जाए।

आज समाज में आत्मकेंद्रित लोग बढ़ रहे हैं। वे केवल अपने स्वार्थ के लिए जीते हैं, दूसरों की पीड़ा से उन्हें कोई मतलब नहीं। ऐसे लोग समाज के लिए घातक हैं। भूखों का मजाक उड़ाने वाले भूल जाते हैं कि वक्त सबका लेखा-जोखा रखता है। कभी गरीब को नीचा नहीं दिखाना चाहिए, क्योंकि गरीब की बददुआ बड़े से बड़े को भी धराशायी कर देती है। इसलिए हर व्यक्ति को मानवता का पालन करते हुए भूखे को भोजन और प्यासे को पानी देना चाहिए। यही सच्चा धर्म है। आज लोग बैंक के खातों को तो धन से भर रहे हैं, पर ऊपरवाले के खाते को खाली छोड़ देते हैं।




धन, पद और संपत्ति साथ नहीं जाते। मनुष्य जब किसी वस्तु को बनाता है तो उसकी गारंटी तय करता है, लेकिन अपनी सांसों की कोई गारंटी नहीं होती। इसलिए मोह-माया में पड़ने के बजाय अच्छे कर्मों से जीवन को सार्थक बनाना चाहिए। कर्म ही भाग्य को बनाता है। प्रतिभा किसी की मोहताज नहीं होती-वह हमेशा शिखर तक पहुंचाती है। सच्चाई देर से सही, पर जीतती जरूर है। इसलिए मनुष्य को सच्चाई और ईमानदारी के रास्ते पर चलते रहना चाहिए।

आज के आधुनिक युग में सच्ची मित्रता दुर्लभ हो गई है। पहले दोस्ती निस्वार्थ हुआ करती थी, अब स्टेटस और पद देखकर की जाती है। लोग यह सोचते हैं कि सामने वाला क्या कमाता है, कौन-सी गाड़ी चलाता है, उसका जीवन स्तर कैसा है—इन्हीं बातों से दोस्ती का पैमाना तय किया जाता है। गरीब और अमीर की दोस्ती बहुत कम होती है, क्योंकि अमीर अक्सर पैसे का घमंड दिखाते हैं और गरीब को तुच्छ समझते हैं। वास्तव में सच्चा मित्र वही होता है जो सुख-दुःख में साथ खड़ा रहे, जो मुसीबत में यह कहे-घबराओ मत, मैं हूं न। ऐसे मित्र दुर्लभ हैं। आजकल मतलबी दोस्त बढ़ गए हैं; मतलब खत्म होते ही दोस्ती भी खत्म हो जाती है। सच्चे दोस्त वही होते हैं जो कठिन परिस्थितियों में भी साथ निभाते हैं।

पुराने दोस्त अमूल्य होते हैं क्योंकि वे हमारे हर सुख-दुःख के साक्षी होते हैं। नए दोस्त क्षणिक होते हैं, जबकि पुराने दोस्त ताउम्र साथ निभाते हैं। आज कई लोग अमीर बनकर पुराने दोस्तों को भूल जाते हैं, गरीबों से रिश्ता छुपाते हैं, पर यह भूल जाते हैं कि गरीब का स्वाभिमान बहुत बड़ा होता है।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

# सोने-चांदी की बढ़ती कीमतें: आम आदमी की पहुंच से दूर होता स्वर्ण सपना

विश्वभर में चल रहे सैन्य संघर्षों, राजनीतिक अस्थिरता और आर्थिक अनिश्चितता के कारण सोने-चांदी की कीमतों में निरंतर उछाल देखा जा रहा है। आज आम आदमी के लिए सोना खरीदना पहले से कहीं अधिक कठिन हो गया है। निवेशक सोने को सुरक्षित निवेश का माध्यम मानते हैं, क्योंकि इसमें नुकसान की संभावना कम और मुनाफे की गुंजाइश अधिक होती है।



**सुखेदव सिंह**
**स्वतंत्र लेखकर, नूरपुर**

अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र

अमेरिका द्वारा लगाए गए व्यापारिक प्रतिबंध, वैश्विक स्तर पर चल रहे ट्रेफिक वॉर और विश्व के केंद्रीय बैंकों द्वारा सोने की बड़ी मात्रा में की जा रही खरीदारी के कारण सोने की कीमतें लगातार बढ़ रही हैं। केंद्रीय बैंक अपनी विदेशी मुद्रा भंडार को स्थिर बनाए रखने के लिए उसे सोने में बदलना आवश्यक समझ रहे हैं। वर्तमान समय में भारत में एक तोला सोने की कीमत 1,23,000 और चांदी 1,91,000 रुपए प्रति किलोग्राम तक पहुंच गई है। भारत जैसे देश में जहां सोना परंपरा और प्रतिष्ठा का प्रतीक है, वहां इसकी बढ़ती कीमतों का असर गहराई से महसूस किया जा रहा है। विवाह, त्योहार या धार्मिक अनुष्ठान बिना सोने के अधूरे माने जाते हैं। किंतु आज मध्यमवर्गीय परिवारों के लिए विवाह में सोना खरीदना लगभग असंभव होता जा रहा है।

सोने के आभूषणों का इतिहास हजारों वर्ष पुराना है। प्राचीन सभ्यताओं-मेसोपोटामिया, मिश्र, भारत, चीन और ग्रीस में सोने का उपयोग धार्मिक और सामाजिक प्रतिष्ठा के प्रतीक के रूप में होता था। हिंदू परंपरा में सोना 16 संस्कारों से जुड़ा है-जन्म से लेकर मृत्यु तक। बच्चा जन्मते ही सोने की लटकन पहनता है, विवाह में दुल्हन को मायके से सोने के गहने मिलते हैं, और मृत्यु के पश्चात भी स्वर्ण दान का महत्व बना रहता है।

वर्ल्ड गोल्ड काउंसिल के अनुसार भारतीय महिलाएं लगभग 22,000 टन सोना अपने पास रखती हैं, जो अमेरिका, जर्मनी, इटली, फ्रांस और रूस जैसे पांच बड़े देशों के संयुक्त स्वर्ण भंडार से भी अधिक है। दक्षिण भारत में कुल ज्वेलरी खरीददारी का 40 प्रतिशत हिस्सा आता है, जिसमें अकेले तमिलनाडु का योगदान 28 प्रतिशत है। चीन के बाद भारत दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा सोना उपभोक्ता देश है। सोना जितना खरा कहा जाए उतना शुद्ध कभी नहीं होता क्योंकि यह बहुत मुलायम धातु है। इसे टिकाऊ बनाने के लिए इसमें अन्य धातुएं मिलाई जाती हैं। सोने की शुद्धता कैरेट में मापी जाती है 24 कैरेट सोना 99.9% शुद्ध माना जाता है, जबकि गहने सामान्यत: 22, 18 या 14 कैरेट में बनाए जाते हैं। महंगे आभूषण खरीदते समय उपभोक्ता को कुछ विशेष बातों का ध्यान रखना चाहिए। हमेशा BIS हालमार्क और शुद्धता की जांच करें। कैरेट मीटर से गहनों का वजन और शुद्धता मिलान करें। स्टोन वाली ज्वेलरी में सोना और पत्थर का वजन अलग-अलग लिखवाएं। बिल में मेकिंग चार्ज, कैरेट और रेट स्पष्ट रूप से दर्ज करवाएं। यूनिक कोड और हालमार्क सर्टिफिकेट अवश्य लें। पुराने गहनों को बदलते समय गलाने से पहले और बाद में वजन व शुद्धता की दोबारा जांच करवाएं।



भारत में सोने की भारी मांग के कारण दुबई, बैंकॉक, मस्कट और सऊदी अरब से सोने की तस्करी लगातार बढ़ रही है।

सरकार ने हालमार्किंग को अनिवार्य बनाकर और कस्टम विभाग को सशक्त करके इस पर नियंत्रण की दिशा में कदम उठाए हैं। आज के समय में सोने में निवेश के नए साधन तेजी से लोकप्रिय हो रहे हैं। सॉवरेन गोल्ड बॉन्ड, गोल्ड ईटीएफ और डिजिटल गोल्ड जैसे विकल्प सुरक्षित निवेश के रूप में उभर रहे हैं। इन माध्यमों से बिना भौतिक रूप में सोना रखे निवेश किया जा सकता है, जिससे चोरी या नुकसान का डर नहीं रहता।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

**अनंत ज्ञान**

प्रकाशक, मुद्रक एवं मुख्य संपादक डॉ. दिलीप धाकड़ द्वारा फोकस हिमाचल मीडिया प्रा. लि. के लिए बायोसर्ट इंटरनेशनल प्रा. लि. प्लॉट नंबर 8, फेज-2 इंडस्ट्रियल एरिया, नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा (हि.प्र.), पिन नंबर-176047 से मुद्रित एवं प्रकाशित। समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन के लिए पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी।

आरएनआई संदर्भ संख्या-HPHIN/25/A0284
ई-मेल : anantgyaanmedia@gmail.com
फोन नंबर : 01892-299098

# सुंदरनगर बाईपास पर राहत की उम्मीद

## 3 माह से बंद फोरलेन की एक लेन जल्द होगी बहाल, एनएचएआई करेगी रिटेनिंग वॉल को डिस्मेंटल

**उमेश भारद्वाज, अनंत ज्ञान**

**सुंदरनगर।** किरतपुर-मनाली फोरलेन पर सुंदरनगर बाईपास के पुंघ से नौलखा के मध्य बीते तीन माह से एक ही लेन से चल रहे ट्रैफिक से परेशानी अब जल्द ही निजात मिलने की उम्मीद जग गई है। इस मार्ग पर क्षतिग्रस्त सेक्शन को ठीक करने के लिए एनएचएआई क्षतिग्रस्त रिटेनिंग वॉल को गिराने जा रही है। पीडब्ल्यूडी विभाग ने इसके लिए वैल्यूएशन रिपोर्ट तैयार कर दी है और आगामी 1-2 दिनों में यह एनएचएआई को सौंप भी दी जाएगी।



किरतपुर-मनाली फोरलेन पर सुंदरनगर बाईपास के पुंघ से नौलखा के मध्य बीते 3 माह से एक ही लेन से चल रहे ट्रैफिक से परेशानी अब जल्द ही निजात मिलने की उम्मीद जगी है।

गौरतलब है कि इस वर्ष आपदा के उपरांत तीन माह बीत जाने के बाद भी नौलखा फ्लाईओवर से शुरू होकर पुंघ की ओर लगभग एक किलोमीटर तक फोरलेन की एक लेन पर ही दोनों ओर ट्रैफिक चल रहा है। नौलखा-धनोटू फ्लाईओवर के बाद डंगा धंसने और मार्ग क्षतिग्रस्त होने के कारण बाधित है। इस वर्ष बरसात में हुई हुई भारी बरसात के दौरान रिटेनिंग वॉल गिरने के खतरे और सड़क उखड़ जाने के कारण इस लेन को बंद कर दिया गया था, लेकिन तीन महीने बीतने के बाद भी यह लेन नहीं खोली जा सकी है। इससे रिटेनिंग वॉल के ऊपर पहाड़ी पर बना एक मकान खतरे की जद में आ गया है। जहां स्थानीय निवासियों ने एनएचएआई की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाए हैं। वहीं एक साइड से नौलखा में फोरलेन बंद होने का कोई भी साइन बोर्ड एनएचएआई प्रबंधन द्वारा नहीं लगाने से दुर्घटनाओं के मामलों में भी इजाफा हुआ है। एसडीएम सुंदरनगर अमर नेगी ने कहा कि इस समस्या को लेकर एनएचएआई और पीडब्ल्यूडी विभाग से भी बात हुई है। उन्होंने कहा कि एनएचएआई शीघ्र ही

### एसडीएम बोले- रिटेनिंग वॉल हटते ही बहाल होगा फोरलेन ट्रैफिक

रिटेनिंग वॉल को गिराने जा रही है। इसके लिए एक वैल्यूएशन रिपोर्ट पीडब्ल्यूडी विभाग से दी जानी है।

विभाग ने इसकी वैल्यूएशन रिपोर्ट बना दी है और 1-2 दिन में एनएचएआई को सौंप दी जाएगी। इसके उपरांत एनएचएआई द्वारा रिटेनिंग वॉल को डिस्मेंटल करने की प्रक्रिया शुरू कर दी जाएगी। इसके उपरांत संबंधित क्षेत्र सुरक्षित हो जाएगा। अमर नेगी ने कहा कि एनएचएआई और पुलिस विभाग के निर्णय उपरांत फोरलेन की बंद पड़ी लेन को ट्रैफिक के लिए शुरू कर दिया जाएगा। फोरलेन बंद होने और ट्रैफिक डायवर्ट के साइन बोर्ड लगाने के लिए एनएचएआई को निर्देश दिए हैं। इसके लिए मौके का मुआयना भी किया जाएगा।

# सरकाघाट का चंद्र मोहन शर्मा बना 'बुलडोजर बेटा'

## जिला पार्षद ने दो माह तक अपने खर्चे से 30 संपर्क सड़कें करवाईं बहाल, ग्रामीणों को दी राहत

**रितेश चौहान, अनंत ज्ञान**

**सरकाघाट।** भारी वर्षा और प्राकृतिक आपदा के दौर में जहां सरकाघाट क्षेत्र की अनेक सड़कें लंबे समय तक बंद रहीं और लोग आवागमन से वंचित रहे, और सरकार ने इन बंद पड़ी सड़कों को खोलने में हाथ खड़े कर दिए वहीं थौना वार्ड के जिला पार्षद एवं प्रदेश के प्रसिद्ध समाजसेवी चंद्र मोहन शर्मा ने मानवीय सेवा की अनोखी मिसाल पेश की।

उन्होंने लगातार दो महीनों तक प्रयास करते हुए, पांच जेसीबी मशीनों की मदद से सरकाघाट विधानसभा क्षेत्र की की करीब 30 संपर्क सड़कों को खोलकर हजारों ग्रामीणों को राहत पहुंचाई है। जब सरकारी विभाग और मशीनरी सीमित संसाधनों के कारण असहाय नजर आए, तब चंद्र मोहन शर्मा का 'बुलडोज़र' जनता के लिए जीवनदायिनी साबित हुआ। उन्होंने अपने निजी संसाधनों से उन्होंने उन पंचायतों में मशीनें भेजीं, जहां सड़कों के अवरुद्ध होने से ग्रामीणों, मरीजों, बुजुर्गों, महिलाओं और स्कूली बच्चों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा था। चंद्रमोहन के प्रयासों से गेहरा, टिक्कर, पिंगला, भद्रवाड़, चहलोग, गाहर, गौंटा, समसौह, भरनाल और खलारड्डु पंचायतों की कई संपर्क सड़कें पुन: चालू हो सकीं।

गेहरा पंचायत में गेहरा-कुफ्रू डवरोग, जनीहण-डमैहर, जालपा माता मंदिर-लंगस, पंचायत भवन-कवाल, टिक्कर पंचायत में टिक्कर-सदोह, खील-अपर सदोह, दुर्गापुर-कोठी, बैरा-नभराणी सहित कई सड़कें बहाल की गईं।

ग्रामीणों ने बताया कि जब सरकारी सहायता समय पर नहीं पहुंची, तब उन्होंने समाजसेवी चंद्र मोहन शर्मा से बंद पड़ी सड़के खुलवाने की फरियाद लगाई चंद्र मोहन शर्मा ने तुरंत अपने खर्च पर राहत कार्य चलाकर क्षेत्र की जनता की आवाज बन गए। स्थानीय लोगों ने गर्व से कहा कि सरकाघाट का बेटा अब जनता का बुलडोजर बेटा बन गया है।

चंद्र मोहन शर्मा ने हमेशा राजनीति से ऊपर उठकर समाज सेवा को अपना ध्येय मान कर समाज सेवा के कार्य किए हैं उन्होंने पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर के विधानसभा क्षेत्र सराज में भीषण आपदा के दौरान न सिर्फ वहां की जनता को राहत सामग्री बांटने में मदद की बल्कि खुद अपने खर्चे पर जेसीबी मशीन भेज कर थुनाग क्षेत्र की बंद पड़ी सड़कों भी खुलवाया

### कोविड के दौरान भी कर चुके हैं लोगों की सहायता

चंद्र मोहन शर्मा देश प्रदेश ही नहीं बल्कि विदेशों में भी समाज सेवा के नाम पर अपना सिक्का गाड़ चुके हैं कोविद के दौरान उन्होंने खुद अपने खर्चे पर फ्लाइट भेज कर सऊदी अरब में फंसे दर्जनों प्रवासी मजदूरों को देश वापसी करवाई थी बल्कि जो हिंदू वहां पर भी बे मौत मारे गए थे उनका भी हिंदू रीति रिवाज से अंतिम संस्कार भी अपने खर्चे पर करवाया था।



चंद्र मोहन शर्मा।

### कमाई का 80 प्रतिशत दान करते हैं चंद्र मोहन

चंद्र मोहन शर्मा का देश विदेश में कारोबार है अमरीका से लेकर सऊदी अरब तक उनके कई होटल और ट्रांसपोर्ट का बिजनेस है वह अपनी कमाई का 80% तक जनता को दान प्रदान करते हैं बेहद गरीब परिवार में पैदा हुए चंद्र ने अपने पिता के मार्गदर्शन से ही समाज सेवा में क्षेत्र में कदम रखा था।

## न्यूज ब्रीफ

### धर्मपुर क्षेत्र में कल बंद रहेगी बिजली

**अनंत ज्ञान, धर्मपुर।** धर्मपुर क्षेत्र में 4 नवंबर को बिजली आपूर्ति ठप रहेगी। विद्युत उपमंडल धर्मपुर के तहत आने वाले 33/11 केवी उपकेन्द्र धर्मपुर में पावर ट्रांसफार्मर की आवश्यक मुरम्मत, रख-रखाव कार्य तथा जले हुए उपकरणों को बदलने के कार्य के चलते विद्युत आपूर्ति अस्थायी रूप से बंद रहेगी। सहायक अभियंता कमलजीत ठाकुर ने जानकारी देते हुए बताया कि सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक धर्मपुर उपकेन्द्र से जुड़े सभी फीडरों की बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी। इस दौरान 11 केवी धर्मपुर फीडर के तहत आने वाले धर्मपुर बाजार, छपानू, चकयाना सहित आसपास के गांवों में भी बिजली नहीं रहेगी। बिजली बंद रहने के कारण क्षेत्र की उठाऊ पेयजल योजनाएं कंडापतन और गंतरेलु की जल आपूर्ति भी प्रभावित रहेगी। विभाग की ओर से लोगों से अपील की गई है कि वे इस दौरान सहयोग करें और आवश्यक विद्युत कार्यों को पहले से निपटा लें ताकि असुविधा से बचा जा सके। विभाग ने आश्वासन दिया है कि निर्धारित समय में कार्य पूरा कर आपूर्ति शीघ्र बहाल कर दी जाएगी।

### सात दिवसीय एनएसएस शिविर शुरू

**अनंत ज्ञान, करसोग।** पीएम श्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला तेबन की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा सात दिवसीय विशेष शिविर का शुभारंभ प्रधानाचार्य नानक चंद की अध्यक्षता में किया गया। इस सात दिवसीय विशेष शिविर में 22 वॉलिंटियर्स भाग ले रहे हैं। प्रधानाचार्य द्वारा स्वयंसेवकों का मार्गदर्शन किया गया व उन्हें चरित्र निर्माण एवं राष्ट्रीय सेवा योजना की बारिकियां सीखने के लिए भी प्रेरित किया। उसके बाद स्वयंसेवकों द्वारा विभिन्न गतिविधियां आयोजित की गई।

### एमएससी छात्रों के लिए लगाई कार्यशाला

**अनंत ज्ञान, सुंदरनगर।** एमएलएसएम कॉलेज सुंदरनगर और आईआईटी मंडी के संयुक्त प्रयास से रसायन विभाग में एमएससी छात्रों के लिए एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला का विषय इंक्वायरी ड्राइव लर्निंग टू अचीव हायर ऑर्डर थिंकिंग स्किल- एन इंपोर्टेंट कॉम्पोनेंट इन एनईपी-2020 रहा। इस कार्यशाला का उद्देश्य छात्रों में शोध क्षमताओं को बढ़ाना था। कार्यशाला के दौरान आईआईटी मंडी के विशेषज्ञ प्रोफेसर डॉ अभिमन्यु धीर तथा शोधार्थी शगुन, मेघना और दिवांशी हांडा द्वारा रसायन प्रयोगशाला में विभिन्न प्रयोग भी करवाए गए। कॉलेज के प्राचार्य ने कार्यक्रम का उद्घाटन करते हुए छात्रों को इस अवसर का अधिकतम लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया। विभागाध्यक्ष डॉ. वन्दना सेठी ने बताया कि ऐसे संयुक्त कार्यशालाएं भविष्य में भी आयोजित की जाती रहेंगी जिससे छात्रों को आधुनिक शोध कार्यों और औद्योगिक जरूरतों से अवगत कराया जा सके। कार्यशाला में पोस्टग्रेजुएट छात्रों के साथ-साथ रसायन विज्ञान संकाय के शिक्षक डॉ. रजनी, डॉ.वंदना कुमारी, डॉ. विवेक, डॉ. वंदना शर्मा, डॉ. प्रियंका, डॉ. प्रतिभा और अन्य कर्मचारी वर्ग भी उपस्थित रहे।

### कबड्डी प्रतियोगिता के ट्रायल आयोजित

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** राज्य स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता के लिए जूनियर लड़के और लड़कियों का जिला कबड्डी एसोसिएशन द्वारा रविवार को पडडल ग्राउंड मंडी में ट्रायल आयोजित किया गया। यह जानकारी जिला कबड्डी एसोसिएशन के सचिव नेत्र सिंह ठाकुर ने दी। उन्होंने बताया कि ट्रायल एसोसिएशन के प्रधान श्याम लाल ठाकुर और अध्यक्ष टेक चंद शर्मा की देखरेख में लिए गए। इससे पहले 26 अक्टूबर को भी ट्रायल रखा गया था, लेकिन कई खिलाड़ी स्कूली राज्य स्तरीय प्रतियोगिता और इंटर यूनिवर्सिटी कार्यक्रमों में व्यस्त थे, इसलिए उनके लिए पुनः ट्रायल रविवार को आयोजित किया गया। जूनियर वर्ग की राज्य स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता 13 से 15 नवंबर तक जिला मंडी के राजगढ़ में करवाई जाएगी, जबकि सब जूनियर वर्ग की प्रतियोगिता 7 नवंबर से शिमला जुब्बल में आयोजित होगी। अच्छा प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को राज्य स्तर पर खेलने का अवसर मिलेगा। जूनियर वर्ग के चयनित खिलाड़ियों का 5 दिन का कैंप भी 9 नवंबर से राजगढ़ में लगाया जाएगा।

### 401 ने दिया खनन रक्षक का फिजिकल टेस्ट

**बालक राम, अनंत ज्ञान, पंडोह।** खनन विभाग जिला मंडी द्वारा रविवार को थर्ड आई आरबीएन पंडोह के ग्राउंड में एक दिवसीय खनन रक्षक का फिजिकल टेस्ट आयोजित किया गया। यह परीक्षण एडीसी मंडी गुरुसिमर सिंह की अध्यक्षता में कराया गया। खनन ऑफिसर मंडी शैलजा चौधरी ने बताया कि इस फिजिकल टेस्ट के लिए विभाग को कुल 401 आवेदन प्राप्त हुए थे। इनमें से 230 लड़के और 171 लड़कियों ने फिजिकल टेस्ट में हिस्सा लिया। टेस्ट प्रक्रिया में से 145 लड़के और 102 लड़कियां सफल रही। फिजिकल टेस्ट में 100 मीटर, 800 मीटर और 1500 मीटर की दौड़ कराई गई। 800 मीटर की दौड़ लड़कियों के लिए, जबकि 1500 मीटर की दौड़ लड़कों के लिए निर्धारित थी। उन्होंने बताया कि इस भर्ती में कुल 8 पद भरे जाएंगे। जो भी अभ्यर्थी मेरिट में आएगा, उसे ही नियुक्ति का अवसर मिलेगा। अधिकारी ने कहा कि पूरा चयन प्रक्रिया पारदर्शिता के साथ की जा रही है।

### वादे निभाने में नाकाम सरकार : डॉ. सीमा

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** प्रदेश भाजपा प्रवक्ता डॉ. सीमा ठाकुर ने कांग्रेस सरकार को घेरते हुए कहा कि हिमाचल प्रदेश के कई ग्रामीण क्षेत्रों में बरसात के दौरान आपदा से क्षतिग्रस्त सड़कों को स्थानीय लोग अपने स्तर पर बहाल करवा रहे हैं,



जो प्रदेश की सुखू सरकार और लोक निर्माण विभाग दोनों के लिए शर्म की बात है। उन्होंने कहा कि सरकारी डिपुओं में खाद्य पदार्थों के सैंपल और प्रदेश में स्थित दवा कंपनियों की दवाओं के सैंपल लगातार फेल हो रहे हैं, जिससे जनता के स्वास्थ्य के साथ खुला खिलवाड़ हो रहा है। कांग्रेस सरकार युवाओं को नए रोजगार देने में पूरी तरह विफल साबित हुई है। प्रतिमाह सेवानिवृत्त हो रहे कर्मचारियों के स्थान पर नई नियुक्तियां नहीं की जा रही हैं। डॉ. ठाकुर ने आरोप लगाया कि प्रदेश के कोने-कोने में चिट्टा माफिया ने अपना जाल फैला रखा है, जबकि सरकार नशे के बढ़ते प्रभाव को रोकने में गंभीर नहीं दिख रही। मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुखू ने विधानसभा चुनावों के दौरान प्रदेश की लाखों महिलाओं को हर महीने 1500 रुपये देने का वादा किया था, लेकिन ढाई वर्ष बीत जाने पर भी यह वादा अधूरा है। उन्होंने कहा कि सुखू सरकार बार-बार कर्ज लेकर प्रदेश की अर्थव्यवस्था पर बोझ बढ़ा रही है, जो प्रदेश हित में बिल्कुल भी सही नहीं है।

# 5 नवंबर को होगा श्रमिक कल्याण बोर्ड के उप कार्यालय का उद्घाटन



बालीचौकी में पत्रकारवार्ता को संबोधित करते सराज कांग्रेस ब्लॉक कमेटी के पूर्व अध्यक्ष टेक सिंह चौहान।

**नूतन ठाकुर, अनंत ज्ञान**

**बालीचौकी।** जिला मंडी के अंतर्गत आने वाले उपमंडल मुख्यालय बालीचौकी में 5 नवंबर को हिमाचल प्रदेश भवन एवं अन्य सन्निर्माण कामगार कल्याण बोर्ड के उप कार्यालय का उद्घाटन किया जाएगा।

रविवार को बालीचौकी में आयोजित एक पत्रकार वार्ता में यह जानकारी सराज कांग्रेस ब्लॉक कमेटी के पूर्व अध्यक्ष टेक सिंह चौहान ने दी। उन्होंने कहा कि इस भवन का उद्घाटन कामगार कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष नरदेव सिंह कंवर करेंगे। उन्होंने कहा कि इस कार्यक्रम में हिमाचल प्रदेश निजी शिक्षण संस्थान विनियामक आयोग के सदस्य विजय पाल सिंह भी विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे। इस अवसर पर बालीचौकी पंचायत कार्यालय के साथ लगते मैदान में एक जनसभा का भी आयोजन किया किया जाएगा। कांग्रेस नेता ने कहा कि बालीचौकी में कामगार कल्याण बोर्ड का उप कार्यालय खुलने से मजदूरों को जिला मण्डी मुख्यालय जाने से निजात मिलेगी और बोर्ड द्वारा दी जाने वाली सभी सुविधाओं के लिए बालीचौकी कार्यालय से ही आवेदन किया जाएगा। इसके अलावा कामगार कल्याण बोर्ड की पासबुक एवं पंजीकरण संबधी सभी कार्य किए जाएंगे। टेक सिंह चौहान ने बालीचौकी में उप कार्यालय खुलवाने में सराज कांग्रेस के नेता विजय पाल सिंह के प्रयासों की सराहना करते हुए मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू एवं कामगार कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष नरदेव सिंह कंवर का भी हार्दिक आभार जताया। इस अवसर पर सराज कांग्रेस विचार विभाग के अध्यक्ष होशियार सिंह ठाकुर, कांग्रेस के वरिष्ठ नेता रोशन लाल ठाकुर, पूर्व प्रधान दीवान ठाकुर और युवा कांग्रेस के खुशवंत सिंह उर्फ विक्की भी उपस्थित रहे।

# विधवा पुनर्विवाह योजना से बदल रही जिंदगी की दिशा

## वर्ष 2025-26 में जिला मंडी की 7 महिलाओं को मिला नवजीवन का सहारा

**अनिल शर्मा, अनंत ज्ञान**

**मंडी।** महिलाओं के सम्मान, सशक्तिकरण और आत्मनिर्भरता की दिशा में हिमाचल प्रदेश सरकार निरंतर कदम उठा रही है। विधवा महिलाओं के पुनर्विवाह को प्रोत्साहित करने और उनके पुनर्वास के दृष्टिगत चलाई जा रही विधवा पुनर्विवाह योजना इस दिशा में एक प्रभावी पहल साबित हो रही है। इस योजना के अंतर्गत अब तक प्रदेश में अनेक महिलाओं को लाभ पहुंचाया गया है, जो समाज में सकारात्मक परिवर्तन की मिसाल बन रही हैं। मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंद्र सिंह सुक्खू के नेतृत्व में वर्ष 2025-26 के दौरान महिला एवं बाल विकास विभाग की इस योजना से अनेक परिवारों के जीवन में खुशहाली आई है। वर्तमान प्रदेश सरकार ने इस योजना के तहत प्रदान की जा रही अनुदान राशि में भी बढ़ोतरी कर इसे दो लाख रुपए किया है। पुनर्विवाह के लिए बोनाफाइड हिमाचली दंपत्ति ही पात्र हैं। पूरे प्रदेश सहित मंडी जिला की सात पात्र महिलाओं को इस योजना के अंतर्गत सितंबर, 2025 तक दो-दो लाख रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान की गई है। यह सहायता राशि उनके



पुनर्विवाह के उपरांत आर्थिक सुरक्षा और सामाजिक पुनर्स्थापन के उद्देश्य से प्रदान की गई है। लाभार्थियों में शामिल बल्ह उपमंडल के गांव ढाबन की होमावती पत्नी परमजीत सिंह ने मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस योजना से उन्हें जीवन में नई शुरुआत करने का अवसर मिला है। उन्होंने बताया कि बचपन में पिता का निधन होने के बाद उनकी मां ने मेहनत कर उन्हें शिक्षित किया। स्नातक की पढ़ाई के बाद उन्होंने कंप्यूटर, कटिंग-टेलरिंग और ब्यूटीशियन कोर्स किए और ब्यूटी पार्लर का व्यवसाय शुरू किया।

उन्होंने बताया कि पहले पति के निधन के बाद जब पुनर्विवाह का निर्णय लिया, तब उन्हें इस योजना की जानकारी मिली। आवेदन करने पर उन्हें राज्य सरकार की ओर से दो लाख रुपए की सहायता राशि स्वीकृत हुई, जिसमें से 1.20 लाख रुपए पाँच वर्ष के लिए एफडी के रूप में जमा किए गए और 80 हजार रुपए नकद प्राप्त हुए। इस राशि से उन्होंने अपने ब्यूटी पार्लर के लिए आवश्यक सामग्री खरीदी और आज आत्मनिर्भर जीवन जी रही हैं। उन्होंने सरकार का आभार जताते हुए कहा कि मुख्यमंत्री विधवा पुनर्विवाह योजना जैसी पहल हम जैसी महिलाओं के लिए वरदान सिद्ध हो रही है। इस योजना का लाभ लेकर पात्र महिलाएं आत्मनिर्भर बन रही हैं।

इसी प्रकार गांव सकरोहा की रहने वाली लाभार्थी नीलम कुमारी पत्नी राजकुमार ने बताया कि पहले पति के निधन के बाद पुनर्विवाह करने पर उन्हें इस योजना के तहत दो लाख रुपए की राशि स्वीकृत हुई। इस सहायता से वे अपनी तीन बेटियों की पढ़ाई और जीवन-यापन में योगदान कर पा रही हैं। उन्होंने इस योजना के लिए मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंद्र सिंह सुक्खू का आभार व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि यह योजना न केवल जरूरतमंद महिलाओं को आर्थिक सहायता प्रदान कर रही है बल्कि उनके आत्मविश्वास और समाज में सम्मानजनक पुनर्स्थापन की दिशा में एक नई सोच का संचार भी कर रही है।

# ओपी हिल 1965 के शहीदों की याद में पूर्व सैनिकों ने मनाया 'विजय दिवस'

**अनंत ज्ञान, सुंदरनगर**

हिमाचल प्रदेश पूर्व सैनिक लीग के सौजन्य से ओपी हिल 1965 के वीर शहीदों की याद में सुन्दरनगर में विजय दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस भव्य आयोजन की अध्यक्षता रिवालसर सैनिक लीग के अध्यक्ष घनश्याम ठाकुर ने की, जिन्होंने पूरे उत्साह और भावनात्मक वातावरण में मंच संचालन किया। कार्यक्रम में हिमाचल प्रदेश पूर्व सैनिक लीग की जोगिंदरनगर, पालमपुर, बिलासपुर, सरकाघाट, करसोग, सुंदरनगर और रिवालसर शाखाओं के पूर्व सैनिकों तथा उनके परिवारों ने बड़ी संख्या में भाग लिया।

इस अवसर पर देश की रक्षा में वीरगति प्राप्त करने वाले और ओपी हिल 1965 के युद्ध में अपने अदम्य साहस का प्रदर्शन करने वाले वीर सैनिकों को याद कर, नमन किया गया। इस भव्य कार्यक्रम में कर्नल टी.पी.एस. राणा ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि ओपी हिल 1965 का युद्ध भारतीय सेना के शौर्य, अनुशासन और बलिदान का प्रतीक है। उन्होंने सभी पूर्व सैनिकों और शहीद परिवारों को सलाम करते हुए कहा कि राष्ट्र सदैव उनके योगदान को याद रखेगा।

इस अवसर पर 1965 के ऑपरेशन में अपनी वीरता, साहस एवं शौर्य का प्रदर्शन करने वाले कैप्टन राम सिंह, कैप्टन रोशन लाल, कैप्टन मानसिंह, हवलदार चंदूराम, हवलदार हेतराम, हवलदार कामेश्वर सिंह (सेना मेडल सम्मान), नायक हरि सिंह (सेना मेडल सम्मान) को विशेष रूप से सम्मानित किया गया। साथ ही, ऑपरेशन में शहीद हुए नायक भूपेंद्र सिंह को सम्मानपूर्वक श्रद्धांजलि अर्पित कर, उनके माता पिता को सम्मानित किया गया। वहीं कार्यक्रम को सफल बनाने में ओपी हिल 1965 पूर्व सैनिक कमेटी के सूबेदार मोहन सिंह, नायब सूबेदार अनंत राम, नायक भूपेंद्र पाल और नायक बंसी राम ने अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। कार्यक्रम के दौरान देशभक्ति गीतों और भावनात्मक पलों ने सभी को ओपी हिल 1965 के रणबांकुरों की वीरता और बलिदान की याद दिलाई।

# माता नयना देवी मंदिर में भक्तों ने की क्षेत्रपाल देव की विधिवत पूजा

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी डबरोग स्थित माता नयना देवी मंदिर परिसर में कैलू क्षेत्रपाल देव पूजन का आयोजन बड़े हर्षोल्लास और पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर क्षेत्र के लोगों ने एकजुट होकर क्षेत्रपाल देव की पूजा-अर्चना की और पारंपरिक संस्कृति को कायम रखा। आयोजन के दौरान मंदिर परिसर में हलवा प्रसाद तैयार किया गया और उपस्थित भक्तजनों में वितरित किया गया।

मंदिर कमेटी प्रधान राज कुमार शर्मा ने इस भव्य आयोजन को सफल बनाने के लिए समस्त ग्रामवासियों का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के धार्मिक आयोजन समाज में एकता, श्रद्धा और सांस्कृतिक विरासत को सुदृढ़ करते हैं। इस पावन अवसर पर ग्राम के गणमान्य व्यक्तियों श्री जीवन लाल शर्मा, बद्री दास शर्मा, ब्रह्म दास शर्मा, रूप लाल, बलदेव भारद्वाज, मनोहर लाल, राम लाल, डॉ. सुमन, राजेश, ओम चन्द, अमृत लाल, बलबीर, सुमन, धनू, सिटू, टिंकू, महेश, रवि कान्त, राकेश सहित अन्य सदस्य श्री नेक राम शास्त्री विशेष रूप से उपस्थित रहे। श्रद्धालुओं ने क्षेत्रपाल देव से गांव की सुख-समृद्धि की कामना की।

# विधायक चंद्रशेखर ने 'आपका विधायक आपके द्वार' कार्यक्रम में सुनी जनता की समस्याएं

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट**



धर्मपुर विधानसभा क्षेत्र के विधायक चन्द्रशेखर ने रविवार को 'आपका विधायक आपके द्वार' कार्यक्रम के तहत ग्राम पंचायत देवगढ़ (खजुरटी व चोलंगढ़) और ग्राम पंचायत भदेहड़ (बलेहड़ व भदेहड़) में पहुंचकर ग्रामीणों से सीधे संवाद स्थापित किया। उन्होंने पेयजल, सड़क, स्वास्थ्य और रोजगार जैसी समस्याएं सुनी और मौके पर संबंधित विभागों के अधिकारियों को त्वरित कार्रवाई के निर्देश दिए।

विधायक ने कहा कि मंझयार-फनेहल सड़क पर आपदा के समय क्षतिग्रस्त हुए 45 मीटर लंबे और 10 मीटर ऊंचे डंगे का कार्य शुरू हो गया है, जिससे सड़क जल्द बस योग्य हो जाएगी। उन्होंने भदेहड़ पंचायत घर के निर्माण कार्य और ग्रामीण संपर्क मार्गों के सुधार पर भी जोर दिया। उन्होंने युवाओं को सरकार की रोजगार व स्व-रोजगार योजनाओं का लाभ उठाने की प्रेरणा दी।

विधायक चन्द्रशेखर ने कहा कि प्रदेश सरकार का उद्देश्य ग्रामीण जनता की समस्याओं का निवारण उनके घर-द्वार पर ही करना है। उन्होंने अधिकारियों की मेहनत की सराहना करते हुए बताया कि लगभग सभी सड़कें बस योग्य बन गई हैं और उचित स्थान पर भदेहड़ पंचायत घर का निर्माण भी जल्द शुरू होगा। ग्रामीणों ने विधायक का गर्मजोशी से स्वागत किया और उन्हें सम्मानित किया। विधायक ने कहा कि सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता ग्रामीणों की बिजली, पानी, सड़क और स्वास्थ्य जैसी मूलभूत सुविधाओं का समाधान करना है।

इस अवसर पर ब्लॉक अध्यक्ष प्रकाश चन्द बबी, देवगढ़ पंचायत प्रधान संजीव कुमार, प्रधान भदेहड़ रणजीत सिंह, उप प्रधान भदेहड़ लुदर सिंह, पंचायत समिति सदस्य वार्ड कून सुदेश कुमार, पूर्व अध्यक्षा समस्या देवी, गरोडू गद्दीधार पंचायत प्रधान सुनिल कुमार, भूप सिंह, राकेश व विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

**अनदेखी** हियुन-बॉल्ह में तीन साल और स्याठी गांव के आपदा प्रभावित परिवारों को चार महीने में जमीन भी नहीं हुई चयनित: भूपेंद्र

# प्रभावितों को एक माह का किराया व फौरी राहत देकर प्रशासन नदारद

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट**

धर्मपुर उपमंडल की ग्राम पंचायत तनियार के गांव बल्ह-हियुन के एक दर्ज़न परिवार वर्ष 2023 से बेघर हैं जो तीन साल से सरकार से जमीन मिलने की आस लगाए बैठे हैं। वहीं लौंगनी ग्राम पंचायत के गांव स्याठी के डेढ़ दर्ज़न परिवार 30 जून को हुई पलयकारी बारिश के कारण बेघर हुये हैं।

इसी प्रकार तनेहड़, भद्राणा, रखेहड़ा, संधोल इत्यादि क्षेत्रों के दर्जनों परिवारों के मकान क्षतिग्रस्त हुए हैं तो धर्मपुर नगर पंचायत के नए बस स्टैंड के साथ साथ सौ से ज़्यादा दुकानें आपदा के कारण प्रभावित हुई है जिनका लाखों रुपए का नुकसान हुआ है। इन सभी प्रभवितों को सरकार ने दस दस हजार रुपए की फौरी राहत देकर अपनी फारमल्टी पूरी कर दी है और अब धीरे धीरे इसको भूलते जा रहे हैं। हालात ये हैं कि स्याठी के परिवारों को अभी तक चार में से एक महीने का क ही मकान किराया मिला है और तनियार में छह महीने का मिला था और वे सभी दो साल से जेब से किराया दे रहे हैं।



आपदा में जमींदोज हुए मकान ग्रामीणों की समस्याएं उठाते हुए भूपेंद्र सिंह।

उनको भी घर बनाने के लिए जमीन अभी तक नहीं दी गई है। बिना जमीन के सरकारी मदद भी जारी नहीं हो रही है और ये सब कोरी घोषणाएं ही साबित हो रही हैं। जिसके खिलाफ हिमाचल किसान सभा आगामी 5 नवंबर को मंडी में आपदा प्रभवितों का राज्य स्तरीय सम्मेलन आयोजित करने जा रही है। जिसमें पूरे प्रदेश के प्रभावित व किसान सभा के कार्यकर्ता भाग लेंगे। इस सम्मेलन में धर्मपुर विधानसभा क्षेत्र के आपदा प्रभावित भी भाग लेंगे और उनकी समस्याओं पर विशेष तौर पर चर्चा होगी। ये बात पूर्व जिला पार्षद भूपेंद्र सिंह ने कही। उन्होंने बताया कि संस्थाओं व आम लोगों द्वारा तो इन प्रभावितों की मदद की लेकिन विधायक व सांसद ने इन्हें अपनी निधि से एक पैसे की भी मदद नहीं कि है और अब सरकार भी इनको भूलती जा रही है इसलिए हिमाचल किसान सभा इनके मुद्दों को हल करने के उद्देश्य से ये सम्मेलन आयोजित करने जा रही है और जो भी उनकी भूमि और मकान बनाने के लिए जरूरतें हैं उन्हें सूचीबद्ध करके सरकार को भेजेगी और समाधान न होने पर संघर्ष छेड़ने की रूपरेखा तैयार करेगी।

# आपदा प्रभावित केमिस्टों के परिवारों को दी आर्थिक मदद

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट**

केमिस्ट एंड ड्रगिस्ट एसोसिएशन सरकाघाट के प्रतिनिधि मंडल ने धर्मपुर में आई भीषण बाढ़ से प्रभावित केमिस्ट परिवारों को आर्थिक सहायता प्रदान की।

बीते माह 15 सितंबर 2025 की रात भारी बारिश से धर्मपुर में हुई तबाही में जय दुर्गा मेडिकल स्टोर धर्मपुर के केमिस्ट लेखराज राणा की जलप्रवाह में बह जाने से मृत्यु हो गई थी, जबकि काव्य मेडिकल स्टोर धर्मपुर के केमिस्ट सुभाष की दुकान पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई थी। एसोसिएशन का प्रतिनिधि मंडल ड्रग इंस्पेक्टर सरकाघाट डॉक्टर कमलकांत ठाकुर की अगुवाई में पीड़ित परिवारों से मिला, उनके दुख में सहभागी हुआ और हरसंभव सहयोग का आश्वासन दिया। एसोसिएशन के महासचिव धर्मपाल शर्मा ने बताया कि इस आपदा ने पूरे प्रदेश को प्रभावित किया, परंतु धर्मपुर की क्षति अत्यधिक दुखद रही क्योंकि इसमें एक केमिस्ट भाई को खोना पड़ा। उन्होंने बताया कि एकत्रित सहयोग राशि में से भाई लेखराज राणा के परिवार को 100100 और केमिस्ट सुभाष को 50100 का चेक प्रदान किया गया।

अध्यक्ष पवन सकलानी ने कहा कि एसोसिएशन हर सदस्य के साथ परिवार की तरह खड़ी है और यह सहयोग सभी सदस्यों की एकजुटता का परिणाम है। ड्रग इंस्पेक्टर डॉक्टर कमलकांत ठाकुर ने एसोसिएशन की सक्रियता व सामाजिक सरोकारों में निरंतर योगदान की सराहना की। मौके पर उपाध्यक्ष नरेंद्र चड्ढा और सहसचिव नरेश ठाकुर भी मौजूद रहे।

# लोनिवि मंडल बंगाणा बना हुड़दंगबाजों का अड्डा

अनंत ज्ञान ब्यूरो, ऊना

उपमंडल बंगाणा का लोक निर्माण विभाग (लोनिवि) मंडल इन दिनों चर्चा में है, लेकिन वजह कोई विकास परियोजना नहीं, बल्कि लगातार हो रही मारपीट और विवाद की घटनाएं हैं।

यह विभाग, जो कभी जनता की सुविधाओं और विकास कार्यों के लिए जाना जाता था, अब टकराव और तनाव का प्रतीक बनता जा रहा है। पिछले कुछ वर्षों में यहां आधा दर्जन से अधिक हिंसक घटनाएं दर्ज हो चुकी हैं, लेकिन अब तक प्रशासनिक स्तर पर कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है। कुछ समय पहले एक पत्रकार पर ठेकेदारों द्वारा मंडल कार्यालय में हमला किया गया था, जिसने पूरे क्षेत्र में सनसनी फैला दी थी। इसके बाद एक्सियन कार्यालय में विवाद और हाथापाई की घटनाएं भी सामने आईं। पूर्व भाजपा सरकार के समय कार्यालय का घेराव तक किया गया था। कार्यों की धीमी रफ्तार और भुगतान में देरी को लेकर एबीवीपी ने भी आंदोलन किया था। ताजा मामला शुक्रवार का है, जब दिनदहाड़े एक ठेकेदार ने कार्यालय में घुसकर विभागीय कर्मचारी से गाली-गलौज की और कथित रूप से गले से पकड़कर मारपीट की। इस घटना का मामला पुलिस थाना बंगाणा में दर्ज किया गया है, परंतु आरोपी अब तक फरार है। इन घटनाओं से विभागीय कर्मचारियों में रोष व्याप्त है। उनका कहना है कि इस तरह के मामलों से कार्यस्थल पर भय और असुरक्षा का माहौल बन गया है। वहीं जनता के बीच यह सवाल उठ रहे हैं कि आखिर लोक निर्माण विभाग बंगाणा में बार-बार ऐसी घटनाएं क्यों हो रही हैं? क्या यह विभागीय लापरवाही का परिणाम है, या फिर भुगतान में देरी और कार्यप्रणाली की जटिलता ठेकेदारों को आक्रोशित कर रही है? स्थानीय लोगों का मानना है कि विभाग में पारदर्शिता की कमी और ठेकेदारों व अधिकारियों के बीच संवादहीनता इस समस्या की जड़ है। एक्सियन अरविंद लखनपाल ने भी अपनी पीड़ा जाहिर की। उन्होंने कहा कि उन पर हुए हमले को महीनों बीत चुके हैं, लेकिन आज तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई, उल्टा सोशल मीडिया पर उन्हें ट्रोल किया जा रहा है।

यह स्थिति अधिकारियों के मनोबल पर नकारात्मक प्रभाव डाल रही है। कर्मचारियों का कहना है कि संसाधन सीमित हैं, जबकि कार्य का दबाव अत्यधिक है। लगातार हो रही इन घटनाओं ने लोक निर्माण विभाग बंगाणा की छवि को गहरा आघात पहुंचाया है। यदि प्रशासन ने शीघ्र सख्त कदम नहीं उठाए, तो यह कार्यालय विकास कार्यों की जगह विवादों का केंद्र बन जाएगा। थाना बंगाणा के प्रभारी रोहित चौधरी ने बताया कि पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और आरोपी की तलाश जारी है। उन्होंने कहा कि सरकारी दफ्तरों में अशांति फैलाने वालों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# लोनिवि बंगाणा विवाद पर भाजपा का पलटवार पैसे के लेनदेन से जुड़ा मामला बताया

अनंत ज्ञान, बंगाणा



उपमंडल बंगाणा के लोक निर्माण विभाग (लोनिवि) कार्यालय में बीते दिन हुए विवाद ने अब राजनीतिक तूल पकड़ लिया है। कुटलैहड़ भाजपा मंडल अध्यक्ष राजेंद्र मलांगड़ और भाजपा किसान मोर्चा अध्यक्ष एवं पंचायत प्रधान विजय शर्मा ने कांग्रेस विधायक विवेक शर्मा और प्रदेश सरकार पर गंभीर आरोप लगाए हैं।

भाजपा नेताओं ने कहा कि लोनिवि बंगाणा में कर्मचारी और ठेकेदार के बीच हुआ विवाद किसी प्रशासनिक या व्यक्तिगत रंजिश का परिणाम नहीं, बल्कि पैसे के लेनदेन से जुड़ा मामला है। उन्होंने दावा किया कि 16 अक्तूबर को उक्त कर्मचारी के खाते में 75 हजार रुपये और 17 अक्तूबर को 35 हजार रुपये गूगल पे से भेजे गए। भाजपा नेताओं ने सवाल उठाया कि यह रकम आखिर किस उद्देश्य से ली गई थी? उन्होंने कहा कि जब ठेकेदार ने यह राशि वापस मांगी, तो कर्मचारी ने उसे धमकाया और बाद में उसी के खिलाफ उल्टा मामला दर्ज करवा दिया गया। राजेंद्र मलांगड़ और विजय शर्मा ने आरोप लगाया कि ठेकेदार ने बंगाणा थाना में अपनी शिकायत दी थी, लेकिन सत्ता के दबाव में पुलिस ने उसे ठंडे बस्ते में डाल दिया और कर्मचारी की शिकायत को प्राथमिकता दी गई। उन्होंने कहा कि यह सब कांग्रेस सरकार और स्थानीय विधायक के संरक्षण में हो रहा है। भाजपा नेताओं ने मांग की कि पूरे मामले की निष्पक्ष जांच हो और दोषियों पर कार्रवाई की जाए। दोनों नेताओं ने कांग्रेस विधायक विवेक शर्मा पर निशाना साधते हुए कहा कि उन्हें स्पष्ट करना चाहिए कि लोकनिवि में ठेकेदारों से धन उगाही करने वाले कर्मचारी आखिर किसके संरक्षण में हैं। उन्होंने कहा कि पिछले 18 महीनों में कांग्रेस राज में क्षेत्र की स्थिति बिगड़ चुकी है, अधिकारी और ठेकेदार गुटबाजी में उलझे हैं तथा विकास कार्य ठप पड़े हैं। भाजपा नेताओं ने चेतावनी दी कि यदि सरकार ने कार्रवाई नहीं की, तो पार्टी सड़क से लेकर सदन तक आंदोलन करेगी।

# टाहलीवाल में बड़ा हादसा टला

अनंत ज्ञान, टाहलीवाल।

औद्योगिक क्षेत्र टाहलीवाल में एक बड़ा हादसा टल गया। जानकारी के अनुसार, एक टैंकर को कंडा कराने के बाद पीछे किया जा रहा था, तभी अचानक उसकी ब्रेक फेल हो गई। टैंकर तेजी से पीछे की ओर लुढ़कने लगा, लेकिन ड्राइवर की सूझबूझ और त्वरित कार्रवाई से बड़ा हादसा होने से बच गया। टैंकर में मौजूद पदार्थ यदि सड़क पर गिर जाता तो भारी नुकसान हो सकता था और आग लगने की स्थिति में उसे नियंत्रित करना मुश्किल होता। सौभाग्य से टैंकर में भरा पदार्थ सुरक्षित था, जो टाहलीवाल की एक बिरोजा उद्योग में भेजा गया था। टैंकर पीछे जाते हुए पहले बिजली के खंभे से टकराया, फिर एक मकान की लोहे की पौड़ी तोड़ते हुए सड़क किनारे खड़ी इनोवा कार से टकराया और अंत में नाले में जाकर रुक गया। राहगीरों के अनुसार, घटना के समय सड़क पर कोई व्यक्ति मौजूद नहीं था, जिससे जनहानि नहीं हुई। इनोवा कार को करीब 80 हजार रुपए का नुकसान हुआ है। बिजली विभाग के एसडीओ अभिषेक ने बताया कि वे ट्रेनिंग पर हैं और घटना की जानकारी जुटाई जा रही है। थाना टाहलीवाल के एसआई संजय शर्मा ने कहा कि अब तक किसी ने शिकायत दर्ज नहीं करवाई है।

# चिंतपूर्णी में उमड़ा भक्तों का सैलाब मंदिर न्यास की कड़ी सुरक्षा व्यवस्था



चिंतपूर्णी मंदिर में पहुंचे श्रद्धालु।

अनंत ज्ञान, चिंतपूर्णी

माता श्री चिंतपूर्णी के दरबार में रविवार को भक्तों की भारी भीड़ उमड़ी। भक्तों की डबल लाइन पुराना बस स्टैंड क्रॉस कर गई, जिसे नियंत्रित करने के लिए होमगार्ड और एक्स सर्विसमैन को कड़ी मशक्कत करनी पड़ी।

पिछले रविवार के मुकाबले इस बार व्यवस्था में सुधार होने के कारण श्रद्धालुओं को दर्शन करने में कम समय लगा। मंदिर न्यास द्वारा चोर रास्तों पर लगाम लगाई गई, जिसके कारण लाइन व्यवस्था सुचारु रूप से चली। इसके अलावा, प्रवासी बच्चों को मंदिर क्षेत्र में भिक्षा मांगने से रोकने के लिए सीसीटीवी कैमरे की मदद से विशेष अभियान चलाया गया, जिससे श्रद्धालुओं को राहत मिली। मंदिर न्यास की कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच, श्रद्धालुओं ने माता की पावन पिंडी के दर्शन कर आशीर्वाद लिया। इस दौरान मंदिर प्रशासन ने श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए सभी आवश्यक इंतजाम किए थे। भीड़ को नियंत्रित करने के लिए सुरक्षा कर्मियों की तैनाती की गई थी। धूप खिली होने के कारण श्रद्धालुओं को ठंड के मौसम में दर्शन करने के लिए कोई असुविधा नहीं हुई। मंदिर प्रशासन ने श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए पेयजल, चिकित्सा सुविधा और प्रकाश व्यवस्था सहित सभी आवश्यक इंतजाम किए थे। माता चिंतपूर्णी के दरबार में भक्तों की आस्था का सैलाब उमड़ पड़ा। बच्चे, महिलाएं, बुजुर्ग और युवा सभी हाथों में नारियल, चुनरी और प्रसाद लेकर माता के दर पर हाजिरी भरने पहुंचे। मंदिर परिसर में जय माता दी के गगनभेदी नारों से गूंज उठा।

## न्यूज ब्रीफ

### युवक को अगवा कर की बेरहमी से पिटाई

अनंत ज्ञान, ऊना। हिमाचल प्रदेश के ऊना जिला के सीमांत नगर परिषद संतोषगढ़ के एक युवक के साथ हुई निर्मम वारदात ने पूरे क्षेत्र को दहला कर रख दिया है। बताया जा रहा है कि कुछ अज्ञात हमलावरों ने गन प्वाइंट पर एक युवक का देहलां स्थित उसी के गैरज से अगवा कर उसे जंगल में ले जाकर बेरहमी से पीटा और बाद में बेहोशी की हालत में नाले में फेंक दिया। पीड़ित युवक शुभम राणा पुत्र रविन्द्र कुमार निवासी वार्ड नंबर 9, संतोषगढ़ ने पुलिस को दिए बयान में बताया कि इस घटना के पीछे वे लोग हो सकते हैं, जिनके हथियार को उसने कुछ समय पहले पुलिस को सौंपा था। शुभम ने बताया कि 18 अक्टूबर को उसने चंडीगढ़-धर्मशाला नेशनल हाईवे पर स्थित अपनी वर्कशॉप के पास मिला एक देसी कट्टा पुलिस के हवाले किया था, जिसके बाद से कुछ लोग उस पर नजर रखे हुए थे। अब 1 नवंबर की शाम को जब वह एक अनजान कॉल पर गाड़ी चेक करने गया, तो उसी के बहाने उसे किडनैप कर लिया गया और बुरी तरह मारा गया। यह वारदात स्थानीय सुरक्षा व्यवस्था पर बड़े सवाल खड़े करती है।

### ट्रक से अवैध शराब की खेप बरामद

अनंत ज्ञान, ऊना। शनिवार देर रात जिला पुलिस को उस समय बड़ी सफलता हाथ लगी, जब एसआईयू ऊना की टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर एक ट्रक से भारी मात्रा में अंग्रेजी शराब बरामद की। यह ट्रक चंडीगढ़ से लेह की ओर जा रहा था और कोटला कलां के समीप रेलवे क्रॉसिंग के पास पुलिस ने इसे रोका। जांच के दौरान वाहन से 200 गत्ता पेटियां, जिनमें करीब 2400 बोतलें अंग्रेजी शराब 'ओल्ड मॉक' ब्रांड की थीं, बिना किसी लाइसेंस या परमिट के बरामद हुईं। शराब की इतनी बड़ी खेप मिलने से पुलिस प्रशासन ने इसे प्रदेश में अवैध शराब की आपूर्ति से जुड़ा गंभीर मामला बताया है।

### महाशिपुराण कथा में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

अनंत ज्ञान, गोंदपुर बनेहड़ा। गोंदपुर बनेहड़ा स्कूल के समीप शिव पार्वती राधे कृष्णा सीताराम दुर्गा मंदिर परिसर में चल रही मां शिव पुराण की कथा में आज काफी संख्या में श्रद्धालुओं ने हाजिरी लगाई। कथावाचक स्वामी महेश कृष्ण ने अपने मुखारविंद से बताया कि महा शिव पुराण की कथा का श्रवण मानव कल्याण के लिए रामबाण का काम करता है। इसका कथा के श्रवण से मानव को अच्छे कार्य करने की प्रेरणा मिलती है।

### हिमोत्कर्ष परिषद फरवरी में करेगा वार्षिक अधिवेशन

अनंत ज्ञान ब्यूरो, ऊना। हिमोत्कर्ष साहित्य, संस्कृति एवं जनकल्याण परिषद की साधारण सभा एवं राज्य कार्यकारिणी की बैठक रविवार को ऊना मुख्यालय में संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता प्रदेशाध्यक्ष जतिंद्र कंवर ने की, जबकि संचालन प्रदेश महासचिव डा. रविंद्र सूद ने किया। बैठक में परिषद की गतिविधियों की समीक्षा के साथ कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। डॉ. सूद ने बताया कि परिषद का 52वां वार्षिक अधिवेशन फरवरी 2026 में आयोजित किया जाएगा, जिसमें हिमोत्कर्ष राष्ट्रीय एकात्मकता और हिमाचलश्री पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे। परिषद ने निर्णय लिया कि 30 नवंबर को 68 पात्र विधवाओं को अमोदनी महिला सशक्तिकरण प्रकल्प के तहत तीन माह का राशन वितरित किया जाएगा। इसके अतिरिक्त, परिषद ने मुख्यमंत्री राहत कोष में 1,11,111 रुपए की राशि देने का संकल्प लिया। बैठक में एक बी-फार्मेसी छात्रा की फीस 37,500 रुपए देने, एक कैंसर पीड़ित महिला को 5,100 रुपए तथा प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रही छात्रा को पांच माह तक 2,000 रुपए मासिक सहायता देने का भी निर्णय हुआ। अब तक परिषद ने 36 विद्यार्थियों को 1.85 लाख रुपए की छात्रवृत्तियां और 68 महिलाओं को 3.06 लाख रुपए का राशन वितरित किया है। बैठक में परिषद के कई पदाधिकारी और सदस्य उपस्थित रहे।

### तलमेहड़ा स्कूल में एनएसएस शिविर का समापन

अनंत ज्ञान, जोल। राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय तलमेहड़ा की राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) इकाई द्वारा आयोजित सात दिवसीय विशेष शिविर का समापन रविवार को उत्साहपूर्वक किया गया। स्वयंसेवी विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से सभी का मन मोह लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्यातिथि रिटायर्ड ज्वॉइंट डायरेक्टर सुखदेव सिंह धीमान ने मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी सुरेंद्र शर्मा, सह प्रभारी कांता देवी, रिटायर्ड शास्त्री ओंकार दास शर्मा, सुखदेव शर्मा और कमल देव धीमान उपस्थित रहे। छात्राओं ने सरस्वती वंदना, एनएसएस गीत और 'बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ' विषय पर लघु नाटिका प्रस्तुत कर सभी को प्रभावित किया। मुख्यातिथि ने कहा कि ऐसे शिविर विद्यार्थियों में अनुशासन, सेवा भावना और सीखने की प्रेरणा जगाते हैं। विशेष अतिथि ओंकार दास शर्मा ने विद्यार्थियों से अपील की कि वे शिविर में सीखी बातों को जीवन में अपनाएं। मंच का संचालन प्रवक्ता मदन लाल ने किया, जिन्होंने विद्यार्थियों को सेवा और समाज के प्रति समर्पित रहने का संदेश दिया। अंत में मुख्यातिथियों ने शिविर में उत्कृष्ट कार्य करने वाले विद्यार्थियों को कॉपी-पेंसिल देकर सम्मानित किया। शिविर को सफल बनाने में सुनील संधु, राजीव शर्मा, विशन दास और पूरे स्कूल स्टाफ का योगदान सराहनीय रहा।

### सांस्कृतिक कार्यक्रमों से सभी को किया मंत्रमुग्ध

अनंत ज्ञान, लठियानी। उपमंडल बंगाणा के राजकीय उत्कृष्ट वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला लठियानी में राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) के सात दिवसीय विशेष शिविर का भव्य समापन एवं वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह विधायक विवेक शर्मा की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। विद्यालय पहुंचने पर प्रधानाचार्य संजीव कुमार, कार्यक्रम अधिकारी बलवंत सिंह, सह प्रभारी सविता देवी और स्टाफ ने पुष्पगुच्छ भेंट कर मुख्य अतिथि का स्वागत किया। स्वयंसेवियों ने अनुशासित मार्चपास्ट प्रस्तुत किया और सांस्कृतिक कार्यक्रमों से सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। प्रवक्ता देवेंद्र सिंह बेली ने विद्यालय की गतिविधियों और मांगों पर प्रकाश डालते हुए अतिरिक्त कक्षाओं और 'ज्ञान कक्ष' की स्थापना की आवश्यकता बताई। प्रधानाचार्य ने शिविर के दौरान हुए स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण और सामुदायिक सेवा कार्यों की जानकारी दी। मुख्य अतिथि विवेक शर्मा ने विद्यार्थियों को सेवा भावना, अनुशासन और राष्ट्रप्रेम के मार्ग पर चलने का आह्वान किया। उन्होंने विद्यालय में आगामी सत्र से सीबीएसई कक्षाओं की शुरुआत की घोषणा की और सभी मांगों को पूरा करने का आश्वासन दिया। समारोह में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर कांग्रेस पदाधिकारी, पंचायत प्रतिनिधि, विभागीय अधिकारी, शिक्षक, अभिभावक और गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# मुच्छाली को नगर पंचायत बनने पर मिला बड़ा तोहफा

## 40 परिवारों को विधायक विवेक ने बांटे पक्के मकान के स्वीकृति पत्र

अनंत ज्ञान, बंगाणा

कुटलैहड़ विधानसभा क्षेत्र के विकास कार्यों में एक और नई उपलब्धि जुड़ गई है। मुच्छाली पंचायत को नगर पंचायत बनने के बाद अब क्षेत्र के 40 परिवारों को पक्के मकान बनाने के लिए आर्थिक सहायता प्रदान की गई है।



इस योजना के तहत विधायक विवेक शर्मा ने रविवार को बंगाणा एसडीएम कार्यालय में इन पात्र परिवारों को आर्थिक सहायता के स्वीकृति पत्र प्रदान किए। इस अवसर पर विधायक विवेक शर्मा ने कहा कि यह सहायता मुख्यमंत्री सुक्खू की संवेदनशील सोच और विकासमुखी दृष्टिकोण का परिणाम है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री सुक्खू ने राजनीति से ऊपर उठकर क्षेत्र के जरूरतमंद परिवारों की मदद के लिए यह आर्थिक सहायता प्रदान की है, जिसके लिए वह उनका हार्दिक आभार व्यक्त करते हैं। विवेक शर्मा ने कहा कि मुख्यमंत्री सुक्खू का यह निर्णय इस बात का उदाहरण है कि कांग्रेस सरकार केवल राजनीति नहीं, बल्कि सेवा और विकास की भावना से काम कर रही है। विधायक ने कहा कि मुच्छाली पंचायत को नगर पंचायत का दर्जा मिलना और फिर वहां के गरीब 40 परिवारों को पक्का मकान बनाने की मदद मिलना कुटलैहड़ क्षेत्र के लिए गर्व की बात है। उन्होंने बताया कि ये परिवार लंबे समय से आवास की समस्या से जूझ रहे थे और अब सरकार की इस पहल से उनके सिर पर स्थायी छत का सपना साकार होगा। विवेक शर्मा ने स्पष्ट किया कि कुटलैहड़ क्षेत्र में विकास कार्यों और जनसेवा के लिए वे हमेशा फ्रंट लाइन पर रहेंगे। उन्होंने कहा कि सेवा, सहयोग व विकास उनके राजनीति के मूल मंत्र हैं और वे किसी भी कार्य में राजनीति या भेदभाव की भावना को स्थान नहीं देंगे।

विधायक ने कहा कि क्षेत्र के हर परिवार की समस्याओं का समाधान करना उनका कर्तव्य है और वह जनता के विश्वास पर हमेशा खरे उतरेंगे। उन्होंने कहा कि बीते 18 महीनों में कुटलैहड़ क्षेत्र में सड़क, शिक्षा, स्वास्थ्य व आवास के क्षेत्रों में तेजी से काम हुआ है। सरकार का लक्ष्य है कि कोई भी परिवार बिना पक्के मकान के न रहे और हर गांव-हर घर तक विकास की रोशनी पहुंचे। एसडीएम बंगाणा सोनू गोयल स्थानीय कांग्रेस पदाधिकारी, पंचायत प्रतिनिधि व लाभार्थी परिवार भी उपस्थित रहे।

# बड़ूही के किसानों को सिंचाई समस्या से जूझना पड़ रहा

अनंत ज्ञान, बड़ूही

उपमंडल बंगाणा के तहत आने वाली पंचायत बड़ूही के किसान इन दिनों भारी परेशानी का सामना कर रहे हैं।

पंचायत के किसान जीत सिंह ने बताया कि उनकी जमीन बड़ूही सोहारी मुख्य सड़क के साथ लगती है और इस भूमि की सिंचाई के लिए लगभग 25 से 30 वर्ष पूर्व एक सरकारी डिग्गी का निर्माण किया गया था। इसी डिग्गी के माध्यम से क्षेत्र के किसान अपनी खेती की सिंचाई करते आए हैं। हालांकि, पिछले कुछ समय से वह पाइपलाइन, जो पानी के टैंक से डिग्गी तक पानी पहुंचाती थी, पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो चुकी है। जीत सिंह ने बताया कि करीब दो वर्ष पहले उन्होंने अपनी निजी लागत पर पाइपलाइन की मरम्मत करवाई थी, परंतु अब यह फिर से टूट चुकी है। 'हम गरीब किसान हैं, बार-बार अपनी जेब से खर्च करके पाइपलाइन ठीक करवाना हमारे लिए संभव नहीं है। किसानों का कहना है कि उन्होंने इस समस्या के समाधान के लिए कई बार सिंचाई विभाग में शिकायतें दर्ज करवाईं, लेकिन अभी तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है। मजबूरन उन्हें ट्रैक्टरों के माध्यम से पानी के टैंकर लाकर फसल की सिंचाई करनी पड़ रही है, ताकि उनकी मेहनत व्यर्थ न चली जाए। जीत सिंह ने बताया कि उन्होंने इस समय अपने खेतों में आलू की फसल बोई है, जिसे हर 8-10 दिन में पानी देना आवश्यक होता है। 'यदि इसी तरह टैंकरों से पानी देना पड़ा, तो फसल की लागत बहुत बढ़ जाएगी और हमें भारी नुकसान झेलना पड़ेगा। इस संबंध में जब सिंचाई विभाग के कनिष्ठ अभियंता गणेश कुमार से बात की गई, तो उन्होंने बताया कि किसानों की समस्या विभाग के ध्यान में आ चुकी है और बहुत जल्द ही पाइपलाइन की मरम्मत का कार्य करवाकर पानी की आपूर्ति बहाल कर दी जाएगी।

# होनहार बेटियों का किया सम्मान

अनंत ज्ञान, चिंतपूर्णी। राजकीय माध्यमिक पाठशाला अमोकाला प्रीतम की तीन छात्राएं सनाया शर्मा, जय श्री और तनवी ने अंडर-14 राज्य स्तरीय बैडमिंटन प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त कर विद्यालय और क्षेत्र का नाम रोशन किया है। यह प्रतियोगिता गवर्नमेंट बॉयस सीनियर सेकेंडरी स्कूल जुब्बल, जिला शिमला में आयोजित हुई थी। इस उपलब्धि पर बुकला स्पोर्ट्स क्लब द्वारा तीनों छात्राओं का सम्मान समारोह आयोजित किया गया, जिसमें उन्हें मोमेंटो और मेडल देकर पुरस्कृत किया गया। इसी विद्यालय के छात्र तरुण कुमार ने भी गवर्नमेंट बॉयस सीनियर सेकेंडरी स्कूल चंबा में आयोजित प्रतियोगिता में तीसरा स्थान प्राप्त कर ब्राउन मेडल जीता। कार्यक्रम में रिटायर प्रिंसिपल अरुण कुमार भारद्वाज, अशोक कुमार, शुभम शर्मा, अजय कुमार, गुलजारीलाल और रवि दत्त उपस्थित रहे। विद्यालय के शारीरिक शिक्षक जितेंद्र शर्मा के मार्गदर्शन में 2014 से अब तक 12 विद्यार्थी नेशनल स्तर तक चयनित हो चुके हैं।

# हैंडबॉल में डीएवी जालंधर और बिलासपुर रहे विजेता

अनंत ज्ञान, टाहलीवाल

नेशनल हैंडबाल खिलाड़ी स्वर्गीय मनीष राणा की याद में नेहरू यूथ क्लब दुलैहड़ द्वारा राजीव गांधी स्टेडियम में करवाई जा रही हैंडबॉल प्रतियोगिता का शनिवार देर सायं समापन हो गया।

प्रतियोगिता के समापन अवसर पर हैंडबॉल कोच अनिल शर्मा ने मुख्यातिथि के रूप में शिरकत की और विजेता तथा उपविजेता टीमों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। फाइनल और सेमी फाइनल मैचों में रोमांचकारी मुकाबले खेले गए। खिलाड़ियों ने अपनी-अपनी टीमों को जिताने के लिए अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करते हुए खूब पसीना बहाया। ओपन वर्ग का फाइनल मुकाबला डीएवी जालंधर और बीएसएफ के बीच खेला गया। इसमें डीएवी जालंधर की टीम विजेता रही। अंडर-19 वर्ग में फाइनल मुकाबला मोरसिंगी और बिलासपुर की टीमों के बीच खेला गया। जिसमें बिलासपुर की टीम ने बढ़िया खेल का प्रदर्शन करते हुए विजेता का खिताब अपने नाम किया। मुख्य अतिथि के रूप में पधारे हैंडबॉल कोच अनिल शर्मा ने विजेता को अपराजिता टीमों को बधाई दी और भविष्य में अच्छे खेल के प्रदर्शन के लिए प्रेरित किया। स्वर्गीय मनीष राणा को याद करते हुए उन्होंने कहा कि मनीष एक न केवल एक बेहतरीन खिलाड़ी थे बल्कि समाज सेवा और युवाओं को खेलों के साथ जोड़ने में भी उनका योगदान सराहनी रहा है। कुछ समय पहले एक सड़क हादसे में उनका देहांत हो गया था जो कि हैंडबाल खेल जगत में अपूर्णीय क्षति है। नेहरू यूथ क्लब के प्रधान नितीश शर्मा ने बताया कि ओपन वर्ग की विजेता टीम को 31 हजार और उपविजेता टीम को 21 हजार रुपए के इनाम से सम्मानित किया।

# एनएसएस शिविर के दौरान किए अनुकरणीय कार्य

अनंत ज्ञान, गोंदपुर बनेहड़ा। गोंदपुर बनेहड़ा एनएसएस यूनिट के द्वारा शिविर के दौरान सराहनीय कार्य किया है। स्वयंसेवियों ने पाठशाला परिसर पाठशाला परिसर में स्थापित बाबा लाल की पूरी की प्रतिमा पाठशाला के आसपास के संपर्क रास्तों में स्वच्छता अभियान फूलों की क्यारी को संवार कर बढ़िया किस्म के फूल रोपित किए। एनएसएस के कार्यक्रम अधिकारी गुरमेल सिंह महिला कार्यक्रम अधिकारी प्रभजोत की अगुवाई में यह शिविर आयोजित किया गया। स्कूल प्रिंसिपल ओमराज वरिष्ठ लेक्चरर मनोज कालिया, सुर्बाला, सोनिका कालिया, बलजीत सिंह, अमरपाल ने शिविर के कुशल संचालन के लिए कार्यक्रम अधिकारी वर्ग की प्रशंसा की है, उधर गोंदपुर बनेहड़ा लो पंचायत की सदस्य एडवोकेट राजकुमारी शर्मा ने कहा कि पाठशाला के स्वयंसेवियों ने बहुत बढ़िया अनुशासनात्मक ढंग से एनएसएस शिविर में भाग लिया।

# उद्घाटन से पहले ही दरक गया 'मुख्यमंत्री लोक भवन'

## भवन की मौजूदा स्थिति के बारे में विभाग से जवाब तलब किया जाएगाः विवेक

अनंत ज्ञान ब्यूरो, ऊना

ऊना जिले के कुटलैहड़ विधानसभा क्षेत्र के प्रवेश द्वार कोटला कलां अपर में लगभग 30 लाख रुपए की लागत से बना 'मुख्यमंत्री लोक भवन' उद्घाटन से पहले ही जर्जर हालत में पहुंच गया है।



भवन की दीवारों में दरारें आ चुकी हैं, जबकि नीचे लगाई गई टाइलें करीब एक फीट तक धंस गई हैं। हाल यह है कि भवन के हॉल में कार्यक्रम आयोजित करना अब जोखिम भरा हो गया है। मुख्यमंत्री लोक भवन का शिलान्यास 27 नवंबर, 2020 को तत्कालीन कैबिनेट मंत्री वीरेंद्र कंवर द्वारा किया गया था। गांववासियों की सुविधा के लिए बनाए गए इस भवन का निर्माण पूरा हुए अभी मुश्किल से पांच महीने ही हुए हैं, लेकिन उसकी दीवारें और फर्श पहले ही जवाब दे चुके हैं। गांव के प्रधान सरजीवन कुमार का कहना है कि भवन की हालत बेहद खराब है और इसकी सूचना विभाग को दे दी गई है। उन्होंने बताया कि भवन का निर्माण विभाग ने ठेकेदार के माध्यम से करवाया था, पंचायत की इसमें कोई भूमिका नहीं रही। सुरक्षा कारणों से पंचायत ने फिलहाल भवन का उपयोग पूरी तरह बंद कर दिया है।

प्रधान ने यह भी बताया कि विभाग से कई बार आग्रह किया गया कि भवन का उद्घाटन करवाया जाए, लेकिन उद्घाटन से पहले ही इसकी दीवारें दरक गईं और टाइलें धंस गईं। वहीं, इस मामले पर प्रतिक्रिया देते हुए कुटलैहड़ के विधायक विवेक शर्मा ने कहा कि वह स्वयं इस भवन की स्थिति का जायजा लेंगे। उन्होंने कहा कि यह जांच जरूरी है कि निर्माण में त्रुटि कहां हुई और क्या भारी बारिश की वजह से नुकसान हुआ है। 'इसकी पूरी जानकारी विभाग से ली जाएगी। गांववासियों का कहना है कि लाखों रुपए की लागत से बना यह भवन आज उद्घाटन से पहले ही उपेक्षा और लापरवाही का प्रतीक बन गया है। अब देखना यह है कि विभाग इस खामियों से भरे निर्माण पर क्या कार्रवाई करता है।

संपन्न — दो दिवसीय जिला स्तरीय (सीबीएसई) खेलकूद प्रतियोगिता का सफल समापन

# एसएसआरवीएम ऊना को मिला ओवरऑल ट्रॉफी का खिताब

अनंत ज्ञान, ऊना

एसएस आर वीएम ऊना (सहोदया कॉम्पलेक्स) में केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) की दो दिवसीय जिला स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का समापन सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। समापन समारोह में उपायुक्त ऊना जतिन लाल ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की।



जिला स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता में ओवरऑल ट्रॉफी हासिल करने वाली टीम।

इस दो दिवसीय प्रतियोगिता में जिले के सीबीएसई से संबद्ध 10 विद्यालयों के 425 खिलाड़ियों ने विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं में प्रतिभा का प्रदर्शन किया। उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर एसएसआरवीएम ऊना ने कुल 37 अंकों के साथ ओवरऑल ट्रॉफी अपने नाम की। उपायुक्त जतिन लाल ने अपने संबोधन में आयोजनकर्ताओं, शिक्षकों और विद्यार्थियों को प्रतियोगिता के सफल आयोजन पर बधाई दी। उन्होंने कहा कि खेल जीवन का अभिन्न हिस्सा हैं, जो न केवल शारीरिक बल बल्कि मानसिक दृढ़ता और अनुशासन भी विकसित करते हैं। उन्होंने विद्यार्थियों से आह्वान किया कि वे पढ़ाई के साथ-साथ खेलों में भी समान रुचि दिखाएं, क्योंकि यही संतुलित व्यक्तित्व निर्माण का आधार है।

इस प्रतियोगिता का शुभारंभ 31 अक्तूबर को अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुरेंद्र शर्मा द्वारा किया गया था। दो दिनों तक चले इस आयोजन के दौरान खिलाड़ियों ने जोश, उत्साह और खेल भावना का परिचय दिया, जिससे पूरा माहौल ऊर्जावान बना रहा। इस खेलकूद प्रतियोगिता में लड़के और लड़कियों की कबड्डी, खो-खो, बॉलीवाल, चैस, रेसलिंग और परेड प्रतियोगिताएं आयोजित की गई। लड़कियों की कबड्डी प्रतियोगिता में एसएसआरवीएम ऊना विजेता, एसएसआरवीएम नया नंगल उपविजेता और लड़कों में एसएसआरवीएम नया नंगल विजेता और एसएसआरवीएम ऊना उप विजेता रहे। लड़कियों की बालीवॉल प्रतियोगिता में शांति इंटरनेशनल विजेता, एसएसआरवीएम नया नंगल उपविजेता और लड़कों की बॉलीवॉल प्रतियोगिता में शांति इंटरनेशनल विजेता और एसएसआरवीएम ऊना उपविजेता रहे। लड़कियां की खो-खो प्रतियोगिता में एसएसआरवीएम ऊना विजेता, जेएस विजडम उप विजेता जबकि लड़कों में एसएसआरवीएम ऊना विजेता और जेएस विजडम उप विजेता रहा। लड़कियों की रेसलिंग प्रतियोगिता में जेएस विजडम विजेता, एसएसआरवीएम उपविजेता जबकि लड़कों की श्रेणी में जेएस विजडम विजेता और एसएसआरवीएम ऊना उप विजेता रहा। चेस प्रतियोगिता में लड़कियों के वर्ग में एसएसआरवीएम ऊना विजेता, रूद्रा इंटरनेशनल उप विजेता जबकि लड़कों में जेएस विजडम विजेता और रोकफोर्ड उपविजेता रहे। इसके अलावा परेड कम्पीटीशन में एनसीसी कैडेट्स ऊना ने प्रथम, एसएसआरवीएम नया नंगल ने दूसरा और रूद्रा इंटरनेशनल ने तीसरा स्थान प्राप्त किया।

# एमसी क्षेत्र में बिना लाइसेंस के तंबाकू उत्पादों की बिक्री पर होगी कड़ी कार्रवाई

अनंत ज्ञान, ऊना



नगर निगम ऊना ने तंबाकू उत्पादों की बिक्री से संबंधित नियमों के पालन को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से एक विशेष जागरूकता एवं जांच अभियान प्रारंभ किया है।

संयुक्त आयुक्त मनोज कुमार ने अपील की है कि सभी दुकानदार जो तंबाकू, सिगरेट, बीड़ी, गुटखा अथवा अन्य निकोटीन उत्पादों की बिक्री करते हैं, वे यह सुनिश्चित करें कि उनके पास नगर निगम द्वारा जारी वैध व्यावसायिक लाइसेंस हो। उन्होंने बताया कि जिन दुकानदारों के पास वर्तमान में लाइसेंस नहीं है, वे 10 नवंबर तक नगर निगम कार्यालय में आवेदन कर आवश्यक औपचारिकताएं पूर्ण कर लें। आवेदन के लिए प्रार्थना-पत्र का प्रारूप नगर निगम कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता है। उन्होंने बताया कि बिना लाइसेंस तंबाकू, सिगरेट, बीड़ी, गुटखा या अन्य निकोटीन उत्पादों की बिक्री दण्डनीय अपराध है, जिसके लिए संबंधित दुकानदार पर एक लाख रुपये तक का जुर्माना लगाया जा सकता है। इसके अतिरिक्त खुले सिगरेट या बीड़ी बेचने पर 15,000 रुपए तक का जुर्माना निर्धारित किया गया है। उन्होंने कहा कि स्कूलों, कॉलेजों और धार्मिक स्थलों के आसपास तंबाकू उत्पादों की बिक्री पूर्णतः प्रतिबंधित है।

इस नियम का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध तत्काल कार्रवाई की जाएगी। संयुक्त आयुक्त ने कहा कि यह कदम युवाओं एवं बच्चों को तंबाकू सेवन से दूर रखने तथा नगर निगम क्षेत्र को स्वच्छ और तंबाकू-मुक्त बनाए रखने की दिशा में उठाया गया है। मनोज कुमार ने नगर निगम क्षेत्र के सभी संबंधित व्यवसायियों से आग्रह किया है कि वे समय पर अपने लाइसेंस बनवाकर नगर निगम के नियमों के पालन में सहयोग करें, ताकि ऊना नगर को तंबाकू-मुक्त नगर बनाने के लक्ष्य को साकार किया जा सके।

# छह देवताओं की शोभायात्रा के साथ सिराज उत्सव का आगाज



आनी के ऐतिहासिक राजा रघुवीर सिंह स्टेडियम में रविवार को सिराज उत्सव का शुभारंभ धूमधाम से हुआ।

जितेंद्र गुप्ता, अनंत ज्ञान

**आनी।** आनी के ऐतिहासिक राजा रघुवीर सिंह स्टेडियम में रविवार को सिराज उत्सव का शुभारंभ बड़ी धूमधाम से हुआ। इस बार उत्सव में क्षेत्र के छह देवताओं शमशरी महादेव, देवता पनेउई नाग, ओलवा के कुलक्षेत्र महादेव, जगेश्वर महादेव, कुंईर के व्यास ऋषि और शगागी नाग की पावन उपस्थिति में भव्य शोभायात्रा निकाली गई।

परंपरा और आस्था के इस अद्भुत संगम ने पूरे क्षेत्र में देवध्वनि और उल्लास का वातावरण बना दिया। मुख्यातिथि के रूप में पहुंचे आनी विधानसभा क्षेत्र के विधायक लोकेंद्र कुमार ने रिबन काटकर और दीप प्रज्वलित कर मेले का विधिवत शुभारंभ किया। इस अवसर पर कन्या विद्यालय आनी और मिशन स्कूल की छात्राओं ने रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से समां बांध दिया। मेला कमेटी के अध्यक्ष यूपेंद्र कांत मिश्रा ने बताया कि तीन दिवसीय इस उत्सव में 'मिस आउटर सिराज' और 'वॉयस ऑफ आउटर सिराज' जैसी प्रतियोगिताएं मुख्य आकर्षण रहेंगी। इसके अलावा प्रदेश और देशभर के करीब 200 नामी पहलवान कुश्ती दंगल में अपनी ताकत का प्रदर्शन करेंगे। युवाओं के लिए फैशन शो, नृत्य, गायन व अन्य प्रतियोगिताएं भी आयोजित की जाएंगी। उन्होंने कहा कि सिराज उत्सव लवी मेला प्रदेश की कला, संस्कृति और परंपराओं का अद्वितीय संगम है। इस वर्ष आयोजन में स्थानीय कलाकारों के साथ-साथ प्रदेशभर से आने वाले प्रसिद्ध स्टार कलाकार भी मंच सजाएंगे।

## नशे से दूर रहने का संदेश देने को हिडिंबा मंदिर से अटल टनल तक दौड़े धावक चमन



अनंत ज्ञान, मनाली

मंडी के 22 वर्षीय राष्ट्रीय धावक चमन ने रविवार को माता हिडिंबा मंदिर से लेकर अटल टनल तक दौड़कर नशे से दूर रहने व पर्यटकों के लिए सुरक्षित है मनाली का संदेश दिया।

माता हिडिंबा से सुख समृद्धि का आशीर्वाद लेने के बाद उन्होंने अपना सफर शुरू किया। माता हिडिंबा के पुजारी शाम लाल शर्मा ने हरी झंडी देकर रवाना किया। चमन ने माता हिडिंबा मंदिर से बाया शनाग, बुरुआ व सोलंगनाला होते हुए अटल टनल तक लगभग 26 किमी की दूरी दो घंटे 26 मिनट में पूरी की। इस आयोजन को सफल बनने में होटल एसोसिएशन के निवर्तमान उपाध्यक्ष रोशन ठाकुर ने अपना सहयोग दिया। धावक चमन ने बताया कि मैदानी क्षेत्रों में तो उन्होंने बहुत सी मैराथन में भाग लिया है लेकिन ऊंचाई वाले क्षेत्र की यह उनकी पहली मैराथन रही। उन्होंने कहा कि बीच में उन्हें दिक्कत भी हुई लेकिन अपना यह सफर दो घंटे 26 मिनट में पूरा किया। उन्होंने बताया कि उन्होंने 2017 में खेलो इंडिया में भाग लिया था तथा देश में चौथे नंबर पर रहे थे। चमन ने बताया कि उन्होंने प्रदेश में 25 गोल्ड मेडल, जबकि देश में 123 गोल्ड मेडल लेकर देश का नाम रोशन किया है। उन्होंने देश विदेश के पर्यटकों को संदेश देते हुए कहा कि वो लोग अब निसंकोच होकर मनाली घूमने आ सकते है। बरसात के कारण बिगड़े हालात अब सुधर गए हैं।

पर्यटक मनाली आकर सभी पर्यटन स्थलों में घूम सकते है। होटल एसोसिएशन के निवर्तमान उपाध्यक्ष रोशन ठाकुर ने भी देश विदेश के पर्यटकों से आग्रह किया कि वो बिना किसी शंका के मनाली घूमने आएं और यहां के पर्यटन स्थलों में घूमने का आनंद लें। उन्होंने राष्ट्रीय धावक चमन को माता हिडिंबा मंदिर से अटल टनल तक की दूरी दो घंटे 26 मिनट में पूरा करने पर बधाई दी।

# विंटर कार्निवाल से पहले मनाली को मिल जाएगी बाइपास सड़क

अनंत ज्ञान, मनाली



- ओल्ड मनाली से साबा रेस्टोरेंट तक सड़क का कार्य युद्धस्तर पर जारी
- 1800 मीटर लंबी सड़क और मनालसु नदी पर 80 मीटर लंबा बनेगा पुल

ओल्ड मनाली से साबा रेस्टोरेंट तक सड़क का कार्य शुरू हो गया है। 1800 मीटर लंबी सड़क और मनालसु नदी पर 80 मीटर लंबा पुल बनना प्रस्तावित है। सड़क का कार्य युद्धस्तर पर जारी है। कार्य की रफ्तार को देखते हुए लग रहा है कि विंटर कार्निवाल तक मार्ग तैयार हो जाएगा। इस मार्ग के बनने से सर्किट हाउस, डूंगरी व लोहट में ट्रैफिक का बोझ कम होगा।

साबा रेस्टोरेंट से ओल्ड मनाली के क्लब हाउस तक 32 करोड़ से बनने वाली बाईपास सड़क का गत सोमवार को विधायक भुवनेश्वर गौड़ ने भूमि पूजन कर निर्माण कार्य का विधिवत शुभारंभ किया था। इस सड़क के बनने से पर्यटन नगरी में पर्यटन सीजन के दौरान लगने वाले जाम से निजात मिलेगी। बाईपास मार्ग के अलावा मनालसु नाले में पुल भी बनेगा। मनालसु नदी पर 80 मीटर पुल का निर्माण कार्य हालांकि शुरू होना है लेकिन बाईपास को मनाली गांव से जोड़ने के लिए मनालसु में वैली ब्रिज बन रहा है। मनाली के ग्रामीण दिले राम, पन्ना लाल, राकेश व डोले राम ने कहा कि इस सड़क के बनने के बाद मनाली की सड़कों से वाहनों का आधा बोझ घट जाएगा।

उन्होंने कहा कि हिडिंबा मंदिर, मनु मंदिर मार्ग पर जाम से फंसने वाले पर्यटक और स्थानीय लोग आसानी से बाजार पहुंच सकेंगे। उन्होंने बताया कि सिस्सू, अटल टनल और सोलंगनाला के लिए भी यह अतिरिक्त मार्ग होगा। उन्होंने कहा कि इस मार्ग के बन जाने से हिडिंबा मंदिर से लेकर सोलंगनाला तक हजारों की आबादी को लाभ मिलेगा। विधायक भुवनेश्वर गौड़ ने कहा कि बरसात में बाढ़ व बारिश से मनाली विधानसभा क्षेत्र को भारी नुकसान हुआ है। सरकार ने तीव्र गति से राहत कार्यों को पूरा किया है। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में हालत और बेहतर होंगे। विधायक ने उम्मीद जताई कि कार्निवाल तक सड़क बनकर तैयार हो जाएगी।

## खो-खो प्रतियोगिता का आयोजन

**अनंत ज्ञान, भुंतर।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला भुंतर में अंडर-18 खो-खो प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

यह प्रतियोगिता जिला एमेच्योर खो- खो संघ कुल्लू के द्वारा आयोजित की गई। प्रतियोगिता में जिला कुल्लू के स्टूडेंट्स ने भाग लिया। इस कार्यक्रम के मुख्यातिथि स्कूल के प्रधानाचार्य तिलक राज जबकि संजय गुप्ता सेवानिवृत्त मुख्य अध्यापक विशिष्टातिथि के रूप में उपस्थित रहे। मुख्यातिथि और विशिष्टातिथि को संघ के द्वारा सम्मानित किया गया। चयनित प्रतिभागी 8 व 9 नवंबर को जुखाला जिला बिलासपुर में राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में कुल्लू जिले का प्रतिनिधित्व करेंगे। इस प्रतियोगिता में संघ के वरिष्ठ उपाध्यक्ष रहमत चौहान, उपाध्यक्ष पीतांबर राणा, देवचंद, विजय ठाकुर, दीनदयाल, सुशील शर्मा, थर्मन ठाकुर और बुधराम ने चयन समिति के रूप में भाग लिया जिसकी जानकारी संघ के उपाध्यक्ष पीतांबर राणा ने दी।

## अल्पसंख्यक व विकलांग वर्ग का आर्थिक सामाजिक उत्थान उद्देश्य : मनोज कुमार

अनंत ज्ञान ब्यूरो, काजा

राष्ट्रीय अल्पसंख्यक विकास एवं वित्त दिल्ली एवं हिमाचल प्रदेश अल्पसंख्यक वित्त एवं विकास निगम के संयुक्त तत्वावधान में रविवार को जनजातीय उपमंडल काजा में जागरूकता शिविर का आयोजन किया।

हिमाचल प्रदेश अल्पसंख्यक वित्त एवं विकास निगम शिमला के प्रबंध निदेशक मनोज कुमार ने इस शिविर की अध्यक्षता करते हुए कहा कि निगम का उद्देश्य केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा प्रायोजित योजनाओं को सामाजिक एवं आर्थिक तौर पर पिछड़े अल्पसंख्यक समुदायों को आय सृजन के लिए योजनाओं को चलाने के लिए कम ब्याज दरों पर धन उपलब्ध करवाना है, ताकि उन्हें स्वरोजगार प्रदान करने के साथ-साथ उनकी आर्थिकी को सुदृढ़ किया जा सके। उन्होंने कहा कि निगम सामाजिक, आर्थिक और शिक्षा के क्षेत्र में पिछड़े अल्पसंख्यक लोगों के उत्थान हेतु कार्य कर रहा है जिसके अंतर्गत अल्पसंख्यक व्यक्तियों को शिक्षा एवं प्रशिक्षण से उन्हें सामर्थ्य और आत्मनिर्भर बनाने के लिए प्रशिक्षण प्रदान करना तथा कम ब्याज दरों पर स्वरोजगार के लिए ऋण उपलब्ध करवाना है, ताकि अल्पसंख्यक व विकलांग वर्ग के व्यक्तियों का आर्थिक और सामाजिक उत्थान हो सके।

### विभिन्न ऋण योजनाएं चलाई जा रही

**निगम** द्वारा अल्पसंख्यक समुदाय के लोगों को स्वरोजगार प्रदान करने के उद्देश्य से कम ब्याज दरों पर ऋण उपलब्ध करवाने के लिए विभिन्न ऋण योजनाएं चलाई जा रही है जिसमें टर्म लोन योजना, सूक्ष्म वित्त पोषण योजना तथा विरासत योजना शामिल है। अल्पसंख्यक समुदाय के लोगों को लघु व्यापार, सेवा क्षेत्र में रोजगार उपलब्ध करवाने के लिए ऋण राशि के आधार पर तीन प्रतिशत से लेकर 8 प्रतिशत वार्षिक ब्याज दर पर ऋण उपलब्ध करवाया जाता है।

## सोझा व जालोड़ी गांव का किया जाए जियोलॉजिकल सर्वे

अनंत ज्ञान, बंजार



जिला कुल्लू में इस बार आपदा ने खूब कहर बरपाया है। जिला की जिभी घाटी में भी भारी बारिश और बादल फटने से भारी नुकसान देखने को मिला।

इसमं सोझा व जालोड़ा गांव भी आपदाग्रस्त हैं। यहां गांव के पास ही पहाड़ी पर धंसाव के कारण गांव में बड़ी बड़ी दरारें आ गई हैं। जिस कारण लगभग 12 से 15 घरों में दरारें आने से भारी नुकसान हुआ है और भविष्य के लिए भी गांव पर खतरा मंडराने लगा है। इस विषय को लेकर सजवाड़ पंचायत व जलोड़ी टनल संघर्ष समिति के सदस्यों का एक प्रतिनिधिमंडल उपायुक्त कुल्लू तोरुल एस रवीश से मिला और प्रतिनिधिमंडल ने ज्ञापन के माध्यम से गांव पर मंडरा रहे खतरे के बारे में उन्हें अवगत करवाया और धरातल स्थिति की रिपोर्ट भी साझा की। साथ ही सोझा व जलोड़ा गांव का जियोलॉजिकल सर्वेक्षण करवाने की भी मांग रखी। प्रतिनिधिमंडल ने बताया कि प्रस्तावित जलोड़ी टनल एप्रोच मार्ग भी इस क्षेत्र से बनाया जाना है। इस कारण यह मामला और भी चिंता जनक बन जाता है। इस मौके पर जलोड़ी टनल संघर्ष समिति महासचिव पदम सिंह ने बताया कि हाईवे निर्माण कार्य के दौरान रिहायशी इलाकों के आस-पास ढलान में बिल्कुल भी छेड़छाड़ न करें, ताकि ऊपर और नीचे की बस्तियों की लंबे समय तक सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके। ढलान को माबूत करने, घरों में दरारों को ठीक करने और उच्च गुणवत्ता वाले ड्रेनेज मैनेजमेंट के उपाय तुरंत आधार पर किए जाने चाहिए ताकि जन हानि से बचा जा सके। जिन घरों में दरारें आई है उन्हें पूर्णत: क्षतिग्रस्त माना जाए ताकि सरकारी सहायता मिल सके क्योंकि उपरोक्त घरों में रहना अब ख़तरे से खाली नहीं है। ग्राम पंचायत सजवाड़ और संघर्ष समिति ने मांग कि है सोझा और जालोड़ा के अस्थिर क्षेत्र में किसी भी तरह की ढलान कटिंग और नए निर्माण को सीबीआरआई रुड़की और जीएसआई द्वारा जियोटेक्निकल जांच बिना नहीं किया जाना चाहिए और नई अप्रोच रोड के लिए जितना हो सके पुरानी सिंगल लेन लिंक रोड का इस्तेमाल किया जाना चाहिए।

वहीं, प्रधान ग्राम पंचायत सजवाड़ नीलम कुमारी और उप- प्रधान विजय ठाकुर ने कहा है कि ऐसी ही स्थिति उर्नी ढांक (किन्नौर) और बंदल गांव (शारची पंचायत, बंजार) में ग्रामीणों ने भी झेली थी, और अगर कोई उपाय नहीं किए गए या छेड़छाड़ की अनुमति दी गई तो हमारे इलाके में भी ऐसा ही होने की पूरी संभावना है।

## अब प्लास्टिक फैलाना नहीं, पेड़ लगाना बना पर्यटन का नया ट्रेंड

अनंत ज्ञान, तीर्थन

हिमाचल में अब पर्यटन का मतलब सिर्फ सैर सपाटा नहीं, बल्कि पर्यावरण संरक्षण भी है। हिमालय की मनमोहक तीर्थन घाटी में आने वाले पर्यटकों ने एक नया और प्रेरणादायक उदाहरण प्रस्तुत किया है। भारत की अग्रणी ट्रैवल कंपनी एक्सपीडिया के 20 सदस्य हाल ही में तीर्थन घाटी के सनशाइन हिमालयन कॉटेज ईकोलॉज पहुंचे। वहां उन्होंने सिल्वर ओक के पौधे लगाकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया।

इस पौधरोपण अभियान का नेतृत्व आर्चित, राजेश चड्ढा और एकता ने किया। टीम के सदस्यों ने कहा कि अगर हर पर्यटक अपनी यात्रा के दौरान पर्यावरण की जिम्मेदारी समझे और पेड़ लगाने जैसी छोटी पहल करे, तो आने वाली पीढ़ियों के लिए एक स्वच्छ और हरा-भरा पर्यावरण छोड़ा जा सकता है। इस मौके पर हिमालयन वॉलंटियर टूरिज्म के संस्थापक और ईको-टूरिज्म सलाहकार पंकी सूद ने कहा कि यह कदम सराहनीय है और इसे हर पर्यटन गतिविधि का हिस्सा बनाया जाना चाहिए।

उन्होंने कहा कि सच्चा पर्यटन वही है जो स्थानीय पर्यावरण और संस्कृति दोनों को सहेजे। अभियान के दौरान एक्सपीडिया टीम ने कोई भी प्लास्टिक या कचरा नहीं फैलाया। उनके इस ईको-फ्रेंडली व्यवहार के लिए सनशाइन हिमालयन कॉटेज की ओर से उन्हें 'ईको क्रेडिट्स' देकर सम्मानित किया गया, जिन्हें वे अपनी अगली यात्रा में उपयोग कर सकेंगे। धीरे-धीरे तीर्थन घाटी हिमाचल प्रदेश में सस्टेनेबल टूरिज़्म का एक बेहतरीन उदाहरण बनती जा रही है, जहां पर्यटक और प्रकृति दोनों साथ-साथ आगे बढ़ रहे हैं।

## न्यूज ब्रीफ

### 4 व 5 को जिला स्तरीय वॉलीबाल प्रतियोगिता

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू।** जिला मुख्यालय कुल्लू के ढालपुर स्थित मैदान में चार और पांच नवंबर को कुल्लू जिला वॉलीबॉल प्रतियोगिता का आयोजन होगा। जानकारी देते हुए कुल्लू जिला बॉलीबाल संघ के अध्यक्ष रमन ठाकुर ने बताया कि जिला स्तरीय इस प्रतियोगिता में जिलाभर की टीमें भाग लेंगी। उन्होंने सभी टीमों से प्रतियोगिता में भाग लेने की अपील की है। उन्होंने जानकारी देते हुए बताया कि इस दौरान जो खिलाड़ी बेहतर प्रदर्शन करेंगे उनका राज्य स्तर पर होने वाली प्रतियोगिता के लिए चयन होगा। राज्य स्तरीय प्रतियोगिता 14, 15 और 16 नवंबर को बद्दी में आयोजित की जाएंगी।

### 50 मरीजों को सर्जरी व परामर्श प्रदान किया

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू।** रघुनाथ हॉस्पिटल व रघुनाथ फाउंडेशन की ओर से रघुनाथ क्लिनिक, जरी में शल्य चिकित्सा (सर्जिकल) विशेषज्ञ स्वास्थ्य शिविर का सफल आयोजन किया गया। यह शिविर स्थानीय लोगों की मांग पर आयोजित किया गया था, जो हाल ही में महिला स्वास्थ्य शिविर की सफलता के बाद आयोजित किया गया। इस शिविर का नेतृत्व रघुनाथ हॉस्पिटल के जनरल व लेप्रोस्कोपिक सर्जन डॉ. नासिर अली ने किया। डॉ. अली व उनकी टीम ने करीब 50 मरीजों की जांच की और उन्हें सर्जरी व सामान्य शल्य चिकित्सा से संबंधित परामर्श एवं उपचार प्रदान किया। शिविर में पेट, हर्निया, थायरॉइड, पित्ताशय एवं अन्य सामान्य सर्जरी से संबंधित समस्याओं के रोगियों को जांच और उचित सलाह दी गई। स्थानीय लोगों ने इस पहल की सराहना की और नियमित रूप से ऐसे शिविरों के आयोजन की मांग की। रघुनाथ हॉस्पिटल व रघुनाथ फाउंडेशन की ओर से बताया गया कि अब हर शनिवार को रघुनाथ क्लिनिक, जरी में विभिन्न विभागों के विशेषज्ञ डॉक्टरों द्वारा विशेष स्वास्थ्य शिविर आयोजित किए जाएंगे, ताकि पार्वती घाटी के लोगों को गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं उनके क्षेत्र में ही उपलब्ध कराई जा सकें।

## कुल्लू कॉन्वेंट स्कूल ने धूमधाम से मनाया वार्षिक समारोह

# अटल सदन में हुए रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम

अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू

कुल्लू कॉन्वेंट स्कूल ढालपुर की ओर से इस बार भी धूमधाम से अपना वार्षिक वितरण समारोह धूमधाम से मनाया गया।

कुल्लू के अटल सदन स्थित सभागार में दो दिनों तक वार्षिक समारोह की खूब धूम रही। समारोह के पहले दिन अरण्यपाल कुल्लू संदीप शर्मा मुख्यातिथि के रूप में उपस्थित रहे, जबकि दूसरे दिन आईटीबीपी के कमांडेंट दवेंद्र सिंह परमार मुख्यातिथि के रूप में उपस्थित रहे। स्कूल के एमडी सुरेश कुमार और एडमिस्टेटर ऋतु ठाकुर ने कुल्लवी परंपरा के अनुसार कुल्लवी टोपी व शॉल पहनाकर दोनों दिन मुख्यातिथियों का स्वागत किया। सबसे पहले सरस्वती वंदना हुई और उसके बाद स्वागत गीत गाया गया। इस अवसर पर स्कूली छात्राओं ने विभिन्न तरह के सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश किए। प्लस टू मेडिकल की छात्राओं ने अपने नृत्य में धूम मचाई। इस अवसर पर नृत्य के अलावा ऑपरेशन सिंदूर नाटक, नशे के खिलाफ नाटक व गर्वा नृत्य किया गया। इसके अलावा विभिन्न प्रकार के कार्यक्रम भी अटल सदन सभागार में आयोजित किए गए।



मुख्यातिथि अरण्यपाल कुल्लू संदीप शर्मा को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित करते हुए एमडी सुरेश कुमार।

### बच्चों का सर्वांगीण विकास उद्देश्य : सुरेश

**इस** अवसर पर स्कूल के एमडी सुरेश कुमार ने कहा कि दो दिनों में 730 बच्चों ने कार्यक्रम में भाग लिया और मंच साझा किया। उन्होंने कहा कि हमारे स्कूल में शिक्षा सिर्फ किताबों तक सीमित नहीं बल्कि बच्चों का सर्वांगीण विकास करना है। उन्होंने कहा कि यह सिर्फ कार्यक्रम नहीं यह बच्चों के लिए उम्र भर के लिए यादगार बनती है। इस मंच से बच्चों का मनोबल बढ़ता है। उन्होंने कहा कि कुल्लू कान्वेंट स्कूल की नींव बड़ी पक्की है और 25 वर्षो से सैंकड़ों बच्चों को पढ़ाया। हमें गर्व होता है जब हमारे बच्चे भारत के विभिन्न क्षेत्रों में बेहतरीन सेवाएं देते हैं। जब बच्चे अपने माता-पिता,स्कूल व प्रदेश का नाम का रोशन करते हैं तो हमें खुशी होती है। एक सफल आयोजन के लिए उन्होंने सभी का आभार व्यक्त किया।

## केंद्र और राज्य सरकार जातिगत आरक्षण को दे रही बढ़ावा : पठानिया

अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू

कुल्लू जिला राजपूत संघ की मासिक बैठक रविवार को जिला अध्यक्ष सुदर्शन पठानिया की अध्यक्षता में शीतला माता मन्दिर परिसर सरवरी में आयोजित हुई।

बैठक में विभिन्न विषयों पर चर्चा के पश्चात निम्नलिखित प्रस्ताव पारित किए गए। जिला अध्यक्ष सुदर्शन पठानिया ने बताया कि केंद्र व राज्य सरकार जातिगत आरक्षण को बढ़ावा दे रही है, जिस कारण राजपूत समाज में भारी रोष बढ़ता जा रहा है। उन्होंने कहा कि स्कूल, कॉलेजों में पढ़ रहे छात्रों की सभी तरह की फीस, छात्रवृत्ति, प्रवेश परीक्षा अन्यों छूट सामान्य वर्ग के बच्चों को भी मिलनी चाहिए,इसमें सरकारों को सभी बच्चों को एक समान छूट देनी चाहिए। उन्होंने कहा कि प्राईमरी स्कूलों में पढ़ रहे बच्चे को जातिगत आधार पर वर्दियां इत्यादि दी जाती है क्या क्या राजपूत समाज में गरीब परिवार नहीं है। उन्होंने कहा कि विभिन्न संगठनों द्वारा आरक्षण के विरोध में जो आन्दोलन किए जा रहे हैं, राजपूत संघ इसका भरपूर समर्थन करता है। वहीं, उन्होंने कहा कि इस बार अंतरराष्ट्रीय कुल्लू दशहरा 2025 के दौरान तहसीलदार कुल्लू व देवलुओं के बीच हुए विवाद की संघ निंदा करता है और सरकार से मांग करता है कि इस मामले को जल्द से जल्द सुलझाया जाए।

उन्होंने कहा कि यह भी देखने में आ रहा है कि ढालपुर मैदान में दिन प्रति दिन नाजायज कब्जे तथा भवनों का निर्माण सरकार द्वारा किया जा रहा है। राजपूत संघ इसकी भी घोर निंदा करता है। उन्होंने कहा कि दशहरा समाप्त होने के उपरान्त देव स्थलों की पवित्रता का विशेष ध्यान रखा जाए। देव स्थलों के आस-पास की जगह को व्यापारियों को न दी जाए।

## 9 को प्रांत स्तरीय इतिहास दिवस

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू।** अखिल भारतीय इतिहास संकलन समिति हिमाचल प्रदेश का प्रांत स्तरीय इतिहास दिवस सम्मेलन 9 नवंबर को कुल्लू में होगा। इस बारे में इतिहास संकलन समिति के प्रांत अध्यक्ष डॉ. सूरत ठाकुर ने बताया कि इस समारोह में राष्ट्रीय संगठन मंत्री डॉ. बालम कुंद पांडे विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे। सम्मेलन की अध्यक्षता उच्चतर शिक्षा विभाग में संयुक्त निदेशक रहे डॉ. नंद लाल शर्मा करेंगे। इस सम्मेलन में हिमाचल प्रदेश शिक्षा बोर्ड के पूर्व अध्यक्ष डॉ. सुरेश कुमार सोनी 'बिलासपुर जिले के किले' नामक विषय पर अपना शोध पत्र प्रस्तुत करेंगे। इस सम्मेलन में प्रांत भर विश्विद्यालयों, कॉलेजों और इतिहास से जुड़े विद्वान भाग लेंगे। डॉ. सूरत ठाकुर ने बताया कि हिमाचल के इतिहास और संस्कृति के संरक्षण और संवर्धन के लिए इतिहास संकलन समिति गत तीस वर्षो से कार्य कर रही है। सम्मेलन की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। इस संबंध में इतिहास संकलन की कुल्लू समिति ने तैयारियों के लिए एक बैठक की समीक्षा की।

## केंद्र की संवेदनशील सोच व सशक्त नीतियों का प्रतीक है प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना : गोविंद

अनंत ज्ञान, मनाली

भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व मंत्री गोविंद सिंह ठाकुर ने कहा कि प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना 3.0 का शुभारंभ देश की माताओं और बहनों के लिए केंद्र सरकार की संवेदनशील सोच और सशक्त नीतियों का प्रतीक है जिसने करोड़ों परिवारों के जीवन में वास्तविक बदलाव लाया है।

उन्होंने इस योजना का शुभारंभ करने पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी का धन्यवाद व्यक्त किया। उन्होंने प्रेस को जारी व्यान में कहा कि प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना की शुरुआत वर्ष 2016 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा की गई थी, जिसका प्रमुख उद्देश्य आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग की महिलाओं को चूल्हे के धुएं से मुक्ति दिलाकर उन्हें स्वच्छ ईंधन के माध्यम से स्वास्थ्य, सुविधा और सम्मानपूर्ण जीवन प्रदान करना था। पूर्व भाजपा की डबल इंजन सरकार के कार्यकाल में प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना से वंचित रह गई महिलाओं को प्रदेश की जयराम ठाकुर सरकार ने 'हिमाचल गृहिणी सुविधा योजना' के माध्यम से लाभान्वित किया। यह योजना भाजपा सरकार की संवेदनशील और जनकल्याणकारी सोच का परिणाम थी, जिसके अंतर्गत प्रत्येक पात्र महिला तक रसोई गैस सुविधा पहुंचाने का संकल्प साकार हुआ। गोविंद सिंह ठाकुर ने कहा कि हिमाचल प्रदेश में इस योजना से अब तक एक लाख पचास हजार से अधिक पात्र महिलाओं को लाभ मिल चुका है और उज्ज्वला योजना 3.0 के माध्यम से प्रदेश की और अधिक महिलाओं को इस सुविधा से जोड़ा जाएगा। इससे ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाली महिलाओं को धुएं के दुष्प्रभाव से राहत मिली है, उनका स्वास्थ्य बेहतर हुआ है, और समय की बचत के साथ उन्हें आत्मनिर्भर बनने का अवसर भी प्राप्त हुआ है।

गोविंद सिंह ठाकुर ने प्रदेश की सुक्खू सरकार पर तंज कसते हुए कहा कि जहाँ एक ओर केंद्र की मोदी सरकार महिलाओं के सशक्तिकरण, सम्मान और सुरक्षा के लिए निरंतर कार्य कर रही है, वहीं दूसरी ओर प्रदेश की सुक्खू सरकार महिलाओं को ठगने का काम कर रही है। सुक्खू सरकार ने महिलाओं को चुनाव से पहले अनेक वादे तो किए, परंतु आज जमीनी स्तर पर कोई ठोस कदम नहीं उठाए गए हैं। केंद्र सरकार की योजनाएं नारेबाजी नहीं, बल्कि जनसेवा और जनकल्याण का जीवंत उदाहरण हैं।

**परेशानी** बेतरतीब बसों से बड़े हादसे का डर, यातायात प्रबंधन की लापरवाही से स्थानीय लोग परेशान

# कुल्लू-मनाली हाईवे पर 'दुआड़ा चौक' बना 'खतरे का जंक्शन'

**मोहन कपूर, अनंत ज्ञान पतलीकूहल।** कुल्लू-मनाली नेशनल हाईवे पर स्थित दुआड़ा चौक इन दिनों बड़े हादसे को न्योता दे रहा है। स्थानीय लोगों ने शिकायत की है कि सरकारी और निजी बस चालकों द्वारा बेतरतीब तरीके से बीच चौक पर बसें खड़ी करने से यातायात व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई है। यह चौक चारों दिशाओं से सैकड़ों वाहनों और दिन भर हजारों लोगों के आवागमन का मुख्य केंद्र है।

स्थानीय निवासियों का कहना है कि उन्होंने कई बार नेशनल हाईवे अथॉरिटी (एनएचएआई) और प्रशासन से इस व्यस्त चौक पर यात्रियों और वाहनों की सुरक्षा के लिए उचित फ्लाईओवर पुल बनाने की गुजारिश की थी, लेकिन अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है। स्थानीय लोगों ने बताया कि प्रशासन द्वारा चौक पर कैमरे भी लगाए गए हैं, लेकिन इसके बावजूद कई वाहन चालक यहां ट्रैफिक नियमों की लगातार अवहेलना कर रहे हैं, जिससे स्थिति और भी खतरनाक बन गई है। स्थानीय निवासी राकेश भल्ला, बीर सिंह, नरेश कपूर और देव भट्ट ने अपनी चिंता व्यक्त करते हुए बताया कि इस चौक पर रात भर शराबियों का जमावड़ा भी लगा रहता है और दूसरी तरफ तेज रफ्तार से आने वाले वाहनों का भी लगातार आना-जाना होता है। यह स्थिति कभी भी किसी बड़ी अनहोनी को जन्म दे सकती है।' उन्होंने नेशनल हाईवे अथॉरिटी से तुरंत प्रभाव से यहाँ स्ट्रीट लाइट, फ्लाईओवर पुल और ट्रैफिक सूचक लाइट का प्रबंध करने का आग्रह किया है ताकि लोगों की जान-माल की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके।



कुल्लू-मनाली हाईवे पर 'दुआड़ा चौक' पर बेतरतीब खड़े वाहन।

### पुलिस ने दिया कार्रवाई का आश्वासन

**पुलिस** थाना प्रभारी इंद्र कुमार ने इस गंभीर समस्या पर संज्ञान लेते हुए स्थानीय लोगों को आश्वासन दिया है। उन्होंने कहा है कि जल्द ही बेतरतीब खड़े वाहनों और ट्रैफिक नियम की अवहेलना करने वाले चालकों पर शिकंजा कसा जाएगा और सख्त कार्रवाई की जाएगी।


## प्रदेश पेंशनभोगी संघ 15 को धूमधाम से मनाएगा पहला स्थापना दिवस : गुलशन

अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू

- प्रदेश सहित कुल्लू जिला के सभी पेंशनर्स से की समारोह में भाग लेने की अपील

हिमाचल प्रदेश पेंशनभोगी संघ का पहला स्थापना दिवस ज़िला मुख्यालय कुल्लू में 15 नवंबर को धूमधाम से मनाया जाएगा।

यह जानकारी हिमाचल प्रदेश पेंशनभोगी संघ के प्रदेशाध्यक्ष एलआर गुलशन ने जारी एक प्रेस बयान में दी। उन्होंने बताया कि समानांतर पेंशनर संगठनों की निष्क्रियता के चलते विगत वर्ष 15 नवंबर 2024 को लोकतांत्रिक एवं संवैधानिक प्रक्रिया से हिमाचल प्रदेश पेंशनभोगी संघ का गठन किया गया था जिसमें पूरे प्रदेश के पेंशनधारकों ने बढ़चढ़ कर भाग लिया था। प्रदेशाध्यक्ष एलआर गुलशन ने बताया कि हिमाचल प्रदेश पेंशनभोगी संघ ने अपने एक साल के कार्यकाल में प्रदेश के हजारों पेंशनर्स के सभी जायज़ मसलों को प्रदेश सरकार,अफ़सरशाही और जिला प्रशासन से प्रमुखता से उठाया है। उन्होंने बताया कि पेंशनभोगी संघ ने एक जनवरी 2016 से 31 जनवरी 2022 के दौरान सेवानिवृत्त हुये पेंशनर्स के संशोधित वेतनमान के एरियर, संशोधित पेंशन, 40 प्रतिशत संशोधित पेंशन कम्युटेशन, ग्रेच्युटी, लीव इनवेस्मेंट, एक जुलाई 2023 से मंहगाई भत्ते की लंबित पांच किस्तों की अदायगी,जनवरी 2022 से पेंशनर्स को देय करीब 115 महीनों के मंहगाई भत्ते के एरियर सहित पेंशनर्स की सभी लंबित वित्तीय देनदारियों के एकमुश्त भुगतान करने तथा सभी जिला मुख्यालयों में पेंशनर भवन बनाने हेतु प्रदेश सरकार को घेरा है। उन्होंने बताया कि पेंशनर्स के हित में आगे भी संघर्ष जारी रहेगा। उन्होंने हिमाचल प्रदेश पेंशनभोगी संघ के सभी खण्ड, ज़िला एवं प्रदेश के पदाधिकारियों, कार्यकारिणी सदस्यों तथा सभी पेंशनर्स से आगामी 15 नवंबर को जिला मुख्यालय कुल्लू में मनाये जाने वाले स्थापना दिवस समारोह में बढ़चढ़ कर भाग लेने की अपील की है।



# बघाट बैंक के डिफॉल्टरों के साथ गारंटरों पर भी शिकंजा

आर मोहन चौहान, अनंत ज्ञान ब्यूरो

**सोलन।** कलेक्टर-सह-सहायक रजिस्ट्रार सहकारी समितियां सोलन न्यायालय के आदेश के बाद पुलिस ने बघाट बैंक के डिफॉल्टरों के साथ गारंटरों पर भी कार्रवाई तेज कर दी है।

इस मामले में पुलिस ने विनोद कुमार पुत्र राम करण निवासी गांव मठिया डाकखाना सलोगडा तहसील व जिला सोलन के खिलाफ 75 लैंड रेवेन्यू एक्ट 1954 के तहत गिरफतारी वारन्ट जारी किया गया था। इसके अनुसार विनोद कुमार एमएस सोलन हाईवेज नाम की फर्म का गारंटर था, जो उक्त फर्म द्वारा बघाट बैंक सोलन से ऋण लिया था, परन्तु वह उक्त ऋण को तय सीमा के भीतर वापिस करने में नाकाम रही जिस पर बघाट बैंक सोलन द्वारा उक्त फर्म को डिफॉल्टर घोषित कर दिया गया था जिसकी ब्याज सहित कुल देनदारी 3,49,26,957/- रुपए बनती है द्व उक्त देनदारी को न चुकाने पर उक्त फर्म के खिलाफ सह सहायक रजिस्ट्रार सहकारी समितियां सोलन कोर्ट में लोन



गिरफ्तार किया गया गारंटर।

रिकवरी का मामला में चल रहा है। विनोद कुमार जो उक्त फर्म का गारंटर था, उसको उक्त कोर्ट द्वारा कोर्ट के समक्ष पेश होने के लिए बार-2 नोटिस दिए जा रहे थे, लेकिन यह उक्त नोटिसों की अनदेखी कर रहा था तथा कोर्ट में पेश नहीं हो रहा था, जिस पर उसकी गिरफ्तारी की गई है। जिसे सहायक पंजीयक सभायें सोलन के कोर्ट में पेश किया किया गया। अभी तक कलेक्टर-सह-सहायक रजिस्ट्रार सहकारी समितियां सोलन न्यायालय ने बघाट बैंक से ऋण लेने वाले 22 डिफाल्टर/ गारंटर को जिन्हें बघाट बैंक सोलन द्वारा डिफॉल्टर घोषित कर दिया गया था। एसपी सोलन गौरव सिंह के मुताबिक उपरोक्त लोगों के विरुद्ध लोन रिकवरी के मामले चल रहे थे व इन लोगों को उक्त कोर्ट द्वारा बार-2 नोटिस दिए जा रहे थे, लेकिन यह कोर्ट में पेश नहीं हो रहे थे, जिस पर कोर्ट द्वारा इनके विरुद्ध गिरफ्तारी वारंट जारी किये गए थे जिनकी सोलन पुलिस द्वारा अनुपालना करते हुए जिला सोलन के रहने वाले 9 डिफाल्टरों में से अभी तक 4 आरोपियों/ डिफाल्टरों को गिरफ्तार करके उक्त कोर्ट में पेश किया गया है और 4 आरोपियों ने कोर्ट में आत्मसमर्पण कर दिया है। एक आरोपी/डिफाल्टर अभी गिरफ्तार न हुआ है जिसकी तलाश जारी है जिसे जल्द ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

इसके अतिरिक्त 13 आरोपी/डिफाल्टर जिला शिमला व सिरमौर के रहने वाले पाए गए है। जिनकी गिरफ्तारी के लिए प्राप्त हुए गिरफ्तारी वारंटों को सम्बंधित जिले की पुलिस को आगामी कार्रवाई के लिए भेजा गया है।

## पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित हो

**बघाट** अर्बन को-ऑप्रेटिव बैंक में चल रहे मामले को लेकर विवेकानंद कल्याण संघ के पदाधिकारी विवेक डोभाल व अभिषेक ठाकुर के नेतृत्व में बैंक अध्यक्ष अरुण शर्मा से मिले। उन्होंने बैंक की मौजूदा स्थिति पर गंभीर चिंता जताई और खाताधारकों के हितों की रक्षा को लेकर कार्रवाई करने की मांग की। बैठक के दौरान विवेकानंत कल्याण संघ ने बैंक प्रबंधन पर पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित करने का दबाव बनाया। संघ की तरफ से स्पष्ट कहा गया कि दोषियों पर कार्रवाई के बिना जनता का भरोसा बहाल नहीं होगा। वहीं चेयरमैन अरुण शर्मा ने बताया की लोगों का पैसा बैंक में सुरक्षित है। डिफॉल्टरों से रिकवरी की जा रही है।

## आरबीआई से मिली है हल्की राहत

**आरबीआई** ने ग्राहकों की आपात के लिए कुछ राहत दी है। इसी के लिए नई व्यवस्था लागू की है। अब अगर किसी को गंभीर बीमारी के इलाज, शादी, या किसी अन्य आपात स्थिति में पैसों की जरूरत है, तो वह सीधे पैसा नहीं निकाल सकेगा। इसके बजाय बैंक खाताधारक का प्रपोजल तैयार कर आरबीआई या संबंधित प्राधिकरण को भेजेगा। प्रपोजल के स्वीकृत होने के बाद ही व्यक्ति को पैसा जारी किया जाएगा।

# कूडो में हिमाचल का शानदार प्रदर्शन

## तीनों राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में जीते 57 पदक, दो खिलाड़ी एशिया कप के लिए चयनित

अनंत ज्ञान, सोलन

हिमाचल के खिलाड़ियों ने गुजरात में आयोजित 16वीं नेशनल कूडो चैम्पियनशिप (25-26 अक्तूबर), 6वीं कूडो फेडरेशन कप (27-28 अक्तूबर) और 17वीं अक्षय कुमार इंटरनेशनल कूडो चैंपियनशिप (29-30 अक्तूबर) में ऐतिहासिक प्रदर्शन करते हुए कुल 57 पदक 20 स्वर्ण, 12 रजत और 25 कांस्य अपने नाम किए। टीम के खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट तकनीक, अनुशासन और दृढ़ संकल्प का परिचय दिया। सोलन जिला ने सर्वाधिक 33 पदकों (13 स्वर्ण, 8 रजत, 12 कांस्य) के साथ पहला स्थान हासिल किया, जबकि बिलासपुर ने 14 पदक (9 स्वर्ण, 3 रजत, 2 कांस्य) और शिमला ने 10 पदक (5 स्वर्ण, 1 रजत, 4 कांस्य) जीतकर शानदार प्रदर्शन किया। राज्य के प्रतिभाशाली खिलाड़ी नितिश ठाकुर, दिग्विजय सिंह ठाकुर और प्रियांशी वर्मा ने तीनों प्रतियोगिताओं में स्वर्ण पदक जीतकर हिमाचल का नाम रोशन किया। इसी के साथ, विजय दीप जसवाल और प्रिया कुमारी थापा का कूडो एशिया कप 2025, टोक्यो



फिल्म सितारों से ट्रॉफी हासिल करती हिमाचल की कप्तान।

(जापान) के लिए टीम इंडिया में चयन हुआ है, जो हिमाचल प्रदेश के लिए एक बड़ा गौरव का क्षण है। रेन्शी अजय जसवाल, अध्यक्ष हिमाचल प्रदेश कूडो फेडरेशन, ने सभी खिलाड़ियों, प्रशिक्षकों और अधिकारियों को बधाई देते हुए कहा कि यह उपलब्धि हिमाचल प्रदेश में कूडो खेल की बढ़ती ताकत का प्रतीक है।

खिलाड़ियों ने कठिन परिश्रम, अनुशासन और समर्पण से यह सफलता हासिल की है। एशिया कप में खिलाड़ियों का चयन हिमाचल के लिए गर्व की बात है और यह आने वाली पीढ़ी को प्रेरित करेगा। टीम की इस शानदार सफलता के पीछे टेक्निकल डायरेक्टर रेन्शी संजय कुमार जसवाल, सोलन जिला अध्यक्ष सेंसई भूपेंद्र जसवाल, बिलासपुर जिला अध्यक्ष सतीश कुमार, टीम मैनेजर पंकज ठाकुर तथा टीम फिज़िशियन पियूष जसवाल का विशेष योगदान रहा। यह प्रदर्शन हिमाचल प्रदेश के कूडो इतिहास के सबसे उत्कृष्ट प्रदर्शनों में से एक माना जा रहा है, जिसने राज्य को राष्ट्रीय स्तर पर एक मजबूत कूडो शक्ति के रूप में स्थापित किया है।

## न्यूज ब्रीफ

### भर्ती प्रक्रिया का दूसरा चरण 13 व 14 को

**अनंत ज्ञान, सोलन।** हिमाचल प्रदेश, हरियाणा तथा चंडीगढ़ की महिला उम्मीदवारों के लिए अग्निवीर महिला सेना पुलिस भर्ती प्रक्रिया का दूसरा चरण 13 व 14 नवंबर, 2025 को आयोजित किया जाएगा। यह जानकारी सेना भर्ती कार्यालय शिमला के एक प्रशासनिक अधिकारी ने दी। उन्होंने कहा कि 13 व 14 नवंबर को भर्ती प्रक्रिया खड्गा स्पोर्ट्स स्टेडियम अँबाला कैंट में आयोजित की जाएगी। इस विषय में प्रथम चरण के कम्प्यूटर आधारित ऑनलाइन कॉमन परीक्षा में शॉर्टलिस्ट हुए उम्मीदवारों को 31 अक्तूबर, 2025 को एडमिट कार्ड जारी कर दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि उम्मीदवार भारतीय सेना की वेबसाइट www.joinindianarmy.nic.in पर अपने लॉगइन आईडी से अपना एडमिट कार्ड डाउनलोड कर सकते हैं। यदि उम्मीदवार को एडमिट कार्ड डाउनलोड करने में कोई कठिनाई आती है तो वह प्रातः 10 बजे से सायं 2 बजे तक सेना भर्ती कार्यालय में आकर संपर्क कर सकते हैं।

### राष्ट्रीय मतदाता हेल्पलाइन नंबर 1950 जारी

**अनंत ज्ञान, सोलन।** जिला निर्वाचन अधिकारी एवं डीसी मनमोहन शर्मा ने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग ने नागरिकों के सभी प्रश्नों व शिकायतों के समाधान के उद्देश्य से जिला सोलन में राष्ट्रीय मतदाता हेल्पलाइन नम्बर संचालित कर दिया है। मनमोहन शर्मा ने कहा कि ज़िला सोलन के 1950 राष्ट्रीय मतदाता हेल्पलाइन जारी किया गया है। उन्होंने कहा कि यह टोल-फ्री नंबर 1800-11-1950 के माध्यम से प्रतिदिन प्रातः 8 से रात्रि 8 बजे तक संचालित रहेगा। यह कॉल प्रशिक्षित अधिकारियों द्वारा ली जाएगी जो नागरिकों और अन्य हितधारकों को निर्वाचन सेवाओं और प्रश्नों में सहायता प्रदान करेंगे। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार भविष्य में जिले में अपना जिला संपर्क केंद्र भी स्थापित किया जाएगा। इस केंद्र में समय पर और स्थानीय प्रतिक्रिया सुनिश्चित की जाएगी। यह केन्द्र पूरे वर्ष सभी कार्य दिवसों में कार्यालय समय के दौरान संचालित रहेगा और क्षेत्रीय भाषाओं में सहायता प्रदान करेगा। उन्होंने कहा कि सभी शिकायतों और प्रश्नों को राष्ट्रीय शिकायत सेवा पोर्टल (एन.जी.एस.पी. 2.0) के माध्यम से दर्ज और ट्रैक किया जाता है। उन्होंने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग ने 'बुक-ए-कॉल बीएलओ' की सुविधा भी आरंभ की है।

### युवा मोर्चा दाड़लाघाट मंडल की कार्यकारिणी घोषित

**अनंत ज्ञान, दाड़लाघाट।** भारतीय जनता युवा मोर्चा दाड़लाघाट मंडल के अध्यक्ष राजेश पुरी ने पार्टी के शीर्ष नेतृत्व से परामर्श के बाद मंडल की नई कार्यकारिणी की घोषणा की। नई कार्यकारिणी में युवाओं को प्राथमिकता दी गई है, ताकि संगठन को नई ऊर्जा और दिशा मिल सके। राजेश पुरी ने कहा कि सभी पदाधिकारी पार्टी की विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने और संगठन को मजबूत बनाने के लिए कार्य करेंगे। युवा मोर्चा हमेशा समाजहित के कार्यों में अग्रणी भूमिका निभाता रहा है और आगे भी पार्टी की नीतियों को लोगों तक पहुंचाने में सेतु का काम करेगा। नई कार्यकारिणी में धर्मपाल शर्मा, कमलेश ठाकुर, कुलदीप ठाकुर और जोगिन्द्र शर्मा को उपाध्यक्ष बनाया गया। मदन ठाकुर और तरुण कुमार महामंत्री, दिनेश महाजन कोषाध्यक्ष, जबकि कपिल भारद्वाज, विकास ठाकुर, विनोद शर्मा और हरीश ठाकुर सचिव नियुक्त किए गए। अन्य पदाधिकारियों में कार्यालय सचिव, मुख्य प्रवक्ता, प्रवक्ता, आईटी संयोजक, सोशल मीडिया संयोजक आदि शामिल हैं। राजेश पुरी ने सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों को बधाई दी और कहा कि युवा मोर्चा संगठन के विस्तार, जनसंपर्क अभियानों और युवाओं को पार्टी से जोड़ने में सक्रिय भूमिका निभाएगा।

### प्रकाश उत्सव कार्यक्रम के तहत निकाली प्रभात फेरी

**अनंत ज्ञान, कंडाघाट।** उपमंडल मुख्यालय कंडाघाट में रविवार सुबह चार बजे कंडाघाट में गुरु नानक देव के प्रकाश उत्सव के उपलक्ष्य कार्यक्रम के तहत प्रभात फेरी का आयोजन किया। श्री गुरु सिंघ सभा कंडाघाट के तत्वधान में आयोजित इस प्रभात फेरी में सभा के पदाधिकारियों, सदस्यों व स्थानीय लोगों ने हिस्सा लिया। प्रभात फेरी में मजहबी एकता की अनूठी मिसाल देखने को मिली। प्रभात फेरी में सिक्ख समुदाय के साथ हिंदू समाज के लोगों ने भी अधिक संख्या में भाग लिया। शब्द-कीर्तन के साथ पुरे बाजार होकर प्रभात फेरी कंडाघाट स्थित प्राचीन श्री गुरुद्वारा साहिब पहुंच कार संपन्न हुई।

### एनएसएस टीम ने चलाया सफाई अभियान

**अनंत ज्ञान, दाड़लाघाट।** पीएम श्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय दाड़लाघाट में चल रहे एनएसएस विशेष शिविर के पांचवें दिन रविवार को स्वयंसेवियों ने विभिन्न गतिविधियां आयोजित की गई। सुबह के समय स्वयंसेवियों ने अंबुजा चौक परिसर तथा अंबुजा चौक स्थित बावड़ी में सफाई अभियान चलाया। इस दौरान एनएसएस टीम ने परिसर की पूरी सफाई की और आसपास के लोगों को स्वच्छता के महत्व के प्रति जागरूक किया। स्थानीय युवा आशीष गुप्ता ने इस पहल के लिए विशेष रूप से कार्यक्रम अधिकारी विजय चंदेल का आभार जताया। दोपहर के सत्र में स्वयंसेवकों के लिए ज्ञानवर्धक कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस अवसर पर सेवानिवृत्त फायर ऑफिसर हेमराज शर्मा ने अग्नि सुरक्षा और बचाव के उपायों की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि आग लगने की स्थिति में घबराने की बजाय संयम रखते हुए तत्काल सही कदम उठाने चाहिए। उन्होंने फायर सेफ्टी उपकरणों के उपयोग और आग से बचाव के उपाय भी बताए। वहीं बरायली विद्यालय के अध्यापक बृजलाल शर्मा ने स्वयंसेवकों को शिक्षा, अनुशासन और समाज सेवा से संबंधित प्रेरक जानकारी दी। उन्होंने कहा कि शिक्षित व्यक्ति समाज में परिवर्तन का आधार होता है। शिविर के चौथे दिन स्रोत व्यक्ति महेन्द्र ने स्वयंसेवियों को स्वास्थ्य संबंधी जानकारी दी। कार्यक्रम अधिकारी विजय चंदेल एवं क्षमा शर्मा ने बताया कि शिविर का उद्देश्य विद्यार्थियों में सेवा, अनुशासन और सामाजिक जिम्मेदारी की भावना को मजबूत करना है।

### बाबा श्याम के जन्म उत्सव पर श्याम संध्या का आयोजन

**अनंत ज्ञान, सोलन।** श्री श्याम परिवार ट्रस्ट सोलन ने खाटू श्याम बाबा के जन्म उत्सव पर सोलन दुर्गा भवन मुरारी मार्किट में रक्त दान शिवर का आयोजन किया।शरक्त दान शिवर में सबसे पहले सोलन पुलिस के जवान कास्टेबल देविंद्र चौहान और दया गुलेरिया स्वेच्छा से रक्त दान किया। ट्रस्ट के प्रधान त्रिलोक अग्रवाल वा अन्य सदस्यों ने उन्हें स्मृति चिन्ह और सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया। रक्तदान दान शिवर में महिला शक्ति भी रक्त दान करने में बढ़चढ़ कर आगे आई। शिवर में 40 यूनिट के करीब रक्त इकट्ठा हुआ।ट्रस्ट की और से सभी रक्त दानीयो को स्मृति चिन्ह और सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया गया। बाबा श्याम के जन्म उत्सव पर श्याम संध्या का आयोजन भी मुरारी मार्किट हाल में किया गया।

# हिमाचल की सम्मानित जनता सीएम के बयान से आहात : अभिषेक ठाकुर

अनंत ज्ञान, सोलन

भाजपा जिला सोलन प्रवक्ता अभिषेक ठाकुर ने कहा कि मुख्यमंत्री ने बिहार जाकर न केवल हिमाचल बल्कि हमारी हिमाचलियत, स्वाभिमान और सांस्कृतिक गरिमा को ठेस पहुंचाने वाला बयान दिया है। यह आचरण किसी भी संवेदनशील और जिम्मेदार नेतृत्व के अनुरूप नहीं है।



सरकार ने 21 लाख महिलाओं को 1500 प्रतिमाह देने का वादा किया था, लेकिन यह वादा आज तक पूरा नहीं हुआ और इससे भी अधिक दुखद यह कि मुख्यमंत्री ने बिहार जाकर स्वयं मंच से दावा किया कि 3 लाख महिलाओं को 1500 दिए जा रहे हैं , जो पूर्णतः असत्य है। उन्होंने कहा कि महिलाओं के सम्मान और अधिकार के साथ इस प्रकार की राजनीतिक बाज़ीगरी अस्वीकार्य है। हम यह स्पष्ट कर देना चाहते हैं कि हिमाचल देवभूमि और वीरभूमि है।

ठाकुर ने कहा कि यहां की संस्कृति, परंपरा और स्वाभिमान का सम्मान करना हर नेता का कर्तव्य है। बाहरी मंचों पर जाकर अपने ही प्रदेश को नीचा दिखाना हिमाचल की जनता का अपमान है।

अभिषेक ने कहा कि मुख्यमंत्री जी आपके वक्तव्य से जनता की भावनाएं आहत हुई हैं। अतः आपको हिमाचल प्रदेश की जनता से सार्वजनिक रूप से माफ़ी मांगनी चाहिए। हिमाचल शांत प्रदेश है, लेकिन जब स्वाभिमान पर चोट होती है, तो यहां का हर नागरिक दृढ़ता से और सम्मानपूर्वक जवाब देता है। उन्होंने कहा कि हिमाचल के मान-सम्मान से खिलवाड़ बंद करो।

# राम कुमार चौधरी ने किसानों को दिए कृषि उपकरण

ओम शर्मा, अनंत ज्ञान

**बीबीएन।** दून विधानसभा क्षेत्र के विधायक रामकुमार चौधरी ने कहा कि मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू के ऊर्जावान नेतृत्व में प्रदेश सरकार समाज के प्रत्येक वर्ग के कल्याण के लिए निरंतर योजनाएं कार्यान्वित कर रही है। किसानों की आर्थिकी को सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से मुख्यमंत्री कृषि संवर्धन योजना एवं मुख्यमंत्री कृषि उत्पादन संरक्षण योजना को एकीकृत रूप में आरंभ किया गया है, जिससे किसानों को सीधे लाभ प्राप्त हो रहा है।

विधायक ने रविवार पट्टा बारिया एवं गोयला में आयोजित कार्यक्रमों में किसानों को कृषि उपकरण वितरित करने के उपरांत ग्रामीणों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार प्राकृतिक रूप से उगाई जाने वाली फसलों मक्की, गेहूं, जौ एवं कच्ची हल्दी के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य निर्धारित कर किसानों के हितों की रक्षा कर रही है। सरकार का लक्ष्य



दून हल्के के गोयला में किसानों को कृषि उपकरण वितरित करते विधायक राम कुमार चौधरी।

किसानों के हाथ में सीधे लाभ पहुंचाना है। उन्होंने ग्राम पंचायत पट्टा के 110 किसानों तथा ग्राम पंचायत गोयला के 138 किसानों को हिमाचल सरकार की ओर से स्प्रे पम्प, स्प्रिंकलर पाइप्स तथा गैंती जैसे कृषि उपकरण वितरित किए। कार्यक्रम के दौरान विधायक ने गांव बदैहरी के समुदाय भवन के निर्माण हेतु 2 लाख रुपए देने की घोषणा भी की। उन्होंने उपस्थित ग्रामीणों की समस्याएं सुनीं और उनके समाधान के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस अवसर पर ग्राम पंचायत गोयला के प्रधान मदन, ग्राम पंचायत ढकरियाणा के प्रधान प्रेम उप प्रधान ताराचंद, पूर्व उप प्रधान सोहनलाल वर्मा, खंड विकास अधिकारी पट्टा कुलदीप सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

# दूध की गुणवत्ता स्वच्छता और पैकेजिंग मानक

**अनंत ज्ञान, सराहां।** द इंदिरा गांधी महिला दुग्ध उत्पादक सहकारी सभा सिरमौर मंदिर में निरीक्षण के लिए आर के मोदगील दुग्ध प्रसंग नाहन इकाई एवं सभा के मुख्य सलाहकार धर्म सिंह पुंडीर ने सभा के दुग्ध उत्पादकों के साथ बैठक की। इसमें दुग्ध उत्पादकों ने मुख्यमंत्री हिमाचल प्रदेश सुक्खू का धन्यवाद किया। जिन्होंने हिमाचल प्रदेश के दुग्ध उत्पादकों का रेट बढ़ाया तथा हिमाचल प्रदेश में एमएसपी पर दुग्ध खरीद का रेट बढ़ाया। इस के बाद विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की गई। इससे दुग्ध के स्वच्छता व क्वालिटी का ध्यान रखा जाएगा। प्लास्टिक के डबे में दुग्ध नहीं खरीदा जाएगा। फीड की पेकिंग 40 किलो तथा 25 किलो की होनी चाहिए। यह अक्तूबर माह की पेमेंट ऑनलाइन प्रसंग द्वारा डाली जाएगी। उपरोक्त सभा में अनिल शर्मा, रणजीत सिंह, धनवीर सिंह, संतोष शर्मा, सिरमौर सिंह , ज्ञान सिंह, यशवन्त सिंह, गीता देवी आदि बहुत लोग उपस्थित थे।

# नाहन अस्पताल में नवजात की मौत पर जांच के निर्देश

**अनंत ज्ञान, नाहन।** एक नवजात की मौत के मामले में लालपरवाही बरतने की मिली शिकायत के बाद मेडिकल कॉलेज प्रबंधन ने जांच के आदेश जारी कर दिये हैं। नाहन मेडिकल कॉलेज अस्पताल की एमएस डॉ. रेणु चौहान ने बताया कि चाकली गांव निवासी के मामले में 28 अक्तूबर को, डिलीवरी के बाद नवजात को चंडीगढ़ रेफर किया गया था। अस्पताल की एमएस ने बताया कि शिकायत में मेडिकल कॉलेज अस्पताल के इलाज करने वाले डॉक्टरों व स्टाफ पर इलाज के दौरान लापरवाही बरतने का आरोप लगाए हैं। शिकायत में कहा गया है कि अस्पताल पहुंचने के साथ ही नवजात की मौत हो गई थी। उन्होंने बताया कि शिकायत के आधार पर जांच के आदेश दिए गए हैं। रिपोर्ट आने के बाद ही अगली कार्रवाई होगी।

# पाइनग्रोव स्कूल की बालिका क्रिकेट टीम ने भोपाल में दिखाया दमखम



सीबीएसई क्षेत्रीय स्तरीय राष्ट्रीय क्रिकेट चैंपियनशिप में हिस्सा ले रही पाइनग्रोव की खिलाड़ी।

अनंत ज्ञान, सोलन

पाइनग्रोव स्कूल सुबाथू की बालिका क्रिकेट टीम कौशल, उत्साह और खेल भावना के शानदार प्रदर्शन के साथ 28 अक्तूबर से 2 नवंबर तक भोपाल में आयोजित सीबीएसई क्षेत्रीय स्तरीय राष्ट्रीय क्रिकेट चैंपियनशिप में स्कूल को गौरवान्वित कर रही है।

अंडर-19 वर्ग में गीत कौर, वान्या लांबा, आकांक्षा गुरुंग, कनिका चौहान और अवनि उल्लेखनीय धैर्य और दृढ़ संकल्प के साथ स्कूल का प्रतिनिधित्व कर रही हैं, जबकि अंडर-17 वर्ग में, सत्यांजना सांची का चयन किया गया है और उन्हें सीबीएसई अंडर-17 राष्ट्रीय क्रिकेट टीम का कप्तान नियुक्त किया गया है, जो उनके नेतृत्व और क्षमता का प्रमाण है। पाइनग्रोव की गौरवपूर्ण भागीदारी, इस राष्ट्रीय स्तर के आयोजन में खेल भावना, उत्कृष्टता और समग्र विकास के प्रति स्कूल की अटूट प्रतिबद्धता का एक ज्वलंत उदाहरण है।

# विनय कुमार ने कांसर स्कूल भवन का किया शिलान्यास

अनंत ज्ञान, नाहन

कांसर गांव में विधानसभा उपाध्यक्ष विनय कुमार ने 34 लाख रुपए की लागत से बनने वाले राजकीय उच्च विद्यालय भवन के दो कमरों का शिलान्यास किया।

इस अवसर पर स्थानीय लोगों ने कार्यक्रम में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। हिमाचल प्रदेश विधानसभा उपाध्यक्ष विनय कुमार ने कहा कि शिक्षा बच्चों के सर्वांगीण विकास की कुंजी है और प्रदेश सरकार लगातार शिक्षा के बुनियादी ढांचे को मजबूत करने में जुटी है। उन्होंने कहा कि गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के लिए ग्रामीण स्कूलों को बेहतर सुविधाओं से सुसज्जित किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि रेणुका-ददाहू-बिरला सड़क के सुदृढ़ीकरण के लिए मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू द्वारा दो करोड़ रुपए की राशि स्वीकृत की गई है, जिसका शिलान्यास मुख्यमंत्री ने ऑनलाइन माध्यम से किया है। कार्यक्रम के



विधानसभा उपाध्यक्ष विनय कुमार का स्वागत करते लोग।

दौरान विनय कुमार ने जनसमस्याओं को सुनते हुए जल शक्ति विभाग को पेयजल व्यवस्था में सुधार करने और बिजली विभाग को कम वोल्टेज की समस्या के समाधान के निर्देश दिए। साथ ही लोक निर्माण विभाग को बिरला-धौलाकुआं सड़क परियोजना को तेज गति से आगे बढ़ाने के निर्देश भी दिए। कार्यक्रम में स्कूली छात्राओं ने रंगारंग सांस्कृतिकप्रस्तुतियां दीं, जिससे माहौल उत्साहपूर्ण हो गया। पंचायत प्रधान रामलाल और जिला परिषद सदस्य ओमप्रकाश ने भी अपने विचार रखे और क्षेत्रीय समस्याओं को उपाध्यक्ष के समक्ष रखा। विनय कुमार ने आश्वासन दिया कि सभी मुद्दों का समाधान प्राथमिकता के आधार पर किया जाएगा।

## संगम

## सिरमौर में भूर्शिंग महादेव का वार्षिक देव ग्यास पर्व धूमधाम से मनाया

# देवता पालकी छोड़ एक कोस चढ़ाई चढ़कर पैदल पहुंचे मंदिर

एसपी जैरथ, अनंत ज्ञान

**नाहन।** हिमाचल प्रदेश की देवभूमि में आस्था और चमत्कार का संगम एक बार फिर देखने को मिला।

जिला सिरमौर के पच्छाद उपमंडल के आराध्य देव भूर्शिंग देवता का वार्षिक देव ग्यास पर्व पारंपरिक श्रद्धा और अनोखी देव परंपराओं के साथ मनाया गया। शनिवार शाम को भूर्शिंग महादेव देवस्थली पजेली से कथाड़ कवागधार मंदिर तक निकाली गई शोभायात्रा में सैकड़ों श्रद्धालुओं ने भाग लिया, जहां की परंपराएं सदियों पुराना इतिहास और अटूट आस्था समेटे हुए हैं। पालकी नहीं, सीधे पुजारी रूप में चलते हैं देवता इस देवस्थान की सबसे बड़ी और विलक्षण परंपरा यह है कि भूर्शिंग महादेव अन्य देवताओं की तरह पालकी में विराजमान होकर नहीं चलते, बल्कि सीधे देवशक्ति पुजारी के भीतर प्रवेश करती है। पुजारी अपने पारंपरिक श्रृंगार (बाणा) से सुसज्जित होकर साक्षात् देवता रूप में, वाद्य यंत्रों की पवित्र धुनों के बीच, लगभग अढ़ाई किलोमीटर



पुजारी के रूप में मंदिर पहुंचे भूर्शिंग महादेव।

(एक कोस) की खड़ी चढ़ाई चढ़कर पैदल ही मंदिर (मोड़) तक पहुंचते हैं। आस्थावानों की मौजूदगी में, देवता एक कोस की चढ़ाई चढ़ते हुए रास्ते में चिन्हित सात पवित्र स्थानों पर दूध की धार चढ़ाते हैं। मोड़ में पहुंचते ही आठवीं और अंतिम दूध की धार एक प्राचीन शिला पर अर्पित की जाती है, जिसके बाद ही देवता मंदिर में प्रवेश करते हैं। मंदिर में पहुंचकर पगड़ी में जड़े इस पवित्र छत्र को उतारकर स्वयंभू शिवलिंग-पिंडी पर सजा दिया जाता है। स्वयंभू शिवलिंग पर शक्ति परीक्षणमंदिर में प्रवेश के बाद, एक विशेष परंपरा के तहत 22 उप गौत्रों द्वारा आगे की रस्में पूरी की जाती हैं। मुख्य कारदार पोलिया इन रस्मों को संपन्न करवाते हैं। इस दौरान चांवरथीया उपगौत्र-खेल के कारदार शक्ति परीक्षण के लिए देवता को जलती हुई बत्ती देते हैं, जिसे देवता मुंह में लेते हैं। कारदार अपने कुल देवता के ऊपर चांवर (चमर) झुलाता है, इसीलिए इस उपगौत्र का नाम चांवरथिया पड़ा।

भूर्शिंग महादेव मंदिर कथाड़ (क्वागधार) स्वयंभू शिवलिंग की उत्पत्ति के कारण अत्यंत पवित्र माना जाता है। लोकमान्यताओं के अनुसार, कथाड़ (क्वागधार) पर्वत शिखर पर बैठकर भगवान शिव और माता पार्वती ने महाभारत का युद्ध देखा था। विश्वनाथ और केदारनाथ के इतिहास में उल्लेखित यह स्वयम्भू लिंग, जो कालांतर में भूरीश्रृंग और दुग्धाहारी भूर्शिंग के नाम से विख्यात हुआ, आज भी शिवलिंग शिला के रूप में विराजमान है।हजारों श्रद्धालु कच्चा दूध चढ़ाकर उन्हें प्रसन्न करते हैं।

## रात्रि में होता है एक विचित्र चमत्कार

**भूर्शिंग** महादेव की देव परंपरा गोपनीय शाबरी मंत्र और पारंपरिक धूप-दीप पूजा के कारण एकदम निराली है। यहां हर वर्ष दीपावली के बाद ग्यास को देव उत्सव मनाया जाता है। घुप अंधेरे और कंपकपाती ठंड के बीच, रात्रि में देवता एक विचित्र चमत्कार करते हैं। वह एक ऐसी शिला पर न केवल छलांग लगाते हैं, बल्कि करवटें भी बदलते हैं, जो पहाड़ में तिरछी लटकी हुई है। देव उत्सव की शुरुआत दीपावली के साथ ही हो जाती है, जिसके तहत जगह-जगह जागरण व करियाला का आयोजन होता है, और दशमी व ग्यास को मंदिर में भव्य मेले का आयोजन होता है।

# विकास चर्चा कार्यक्रम में प्रदेश सरकार की उपलब्धियों पर चर्चा

अनंत ज्ञान, राजगढ़

विकास चर्चा कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य प्रदेश सरकार की नीतियों और योजनाओं को आम जनता तक पहुँचाना तथा संगठन और सरकार के बीच सेतु की भूमिका निभाना है। यह बात विकास चर्चा पछाद के प्रभारी एवं जोगिंदर बैंक सोलन के चेयरमैन मुकेश शर्मा ने कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए कही।

मुकेश शर्मा ने बताया कि प्रदेश सरकार तीन वर्ष पूरे करने जा रही है और इस दौरान कई ऐतिहासिक निर्णय लिए गए हैं। मुख्यमंत्री की मानवीय सोच के कारण हिमाचल प्रदेश देश का पहला राज्य बना, जहां अनाथ बच्चों के भविष्य की सुरक्षा के लिए सुख आश्रय कानून लागू किया गया। इसके तहत लगभग 6 हजार अनाथ बच्चों को 'चिल्ड्रन ऑफ स्टेट' घोषित किया गया और उनकी उच्च शिक्षा तक की पूरी लागत सरकार द्वारा वहन की जाएगी। उन्होंने बताया कि विधवा महिलाओं के बच्चों की शिक्षा के लिए 23 हजार बच्चों को प्रतिमाह 1000 रुपए आर्थिक सहायता दी जा रही है। दो बार आपदा आने और केंद्र से कोई सहायता न मिलने के बावजूद मुख्यमंत्री की दूरदर्शी सोच के कारण प्रदेश की राजस्व आय में निरंतर वृद्धि हो रही है। मुकेश शर्मा ने कहा कि भाजपा शासनकाल में शराब के ठेकों का नवीनीकरण कर दिया जाता था, जबकि वर्तमान सरकार हर वर्ष नीलामी के माध्यम से ठेके आवंटित कर रही है, जिससे 2 हजार करोड़ रुपए की अतिरिक्त आय हुई। कड़छम विद्युत परियोजना में राज्य हितों की रक्षा करते हुए 12 प्रतिशत रॉयल्टी को 18 प्रतिशत करवाया गया, जिससे 250 करोड़ रुपए का लाभ हुआ। वाइल्ड फ्लावर हॉल का मामला जीतकर लगभग 400 करोड़ रुपए की आय सुनिश्चित की गई। सरकार ने ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सशक्त बनाते हुए ऑर्गेनिक खेती को प्रोत्साहित किया है। मक्की का न्यूनतम मूल्य 40 रुपए, गेहूं का 60 रुपए, हल्दी का 90 रुपए, गाय का दूध 51 रुपए और भैंस का दूध 65 रुपए प्रति किलो तय किया गया। मुकेश शर्मा ने बताया कि प्रदेश सरकार पर भ्रष्टाचार का कोई आरोप नहीं लगा, जो 'जीरो टॉलरेंस नीति' का परिणाम है। ग्रामीण क्षेत्रों में सौर ऊर्जा संयंत्रों पर 40 प्रतिशत सब्सिडी दी जा रही है। 2 लाख 87 हजार महिलाओं को 1500 रुपए प्रतिमाह प्रदान किए जा रहे हैं और 16वें वित्त आयोग के तहत इस सुविधा का विस्तार किया जाएगा।

## पंजाब में न्यूजपेपरों की सप्लाई रोकी: पुलिस ने इंटेलिजेंस इनपुट पर गाड़ियों की तलाशी ली

**कांग्रेस और भाजपा ने इस चेकिंग की निंदा की**

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**

पंजाब में 1 और 2 नवंबर की रात पुलिस ने विशेष अभियान चलाया, जिसमें अखबार ले जा रहीं गाड़ियों को रोककर उनकी जांच की गई। यह चेकिंग रात दस बजे शुरू हुई जो सुबह तक चलती रही।

अलग-अलग अखबारों के प्रिंटिंग सेंटरों से निकलीं गाड़ियों को राज्यभर में नाके लगाकर तलाशी ली गई। कई जगह डॉग स्क्वॉयड बुलवाए गए, जबकि कुछ जगह गाड़ियों को थाने ले जाया गया। इसके चलते प्रदेश के ज्यादातर शहरों-कस्बों और गांवों में लोगों को सुबह अखबार समय पर नहीं मिल पाए। लुधियाना, अमृतसर, मोगा, फरीदकोट, कोटकपूरा, पठानकोट, फाजिल्का, अबोहर, बरनाला में न्यूजपेपर कई घंटे लेट पहुंचे। इससे अखबार बांटने वाले हॉकर और डिस्ट्रीब्यूटर नाराज दिखे। कुछ गाड़ियों के ड्राइवरों के मुताबिक, खासतौर पर 2 अखबारों की गाड़ियों की जांच की जा रही थी। कई जगह पुलिसवाले बंडल खोलकर अखबारों में लगी खबरें पढ़ रहे थे। इस पूरी कार्रवाई पर रविवार दोपहर तक पुलिस के किसी सीनियर अधिकारी की ओर से स्थिति स्पष्ट नहीं की गई। दोपहर 2.30 बजे पंजाब सरकार के पब्लिक रिलेशन महकमे ने पुलिस की तरफ से एक बयान जारी किया। इसमें बताया गया कि इंटेलिजेंस इनपुट के आधार पर राज्यभर में कॉमर्शियल व्हीकल्स की चेकिंग की गई।

इसके कारण कुछ जगह अखबारों की डिलीवरी में देरी हुई। पुलिस भविष्य में ये सावधानी बरतेगी कि ऐसी जांच से आम जनता को कम से कम असुविधा हो। उधर, कांग्रेस और भाजपा ने इस चेकिंग की निंदा की। कांग्रेस विधायक परगट सिंह और बलविंदर सिंह धालीवाल ने इसे प्रेस की आवाज दबाने का प्रयास बताया। पंजाब भाजपा के पूर्व प्रदेशाध्यक्ष अश्वनी शर्मा और पार्टी के ही पूर्व मंत्री व एससी कमीशन के पूर्व चेयरमैन विजय सांपला ने इसे मीडिया का गला घोंटने की कोशिश बताया। अश्वनी शर्मा ने कहा कि चंडीगढ़ में केजरीवाल के शीशमहल की खबरों से आप सरकार घबरा गई है।

# सैनी ने संस्कृति व आध्यात्म के क्षेत्र में कार्यरत विभूतियों का किया सम्मान

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**



हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि गर्व की बात है कि आज इस मंच पर हमारे सांस्कृतिक धरोहर को आगे ले जाने के लिए जो कार्य कर रहे हैं उन विभूतियों का वंदन। परम पूज्य महाराजश्री जिन्होंने आध्यात्मिक और जन सेवा में कार्य कर रहे हैं उनको प्रणाम करता हूं। सनातन संस्कृति जागरण अभियान में शामिल होकर धन्य हूं।

इस अभियान की सफलता के बाद हरियाणा में पहुंची है गर्व की बात है। विश्व जागृति मिशन के समस्त पदाधिकारी को इस आयोजन के लिए हार्दिक बधाई देता हूं। परम पूज्य महाराजश्री ने विश्व भर में आध्यात्मिक संस्थाओं के माध्यम से भाई चारे की भावना को जगाया है। आप जो कार्य कर वह कोई साधारण नहीं है। पंचकूला में चल रहे चार दिवसीय सनातन संस्कृति जागरण अभियान महोत्सव में बोलते हुए परम पूज्य महाराजश्री ने कहा कि जिसके अन्दर कहा था जिस समय आप निर्णय लेते हैं वह समय भाग्य निर्माण का समय होता है इसलिए जीवन में धर्म होना चाहिए। विश्व जागृति मिशन के संभालने की शक्ति है वह धार्मिक है। इसमें माफ करने की भावना है वह धार्मिक है। धर्म है वहां जिसको समय पर अपने को संभलना आता है वह धार्मिक है। हमारा सनातन सदैव से शाश्वत है और रहेगा। जिसका कोई अन्त वह सनातन है। स्वयं पर नियंत्रण लगाकर खुद को संभाल ले वह सनातनी है। वह जीवन मूल्यवान है वह धार्मिक है। इसके जीवन में धर्म है वह पवित्र है। समझदारी से कोई कार्य करे वह धार्मिक और सनातनी होने का हकदार है। स्वामी विवेकानंद जी ने पंजाब, हिमाचल और हरियाणा मंडल के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित इस कार्यक्रम का उद्देश्य भारत की सनातन संस्कृति के मूल्यों को जन-जन तक पहुंचाना और नई पीढ़ी को संस्कार क्रांति से जोड़ना है। इस आयोजन में हज़ारों श्रद्धालुओं ने पहुँचकर यह सिद्ध कर दिया है कि भारत की जड़ें अब भी संस्कृति, सद्भाव और श्रद्धा से पोषित हैं। आयोजन की शुरुआत भावपूर्ण भजन, संकीर्तन ध्यान-सत्र, प्रवचन और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से हुई, जिसने वातावरण को भक्ति और श्रद्धा से ओत प्रोत कर दिया। पूज्य सुधांशु जी महाराज के प्रेरणादायक प्रवचनों ने लोगों को जीवन में संयम, सेवा और साधना के महत्व को अपनाने का संदेश दिया। वहीं मिशन की उपाध्यक्ष डॉ अर्चिका दीदी ने युवाओं को चरित्र, कृतज्ञता तथा सृजनशीलता से संपन्न जीवन जीने की प्रेरणा दी। इस आयोजन के माध्यम से विश्व जागृति मिशन ने स्पष्ट किया कि सनातन संस्कृति जागरण अभियान कोई सीमित पहल नहीं, परंतु यह एक सतत राष्ट्रीय आंदोलन है जो भारत की जड़ों से जुड़े मूल्यों को विश्व स्तर पर प्रतिष्ठित करने की दिशा में कार्य कर रहा है। पंचकूला में आयोजित यह कार्यक्रम इस श्रृंखला का एक स्वर्णिम अध्याय है, जिसने केवल हरियाणा नहीं बल्कि संपूर्ण उत्तर भारत में सांस्कृतिक चेतना की नई लहर उत्पन्न की है। यह अभियान समाज को जोड़ने, मन को जाग्रत करने और भारत को उसकी आत्मा से पुन: जोड़ने का पावन प्रयास है।

## देशभक्त आरएसएस की 'रोशनी' से डरकर 'आंखें मूंद' लेती है कांग्रेस: अनिल विज

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**




हरियाणा के ऊर्जा, परिवहन एवं श्रम मंत्री अनिल विज ने कांग्रेस नेता मल्लिकार्जुन खड़गे के बयान कि नरेंद्र मोदी आरएसएस पर बैन लगाए पर कड़ा पलटवार करते हुए कहा कि कांग्रेस हमेशा आरएसएस के खिलाफ रही है। तीन बार इन्होंने आरएसएस पर प्रतिबंध भी लगाया। उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि जिस तरह 'उल्लू को रोशनी से डर लगता है और रोशनी देखकर उल्लू आंखे बंद कर लेता है, उसी प्रकार से आरएसएस जैसी देशभक्त चरित्रवान संस्था और देश को आगे ले जाने वाली संस्था को देख इनकी (कांग्रेस) आंखे बंद हो जाती है' जिस वजह से यह उल्टी बाते करते हैं।

कांग्रेस नेता राहुल गांधी के बयान कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप से मिलने अमेरिका जाना था, मगर डर के कारण वो नहीं गए, के बारे में पूछे गए सवाल के जवाब में ऊर्जा मंत्री अनिल विज ने कहा कि मोदी जी ने कब जाना है, कहां जाना है, किससे मिलना है और क्यों मिलना है यह मोदी जी तय करेंगे, न कि राहुल गांधी। जितने राष्ट्रप्रमुखों को मोदी जी मिले और जितने देशों के सर्वोच्च अवार्ड मोदी जी मिले, आज तक वह किसी को नहीं मिले। बिहार के चुनाव में अखिलेश यादव को दूल्हें याद आ रहे हैं, क्या ये दूल्हे के आगे पीछे चलने वाले बैंडबाजे वाले हैं? सपा नेता अखिलेश यादव के बयान कि नीतिश कुमार भाजपा के चुनावी दूल्हे है और मुख्यमंत्री पद पर लोगों की पसंद नहीं है, को लेकर पूछे गए सवाल के जवाब में ऊर्जा मंत्री अनिल विज ने कहा कि भाजपा नीतिश कुमार जी को आगे रखकर उनके नाम से चुनाव लड़ रही है। हर जनसभा में उनका चेहरा आगे होता है और भारतीय जनता पार्टी ने तय कर रखा है कि नीतिश को मुख्यमंत्री बनाएंगे। भाजपा जो कहती है वो करती है। अब अखिलेश यादव को दूल्हा पता नहीं क्यों याद आ रहे है, ये क्या दूल्हे के आगे पीछे चलने वाले बैंडबाजे वाले हैं। बिहार में चुनाव हो रहा है और चुनाव में इन्हें दूल्हें याद आ रहे हैं।

## न्यूज ब्रीफ

### सड़क हादसे में एक युवक की मौत, दो घायल

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** पानीपत में सड़क हादसे में युवक की मौत हो गई, जबकि दो अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के वक्त तीनो युवक बाइक पर सवार होकर सोनीपत से शादी समारोह से लौटकर गांव बबैल जा रहे थे। रास्ते में अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। पुलिस ने बताया कि रात एक बजे जब बाइक गांव नांगल खेड़ी मोड़ के पास पहुंची, तभी सामने से तेज रफ्तार वाहन ने बाइक को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि तीनों युवक सड़क पर गिर पड़े। बाइक पर पीछे बैठा युवक वाहन के नीचे आ गया और उसकी मौके पर ही मौत हो गई। इसकी सूचना तुरंत पुलिस को दी गई। हादसे की सूचना मिलते ही सेक्टर 29 थाना प्रभारी अनिल पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे। गंभीर रूप से घायल युवकों को पुलिस ने तुरंत सिविल अस्पताल पहुंचाया।

### निशानेबाजों ने तामिलनाडु में जीते पदक

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** गन्नौर की ओलंपिक इंटरनेशनल शूटिंग एकेडमी के तीन खिलाड़ियों ने तमिलनाडु में 26 अक्तूबर से 1 नवंबर तक हुई ऑल इंडिया इंटर स्कूल नेशनल चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन कर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। एयर पिस्तौल स्पर्धा में मनू ने रजत पदक, जबकि दिव्यांशी और प्रयाग ने कांस्य पदक जीतकर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। रविवार को गन्नौर लौटने पर विधायक देवेंद्र कादियान ने तीनों खिलाड़ियों और कोच प्रदीप कुमार का सम्मान किया। विधायक कादियान ने कहा कि मनू, दिव्यांशी और प्रयाग ने राष्ट्रीय स्तर पर अपने कौशल और समर्पण से गन्नौर का गौरव बढ़ाया है। यह उपलब्धि अन्य युवाओं के लिए प्रेरणा है।



हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी नई दिल्ली में पूर्व राष्ट्रपति राम नाथ कोविंद को स्मृति चिन्ह भेंट करते हुए।

## मिनिमली इनवेसिव स्पाइन सर्जरी प्रशिक्षण में वैश्विक उपलब्धि की ओर कदम

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**



ट्रिनिटी हॉस्पिटल, ज़ीरकपुर और जीएमसीएच-32, चंडीगढ़ में आयोजित 16वां मिनिमली इनवेसिव स्पाइन सर्जरी (एमआईएसएस) अपडेट और 7वां लाइव एंड कैडैवेरिक वर्कशॉप ( लिवकैड ) 2025 सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ। इस वर्ष का विषय था 'एडवांसिंग यूबीई एंड कंबिन फ्यूजन फ्रंटियर्स ', जिसका उद्देश्य रीढ़ की हड्डी की सर्जरी में नई तकनीकों को आगे बढ़ाना था।

यह दो दिवसीय कार्यक्रम वर्ल्ड एंडोस्कोपिक स्पाइन सोसाइटी (डब्ल्यूईएसएस), ट्रिनिटी एजुकेशन एंड रिसर्च फाउंडेशन, और जीएमसीएच-32 के सहयोग से आयोजित किया गया। इसमें भारत और विदेशों से आए 25 से अधिक प्रतिभागियों और 20 से ज्यादा प्रसिद्ध विशेषज्ञ डॉक्टरों ने हिस्सा लिया। इस वर्कशॉप में डॉक्टरों को मिनिमली इनवेसिव स्पाइन सर्जरी ( एमआईएसएस) की उन्नत तकनीकों, जैसे यूबीई (यूनिलैटरल बाइपोर्टल एंडोस्कोपी) और कंबिन फ्यूजन, की विशेष ट्रेनिंग दी गई। कार्यक्रम का उद्घाटन प्रो. गुरविंदर पाल थामी, डायरेक्टर प्रिंसिपल , जीएमसीएच-32 द्वारा किया गया। इस मौके पर प्रो. विजय जी. गोनी (पीजीआईएमईआर), प्रो. महेश के. शर्मा (जीएमसीएच-32) और डॉ. राकेश कुमार सरवाल (फोर्टिस मोहाली) जैसे विशिष्ट अतिथि उपस्थित रहे। प्रो. थामी ने ट्रिनिटी हॉस्पिटल की सर्जिकल एजुकेशन और वैश्विक सहयोग में अग्रणी भूमिका की सराहना की। साइंटिफिक सेशंस में डॉ. रुली हनाफी डहलान (इंडोनेशिया), डॉ. मोनू सिंह (फोर्टिस दिल्ली), डॉ. दीपक जोशी (फोर्टिस मोहाली) और डॉ. आत्मारंजन दाश (केयर हॉस्पिटल, भुवनेश्वर) ने अपने अनुभव साझा किए। डॉ. डहलान ने कहा कि भारत अब एमआईएसएस शिक्षा का वैश्विक केंद्र बनता जा रहा है, जबकि डॉ. मोनू सिंह ने इस वर्कशॉप को सटीकता और नवाचार बढ़ाने वाला बताया। डॉ. मोहिंदर कौशल, ऑर्गेनिशिंग चेयरमैन और वर्ल्ड एंडोस्कोपिक स्पाइन सोसाइटी (डब्ल्यू ई एस एस) के प्रेसिडेंट, ने आथ्रीस्पाइन डुओ यूबीई सिस्टम का प्रदर्शन किया, जो 'कीहोल' यानी बिना बड़े कट वाली, दिनभर में पूरी हो जाने वाली स्पाइन सर्जरी को संभव बनाता है। डॉ. रोहित जिंदल और डॉ. मुकुल कौशल ने बताया कि इस वर्कशॉप का मुख्य उद्देश्य डॉक्टरों की कौशल वृद्धि और आधुनिक तकनीकों को और अधिक सुलभ बनाना है। कार्यक्रम में 4के और 3डी लाइव सर्जरी डेमोंस्ट्रेशन भी हुए, जिन्हें प्रतिभागियों ने एशिया के सबसे उन्नत प्रशिक्षण सत्रों में से एक बताया। अंत में, समापन समारोह में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले डॉक्टरों और प्रतिभागियों को सम्मानित किया गया।

## देश-विदेश

### मिस्र में खुलादुनिया का सबसे बड़ा म्यूजियम खुला

**एजेंसी, काहिरा।** मिस्र में गीजा के पिरामिडों के पास दुनिया का सबसे बड़ा म्यूजियम ग्रैंड इजिप्शियन शनिवार को आम जनता के लिए खोल दिया है। मिस्र के राष्ट्रपति अब्देल फत्ताह अल-सीसी के साथ दुनिया के कई देशों के नेता उद्घाटन कार्यक्रम में शामिल हुए। इसे बनाने में करीब 1 अरब डॉलर से ज्यादा की लागत आई है। ग्रैंड इजिप्शियन म्यूजियम की सबसे बड़ी खासियत बॉय किंग तूतनखामेन की कब्र है। 1922 में ब्रिटिश पुरातत्वविद हावर्ड कार्टर ने यह कब्र खोजी थी। इसमें 5500 से अधिक वस्तुएं मिली थीं। एक ही स्थान पर आम दर्शकों के लिए रखी जा रही हैं। (अनंत ज्ञान)

### वंदे भारत एक्सप्रेस 4 नए रूट्स पर चलेगी, रेल मंत्रालय ने दी मंजूरी

**एजेंसी, नई दिल्ली।** भारतीय रेल मंत्रालय ने 4 नई वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेनों को मंजूरी दे दी है। ये 4 नई ट्रेनें-बेंगलुरु-एर्नाकुलम, फिरोजपुर कैंट-दिल्ली, वाराणसी-खजुराहो और लखनऊ-सहारनपुर रूट पर चलेंगी। इसके बाद देश में 164 वंदे भारत एक्सप्रेस होंगी। मार्केट में अब भी 2000 के नोट चलन में हैं। इनकी कीमत 5817 करोड़ रुपए है।

भारतीय रिजर्व बैंक ने शनिवार को आंकड़े जारी कर इसकी जानकारी दी है। रिजर्व बैंक के मुताबिक, अब सिर्फ 1.63% नोट ही चलन में बचे हैं और लगभग सारे नोट सिस्टम में लौट चुके हैं। बैंक ने 19 मई 2023 को 2000 के नोटों को प्रचलन से वापस लेने की घोषणा की थी। तब 3.56 लाख करोड़ रुपए के नोट प्रचलन में थे। 2000 के नोट आरबीआई के नोट जारी करने वाले 19 दफ्तरों में जाकर बदले जा सकते हैं। (अनंत ज्ञान)

## चेहरा और भेष बदलकर लौटना चाहता है जंगलराज: शाह

### नीतीश ही एनडीए का चेहरा, भारत कोई धर्मशाला नहीं, घुसपैठियों को करेंगे बाहर

**एजेंसी, पटना**



**बिहार** विधानसभा चुनाव अपने निर्णायक दौर में प्रवेश कर चुका है। एनडीए और महागठबंधन दोनों ही मोर्चों पर शब्दों की तलवारें तेज हो चुकी हैं। इस बीच केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने तेजस्वी यादव, नीतीश कुमार, प्रशांत किशोर से लेकर नक्सलवाद, पलायन और घुसपैठ जैसे मुद्दों पर एक न्यूज चैनल को दिए साक्षात्कार में खुलकर अपनी बात रखी। शाह ने तीखे लहजे में कहा कि जंगलराज चेहरे और भेष बदलकर लौटना चाहता है। बिहार की जनता सावधान रहे, गलती से भी अगर महा-ठगबंधन की सरकार आई तो राज्य फिर से उसी अंधेरे में चला जाएगा।

गृह मंत्री ने एनडीए के अंदर नेतृत्व को लेकर चल रही अटकलों को सिरे से खारिज किया। उन्होंने कहा कि नीतीश कुमार मुख्यमंत्री हैं और उन्हीं के नेतृत्व में एनडीए चुनाव लड़ रहा है। इसमें कोई भ्रम नहीं है। संवैधानिक प्रक्रिया के तहत मुख्यमंत्री का निर्णय विधायक दल करता है, लेकिन एनडीए के भीतर कोई असमंजस नहीं है। शाह ने कहा कि कुछ लोग हर चुनाव में एकनाथ शिंदे खोजने लगते हैं, लेकिन बिहार में नीतीश जी का नेतृत्व अटूट है। तेजस्वी यादव के 10 लाख सरकारी नौकरियों के वादे को अमित शाह ने अव्यावहारिक बताया और कहा कि इतना करने के लिए बिहार का बजट चार गुना बढ़ाना पड़ेगा। 12 लाख 50 हजार करोड़ रुपये कहां से आएंगे? जनता को समझना चाहिए कि ऐसे वादे सिर्फ छलावा हैं। उन्होंने कहा कि महिलाओं को 10,000 रुपए देने का वादा वोट खरीदने की कोशिश नहीं, बल्कि आत्मनिर्भरता का रोडमैप है। हमने 'लखपति दीदी' बनाने का लक्ष्य रखा है, यह कोई चुनावी जुमला नहीं। (अनंत ज्ञान)

### भ्रामक विज्ञापन पर आईएएस कोचिंग संस्थानों को 8-8 लाख रुपए जुर्माना

एजेंसी, नई दिल्ली। केंद्रीय उपभोक्ता संरक्षण प्राधिकरण ने भ्रामक विज्ञापन और उपभोक्ता अधिकारों के उल्लंघन के लिए 2 कोचिंग संस्थानों 'आईएएस दीक्षांत' और 'आईएएस अभिमन्यु' पर 8-8 लाख रुपए जुर्माना लगाया है। मिनी शुक्ला (एआईआर 96, सीएसई 2021) और नताशा गोयल (एआईआर 175, सीएसई 2022) ने शिकायत की थी कि उनके नाम और फोटो का बिना अनुमति इस्तेमाल कर उनके परिणामों का गलत तरीके से श्रेय लिया गया। (अंनत ज्ञान)

### काशीबुग्गा मंदिर में नौ लोगों की मौत के बाद पुलिस ने प्रवेश पर लगाई रोक

**एजेंसी, काशीबुग्गा (आंध्र प्रदेश)।** आंध्र प्रदेश पुलिस ने श्रीकाकुलम जिले के काशीबुग्गा में स्थित श्री वेंकटेश्वर स्वामी मंदिर में धार्मिक समारोह के दौरान नौ लोगों की मौत होने के एक दिन बाद रविवार को मंदिर में श्रद्धालुओं के प्रवेश पर रोक लगा दी। शनिवार को इस मंदिर में हुई दुर्घटना में आठ महिलाओं और एक बच्चे की मौत हो गई थी, जबकि कई अन्य लोग घायल हो गए थे। कई श्रद्धालुओं को हड्डियां टूटने और सांस लेने में तकलीफ के कारण अस्पताल में भर्ती कराया गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, मंदिर का एकमात्र द्वार बंद था और जिन श्रद्धालुओं को पहले दर्शन के लिए अंदर जाने दिया गया था, वे ग्रिल टूटने के कारण सीढ़ियों के नीचे इंतजार कर रहे लोगों पर गिर गए और यह भीषण हादसा हुआ। (अंनत ज्ञान)

## दिल्ली की वायु गुणवत्ता 'बेहद खराब'

**एजेंसी, नई दिल्ली**



**हवा** की धीमी गति के कारण प्रदूषकों का फैलाव कम होने के बीच दिल्ली की वायु गुणवत्ता रविवार को 'बेहद खराब' रही। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) ने यह जानकारी दी।

सीपीसीबी के आंकड़ों के अनुसार, राष्ट्रीय राजधानी का वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) सुबह 386 रहा, जो शनिवार के एक्यूआई 303 से काफी अधिक है। दिल्ली के लिए वायु गुणवत्ता प्रारंभिक चेतावनी प्रणाली (एक्यूईडब्ल्यूएस) के अनुसार, शनिवार शाम और रात के दौरान उत्तर-पश्चिम दिशा से हवा की गति आठ किलोमीटर प्रति घंटे से कम हो गई, जिससे प्रदूषकों का फैलाव कम हो गया।

इसके अनुसार, 6,000 वर्ग मीटर/सेकंड से कम 'वेंटिलेशन इंडेक्स' (वायु संचार सूचकांक) और 10 किलोमीटर प्रति घंटे से कम हवा की औसत गति को प्रदूषकों के फैलाव के लिए प्रतिकूल माना जाता है। एक्यूईडब्ल्यूएस के अनुसार, वायु गुणवत्ता के चार नवंबर तक 'बेहद खराब' श्रेणी में रहने की संभावना है। दिल्ली में 17 निगरानी केंद्रों ने 400 से ऊपर के एएक्यूआई के साथ 'गंभीर श्रेणी' की वायु गुणवत्ता दर्ज की। वजीरपुर में सबसे अधिक 439 एक्यूआई दर्ज किया गया। सीपीसीबी के समीर ऐप के अनुसार, 20 अन्य केंद्रों ने 300 से ऊपर के एक्यूआई के साथ 'बेहद खराब' वायु गुणवत्ता दर्ज की। एक्यूआई को शून्य से 50 के बीच 'अच्छा', 51 से 100 के बीच 'संतोषजनक', 101 से 200 के बीच 'मध्यम', 201 से 300 के बीच 'खराब', 301 से 400 के बीच 'बेहद खराब' और 401 से 500 के बीच 'गंभीर' माना जाता है। (अनंत ज्ञान)

## भारतीय सेना करेगी अरुणाचल के पहाड़ों में एक्सरसाइज

**एजेंसी, इटानगर**

**आर्मी, एयरफोर्स और नेवी नई युद्ध क्षमता को परखेंगे; ड्रोन और हाई-टेक सिस्टम का इस्तेमाल होगा**

भारतीय सेना इस महीने अरुणाचल प्रदेश के ऊंचे इलाकों में एक बड़ा संयुक्त सैन्य अभ्यास करने जा रही है। इसका नाम पूर्वी प्रचंड प्रहार है। यह थलसेना, नौसेना और वायुसेना का संयुक्त अभ्यास होगा। इसका मकसद भविष्य के युद्धों के लिए तालमेल, तकनीकी क्षमता और तेज प्रतिक्रिया की तैयारी को और मजबूत करना है।

इसमें तीनों सेनाएं ड्रोन से लेकर हाई-टेक सिस्टम तक का इस्तेमाल करेंगी। रक्षा जनसंपर्क अधिकारी लेफ्टिनेंट कर्नल महेंद्र रावत ने बताया कि यह अभ्यास मेचुका के पहाड़ी इलाके में होगा। उन्होंने कहा कि यह एक फॉरवर्ड-लुकिंग एक्सरसाइज है। इसमें तीनों सेनाओं के बीच जमीनी, हवाई और समुद्री मोर्चों पर इंटीग्रेशन और को-ऑर्डिनेशन को परखा जाएगा। इस दौरान सेनाएं अपने स्पेशल फोर्सेस, ड्रोन सिस्टम, प्रिसिशन वेपन और नेटवर्क आधारित कंट्रोल सेंटर के जरिए एक साथ ऑपरेशन करने की क्षमता दिखाएंगी। यह सब कुछ रियल टाइम हाई-एल्टीट्यूड (ऊंचाई वाले) हालातों में किया जाएगा। इससे हर परिस्थिति में प्रतिक्रिया देने की तैयारी सही और सटीक हो सकेगी। लेफ्टिनेंट कर्नल रावत ने कहा कि यह एक्सरसाइज भारतीय सेनाओं के उस संकल्प को दोहराती है कि देश की रक्षा में हमेशा मिशन-रेडी और संयुक्त रूप से सक्षम रहना हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है।

**नई तकनीकों पर भी होगा काम :** अभ्यास में नई टैक्टिक्स, टेक्नोलॉजी और प्रोसेस भी भी परखी जाएंगी। इससे युद्ध के दौरान तेजी, लचीलापन और परिस्थिति के अनुसार ढलने की क्षमता को बेहतर बनाने पर ध्यान दिया जाएगा। लेफ्टिनेंट कर्नल रावत ने बताया कि यह अभ्यास भारत की ट्राई-सर्विस तीन सेनाओं के एक साथ काम करने की दिशा में अगला बड़ा कदम है। (अनंत ज्ञान)

### 4 कंपनियों का मार्केट कैप 95 हजार करोड़ से अधिक बढ़ा रिलायंस को सबसे ज्यादा फायदा

एजेंसी, नई दिल्ली। घरेलू शेयर बाजार में पिछले कारोबारी सप्ताह के दौरान हुई खरीद-बिक्री के कारण बीएसई की टॉप 10 मोस्ट वैल्यूड कंपनियों में से 4 के मार्केट कैप में 95 हजार करोड़ रुपए से अधिक की उछाल दर्ज की गई। इनमें सबसे अधिक फायदे में रिलायंस इंडस्ट्रीज रही। दूसरी ओर टॉप 10 कंपनियों में से 6 कंपनियों के मार्केट कैप में 91 हजार करोड़ रुपये से अधिक की गिरावट आ गई।

पिछले सप्ताह के कारोबार के दौरान रिलायंस इंडस्ट्रीज, भारती एयरटेल, भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) और भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) के मार्केट कैप में 95,447.38 करोड़ रुपए की बढ़ोतरी हो गई। वहीं एचडीएफसी बैंक, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस), आईसीआईसीआई बैंक, बजाज फाइनेंस, इंफोसिस और हिंदुस्तान यूनिलीवर के मार्केट कैप में 91,685.94 करोड़ रुपए की कमी हो गई। 27 से 31 अक्तूबर के बीच हुए कारोबार के दौरान रिलायंस इंडस्ट्रीज का मार्केट कैप 47,431.32 करोड़ रुपये की उछाल के साथ 20,11,602.06 करोड़ रुपए के स्तर पर आ गया। इसी तरह भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) का मार्केट कैप 30,091.82 करोड़ बढ़कर 8,64,908.87 करोड़ के स्तर पर पहुंच गया। (अनंत ज्ञान)

## नाइजीरिया में ईसाइयों की हत्या से ट्रंप नाराज, हमले की दी धमकी

**एजेंसी, वॉशिंगटन डीसी**

**अमेरिकी** राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने नाइजीरिया को कड़ी चेतावनी दी है। उन्होंने कहा कि अगर नाइजीरिया में ईसाइयों की हत्या और हमले बंद नहीं हुए, तो अमेरिका तुरंत नाइजीरियाई सरकार को दी जाने वाली सभी आर्थिक और सैन्य सहायता रोक देगा।

ट्रंप ने ट्रुथ सोशल पर लिखा कि अगर जरूरत पड़ी, तो अमेरिका 'गन के साथ' नाइजीरिया में कार्रवाई करेगा और उन आतंकियों को खत्म करेगा जो ईसाइयों पर हमला कर रहे हैं। ट्रम्प ने कहा कि उन्होंने अपने डिपार्टमेंट ऑफ वॉर को संभावित सैन्य कार्रवाई की तैयारी के आदेश दे दिए हैं। इंटरनेशनल सोसाइटी फॉर सिविल लिबर्टीज एंड द रूल ऑफ लॉ की एक रिपोर्ट के अनुसार, नाइजीरिया में जनवरी से 10 अगस्त तक धार्मिक हिंसा बढ़ने के कारण 7,000 से अधिक ईसाइयों की हत्या कर दी गई है। इन हत्याओं के बीच बोको हरम और फुलानी एक्सट्रीमिस्ट जैसे आतंकी संगठन जिम्मेदार हैं। (अनंत ज्ञान)

### नाइजीरियाई राष्ट्रपति बोले यहां धार्मिक उत्पीड़न नहीं

**नाइजीरिया** के राष्ट्रपति बोला अहमद टिनुबू ने कहा कि देश को धार्मिक रूप से असहिष्णु कहना गलत है। हमारे देश की पहचान ही धार्मिक स्वतंत्रता और समान सम्मान पर आधारित है। नाइजीरिया किसी भी धार्मिक उत्पीड़न को बढ़ावा नहीं देता। संविधान सभी धर्मों की सुरक्षा की गारंटी देता है। नाइजीरिया के विदेश मंत्रालय ने कहा कि सरकार सभी नागरिकों की रक्षा करेगी, चाहे उनका धर्म, जाति या नस्ल कुछ भी हो।

## शिक्षित बेटियां आंतरिक शक्ति, भारत का बढ़ाएंगी गौरव: राष्ट्रपति

**एजेंसी, हरिद्वार**



**राष्ट्रपति** द्रौपदी मुर्मु ने कहा कि हरिद्वार स्थित पतंजलि विश्वविद्यालय के द्वितीय दीक्षांत समारोह में राष्ट्रपति ने कहा कि उपाधि पाने वाले विद्यार्थियों में 64 प्रतिशत संख्या बेटियों की हैं, जो पदक प्राप्त करने वाले छात्रों की तुलना में चौगुनी है। यहां शिक्षा प्राप्त कर रहे कुल विद्यार्थियों में बेटियों की संख्या 62 प्रतिशत है।

यह केवल संख्या नहीं है, यह महिलाओं के नेतृत्व में आगे बढ़ने वाले विकसित भारत का अग्रिम स्वरूप है। मुझे विश्वास है कि हमारी शिक्षित बेटियां अपनी आंतरिक शक्ति और प्रतिभा से भारत-माता का गौरव बढ़ाएंगी। राष्ट्रपति मुर्मु रविवार को पतंजलि विश्वविद्यालय के द्वितीय दीक्षांत समारोह को संबोधित कर रही थीं। राष्ट्रपति मुर्मु ने छात्र व छात्राओं को उपाधि और मेडलप्रदान की।

उन्होंने विद्यार्थियों की प्रशंसा करने के साथ ही उनके जीवन-निर्माण में सहभागी अध्यापकों और अभिभावकों को भी शुभकामनाएं दी। इस मौके पर राष्ट्रपति ने कहा कि उपाधि पाने वाले विद्यार्थियों में 64 प्रतिशत संख्या बेटियों की हैं, जो पदक प्राप्त करने वाले छात्रों की तुलना में चौगुनी है। यहां शिक्षा प्राप्त कर रहे कुल विद्यार्थियों में बेटियों की संख्या 62 प्रतिशत है। यह केवल संख्या नहीं है, यह महिलाओं के नेतृत्व में आगे बढ़ने वाले विकसित भारत का अग्रिम स्वरूप है। साथ ही, यह भारतीय संस्कृति की उस महान परंपरा का विस्तार है, जिसमें गार्गी, मैत्रेयी, अपाला और लोपामुद्रा जैसी विदुषी महिलाएं समाज को बौद्धिक और आध्यात्मिक नेतृत्व प्रदान करती थीं। मुझे विश्वास है कि हमारी शिक्षित बेटियां अपनी आंतरिक शक्ति और प्रतिभा से भारत-माता का गौरव बढ़ाएंगी। (अनंत ज्ञान)

## स्पोर्ट्स विंडो

### सिनर और ऑगर अलियासिमे में होगा पेरिस मास्टर्स का खिताबी मुकाबला

**एजेंसी, पेरिस।** विश्व के दूसरे नंबर के खिलाड़ी यानिक सिनर ने अलेक्जेंडर ज्वेरेव को आसानी से 6-0, 6-1 से हराकर पेरिस मास्टर्स टेनिस टूर्नामेंट के फाइनल में प्रवेश किया और फिर से नंबर एक रैंकिंग हासिल करने की तरफ मजबूत कदम बढ़ाए। इटली के चार बार के ग्रैंड स्लैम चैंपियन सिनर यदि फाइनल में नौवीं वरीयता प्राप्त फेलिक्स ऑगर अलियासिमे को हरा देते हैं, तो वह छह बार के ग्रैंड स्लैम चैंपियन कार्लोस अल्काराज की जगह फिर से दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी बन जाएंगे। ऑगर अलियासिमे ने इससे पहले ला डिफेंस एरिना में सेमीफाइनल में अलेक्जेंडर बुब्लिक को 7-6 (3), 6-4 से हराया। सिनर ने इनडोर टूर्नामेंट में अपने जीत के सिलसिले को 25 मैचों तक बढ़ा दिया है। उन्होंने गत विजेता ज्वेरेव को लगातार चौथी बार हराकर उन पर 5-4 की बढ़त बना ली है। (अनंत ज्ञान)

### रतिका सीलान नॉर्थ कोस्ट ओपन के सेमीफाइनल में हारीं

**एजेंसी, नई दिल्ली।** भारत की रतिका सुथांथीरा सीलान ऑस्ट्रेलिया के कॉफ्स हार्बर में चल रही 6000 डॉलर इनामी पीएसए चैलेंजर प्रतियोगिता नॉर्थ कोस्ट ओपन स्क्वाश के महिला एकल के सेमीफाइनल में दूसरी वरीयता प्राप्त लोजयन गोहारी से हार गईं। तमिलनाडु की रहने वाली सातवीं वरीयता प्राप्त भारतीय खिलाड़ी को चार गेम में हार का सामना करना पड़ा। मिस्र की खिलाड़ी ने 12-10, 5-11, 11-3, 11-3 से जीत हासिल करके फाइनल में जगह बनाई। रतिका ने शुक्रवार को क्वार्टर फाइनल में तीसरी वरीयता प्राप्त बोबो लाम को हराया था। (अनंत ज्ञान)

### स्वियातेक ने डब्ल्यूटीए फाइनल्स के पहले दिन कीज को हराया

**एजेंसी, रियाद।** इगा स्वियातेक ने शानदार खेल का नजारा पेश करते हुए डब्ल्यूटीए फाइनल्स टेनिस टूर्नामेंट के पहले दिन मैडिसन कीज़ को आसानी से सीधे सेटों में हरा दिया। विंबलडन चैंपियन स्वियातेक को विश्व की शीर्ष आठ खिलाड़ियों के बीच खेले जा रहे सत्र के इस अंतिम टूर्नामेंट में ऑस्ट्रेलियाई ओपन विजेता कीज़ को 6-1, 6-2 से हराने में एक घंटे से थोड़ा अधिक का समय लगा। कीज इस टूर्नामेंट में सेरेना विलियम्स ग्रुप में हैं और उन्हें आगे बढ़ने के लिए अमांडा अनिसिमोवा और एलेना रयबाकिना को हर हाल में हराना होगा। रयबाकिना ने ग्रुप के एक अन्य मैच में अनिसिमोवा को 6-3, 6-1 से हराया। स्टेफी ग्राफ ग्रुप में आर्यना सबालेंका, गत चैंपियन कोको गॉफ, जेसिका पेगुला और जैस्मीन पाओलिनी हैं। प्रत्येक ग्रुप से शीर्ष पर रहने वाली दो खिलाड़ी सेमीफाइनल में जगह बनाएंगी। विजेता के लिए पुरस्कार राशि 52 लाख 35 हजार डॉलर है। (अनंत ज्ञान)

### खूबसूरत स्टाइल में यूजिनी बुचर्ड

**कनाडा।** कनाडा की टेनिस खिलाड़ी यूजिनी बुचर्ड की खूबसूरती भी देखने लायक है। वह कनाडा की पहली महिला खिलाड़ी हैं, जिन्होंने टेनिस में अपने देश का प्रतिनिधित्व किया। इसके अलावा किसी भी ग्रैंड स्लैम के फाइनल में पहुंचने वाली वह कनाडा की पहली टेनिस हैं।



# भारत ने ऑस्ट्रेलिया को 5 विकेट से हराया

## तीसरा टी-20 मैच: सीरीज 1-1 से बराबर; सुंदर ने 23 गेंद में बनाए 49 रन, अर्शदीप को 3 विकेट मिले

**एजेंसी, होबार्ट**

**भारत** ने टी-20 सीरीज के तीसरे मुकाबले में ऑस्ट्रेलिया को 5 विकेट से हराया। इस जीत के साथ ही भारत ने 5 मैचों की सीरीज में 1-1 की बराबरी हासिल कर ली है। सीरीज का चौथा मुकाबला 6 नवंबर को गोल्ड कोस्ट में खेला जाएगा। पहला टी-20 बारिश में धुल गया था, जबकि दूसरे में ऑस्ट्रेलिया ने 4 विकेट की जीत हासिल की थी। होबार्ट में 187 रन चेज कर रही भारतीय टीम ने 18.3 ओवर में 5 विकेट पर जीत हासिल कर ली।

वॉशिंगटन सुंदर 23 बॉल पर 49 और जितेश शर्मा 13 बॉल पर 22 रन पर नाबाद लौटे। ऑस्ट्रेलिया से नाथन एलिस ने 3 विकेट झटके। इससे पहले टॉस हारकर बैटिंग कर रही ऑस्ट्रेलियाई टीम ने 20 ओवर में 6 विकेट पर 186 रन बनाए। टिम डेविड ने 38 बॉल पर 74 रन की आक्रामक पारी खेली, जबकि मार्कस स्टोयनिस ने 39 बॉल पर 64 रन बनाए। भारत की ओर से अर्शदीप सिंह ने 3 विकेट झटके। वरुण चक्रवर्ती को 2 सफलताएं मिलीं। शिवम दुबे को एक विकेट मिला। अर्शदीप सिंह प्लेयर ऑफ द मैच चुने गए। (अनंत ज्ञान)



### अर्शदीप ने की शानदार गेंदबाजी

**अर्शदीप** ने 4 ओवर गेंदबाजी की और 35 रन खर्च करते हुए 3 विकेट लिए। उनकी इकॉनमी 8.80 की रही। इस खिलाड़ी ने पहले ही ओवर में ताबड़तोड़ बल्लेबाजी करने वाले ट्रेविस हेड को सिर्फ 6 रन बनाने के बाद पवेलियन भेज दिया। इसके बाद 7 गेंदों में 1 रन बनाकर खेल रहे जोश इंग्लिश को अपना शिकार बनाया। स्टोइनिस के रूप में अर्शदीप ने अपना तीसरा विकेट लिया। वरुण चक्रवर्ती ने मैच में 2 विकेट लिए।

**रिकॉर्ड की बराबरी :** अर्शदीप संयुक्त रूप से भारत के लिए टी-20 अंतरराष्ट्रीय में सबसे ज्यादा बार 3 विकेट चटकाने वाले खिलाड़ी बन गए हैं। उन्होंने कुलदीप यादव की बराबरी की है। इन दोनों गेंदबाजों ने 14-14 बार इस प्रारूप में 3 विकेट हॉल लिए हैं। युजवेंद्र चहल और हार्दिक पांड्या इस सूची में संयुक्त रूप से दूसरे स्थान पर हैं। दोनों ने 10-10 बार 3 विकेट हॉल अपने नाम किए हैं। भुवनेश्वर कुमार और रवि बिश्नोई ने 8-8 बार 3 विकेट चटकाए हैं।

**स्टोइनिस ने भारत के खिलाफ जड़ा पहला अर्धशतक :** स्टोइनिस ने 39 गेंदों का सामना किया और 64 रन बनाए। उनके बल्ले से 8 चौके और 2 छक्के निकले। उनकी स्ट्राइक रेट 164.10 की रही। यह उनके टी-20 अंतरराष्ट्रीय करियर का छठा और भारत के खिलाफ पहला अर्धशतक रहा, जिसे उन्होंने 32 गेंदों में पूरा किया। अब तक 80 मैच की 65 पारियों में 32.21 की औसत और 148.76 की स्ट्राइक रेट से 1,321 रन बनाने में सफल रहे हैं। उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 78 रन का रहा है।

### नजमुल हुसैन की बांग्लादेश के टेस्ट कप्तान के रूप में वापसी

**एजेंसी, नई दिल्ली।** बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) ने घोषणा की है कि नजमुल हुसैन शांतो 2025-2027 आईसीसी वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप चक्र खत्म होने तक बांग्लादेश टेस्ट टीम के कप्तान बने रहेंगे। शान्तो इससे पहले बांग्लादेश के कप्तान थे, लेकिन जून में श्रीलंका के खिलाफ टेस्ट श्रृंखला में हार के बाद उन्होंने टेस्ट कप्तानी से इस्तीफा दे दिया था। हालांकि, अब बीसीबी ने दोबारा उन पर भरोसा जताते हुए उन्हें टेस्ट टीम की कमान सौंप दी है। बीसीबी अध्यक्ष मोहम्मद अमीनुल इस्लाम ने एक बयान में कहा कि यह निर्णय 27 वर्षीय बल्लेबाज के नेतृत्व और बांग्लादेश के लाल गेंद क्रिकेट के प्रति उनके दृष्टिकोण में बोर्ड के विश्वास को दर्शाता है। उन्होंने कहा कि शान्तो ने टेस्ट क्रिकेट में धैर्य, प्रतिबद्धता और गहरी समझ दिखाई है। उनके नेतृत्व में हमने टीम के प्रदर्शन में विकास, विश्वास और निरंतरता देखी है। बोर्ड का मानना है कि इस वर्ल्ड टेस्ट चैम्पियनशिप चक्र में आगे बढ़ने के साथ नेतृत्व में निरंतरता महत्वपूर्ण होगी।' शान्तो ने कहा, 'मुझे बांग्लादेश टेस्ट टीम को लीड करते रहने पर सच में बहुत गर्व महसूस हो रहा है और मैं बोर्ड का बहुत आभारी हूं कि उन्होंने मेरी कप्तानी पर भरोसा किया है। उन्होंने कहा कि टेस्ट क्रिकेट में अपने देश की कप्तानी करना मेरी जिंदगी का सबसे बड़ा गर्व है। (अनंत ज्ञान)

## महिला वर्ल्ड कप फाइनल: भारत ने साउथ अफ्रीका टीम को दिया 299 रन का टारगेट

# शेफाली वर्मा और दीप्ति ने लगाए अर्धशतक

**एजेंसी, मुंबई**

**महिला** वनडे वर्ल्ड कप के फाइनल में भारत ने साउथ अफ्रीका को 299 रन का टारगेट दिया । नवी मुंबई के डीवाई पाटिल स्टेडियम में साउथ अफ्रीका ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी चुनी। भारत ने 7 विकेट खोकर 298 रन बनाए। टीम से शेफाली वर्मा ने 87 और दीप्ति शर्मा ने 58 रन बनाए।

स्मृति मंधाना 45, कप्तान हरमनप्रीत कौर 20 और जेमिमा रोड्रिग्ज 24 रन बनाकर आउट हुईं। आखिर में ऋचा घोष ने तेजी से 34 रन बनाकर टीम को 300 के करीब पहुंचाया। साउथ अफ्रीका से आयाबोंगा खाका ने 3 विकेट लिए। नोन्कुलुलेको मलाबा, नदिन डी क्लर्क और क्लो ट्रायोन ने 1-1 विकेट लिया। एक बैटर रन आउट हुईं। इंडिया टीम से टॉप-7 में 6 बैटर्स ने 20 प्लस रन बनाए। 49वें ओवर में भारत ने छठा विकेट गंवा



दिया। ओवरी की आखिरी बॉल आयाबोंगा खाका ने लेग स्टंप की ओर फेंकी ऋचा ने फ्लिक किया, लेकिन कैच हो गईं। 48वें ओवर में दीप्ति शर्मा ने फिफ्टी लगाई। उन्होंने मारिजान कैप के खिलाफ सिंगल लिया और 53 गेंद पर अपनी हाफ सेंचुरी पूरी कर ली। 44वें ओवर में भारत ने 250 रन पूरे कर लिए थे।

ऋचा घोष ने नदिन डी क्लर्क के खिलाफ ओवर की आखिरी गेंद पर एक्स्ट्रा कवर्स की दिशा में छक्का लगाया और टीम को इस स्कोर के पार पहुंचा दिया। शेफाली वर्मा (78 गेंद में 87 रन) की आक्रामक पारी के दम पर भारत ने 30 ओवर में तीन विकेट पर 172 रन बनाए। शेफाली ने वनडे में अपने सर्वोच्च स्कोर वाली पारी के दौरान सात चौके और दो छक्के लगाए। इससे पहले शेफाली का सर्वोच्च स्कोर नाबाद 71 रन था। उन्होंने स्मृति मंधाना (48 गेंद में 49 रन) के साथ पहले विकेट के लिए शतकीय पारी खेली। भारत को 245 के स्कोर पर पांचवां झटका लगा। पारी के 44वें ओवर में डी क्लर्क ने अमनजोत कौर का कैच खुद ही लपका। भारत को 28वें ओवर में 166 के स्कोर पर बड़ा झटका लगा। शेफाली वर्मा 87 रन बनाकर आउट हुईं और शतक से चूक गई। (अनंत ज्ञान)

# केन विलियमसन ने लिया टी-20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास

**एजेंसी, ऑकलैंड**



**न्यूजीलैंड** के दिग्गज बल्लेबाज और पूर्व कप्तान केन विलियमसन ने टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लेने की घोषणा कर दी है। 35 वर्षीय विलियमसन ने यह फैसला अगले टी-20 विश्व कप से मात्र चार महीने पहले लिया है, जिससे उनके शानदार 93 मैचों के करियर का अंत हो गया। विलियमसन न्यूजीलैंड की ओर से टी-20 अंतरराष्ट्रीय में दूसरे सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज हैं। उन्होंने 33 की औसत से 2575 रन बनाए, जिसमें 18 अर्धशतक और 95 रन का सर्वाधिक स्कोर शामिल है। उन्होंने 2011 में डेब्यू किया था और 75 मैचों में टीम की कप्तानी की, जिसमें न्यूजीलैंड को दो टी20 विश्व कप सेमीफाइनल (2016, 2022) और एक फाइनल (2021) में पहुंचाया। विलियमसन ने कहा, 'यह कुछ ऐसा है जिसका हिस्सा बनना मेरे लिए बेहद खास रहा है। मैं इस लंबे सफर के लिए आभारी हूं। अब यह सही समय है- मेरे लिए और टीम के लिए, ताकि अगले चरण की तैयारी स्पष्ट रूप से हो सके। टीम में बहुत प्रतिभा है और मुझे विश्वास है कि मिच सैंटनर शानदार नेतृत्व करेंगे।' विलियमसन पहले ही न्यूजीलैंड की व्हाइट-बॉल कप्तानी मिचेल सैंटनर को सौंप चुके हैं। 2024 टी20 विश्व कप में टीम के शुरुआती बाहर होने के बाद उन्होंने सीमित ओवरों में अपनी भूमिका को सीमित कर लिया था ताकि वे परिवार और फ्रेंचाइजी क्रिकेट के बीच संतुलन बना सकें।

हाल ही में वे चोटों और चयनात्मक शेड्यूल के कारण ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड के खिलाफ टी-20 सीरीज से बाहर रहे, लेकिन इंग्लैंड के खिलाफ समाप्त हुई वनडे सीरीज में उन्होंने वापसी की। उन्होंने संकेत दिया कि वह भविष्य में टेस्ट और वनडे क्रिकेट में अपनी भूमिका को लेकर खुले दिमाग से निर्णय लेंगे। विलियमसन अब नॉर्दर्न डिस्ट्रिक्ट्स की ओर से 26 नवंबर से ऑकलैंड के खिलाफ प्लंकेट शील्ड मैच में उतर सकते हैं। उनका अगला बड़ा लक्ष्य वेस्टइंडीज के खिलाफ 2 दिसंबर से शुरू होने वाली तीन टेस्ट मैचों की सीरीज होगी। न्यूजीलैंड क्रिकेट के सीईओ स्कॉट वीनिंक ने कहा, 'टी20 प्रारूप में केन का योगदान और नेतृत्व अद्भुत रहा है। (अनंत ज्ञान)

### हांगकांग सिक्सर्स 2025 की शुरुआत 7 नवंबर से

एजेंसी, नई दिल्ली। हांगकांग सिक्सेस 2025 की शुरुआत 7 नवंबर से हो रही है। प्रतियोगिता के सारे मैच हांगकांग के टिन क्वांग रोड रिक्रिएशन ग्राउंड में खेले जाएंगे। यह टूर्नामेंट नौ नवंबर तक खेला जाएगा, जिसके सारे मैच हांगकांग के टिन क्वांग रोड रिक्रिएशन ग्राउंड में होंगे।

तीन दिनों तक अनोखे छह-ओवर प्रारूप में रोमांचक क्रिकेट देखने को मिलेगा। इस टूर्नामेंट में 12 टीमें शामिल हैं, जिन्हें चार पूल में बांटा गया है। शीर्ष अंतरराष्ट्रीय और घरेलू खिलाड़ी इस खेल के सबसे मनोरंजक आयोजनों में से एक के लिए एक साथ आएंगे। पहले दिन दस मैच खेले जाएंगे, जो क्रिकेट के एक जोशीले सप्ताहांत की शुरुआत करेंगे। इनमें से तीन मुकाबले पहले दिन धूम मचाने के लिए तैयार हैं, जो अपने इतिहास और प्रतिस्पर्धात्मकता के लिए जाने जाते हैं। भारत बनाम पाकिस्तान (सात नवंबर दोपहर 3:35 बजे हांगकांग समय, दोपहर 1:05 बजे भारतीय समय)भारत और पाकिस्तान मैच हमेशा उच्च तीव्रता वाला होता है। (अनंत ज्ञान)

### बैडमिंटन खिलाड़ी उन्नति हुड्डा बाहर हाइलो ओपन में भारतीय चुनौती समाप्त



**एजेंसी, सारब्रूकेन ( जर्मनी )**

उभरती बैडमिंटन खिलाड़ी उन्नति हुड्डा को यहां 475,000 डॉलर इनामी हाइलो ओपन के महिला एकल सेमीफाइनल में इंडोनेशिया की शीर्ष वरीय पुत्री कुसुमा वर्दानी से सीधे गेम में हार का सामना करना पड़ा, जिससे इस टूर्नामेंट में भारत की चुनौती भी समाप्त हो गई। रोहतक की 18 वर्षीय खिलाड़ी उन्नति ने इस सप्ताह प्रभावशाली प्रदर्शन किया, लेकिन वह वर्दानी की गति और सटीकता की बराबरी नहीं कर सकी और शनिवार रात 35 मिनट तक चले मुकाबले में 7-21, 13-21 से हार गई।

उन्नति उस भारतीय टीम का हिस्सा थीं जिसने पिछले महीने गुवाहाटी में बीडब्ल्यूएफ विश्व जूनियर मिश्रित टीम चैंपियनशिप में अपना पहला पदक (कांस्य) जीता था। (अनंत ज्ञान)

# इंडिया-ए ने साउथ अफ्रीका-ए टीम को तीन विकेट से हराया

**एजेंसी, बेंगलुरु**



कप्तान ऋषभ पंत की 90 रनों की दमदार पारी और ऑलराउंडर तनुष कोटियान व अंशुल कंबोज के ऑलराउंड प्रदर्शन की बदौलत इंडिया-ए ने बेंगलुरु में खेले गए पहले अनौपचारिक टेस्ट में रविवार को साउथ अफ्रीका-ए को 3 विकेट से मात दी। मैच में इंडिया-ए के कप्तान ऋषभ पंत ने टॉस जीतकर साउथ अफ्रीकी टीम को पहले बल्लेबाजी का न्योता दिया।

साउथ अफ्रिका ने अपनी पहली पारी में 309 रन बनाए। इसके जवाब में इंडिया-ए की पहली पारी 234 रन पर सिमट गई। फिर अफ्रीका-ए टीम दूसरी पारी में 199 रन पर ही ढेर हो गई। इससे इंडिया-ए को जीत के लिए 275 रनों का लक्ष्य मिला। इंडिया-ए ने 7 विकेट खोकर 277 रन बनाते हुए शानदार जीत दर्ज की। रविवार को ऋषभ पंत के आउट होने के बाद एक समय इंडिया-ए पर हार का खतरा मंडराने लगा था, लेकिन अंशुल कंबोज और मानव सुथार ने 50 से ज्यादा रनों की नाबाद साझेदारी करके टीम को शानदार जीत दिला दी। अंशुल कंबोज ने 46 गेंदों में नाबाद 37 रनों की पारी खेली। मानव सुथार ने 56 गेंदों में नाबाद 20 रन बनाए। कप्तान पंत ने 113 गेंदों में 11 चौके और 4 छक्कों की मदद से 90 रन बनाए। इनके अलावा आयुष बढोनी ने 34 रन, रजत पाटिदार 28 और तनुष कोटियान ने 23 रन का योगदान दिया। साउथ अफ्रीका की ओर से टियान वैन वुरेन ने 3 विकेट, त्शेपो मोरेकी ने 2 विकेट और ओकुहले सेले, लुथो सिपामला ने एक-एक विकेट लिया। साउथ अफ्रीका-ए की पहली पारी साउथ अफ्रीका-ए टीम ने अपनी पहली पारी में 309 रन बनाए थे। टीम के लिए जॉर्डन हरमन ने 71 रन, जुबैर हमज़ा ने 66 रन और रुबिन हरमन ने 54 रन की अर्धशतकीय पारियां खेलीं। टियान वैन वुरेन ने 46 रन का योगदान दिया। (अनंत ज्ञान)

# हिमाचल की बेटी शिवांगी ने बढ़ाया भारत का मान

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

**कॉमनवेल्थ आसियान शिखर सम्मेलन 2025 में किया भारत का प्रतिनिधित्व**

**कॉमनवेल्थ**-आसियान शिखर सम्मेलन 2025 मलेशिया की राजधानी कुआलालंपुर में एक ऐतिहासिक अवसर के रूप में आयोजित हुआ। इस मंच पर कॉमनवेल्थ और आसियान देशों के नेता, नीतिनिर्माता, युवा प्रतिनिधि और परिवर्तनकर्ता एक साझा दृष्टि के तहत एकजुट हुए- 'सहयोग, नवाचार और सततता के माध्यम से साझा समृद्धि।

'इस वैश्विक मंच पर भारत का प्रतिनिधित्व दिल्ली विश्वविद्यालय से अंतरराष्ट्रीय संबंधों में शोधरत तथा अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की राष्ट्रीय मंत्री व दिल्ली विश्वविद्यालय छात्रसंघ की संयुक्त सचिव शिवांगी खरवाल ने किया, जो भारत की युवा ऊर्जा, नेतृत्व और वैश्विक सहभागिता की सशक्त प्रतीक बनकर उभरीं। सम्मेलन के दौरान शिक्षा, प्रौद्योगिकी, व्यापार, वित्त और सामाजिक-सांस्कृतिक विषयों पर व्यापक चर्चा हुई। विभिन्न देशों के प्रतिनिधियों ने सतत विकास, तकनीकी नवाचार, और क्षेत्रीय सहयोग को बढ़ावा देने के नए मार्ग सुझाए। इन सत्रों में भविष्य की दिशा तय करते हुए 'विविधता में एकता' के भाव को विशेष रूप से रेखांकित किया गया।

**भारत की डिजिटल प्रगति पर विशेष सत्र :** महाराष्ट्र से राज्यसभा सांसद मिलिंद देवड़ा से मुलाकात का अवसर शिवांगी खरवाल को मिला। देवड़ा ने भारत की डेटा सुरक्षा, यूपीआई की अभूतपूर्व वैश्विक सफलता और डिजिटल इंडिया की उपलब्धियों पर अपने विचार साझा किए। उन्होंने बताया कि कैसे भारत तकनीक को सामाजिक-आर्थिक सशक्तिकरण के माध्यम के रूप में उपयोग कर रहा है।

# वेस्टइंडीज के खिलाफ टी-20 सीरीज के लिए न्यूजीलैंड टीम घोषित, ईश सोढ़ी शामिल

**एजेंसी, नई दिल्ली**

**न्यूजीलैंड** ने बुधवार से वेस्टइंडीज के खिलाफ होने वाली आगामी पांच मैचों की टी-20 सीरीज के लिए रविवार को 14 सदस्यीय टीम की घोषणा की। टीम से फिन एलन (पैर की चोट), लॉकी फर्ग्यूसन (हैमस्ट्रिंग), एडम मिल्ने (टखना), ग्लेन फिलिप्स (ग्रोइन) और बेन सियर्स (हैमस्ट्रिंग) चोट के कारण बाहर हैं, जबकि तेज गेंदबाज काइल जैमीसन और स्पिनर ईश सोढ़ी को टीम में शामिल किया गया है।

दिग्गज खिलाड़ी केन विलियमसन इस सीरीज में नहीं खेलेंगे, क्योंकि उन्होंने रविवार सुबह ही सबसे छोटे प्रारूप से संन्यास की घोषणा की थी। अनकैप्ड तेज गेंदबाज नाथन स्मिथ को टीम में शामिल किया गया है। तेज गेंदबाज मैट हेनरी को कैरेबियाई टीम के साथ वनडे और टेस्ट सीरीज को ध्यान में रखते हुए टीम से बाहर रखा गया है। न्यूजीलैंड के कोच रॉब वाल्टर वेस्टइंडीज के खिलाफ सीरीज को लेकर उत्सुक हैं, जो अगले साल की शुरुआत में होने वाले टी-20 विश्व कप से पहले टीम की अंतिम श्रृंखला होगी। वॉल्टर ने न्यूजीलैंड क्रिकेट की ओर से जारी बयान में कहा कि 'वेस्टइंडीज जैसी खतरनाक टीम से भिड़ने के पांच मौके मिलना बहुत अच्छी बात है।' उन्होंने कहा, 'टी-20 वर्ल्ड कप करीब आ रहा है और जाहिर है यह लोगों की सोच का हिस्सा होगा, लेकिन हमें यह पक्का करना होगा कि हमारा फोकस घर पर होने वाली सीरीज पर हो और हम अपने घरेलू फैंस के सामने अच्छा खेलें। ब्लैककैप्स के कोच रॉब वाल्टर ने काइल जैमीसन, नाथन स्मिथ और सोढ़ी की वापसी का स्वागत किया। उन्होंने कहा कि 'काइल इस हफ्ते फिर से बॉलिंग करने लगे हैं और इस सीरीज के लिए उनकी तैयारी अच्छी चल रही है। नाथन ने टेस्ट और वनडे फॉर्मेट में अपने इंटरनेशनल करियर की शानदार शुरुआत की है और अगर उन्हें इस सीरीज में टी-20 में मौका मिलता है तो हम उन्हें पूरा सपोर्ट करेंगे। सोढ़ी हमारे सबसे ज्यादा टी-20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेलने वाले खिलाड़ी हैं और उनकी स्किल्स, एनर्जी और अनुभव को टीम में शामिल करना हमेशा बहुत अच्छा होता है। (अनंत ज्ञान)

### संभावित टीमें

**न्यूजीलैंड टीम:** मिशेल सैंटनर (कप्तान), माइकल ब्रेसवेल, मार्क चैपमैन, डेवोन कॉनवे, जैकब डफी, जैक फॉल्क्स, काइल जैमीसन, डेरिल मिशेल, जिमी नीशम, रचिन रवींद्र, टिम रॉबिन्सन, टिम सेफर्ट, नाथन स्मिथ, ईश सोढ़ी।

**सीरीज कार्यक्रम:** पहला टी20: ऑकलैंड (न्यूजीलैंड), 5 नवंबरदूसरा टी20: ऑकलैंड (न्यूजीलैंड), 6 नवंबरतीसरा टी20: नेल्सन (न्यूजीलैंड), 9 नवंबरचौथा टी20: नेल्सन (न्यूजीलैंड), 10 नवंबरपांचवां टी20: डुनेडिन (न्यूजीलैंड), 13 नवंबर।